आसनञ्चार्घ्यपात्रञ्च भग्नमेव विवर्जयेत्॥८६॥

अब इस त्रिकोण मण्डल पर सुन्दर और नरम आसन बिछायें। कटे-छँटे आसन और टूटे-फूटे अर्घ्यपात्र का पूजन में कत्तई उपयोग नहीं करें॥८६॥

[आसनारोपणे ऋष्यादि]

मेरुपृष्ठ ऋषिः प्रोक्तः सुतलं छन्द ईरितम्।
कूर्मोऽत्र देवता प्रोक्ता आसनारोपणे ततः॥८७॥
विनियोगस्तु कथितस्ततो धृत्वा पठेदिमम्।

आसन पर बैठने का विनियोग है—'ॐ अस्य आसनारोपण मन्त्रस्य मेरुपृष्ठः ऋषिः। सुतलं छन्दः। कूर्मो देवता। आसनारोपणे विनियोगः।'

यह विनियोग करने के बाद पृथ्वी से प्रार्थना करें—

पृथ्वि त्वया धृता लोका देवि त्वं विष्णुना धृता।
त्वञ्च धारय मां नित्यं पवित्रं कुरु चासनम्॥८८॥

यह पृथ्वी से आसन को पवित्र करने का प्रार्थना मन्त्र है। यह प्रार्थना करने के बाद आसन का अर्चन करें।।८८।।

[आसनार्चनमन्त्र:]

कूर्चत्रयं तत्र दत्त्वा मायाबीजं ततो वदेत्।
आधारशक्तिशब्दान्ते कमलासनमालिखेत्।
ङेऽन्तं नम-पदं दत्त्वा स्वासनं परिपूजयेत्।।८९।।

कूर्चेति। कूर्चत्रयं पञ्चमप्रकाशोक्तं (२२ श्लोक) पारिभाषिककूर्चाख्यकुशत्रयम्। अत्रासने कुशस्थापनं श्यामारहस्यधृतस्वतन्त्रेऽप्युक्तम्, यथा—

इति धृत्वा तु देवेशि कुशांस्तत्रैव दापयेत्।
मायाबीजं समुच्चार्य आधारशक्तिमुच्चरेत्।
कमलासनमालिख्य ङेनमोऽन्तं प्रपूजयेत्।। इति।

मायाबीजमित्यादि। तथा च ह्रीं आधारशक्तिकमलासनाय नम इत्यासनपूजामन्त्र: पर्यवस्यति। तन्त्रसारकारस्तु ऐँ ह्रीं श्रीमिति बीजत्रयपूर्वकमेतन्मन्त्रमाह। निरुक्तासनशुद्धेः फलमाह गन्धर्वतन्त्रे सप्तमपटले—

कुशिल्पिरचितत्वादि यदन्यासनदूषणम्।
अज्ञातरूपकं याति विलयं विधिना प्रिये।। इति।

प्रार्थना के बाद आसन पर तीन कुश रखकर आसन की पूजा करें। आसन-पूजन का मन्त्र है—'ह्रीं आधारशक्ति कमलासनाय नम:'।

इस मन्त्र से अपने आसन की गन्ध-पुष्प से पूजा करें।।८९।।

[मन्त्राचमनम्]

यथोक्तविधिनाचम्य त्रिभि: कूटैर्यथाविधि।

तीन कूटों से यथाविधि आचमन करें।

विमर्श—श्रीविद्या-अर्चन में बाला विद्या के तीन कूटों से तीन बार आचमन किया जाता है। यथा—(१) ऐं आत्मतत्त्वाय स्वाहा। (२) क्लीं विद्यातत्त्वाय स्वाहा। (३) सौ: शिवतत्त्वाय स्वाहा।

[आसनारोहणं गुरुपङ्क्तिपूजा च]

तद्धि चासनमारुह्य गुरुपूजां समाचरेत्।।९०।।

त्रिभि: कूटै: ऐँ क्लीं सौरिति बालाकूटत्रयेण। श्रीविद्यामधिकृत्य बालाबीजैस्त्रिभि: पीत्वेत्यादिभैरवतन्त्रवचनदर्शनात्।

प्रथमं वाग्भवं देवि कामराजं द्वितीयकम्।
तृतीयं शक्तिबीजन्तु शिवयुक्तं सदा भवेत्।।

इति हरतत्त्वदीधितिधृतरुद्रयामलवचने निरुक्तबालामन्त्रस्य कूटत्रयात्मकत्वश्रवणाच्च। अयमाचमनक्रमस्तु पञ्चमप्रकाशीयपञ्चविंशश्लोकटीकायां स्फुटमुपपादितः।

गुरुपूजां समाचरेदिति। अत्र पूजा प्रणामरूपा वक्ष्यमाणा। व्यक्तमाह गन्धर्वतन्त्रे सप्तमपटले—

कृताञ्जलिपुटो भूत्वा मन्दस्मितमुखाम्बुजः।
वामकर्णोद्ध्वभागे तु गुरुश्च प्रणमेत् ततः।।
दक्षकर्णोद्ध्वभागे तु गणेशं प्रणमेद् बुधः।
दुर्गां नमेत् पुरोभागे पृष्ठतः क्षेत्रनायकम्।। इति।

आचमन करने के बाद आसन पर बैठें और गुरुपूजा करें।।९०।।

वामकर्णोद्ध्वदेशे तु सम्पूर्णे शशिमण्डले।
दक्षकर्णोद्ध्वभागे तु गणेशं पूजयेत्ततः।
मस्तकोपरिभागे तु दुर्गां देवीं स्मरेत्ततः।।९१।।

बाँयें कान के ऊपरी भाग में गुरुदेव की, दाहिने कान के ऊपरी भाग में गणेश की और मस्तक के ऊपरी भाग में दुर्गा देवी की (पृष्ठ भाग में क्षेत्रपाल की) पूजा करें।।९१।।

[तत्र साधकस्य वेशादिपारिपाट्यम्]

रक्तचन्दनसंयुक्तो रक्तमाल्येन संवृतः।
ताम्बूलरागवदनो रक्ताम्बरविराजितः।।९२।।
कर्पूरक्षोददिग्धाङ्गः कारणानन्दमानसः।
कर्पूरसकलोन्मिश्रधूपदीपैर्विराजितः ।।९३।।
नानारक्तसमायुक्तो लाक्षारुणगृहे स्थितः।
मनःसङ्कल्परक्तो वा साधकः स्थिरमानसः।।९४।।

कीदृशः साधकौ गुरुप्रणामादीनि कर्माणि कुर्यादित्याह—**रक्तेत्यादि।**

इन तीन श्लोकों में श्रीविद्या के उपासक का वेष-विन्यास बताया गया है। लाल चन्दन का टीका लगाकर, लाल फूलों की माला एवं लाल रंग के वस्त्र पहिन कर, पान खाकर एवं प्रसन्नचित्त होकर साधक को त्रिपुरा-पूजन करना चाहिए। पूजागृह की दीवारें लाल रंग की हों तथा वह लाल रंग के पुष्पों की माला, दीपमालाओं से अलंकृत तथा कपूर आदि सुगन्धित वस्तुओं से सुवासित होना चाहिए।।९२-९४।।

[आत्मरक्षा]

बालामन्त्रेण वा तस्या आद्यशेषेण वा सुधीः।
वक्ष्यमाणक्रमेणैव त्रिपुरसुन्दरिशब्दतः।।९५।।

आत्मानं रक्ष रक्षेति हृदि हस्तं निधाय च।
कृत्वात्मरक्षणं मन्त्रीकरशुद्धिं समाचरेत्।।९६।।

अथाऽऽत्मरक्षाक्रममाह—**बालेत्यादिना कृत्वात्मरक्षणमित्यन्तेन**। बालामन्त्रेण ऐँ क्लीं सौः इत्यनेन। तस्या बालाया आद्यशेषेण आद्यावशिष्टेन क्लीं सौः इत्यनेन वेत्यर्थः। एवञ्च हृदये हस्त दत्त्वा ऐँ क्लीं सौरित्यनन्तरं क्लीं सौरित्यनन्तरं वा त्रिपुरसुन्दरि आत्मानं रक्ष रक्षेति समुच्चरेदित्यात्मरक्षाक्रमः। त्रिपुरार्चनरहस्ये तु ऐँ क्लीं सौः त्रिपुरेश्वरि मां रक्ष रक्षेति प्रयोगो दृश्यते।

अथ करशुद्धिक्रममाह—**करशुद्धिमित्यादिना**। पूर्वोक्तेन आद्यस्वरयुगं सेन्दुखण्डं मनुयुतो भृगुः। सर्गीति मनुराख्यातः (१५।७१) इति वचनप्राप्तेन अं आं सौः इति मन्त्रेणैव द्विरावृत्त्या करशुद्धिं कुर्यादिति सम्बन्धः।

अत्रैतदवधेयम्—इयं करशुद्धिः करन्यासरूपा, अवसरप्राप्तत्वादितः परमेवाङ्गन्यासस्य वक्ष्यमाणत्वात् तन्त्रसारादिषु तथैव प्रतिपादितत्वाच्च। अत्र अं आं सौरिति बीजत्रयात्मकमन्त्रस्य द्विरावृत्त्या षडक्षरलाभात् अङ्गुष्ठादिकरतलपृष्ठान्तेष्वेकैकबीजयोग उक्तः। तथा चात्र कल्पे अं त्रिपुरसुन्दरि अङ्गुष्ठाभ्यां नमः। आं त्रिपुरसुन्दरि तर्जनीभ्यां नमः। सौः त्रिपुरसुन्दरि मध्यमाभ्यां नमः। अं त्रिपुरसुन्दरिं अनामिकाभ्यां नमः। आं त्रिपुरसुन्दरि कनिष्ठाभ्यां नमः। सौः त्रिपुरसुन्दरि करतलपृष्ठाभ्यां नमः। इति प्रयोगः पर्यवस्यति।

'ऐं क्लीं सौः त्रिपुरसुन्दरि आत्मानं रक्ष रक्ष'—यह आत्मरक्षा का मन्त्र है। हृदय पर हाथ रखकर उपर्युक्त मन्त्र का तीन बार जप करके आत्म-रक्षा का विधान करने के बाद साधक को 'करशुद्धि' करनी चाहिए॥९५-९६॥

विमर्श—'क्लीं सौः त्रिपुरसुन्दरि आत्मनं रक्ष रक्ष'—आत्मरक्षा का अपर मन्त्र है।

[करशुद्धिः]

पूर्वोक्तेनैव मन्त्रेण द्विरावृत्त्याऽथवा सुधीः।
बालाबीजत्रयादूदर्ध्वं ततस्त्रिपुरसुन्दरि।।९७।।
नम इत्यनुताऽङ्गुष्ठाद्यङ्गुलिन्यां नमोऽन्तिकाः।
न्यस्तव्या नाममन्त्राढ्यास्तलपृष्ठक्रमावधि।।९८।।

द्वितीयं कल्पमाह—**अथवेत्यादिना**। अत्रापि द्विरावृत्त्येति सम्बध्यते बाधकाभावात् मूलविद्याद्विरावृत्त्येत्यादिवक्ष्यमाणगन्धर्वतन्त्रद्वितीयपटलवचनस्वर-साच्च। तथा च ऐँ त्रिपुरसुन्दरि अङ्गुष्ठाभ्यां नमः, क्लीं त्रिपुरसुन्दरि तर्जनीभ्यां नमः, सौः त्रिपुरसुन्दरि मध्यमाभ्यां नमः, ततश्च ऐँ त्रिपुरसुन्दरिं अनामिकाभ्यां नमः—इत्यादिरूपः प्रयोगः कर्त्तव्यः। तन्त्रसारे तु श्रीविद्याप्रकरणे अनयोः प्रथम एव क्रमोऽन्यादृशरीत्या प्रदर्शितो यथा—

एतद्बीजं द्विरावृत्त्या मध्यमाद्यङ्गुलीषु च।
शुद्धिं करस्य कुर्वीत तलयोः पृष्ठयोरपि।
चतुर्थीनतिसंयुक्तनाममन्त्रैः पृथक् पृथक्।। इति।

एतेन प्रथमतोऽनामिकादिकरतलपृष्ठान्तं ततोऽङ्गुलादिमध्यमान्तं करन्यासमाह। एतन्मते त्रिपुरसुन्दरिपदस्योल्लेखो न विहितः। एतत्प्रमाणानुसारेणैव तन्त्रसारकारैः अं अङ्गुष्ठाभ्यां नमः। आं तर्जनीभ्यां नमः। सौः कनिष्ठाभ्यां नमः। अं अङ्गुष्ठाभ्यां नमः— इत्येवं प्रयोगरूपः प्रदर्शितः। त्रिपुरार्चनरहस्येऽप्ययमेव क्रमो दृश्यते, परन्तु तत्र निरुक्तनमोऽन्तत्वमनादृत्य अं मध्यमाभ्यां वषट्, आं अनामिकाभ्यां हूँ, सौः कनिष्ठाभ्यां वौषट्, अं अङ्गुलाभ्यां नम इत्यादिप्रयोग इति विशेषः। गन्धर्वतन्त्रे नवमपटले तु—

मूलविद्याद्विरावृत्त्या सर्वाङ्गुलितलेषु च।
ङेऽन्तेषु परमेशानि न्यसेदङ्गानि षट् क्रमात्।
नमः स्वाहा वषट् वौषट् हूँ फडिति षडङ्गकम्।
करयोरथ विन्यस्य षडङ्गेषु तथा न्यसेत्।

इत्यनेन करन्यासे प्रागुक्तनमोऽन्तत्वमङ्गीकृत्य नमः स्वाहा वौषडाद्यन्तत्वमुक्तमिति प्रकारान्तरं दृश्यते। अत्र गन्धर्वतन्त्रवचने मूलविद्याद्विरावृत्त्येत्यस्यायमभिप्रायः— हरतत्त्वदीधितिधृतविश्वसारतन्त्रे द्वितीयपटले—

यस्य लोकस्य यं मन्त्रं दद्याच्च विधिना गुरुः।
तन्मूलमन्त्रं विज्ञेयं सर्वतन्त्रसमन्वितम्।।

इति मूलविद्यालक्षणं कृतम्। एवञ्च प्रागुक्तगन्धर्वतन्त्रवचने मूलविद्याद्विरावृत्त्येत्यनेन न केवलं श्रीतत्त्वचिन्तामण्युक्तबालाबीजमात्रमभिप्रेतम्, परन्तु प्रागुक्तासु सर्वास्वेव त्रिकूटात्मकविद्यासु श्रीगुरुदत्तस्वस्वेष्टमन्त्राणां संग्रह इति बोध्यम्। स्वयमप्येतदङ्गन्यासनिरूपणावसरे व्यक्तीकरिष्यति ग्रन्थकारः। एवञ्चात्र बहुधा मतभेददर्शनात् स्वस्वगुरुसम्प्रदायानुसारेणैकतमः क्रमः समादरणीय इति दिक्।

हृदय पर हाथ रखकर उपर्युक्त आत्मरक्षा मन्त्र की द्विरावृत्ति करके आत्मरक्षा का विधान करें। 'क्लीं सौः त्रिपुरसुन्दरि आत्मानं रक्ष रक्ष' यह आत्मरक्षा का अपर मन्त्र है।

कर-शुद्धि का मन्त्र है—'अं-आं-सौः'। इसकी दो बार आवृत्ति करने से छः बीजाक्षर प्राप्त होते हैं। इनमें से प्रत्येक बीज के बाद नाम (त्रिपुरसुन्दरि) तथा 'नमः' की योजना करने से ६ मन्त्र प्राप्त होते हैं। अंगूठे से प्रारम्भ कर करतल-करपृष्ठ-पर्यन्त प्रत्येक अंगुलि में एक-एक मन्त्र का न्यास करें।।९७-९९।।

विमर्श (प्रयोग-क्रम)—करशुद्धि का प्रयोगक्रम है—

'अं' त्रिपुरसुन्दरि अंगुष्ठाभ्यां नमः। आं त्रिपुरसुन्दरि तर्जनीभ्यां नमः।

'सौः' त्रिपुरसुन्दरि मध्यमाभ्यां नमः। 'अं' त्रिपुरसुन्दरि अनामाभ्यां नमः।

'आं' त्रिपुरसुन्दरि कनिष्ठाभ्यां नमः। 'सौः' त्रिपुरसुन्दरि करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः।

'करशुद्धि' के अन्य प्रयोग-क्रम भी तन्त्र-ग्रन्थों में मिलते हैं। अतः अपनी गुरु-परम्परा से प्राप्त क्रम का प्रयोग करें।।

[बालामन्त्रः]

वाक् कामं शम्भुपूर्वन्तु शक्रस्वरविसर्गवत्।

[अङ्गन्यासः]

अनया बालया मन्त्री षडङ्गन्तु समाचरेत्।।९९।।

ननु पूर्वं करन्यासे बालामन्त्रेणेत्युक्तम् । अङ्गन्यासेऽपि बालाबीजपूर्वकत्वं वक्ष्यति तत् किमिदं बालाबीजं नामेत्यत आह—**वागिति**। वाक् वाग्भवबीजं ऐँ, कामं कामबीजं क्लीं, शम्भुपूर्वं शम्भुर्हकारस्तत्पूर्वं सकारः, तत्र शम्भुपूर्वं शक्रस्वरविसर्गवत् शक्रस्वरश्चतुर्दशस्वर औकारः विसर्गश्च। **शक्रस्वरविसर्गवदिति**। शम्भुपूर्वमित्यस्य विशेषणम्। एवञ्च ऐँ क्लीं सौरिति बालाविद्येति फलितम्। अनयेति निरुक्तया बालाविद्ययेत्यर्थः।

भगवती त्रिपुरसुन्दरी के अर्चन-क्रम में अंगन्यास और करन्यास बालाबीज-पूर्वक किये जाते हैं। अतः इस श्लोक में बाला विद्या के तीनों बीजों का उद्धार बताया गया है।

वाक् अर्थात् वाग्भव बीज 'ऐं' प्रथम बीज है। काम अर्थात् कामबीज 'क्लीं' दूसरा बीज है। 'शम्भु' अर्थात् 'ह'कार का पूर्ववर्ती वर्ण 'स'कार जो शक्र स्वर (चौदहवें स्वर) अर्थात् 'औ' तथा विसर्गयुक्त है अर्थात् 'सौः'। 'ऐं क्लीं सौः' यह बाला विद्या है। इस बाला विद्या से मन्त्र-साधक षडङ्ग न्यास करें।।९९।।

अस्यास्त्रिबीजमुच्चार्य मन्त्री त्रिपुरसुन्दरि।
नम इत्यादितो वाच्यं षडङ्गानि ततः परम्।।१००।।

अत्राङ्गन्यासेऽपि क्रमद्वयमभिदधानः प्रथममाह—**अस्या इत्यादिना**। **अस्या बालायाः**। त्रिबीजं ऐँ क्लीं सौरिति। ततस्त्रिपुरसुन्दरीति। ततो नम इत्यतः पूर्वं हृदयादीनि षडङ्गानि प्रयुञ्जीतेति शेषः। एवञ्च ऐँ क्लीं सौः त्रिपुरसुन्दरि हृदयाय नमः, ऐँ क्लीं सौः त्रिपुरसुन्दरि शिरसे नमः इत्येवं रीत्या सर्वत्र बालादिनमोऽन्तोऽयं न्यासः।

बाला विद्या के तीन बीजों के बाद 'त्रिपुरसुन्दरि' के बाद 'अंग' का नाम और उसके बाद 'नमः' की योजना करने से षडङ्ग-न्यास के मन्त्र बनते हैं।।१००।।

विमर्श (प्रयोग-क्रम)—ऐं क्लीं सौः त्रिपुरसुन्दरि हृदयाय नमः। ऐं क्लीं सौः त्रिपुरसुन्दरि शिरसे नमः। ऐं क्लीं सौः त्रिपुरसुन्दरि शिखायै नमः। ऐं क्लीं सौः

त्रिपुरसुन्दरि कवचाय नमः। ऐं क्लीं सौः त्रिपुरसुन्दरि नेत्रत्रयाय नमः। ऐं क्लीं सौः त्रिपुरसुन्दरि अस्त्राय नमः।

[तत्र क्रमान्तरम्]

वक्ष्यमाणक्रमान्मूलद्विरावृत्त्याऽथवा पुनः।
हृदयाय नमः पूर्वं शिरसे वह्निवल्लभा।।१०१।।
शिखायै वषडित्युक्तं कवचाय हूमीरितम्।
नेत्रत्रयाय वौषट् स्यादस्त्राय फट् प्रकीर्त्तितम्।।१०२।।

क्रमान्तरमाह—**वक्ष्यमाणेत्यादिना**। अथवेति पक्षान्तरसूचनाय। वक्ष्यमाणक्रमाद् हृदयाय नम इत्यादिक्रमादित्यर्थः। **मूलेति**। मूलस्य उपास्यमन्त्रस्य द्विरावृत्त्या अनेन त्रिकूटात्मकविद्यानां द्विगुणीकरणेन षट्संख्यानिर्वाहात् हृदयादिषडङ्गेषु षण्णां योजनमुपपद्यते। एवञ्च प्रथमं वाग्भवकूटं ततो हृदयाय नमः, ततः कामराजकूटानन्तरं त्रिपुरसुन्दरि शिरसे स्वाहा। अतः शक्तिकूटानन्तरं शिखायै वषट् पुनर्वाग्भवानन्तरं कवचाय हूँ, पुनः कामराजकूटानन्तरं नेत्रत्रयाय वौषट्, पुनः शक्तिकूटानन्तरं करतलपृष्ठाभ्यां फडिति क्रमः। वह्निवल्लभा स्वाहा।

इन श्लोकों में षडङ्ग न्यास का दूसरा क्रम बताया गया है। मूल मन्त्र के तीनों कूटों की दो बार आवृत्ति करने से ६ बीज प्राप्त होते हैं। इन ६ बीजों के साथ 'हृदयाय नमः', 'शिरसे स्वाहा', 'शिखायै वषट्', 'कवचाय हुम्', 'नेत्रत्रयाय वौषट्' और 'अस्त्राय फट्' की योजना करने से षडङ्ग न्यास के ६ मन्त्र बनते हैं।।१०१-१०२।।

विमर्श (प्रयोग-क्रम) वाग्भव कूट—हृदयाय नमः। कामराज कूट—शिरसे स्वाहा। शक्तिकूट—शिखायै वषट्। वाग्भव कूट—कवचाय हुम्। कामराज कूट—नेत्रत्रयाय वौषट्। शक्तिकूट—अस्त्राय फट्।

[तत्राङ्गुलिनियमः]

तर्जनीमध्यमानामाङ्गुलिभिस्तिसृभिर्न्यसेत् ।
तर्जनीमध्यमाभ्याञ्च ततोऽङ्गुष्ठेन मन्त्रवित्।
दशकाङ्गुलिभिः पश्चात्त्रिभिर्द्वाभ्याञ्च पूर्ववत्।

तत्राङ्गुलिनियममाह—तर्जनीत्यादिना। अयमङ्गुलिनियमश्च पूर्वोद्दिष्टहृदयादिक्रमेण बोध्यः। तथा च तर्जनीमध्यमानामाभिर्हृदये न्यसेत्, एवं तर्जनीमध्यमाभ्यां शिरः अङ्गुष्ठेन शिखाम् । एवं क्रमेणान्येऽपि। व्यक्तमाह गन्धर्वतन्त्रे नवमपटले—

हृदयं मध्यमानामातर्जनीभिः स्मृतं शिरः।
मध्यमातर्जनीभ्यां स्यादङ्गुष्ठेन शिखा प्रिये।
दशभिः कवचं प्रोक्तं तिसृभिर्नेत्रमीरितम्।
तथैवोक्ताङ्गुलिभ्याञ्च सशब्दमस्त्रमीरितम्।। इति।

अङ्गन्यासाननुष्ठाने दोषमाह तत्रैव—

पूजा तपोऽर्चना होमः सिद्धमन्त्रकृता अपि।
अङ्गविन्यासविधुरा न दास्यन्ति फलान्यमी।। इति।

इस श्लोक में हृदयादि न्यास में अंगुलियों का प्रयोग क्रम बताया गया है। तर्जनी-मध्यमा और अनामा से हृदय में; तर्जनी एवं मध्यमा से सिर में; अंगूठे से शिखा में; दसों अंगुलियों से कवच में; तीन (तर्जनी-मध्यमा और अनामा) अंगुलियों से तीनों नेत्रों में तथा दो अंगुलियों (तर्जनी तथा मध्यमा) से अस्त्र में न्यास किया जाता है।।१०३।।

[संकल्पः]

देवताप्रीतये चाऽऽदौ सङ्कल्पेत् प्रागुदङ्मुखः।।१०३।।

देवता के प्रीति-सम्पादन के लिये पूर्व अथवा उत्तर की ओर मुख करके पूजा आदि का संकल्प करें।।१०३।।

[भूतशुद्धिः]

भूतशुद्धिं ततः कुर्यात् स्थिरचित्तश्च साधकः।

भूतशुद्धिविहीनेन कृता पूजाऽभिचारवत्।
विपरीतं फलं दद्यादभक्त्या पूजनं यथा।।

इति हरतत्त्वदीधितिधृतागस्त्यसंहितावचनेन,

भूतशुद्धिं विना कर्म जपहोमार्चनादिकम्।
तावत्तद् विफलं सर्वं प्रकाशेनाप्यनुष्ठितम्।।
भूतशुद्धिं विना यस्तु न्यासपूजां करोति हि।
न्यासजालं वृथा तस्य पूजा सा विफला भवेत्।।
तस्मात्तु साधकश्रेष्ठो भूतशुद्धिं समाचरेत्।

इति कौलवलीनिर्णयद्वितीयपटलवचनेन च भूतशुद्धेर्नित्यत्वाभिधानात् अनन्तर–करणीयां भूतशुद्धिमुपदिशति—**भूतशुद्धिं ततः कुर्यादित्यादिना। स्थिरचित्त इति।** चञ्चलचित्तस्य तदनुष्ठानासम्भवादित्यर्थः।

संकल्प करने के बाद बुद्धिमान् साधक भूतशुद्धि की क्रिया सम्पादित करे।

विमर्श—तन्त्रोपदिष्ट साधना-विधान में भूतशुद्धि की अतिशय महत्ता है। भूत-शुद्धि किये बिना सभी पूजा-पाठ, मन्त्र-जप, होम, हवन आदि सभी क्रियायें व्यर्थ होती हैं। उनका कोई फल नहीं मिलता। इतना ही नहीं; भूतशुद्धि के बिना जो भी पूजन-अर्चन-जप आदि किया जाता है, वह अभिचार के समान होता है तथा उनसे विपरीत फल मिलता है। अगले ८ श्लोकों में भूत-शुद्धि की विधि बताई गई है।

[तत्र क्रम:]

विनिधाय निजाङ्के तु समुत्तानौ करौ स्वयम्।।१०४।।
मूलाधारे मूलविद्यास्वरूपां कुलकुण्डलीम्।
प्रसुप्तभुजगाकारां सार्द्धत्रिवलयान्विताम्।।१०५।।
नीवारशूकवत् तन्वीं सर्वदेवस्वरूपिणीम्।
विद्युत्कोटिप्रतीकाशां स्वयम्भूलिङ्गवेष्टिनीम्।।१०६।।
ध्यात्वा तां हंस मन्त्रेण प्रणवेनाथवा सुधी:।
कूर्चबीजेन वा देवीं दृढं विद्रावयेद् बुध:।।१०७।।
एकीभावं तयो: कृत्वा जीवात्मपरमात्मनो:।
विचिन्त्य शून्यं परमं पार्थिवांशं जले गतम्।।१०८।।
जलञ्च तेजसाकृष्टं तेजोरूपं विचिन्तयेत्।
निर्वाणं वायुना वह्निं वायुरूपं विभावयेत्।।१०९।।
आकाशेनाऽऽहृतं वायुं खं वै मनसि लीयते।
मनोऽहङ्कारवशगं महत्त्वे महताहृतम्।।११०।।
प्रकृतौ च महत्तत्त्वं प्रकृतिं चिन्तयेदथ।
प्रकाशरूपिणीं नित्यां ब्रह्मविद्यास्वरूपिणीम्।।१११।।

निजाङ्के स्वक्रोडदेशे। मूलाधार इति। स्वयम्भूलिङ्गस्य कुण्डलिन्याश्च स्वरूपं षष्ठे प्रकाशे (१०-१२ श्लो०) विशिष्याभिहितपूर्वमिति नात्र पुनरुक्तौ रुचिं निबध्नीम:।

ध्यात्वेति। निरुक्तरूपां कुण्डलिनीं ध्यात्वेत्यर्थ:। हंस: इति मन्त्रेण, प्रणवेन, हूँ इति कूर्चबीजेन वा तां देवीं प्रसुप्तभुजगाकारां दृढं विद्रावयेत् प्रबोधयेदित्यर्थ:।

येन मार्गेण गन्तव्यं ब्रह्मद्वारं निरामयम्।
मुखेनाऽऽच्छाद्य तद् द्वारं प्रसुप्ता परमेश्वरी।।

इति शाक्तानन्दतरङ्गिणीचतुर्थोल्लासवचनेन प्रसुप्तत्वाभिधानात् तस्या: प्रबोधनमुपदिष्टं विद्रावयेदित्यनेन। व्यक्तमाह पिच्छिलातन्त्रे त्रयोदशपटले—

हंसेन मनुना देवि कूर्चबीजेन वा प्रिये।
तां चैतन्यवतीं कृत्वा पृथिव्या सार्द्धमानयेत्।। इति।

तत: करणीयमाह—एकीभावमित्यादिना। तयो: प्रसिद्धयोर्जीवात्मपरमात्मनो: अनाहतावस्थितस्य जीवात्मन: परमात्मस्वरूपाया: कुण्डलिन्याश्चेत्यर्थ:। एकीभावं कृत्वा अनयोरभेदं विचिन्त्येत्यर्थ:। हंसमन्त्रेण जीवात्मानमनाहतकमलकर्णिकान्तरालस्थं मूलाधारकमलकर्णिकान्तरालस्थायां परमात्मस्वरूपायां कुण्डलिन्यां नीत्वा तयोरेकीभावं विचिन्त्येत्यर्थ:। विवृतमेतदस्माभि: षष्ठप्रकाशे 'हूङ्कारेणैव देवीम्' इत्याद्येकपञ्चाश-

श्लोकटीकायाम्—'हृदयाद्धंसमनुना नीत्वा जीवं मुखाम्बुजे' इत्यादिना। **पार्थिवांशमिति।** अत्रेदमवधेयम्—मूलाधारादीनि विशुद्धान्तानि पञ्च पद्मानि क्रमेण क्षित्यप्तेजोमरुद्-व्योमरूपस्य भूतपञ्चकस्य स्थानानि। षष्ठञ्चाऽऽज्ञापद्मं मनसः। तत्र च निरुक्तरूपां कुण्डलिनीं पृथिव्या सह स्वाधिष्ठानपद्मे नीत्वा पृथिवीं तत्र स्थिते जले विलीनां विचिन्त्य तज्जलेन सह कुण्डलिनीं मणिपूराख्ये पद्मे नीत्वा तज्जलं तत्र स्थिते तेजसि विलीनं विभाव्य पुनस्तेन तेजसा सह कुण्डलिनीमनाहतपद्मे समुन्नीय तत्तेजस्तत्रत्ये वायौ विलाप्य पुनश्च तेन वायुना समं कुण्डलिनीं विशुद्धाख्ये पद्मे समुत्थाप्य तं वायुं तत्रावस्थिते व्योम्नि विलापयेत् । ततश्च तां तेन व्योम्ना सह आज्ञाचक्रस्थिते मनसि नीत्वा तद् व्योम तत्र विलीनं विचिन्त्य जीवात्मसहितया तया सह मनोऽहङ्कारेऽहङ्कारञ्च महत्तत्त्वे महत्तत्त्वञ्च प्रकृतौ विलापयेदिति विलोपनक्रमः पर्यवस्यति। विशेषस्तु षष्ठप्रकाश-(५१-५३ श्लो०)-टीकायां द्रष्टव्यः।

प्रकृतिमिति। अथ प्रकृतौ महत्तत्त्वविलोपनानन्तरं प्रकृतिं प्रकाशस्वरूपां नित्यां ब्रह्मविद्यास्वरूपिणीञ्च चिन्तयेत् प्रकाशादिस्वारूप्यवत् कुण्डलिन्यभिन्नरूपत्वादिति भावः।

भूतशुद्धि की प्रथम विधि—दोनों हाथों को उत्तान करके गोद में रखें। 'हंस' मन्त्र अथवा प्रणव (ॐ) का जप करते हुए मूल विद्यास्वरूपा कुल-कुण्डलिनी का मूलाधार चक्र में ध्यान करें। भगवती कुलकुण्डलिनी सर्वदेवता-स्वरूपिणी हैं। वे कमलनाल के रेशे के समान सूक्ष्म हैं। करोड़ों बिजलियों के समान चमकीली हैं। स्वयम्भू लिंग को साढ़े तीन वलयों (फेरों) से आवेष्टित करके नागिन के समान सोई हुई हैं। भगवती कुलकुण्डलिनी का इस प्रकार ध्यान करके कूर्मबीज (हूँ) से उन्हें जगायें। हृदय क्षेत्रवर्ती अनाहत चक्र की कर्णिका में स्थित जीवात्मा को 'हंस' मन्त्र का जप करते हुए मूलाधार चक्र में लाकर उसे परमात्मा-स्वरूपा कुण्डलिनी में मिलाकर जीवात्मा और परमात्मा के एक हो जाने की भावना करें।

मूलाधारवर्ती पृथ्वीतत्त्व-सहित भगवती कुण्डलिनी को लिंग-मूल क्षेत्रवर्ती स्वाधिष्ठान चक्र में लायें। यहाँ जलतत्त्व का वास है। मूलाधार से लाये गये पृथ्वीतत्त्व को यहाँ जलतत्त्व में विलीन कर दें।

स्वाधिष्ठान चक्रवर्ती जलतत्त्व के साथ देवी कुण्डलिनी को नाभिक्षेत्र-स्थित मणिपूरक चक्र में लायें। यहाँ अग्नितत्त्व का वास है। स्वाधिष्ठान से लाये गये जलतत्त्व को यहाँ अग्नितत्त्व में विलीन कर दें।

अग्नितत्त्व के साथ देवी कुण्डलिनी को मणिपूरक चक्र से अनाहत चक्र (हृदय) में लायें; जहाँ वायुतत्त्व का वास है। मणिपूरक चक्र से लाये गये अग्नि (तेजस्) तत्त्व को यहाँ वायुतत्त्व में विलीन कर दें।

देवी कुण्डलिनी को वायुतत्त्व के साथ विशुद्ध चक्र (कंठक्षेत्र) में लायें तथा वायुतत्त्व को आकाशतत्त्व में विलीन कर दें।

ललाटवर्ती आज्ञाचक्र में 'मन' का वास है। आकाशतत्त्व-सहित देवी कुण्डलिनी को विशुद्ध चक्र से यहाँ लायें तथा यहाँ 'मन' में आकाशतत्त्व का विलय कर दें।

इसके बाद 'मन' का 'अहंकार' में, अहंकार का महत्तत्त्व में तथा महत्तत्त्व का 'प्रकृति' में विलय कर दें। इस तरह जीवात्मा-सहित देवी कुण्डलिनी और प्रकृति दोनों मिलकर एक हो जाती हैं। सभी तत्त्वों का विलय हो जाने के बाद देवी प्रकृति को ब्रह्मविद्या-स्वरूपिणी एवं नित्य प्रकाशस्वरूपिणी समझकर इनका ध्यान करें॥१०४-१११॥

[सप्रकृतिकायाः कुण्डलिन्याः परशिवे गमनम्]

कैवल्या केवला शान्ता निर्गुणा परमात्मिका।
सैषा च परमे याति परमञ्च निरामयम्।

अथ जीवात्मकुण्डलिनीसहितायाः प्रकृतेः परमशिवे समन्नयनमाह—**कैवल्येत्यादिना**। **सैषेति**। उक्तलक्षणा सा कुण्डलिनी एषा प्रकृतिश्च। एतेन कुण्डलिनीप्रकृत्योरभिन्नरूपता सूचिता। परमे—शिरःस्थितसहस्रदलकमलकर्णिकान्तरालस्थचन्द्रमण्डलमध्यगत्रिकोणान्तर्वर्त्तिनि परमशिवे याति इत्यर्थः।

अथ परमशिवस्य स्वरूपं निरूपयति—**परमञ्चेत्यादिना**। निरामयं जन्मजरामरणादिनिखिलदुःखविनिर्मुक्तं परं शून्यरूपं परबिन्दुस्वरूपं परब्रह्मात्मकं पदमित्यर्थः। तदुक्तं षष्ठप्रकाशे 'तदन्तःशून्यं तत् सकलसुरगणैः सेवितञ्चातिगुह्यम्' (४२ श्लो०) इत्यादिना।

इस तरह प्रकृति-सहित देवी कुण्डलिनी सर्वथा निर्गुणी तथा परमात्मस्वरूपा होकर परमशिव के धाम में प्रवेश करती हैं॥११२॥

[परमशिवस्य परबिन्दुस्वरूपत्वम्]

सहस्रदलमध्यस्थं शून्यरूपं परं पदम्॥११२॥
शून्यञ्च प्रतिबिम्बचन्द्रसदृशं सूक्ष्मातिसूक्ष्मं पदं
सर्वं व्याप्य तमोमयन्तु विदितं शून्ये प्रकाशं परम्।
दृश्यादृश्य-विवादभागसकलं ज्योतिर्मयं सर्वतो
शाखा तत् पदकन्तु साधकवरैर्दूरीकृतश्चान्तकः॥११३॥

निरुक्तशून्यं विशिनष्टि—**शून्यञ्चेति**। एतच्च षष्ठप्रकाशेऽर्थादुक्तमिति न पुनर्व्याख्यायते।

इन परमशिव का यह धाम सहस्रदल कमल की कर्णिका के अन्तर्वर्ती त्रिकोण में है। यह अत्यन्त सूक्ष्म 'परं पद' है। इसे जानकर साधक को यमपाश में नहीं फँसना पड़ता।

विमर्श—इस 'परं पद' का विशद निरूपण ६ठे प्रकाश (श्लोकसंख्या ४२) में किया जा चुका है। अत: यहाँ निरूपण नहीं किया जा रहा है।

नाभिदेशे तु यंकारं पूर्वं वायुं विचिन्तयेत्।
तेनैव शोषयेल्लिङ्गं तत्त्वं षोडशमात्रया।।११४।।
कामात्मकं चतु:षष्ट्या कुम्भकञ्च समाचरेत्।
द्वात्रिंशन्मात्रया दक्षे रेचयेत्तेन वै ततः।।११५।।

एवं परमात्मनि परमशिवे कुण्डलिनीयोगपर्यन्तमभिधाय प्राणायाममुपदिशति—**नाभीत्यादिना**। नाभिदेशे पूर्वं पूरकं वायुं यमिति वायुबीजं विचिन्तयेदित्यर्थः। अत्र पूर्वमिति पूर्व-पर्व-मर्व-पूरणे इत्यनेनोक्तस्य पूर्वधातो रूपम् । पूर्वति पूरयतीति पूर्वं पूरकमिति तदर्थः। इतः परं कुम्भकरेचकयोरभिधास्यमानत्वादत्र पूर्वशब्दस्य पूरकमित्येवार्थः। तेनैवेति प्रागुक्तवायुबीजेनैव लिङ्गं तत्त्वं लिङ्गशरीरं शोषयेत्। अत्र शोषणादिकं वामकुक्षिस्थितपापपुरुषसहकृतस्यैव लिङ्गशरीरस्येति बोध्यम्। ज्ञानार्णवे द्वितीयपटले—

वामकुक्षिस्थितं पापपुरुषं कज्जलप्रभम्।

इत्यादि पापपुरुषस्वरूपनिरूपणानन्तरम्—

शोषयेद् वायुबीजेन देहञ्च परमेश्वरि।
पापेन सहितं शुष्कं कृत्वा तेन क्रमेण हि।
वह्निबीजेन सन्दग्धं पापेन सहितं शिवे।।

इत्यादिना तथा व्यक्तमभिधानात्, तन्त्रसारादौ तथा दर्शनात्, श्यामारहस्ये ग्रन्थकृता पापपुरुषेण सह शरीरे संशोष्येति स्वयमेवाभिहितत्वाच्च। यत्तु गुप्तसाधनतन्त्रे षष्ठपटले—

वामकुक्षौ स्थितं पापं पुरुषं कज्जलप्रभम्।
तस्य संहरणार्थाय महती प्रकटी कृता।।
लिङ्गदेहो महेशानि तस्य देहो न संशय:।
पापदेहं भवेद्दग्धं स्वदेहं नैव नाशयेत्।।

इत्यादिना पापपुरुषस्यैव लिङ्गशरीरत्वं तस्यैव च शोषणादिकमभिहितम्, तत् क्रमान्तरमिति ध्येयम्। **षोडशमात्रयेति**। मात्रालक्षणमाह फेत्कारिणीतन्त्रे तृतीय-पटले—

जानू प्रदक्षिणीकृत्य न द्रुतं न विलम्बितम्।
क्रियते चाङ्गुलिस्फोटः सा मात्रा परिकीर्त्तिता।। इति।

कामात्मकमिति। कामात्मकं वासनात्मकं लिङ्गं शोषयेदिति पूर्वेण सम्बन्धः। अनेन वासनात्मकलिङ्गशोषणादेर्वासनानामप्युच्छेदो भवतीति सूचितम्। **चतुःषष्ट्येति**। निरुक्तवायुबीजस्य चतुःषष्टिवारजपेन कुम्भकं समाचरेदित्यर्थः। **द्वात्रिंशदिति**। वामनासापुटं धृत्वा वायुबीजस्यैव द्वात्रिंशद्वारजपेन दक्षनासया वायुं रेचयेदित्यर्थः।

जीवात्मा और प्रकृति सहित जब देवी कुण्डलिनी परमशिव से एकाकार हो जायँ तब लिंग-शरीर का शोषण आदि किया जाय।

वाम नासापुट से वायुबीज (यं) का सोलह बार जप करते हुए पूरक करें। इस वायु को नाभिदेशवर्ती वायु से मिलाकर उससे वामकुक्षि में स्थित पाप-पुरुष को सुखायें। पाप-पुरुष को सुखाने के लिये वायुबीज (यं) का ६४ बार जप करते हुए कुम्भक करें। जब इस प्रक्रिया से पाप-पुरुष सूख जाय, वायुबीज (यं) का ३२ बार जप करते हुए उक्त वायु को (रेचक क्रिया से) निकाल दें।।११४-११५।।

रक्तवर्णं वह्निबीजं मेढ्रमूले विचिन्तयेत्।
सवासनात्मकं लिङ्गं शरीरं तेन दाहयेत्।।११६।।
पूर्वोक्तक्रमयोगेण दक्षनासाक्रमेण तु।
देशिकश्च तथा संख्यां वामहस्तेन कल्पयेत्।।११७।।

एवं शोषणक्रममुक्त्वा दाहक्रममाह—**रक्तवर्णमित्यादिना**। तेन वह्निबीजेन। स्पष्टमन्यत्।

बीजजपक्रममाह—**पूर्वेति**। तथा च दक्षनासया पूरकमुभाभ्यां कुम्भकं वामया रेचकम्। जपसंख्या तु वामहस्ताङ्गुलिभिः कुर्यादित्यर्थः।

मेढ्र-मूल अर्थात् लिंग मूल में रक्तवर्ण के अग्निबीज (रं) का ध्यान करें। अग्निबीज (रं) का १६ बार जप करते हुए दक्ष नासापुट से पूरक करें। ६४ बार जप करते हुए कुम्भक करें। इस तरह कुम्भक करके पाप-पुरुष को जला दें। 'रं' बीज का ३२ बार जप करते हुए वाम नासापुट से रेचक करें।।११६-११७।।

वं-कारं वारुणं शुक्लं घण्टिकायां विभाव्य च।
तेनामृतं समुत्पाद्य सहस्रदलपङ्कजात्।।११८।।
प्लावयेत् पूरकादीनि कृत्वा पादतलावधि।

वं-कारमिति। तथा च वमिति वरुणबीजं शुक्लवर्णं घण्टिकायां विभाव्य तेन बीजेन पूरकादीनि कृत्वा तेनैवामृतमुत्पाद्य सहस्रारात् पादतलपर्यन्तं प्लावयेदित्यर्थः।

घण्टिका में शुक्ल वर्ण के वरुणबीज 'वं' का ध्यान करें। पूर्ववत् सोलह बार 'वं' बीज का जप करते हुए पूरक करें। ६४ बार कुम्भक जप करते हुए कुम्भक

करके उससे उत्पन्न अमृत से सिर से पैर तक अपने शरीर को आप्लावित करें। बाद में ३२ बार जप करते हुए रेचक करें॥११८॥

लंकारं पृथिवीबीजं गुदमूले विभाव्य च।।११९।।
तेनैव क्रमयोगेण धिया सम्पादयेद् बुधः।
पापपुण्यविनिर्मुक्तं शरीरं शाम्भवं परम्।।१२०।।

लंकारमिति। ततश्च प्रागुक्तक्रमेण लमिति पृथ्वीबीजं मूलाधारे विभाव्य परं पूर्वतो विलक्षणं पापपुण्याननुविद्धं शाम्भवं शरीरं सम्पादयेद् विरचयेदित्यर्थः। अत एव तन्त्रसारकारैरपि 'वमिति वरुणबीजस्य चतुःषष्टिवारजपेन तस्माल्ललाटचन्द्राद् गलितसुधया मातृकावर्णात्मिकया समस्तदेहं विरचय्ये'त्युक्तम्।

गुदामूल में पृथिवीबीज 'ल'कार का चिन्तन करके पूर्वोक्त पूरक-कुम्भक-रेचक क्रम से पृथ्वीतत्त्व प्राप्त करके उससे पाप-पुरुष-विनिर्मुक्त शाम्भव शरीर की रचना करें॥११९-१२०॥

सोऽहंमन्त्रेण जीवञ्च सकाशात् परमात्मनः।
पुनस्तां कुण्डलीं देवीं परमामृतलोलिताम्।।१२१।।
पञ्चभूतानि मन्त्रज्ञः स्वस्वस्थाने नियोजयेत्।

पूर्वं संहारक्रमेणोत्थापितानां पुनः सृष्टिक्रमेण स्वस्वस्थाने समानयनमाह— **सोऽहमित्यादिना**। तथा च परमात्मनः सकाशात् सोऽहमिति मन्त्रेण जीवात्मानम् अनाहते, परमामृतलोलितां परमशिवसामरस्यामृतास्वादनपरितृप्तां कुण्डलिनीं मूलाधारे, पञ्च भूतानि च व्योमादिक्षित्यन्तानि विशुद्धादिमूलाधारान्तेषु समानयेदित्येवोक्तं स्वस्वस्थाने नियोजयेदित्यनेन। एतेन मनोऽहङ्कारमहत्तत्त्वान्यपि व्याख्यातानि।

जब यह शाम्भव शरीर निर्मित हो जाय, परमशिव पद से जीवात्मा तथा परमामृत लोलिता देवी कुण्डलिनी तथा सभी तत्त्वों को सृष्टि-क्रम से पुनः लाकर उन्हें उनके स्थान में नियोजित कर दें॥१२१॥

विमर्श—'सोऽहम्' मन्त्र का जप करते हुए जीवात्मा को परमशिव पद से लाकर अनाहत चक्र में तथा परमशिव के सामरस्य से परितृप्त कुलकुण्डलिनी को मूलाधार में स्थापित करें। आकाश से पृथिवी-पर्यन्त सभी पाँच तत्त्वों को क्रमशः विशुद्ध, अनाहत, मणिपूरक, स्वाधिष्ठान तथा मूलाधार चक्र में स्थापित करें। इसी क्रम में मन-अहंकार तथा महत्तत्त्व को भी उनके स्थानों में स्थापित करें।

[स्वस्य देवीरूपत्वभावना]

आत्मानं भावयेन्मन्त्री महाश्रीत्रिपुरामयम्।।१२२।।

आत्मानमिति। निरुक्तानुष्ठानपवित्रीकृतात्मा स्वेष्टदेवीरूपमात्मानं भावयेदित्यर्थः।

भूतशुद्धि की इस क्रिया से कालुष्यहीन आत्मा को महाश्री त्रिपुरामयी अर्थात् इष्टदेवतास्वरूप समझें।।१२२।।

[श्रीमहात्रिपुरसुन्दरीस्वरूपम्]

ईषत् कुन्दसुचारुदन्तसुमुखीं नेत्रत्रयोद्भासितां
पानोत्तुङ्गपयोधरां प्रविलसद्रक्तारविन्दश्रियम्।
नानाभूषणभूषितां भगवतीं बन्धूकपट्टांशुकां
पाशञ्चाङ्कुशचापबाणनिवहान् संबिभ्रतीं भावयेत्।।१२३।।

पूर्ववचने 'महाश्रीत्रिपुरामयम्' इत्युक्तम्, तद्भावनार्थं तस्याः स्वरूपमाह—ईषदित्यादिना।

इस श्लोक में भगवती महात्रिपुर सुन्दरी के रूप का निरूपण किया गया है। उनकी शरीरकान्ति खिले हुए लाल कमल के समान है। दन्तावली कुन्द के समान धवल है। उनके तीन नेत्र हैं। स्तनमण्डल पीन और उत्तुंग है। उनके वस्त्र दुपहरिया के फूल के समान लाल हैं। वे विभिन्न आभूषणों से अलंकृता हैं। उनके चारो हाथों में पाश-अंकुश-चाप (धनुष) और बाण हैं।।१२३।।

[जीवन्यासः]

हृदि हस्तं समादाय जीवन्यासं समाचरेत्।

एवं भूतशुद्धिं निरूप्य ज्ञानार्णवोपदिष्टं जीवन्यासक्रमं दर्शयति—हृदीत्यादिना। जीवन्यासमिति वक्ष्यमाणप्राणप्रतिष्ठामन्त्रेण जीवन्यासं समाचरेदित्यर्थः।

भूतशुद्धि के बाद भगवती के उपर्युक्त स्वरूप का ध्यान करके अपने हृदय पर हाथ रखकर जीवन्यास (प्राणप्रतिष्ठा) करें।

[प्राणप्रतिष्ठामन्त्रः]

विपरीतं प्राणमन्त्रमुद्धरेत् पाशपूर्वकम्।।१२४।।
प्राणप्रतिष्ठामन्त्रोऽयं सर्वकर्मणि कीर्तितः।

प्राणप्रतिष्ठामन्त्रमाह—विपरीतमिति। प्राणमन्त्रो हंस इति, तस्य वैपरीत्ये सोऽहमिति, तच्च विपरीतं प्राणमन्त्रं पाशपूर्वकं पाशबीजम् आं तत्पूर्वकम् । एतेन आं सोऽहमिति प्राणप्रतिष्ठामन्त्रः पर्यवस्यति।

प्राणमन्त्र अर्थात् 'हंसः'। इसके दोनों वर्णों को विपरीतक्रम से रखने पर रूप हुआ—'सोऽहम्'। 'सोऽहम्' के आगे पाशबीज (आं) की योजना करने से प्राण-प्रतिष्ठा का मन्त्र निष्पन्न हुआ—'आं सोऽहम्'। सभी कर्मों में इसी मन्त्र से प्राण-प्रतिष्ठा की जाती है।।१२४।।

[निरुक्तभूतशुद्धेः प्रामाणिकतन्त्रसंवादित्वम्]

ज्ञानार्णवे शिवेनैव प्रकार ईदृशः स्मृतः।।१२५।।

ज्ञानार्णव इति। तदुक्तं ज्ञानार्णवे द्वितीयपटले—

प्राणप्रतिष्ठामन्त्रेण जीवं देहे निधापयेत्।
मुखवृत्तं समुच्चार्य हंसन्तु विपरीतकम्।
उद्धरेत् परमेशानि विधेयं त्र्यक्षरी मता।
प्राणप्रतिष्ठामन्त्रोऽयं सर्वकर्माणि साधयेत्।
तेनैव विधिना देवि स्थिरीकुर्यान्निजां तनुम्।। इति।

मुखवृत्तम् आं।

ज्ञानार्णवतन्त्र (द्वितीय पटल, श्लोकसंख्या ३४) में ईश्वर ने प्राण-प्रतिष्ठा का यही मन्त्र बताया है।।१२५।।

[अन्यादृशो भूतशुद्धिक्रमः]

अथवाऽन्यप्रकारेण भूतशुद्धिं समाचरेत्।
संहारक्रमयोगेण तत् सर्वं परमात्मनि।।१२६।।
संयोज्य वायुबीजेन धातून् पापसमन्वितान्।
प्राणायामक्रमेणैव संशोष्य वह्निना ततः।।१२७।।
तानेव सन्दहेत् पश्चात् कुम्भकेन समाहितः।
जलबीजामृतेनैव तद्भस्मप्लावनं चरेत्।।१२८।।
रेचकक्रमयोगेण भूबीजेन च मन्त्रवित्।
शरीरं सुदृढीकृत्य शेषं पूर्ववदाचरेत्।।१२९।।

क्रमान्तरेण भूतशुद्धिमाह—**अथवेत्यादिना पूर्ववदाचरेदित्यन्तेन**। **संहारेति**। संहारक्रमस्तु क्षितेर्जले जलस्य तेजसि तेजसश्च वायौ वायोराकाशे इत्येवंक्रमेण बोध्यः। 'तस्माद् वा एतस्मादात्मन आकाशः सम्भूत आकाशाद् वायुर्वायोरग्निरग्नेराप अद्भ्यः पृथिवी'त्यादिश्रुत्या आकाशादिक्रमेण सृष्टेरभिधानात् पृथिव्यादिक्रमोऽयं संहारक्रम इत्याशयेनैवाऽऽह—**संहारक्रमयोगेणेति**। तत् सर्वं प्रागुक्तक्रमप्राप्तं पृथिव्याद्याकाशान्तं सकलं परमात्मनि सहस्रारस्थे कारणरूपे संयोज्येत्यर्थः। एतेन गन्धरसादिभूतगुण-नासिकादीन्द्रियबुद्ध्यहङ्काराणामपि लयो बोध्यः। अथ प्राणायाममुपदिशति—**वायुबीजेनेत्यादिना**। इतः परं कुम्भकरेचकक्रमयोरभिधास्यमानत्वात् पूरकक्रमोऽय-मिति ज्ञेयम्। पापसमन्वितान् पूर्वोपदर्शितपापपुरुषयुतान् धातून् शरीरधातून् प्राणाया-मरीत्या वायुबीजेन संशोष्येति सम्बन्धः। स्पष्टमन्यत्।

इन चार श्लोकों में भूतशुद्धि की एक अन्य विधि बताई गई है। पृथ्वी आदि सभी तत्त्वों को संहार-क्रम से पूर्व-पूर्व तत्त्वों में विलीन करते हुए सभी तत्त्वों को उनके कारणभूत परमात्मा में विलीन कर दे। इसके बाद प्राणायाम के क्रम से वायुबीज (यं) से पाप-पुरुषसहित सभी धातुओं को सुखा दें। कुम्भक प्राणायाम करते हुए अग्निबीज

(रं) से सूखे हुए पाप-पुरुष आदि को जला दें। जलबीज (वं) से उनकी राख का प्लावन करें। तत्पश्चात् रेचकक्रमयोग से मन्त्र-साधक पृथ्वीबीज (लं) से अपने शरीर को शुद्ध बनाकर प्राण-प्रतिष्ठा आदि अन्य क्रियायें करें।।१२६-१२९।।

विमर्श—आकाश से वायु, वायु से तेज (अग्नि), तेज से जल तथा जल से पृथ्वी की उत्पत्ति सृष्टिक्रम है। पृथ्वी का जल में, जल का अग्नि में, अग्नि का वायु में तथा वायु का आकाश में विलय संहारक्रम है। इस प्रकार पृथ्वी आदि तत्त्वों का अपने पूर्व-पूर्व तत्त्वों में विलय होने के फलस्वरूप गन्ध-रस आदि भूतगुणों तथा नासिका आदि इन्द्रियों तथा बुद्धि-अहंकार आदि का अपने-अपने पूर्व-पूर्व तत्त्वों में लय हो जाता है।

[भूतशुद्धेः क्रमान्तरम्]

अथवा कुण्डलीं देवीं पञ्चभूतादिना सह।
परमात्मनि संयोज्य तयोरैक्यं विभावयेत्।।१३०।।
ध्यानयोगेन मनसा ततः सोऽहं विभावयेत्।
चन्द्रामृतेन सम्प्लाव्य मूले ताञ्च समानयेत्।।१३१।।
भूतादिकं निजस्थाने तत्प्रभापटलामलः।
अद्वैतरूपभावेन सोऽहं साहं विभावयन्।।१३२।।

भूतशुद्धेः क्रमान्तरं दर्शयति—**अथवेत्यादिना**। अत्र क्रमे कुण्डलिनीं पञ्चभूतादिना मूलाधारादिविशुद्धचक्रान्तःस्थितैः क्षित्यादिपञ्चभूतैः आदिशब्दोपात्तैर्गन्धादिभूतगुणज्ञानकर्मेन्द्रियादिभिश्च सह सहस्रारस्थिते परमात्मनि संयोज्य तयोः कुण्डलिनीपरमात्मनोरैक्यं विभावयेदित्यर्थः।

ततः करणीयमुपदिशति—**ध्यानेति**। ततो मनसा ध्यानयोगमाश्रित्य सोऽहं विभावयेत्। निरुक्तपरमात्मजीवात्मनोरभेदं चिन्तयेदित्यर्थः। पुनः कुण्डलिन्याः सहस्रारान्मूलाधारे समानयनमाह—**चन्द्रेति**। चन्द्रामृतेन सहस्रारस्थितचन्द्रमण्डलगलितामृतधारया तां कुण्डलिनीं संप्लाव्य मूले मूलधारपद्मान्तःस्थितस्वयम्भूलिङ्गोदूर्ध्वे समानयेदित्यर्थः।

भूतादिकमिति। पूर्वं कुण्डलिन्या सह सहस्रारे नीतं भूतादिकमपि स्वस्वस्थाने प्रागुक्तक्रमेण समानयेदिति सम्बन्धः। तत्प्रभापटलामलः तयोः कुण्डलिनीपरमात्मनोः प्रभाराशिभिर्निर्मलीकृतात्मा सोऽहं साहं परमात्मना कुण्डलिन्या च सह स्वाभेदं विभावयेदित्यर्थः।

'अथवा'—भूतशुद्धि की एक अन्य विधि बताई जा रही है। पृथ्वी आदि सभी पाँच भूतों के साथ देवी कुण्डलिनी को मूलाधार चक्र से लाकर सहस्रार में परमात्मा के साथ संयोजित कर दे। इसके बाद ध्यानयोग से 'सोऽहम्' की भावना करें अर्थात्

परमात्मा और जीवात्मा के एक होने की भावना करें। जब यह भावना दृढीभूत हो जाय अर्थात् द्वैत की भावना क्षीण होने लगे, तब देवी कुण्डलिनी को सहस्रार के चन्द्रमण्डल से विगलित अमृत से भली-भाँति संप्लावित करके उन्हें मूलाधार चक्र में ले आये। उनके साथ आकाश आदि पञ्चमहाभूतों तथा उनके गुणों आदि को भी परमशिव पद से सुषुम्ना मार्ग से लाकर उनके यथानिर्धारित स्थानों में स्थापित कर दें। तत्पश्चात् कुण्डलिनी और परमात्मा की प्रभाराशि से निर्मलीभूत अपनी आत्मा का परमात्मा (सोऽहम्) तथा कुण्डलिनी के साथ अभेद (एकता) का चिन्तन करे।

[प्राणायामः]

प्राणायामत्रयं कुर्यान्मूलेन प्रणवेन वा।
अथवा बालया कुर्याच् श्रीविद्याप्राणसंयमम्।।१३३।।

अत्र प्राणायामस्य कल्पत्रयं दर्शयति—**मूलेनेत्यादिना।**

मूल मन्त्र अथवा प्रणव से तीन बार प्राणायाम करे। श्रीविद्या-साधना में बाला-बीजों से भी विकल्पतः प्राणायाम किया जाय॥१३३॥

[भूतशुद्धेः क्रमान्तरम्]

मूलाधारे परां देवीं ध्यात्वा चैतन्यरूपिणीम्।
हूङ्कारोच्चारणेनैव तामुत्थाप्य समाहितः।।१३४।।

भूतशुद्धेः क्रमान्तरमाह—**मूलाधार इति।** तानुत्थाप्येति सहस्रार इति शेषः। स्पष्टमन्यत्।

'हूं'कार बीज से मूलाधार में निद्रामग्न देवी कुण्डलिनी को जगाकर चैतन्यरूपिणी परा देवी के रूप में उनका ध्यान करे। उन्हें मूलाधार से उठाकर सुषुम्ना मार्ग से सहस्रार में लायें और यहाँ परमशिव के साथ उन्हें संयोजित करें॥१३४॥

[प्राणायामः]

इडया पूरयेद् वायुं बाह्यं षोडशमात्रया।
चतुःषष्ट्या कुम्भकञ्च तदर्द्धेन विरेचयेत्।।१३५।।
कनिष्ठानामिकाङ्गुष्ठैर्नासापुटं विधृत्य च।
एवं क्रमोत्क्रमेणैव प्राणायामत्रयं चरेत्।।१३६।।

'इडा' अर्थात् बाँयाँ नथुना। बाँयें नथुने से सोलह मात्रा में बाहरी वायु को खींचकर फेफड़ों में भरें। ६४ मात्राओं तक उस वायु को फेफड़ों में धारण किये रहें। दूसरे नासापुट से उक्त वायु को ३२ मात्रा में निकाल दें। यह एक प्राणायाम है। प्राणायाम करते समय कनिष्ठा और अनामा तथा अंगूठे से नासापुटों को दबाकर रखें। इसी प्रकार क्रम-उत्क्रम से तीन बार प्राणायाम करें॥१३५-१३६॥

विमर्श—पूरक के समय अंगूठे से दाहिने नासापुट को दबाकर रखें। कुम्भक के समय अनामा और कनिष्ठा से बाँयें तथा अंगूठे से दाहिने नासापुट को दबाकर रखें। रेचक के समय अनामा और कनिष्ठा से बाँयें नथुने को दबायें।

[प्राणायामपदव्युत्पत्तिः]

प्राणाः शरीरपवन आयामो दैर्घ्यमुच्यते।
प्राणायाम इति प्रोक्तो मुनिभिः पापनाशनः।।१३७।।

प्राणा इत्यादि। स्पष्टम्। प्राणायामक्रममाह ज्ञानार्णवे द्वितीयपटले—

कनिष्ठानामिकाङ्गुष्ठैर्यन्नासापुटधारणम्।
प्राणायामः स विज्ञेयस्तर्जनीमध्यमे विना।। इति।

प्राण का अर्थ है—हमारे शरीर में स्थित वायु तथा आयाम का अर्थ है—दीर्घता या विस्तार। अत: प्राणायाम का अर्थ हुआ—शरीर में वायु के संधारण की दीर्घता या विस्तार। मुनियों का कथन है कि प्राणायाम से पापों का नाश होता है।।१३७।।

[प्राणायामभूतशुद्धिस्वस्वकल्पविहितन्यासानकुर्वतो देवार्चनेऽनधिकारिता]

प्राणायाममकृत्वा तु भूतशुद्धिमथापि वा।
अकृत्वा विधिवन्न्यासान् नार्चायामधिकारवान्।।१३८।।

प्राणायाम, भूतशुद्धि तथा विधिवत् न्यास किये बिना किसी भी व्यक्ति को देवता के अर्चन का अधिकार नहीं मिलता।।१३८।।

[न्यासपदव्युत्पत्तिः]

पञ्चभूताङ्गदेवानां न्यसनान्न्यास उच्यते।।१३९।।

पञ्चभूतांग देवताओं को उनके नियत स्थान में न्यस्त करने को न्यास कहा जाता है।।१३९।।

[भूतशुद्धिपदव्युत्पत्तिः]

समस्तान्यपि भूतानि ब्रह्मांशत्वाद् विशेषतः।
सदैव परशुद्धिः स्यान्मातृकाभिः कलादिभिः।।१४०।।
तत्र जीवाभिमानेन दोषजालेन चैव हि।
ब्रह्मणः स्वेच्छया वेति दोषाः स्वात्मनि निश्चिताः।
देहाभिमानिता चैव दोषाश्च समुदाहृताः।।१४१।।
तेषामात्मपरिज्ञानाद् विज्ञाय स्वस्य ब्रह्मताम्।
अहङ्कारपरित्यागः शुद्धिरित्यवगम्यताम्।।१४२।।

सभी भूतों की उत्पत्ति ब्रह्म से हुई है। अत: वे निसर्गत: शुद्ध हैं। मातृकाओं तथा कलाओं से उनकी परिशुद्धता की रक्षा होती है; लेकिन इन्द्रियों की संगत एवं

मन के साहचर्य के कारण जब ब्रह्मांशस्वरूप आत्मा में जीव होने का भाव आ जाता है, उसमें दोषों का प्रसार प्रारम्भ हो जाता है। अपने शुद्ध-बुद्ध-नित्य एवं अविनाशी स्वरूप को भुलाकर जीवात्मा स्वयं को शरीर तथा शरीर के सुख-दु:ख को अपना शरीर समझने लगता है। कर्ता और भोक्ता होने का मिथ्या अभिमान उसके अज्ञान बन्धन को निरन्तर दृढ़ करता जाता है। उसके इस मिथ्या अहंकार का त्याग तथा उसको अपने शुद्ध-बुद्ध-नित्य-आनन्दस्वरूप का स्मरण दिलाना ही भूत-शुद्धि है॥१४०-१४२॥

[ऋष्यादिन्यासः]

अथ ऋष्यादिकन्यासं कुर्यात् साधकसत्तमः।
ऋषिः स्याद्दक्षिणामूर्त्तिः पङ्क्तिश्छन्द उदाहृतम् ॥१४३॥
देवता ब्रह्मरूपा श्रीमहात्रिपुरसुन्दरी।
बीजन्तु वाग्भवं कूटं शक्तिकूटञ्च शक्तिका॥१४४॥
कीलकं कामराजं स्याद् विन्यसेत् साधकोत्तमः।
शिरोवदनहृद्गुह्यपादाङ्गेषु क्रमात् सुधीः॥१४५॥

ऋष्यादिन्यासमुपदिशति—**अथेत्यादिना**। तत्र श्रीमत्त्रिपुरसुन्दरीमन्त्रस्य ऋष्यादिकं निर्वक्ति—**ऋषिः स्यादित्यादिना**। तथा चास्य दक्षिणामूर्त्तिर्ऋषिः पङ्क्तिश्छन्दः श्रीमहात्रिपुरसुन्दरी देवता, वाग्भवकूटं बीजं, शक्तिकूटं शक्तिः, कामराजकूटञ्च कीलकमिति ज्ञेयम्। अस्य विनियोगस्तु गन्धर्वतन्त्रे सप्तमपटले—

विनियोगः समाख्याता भुक्तिमुक्तिप्रसाधने। इति।

शिर इति। शिर-आद्यङ्गान्तेषु प्रागुक्तान् ऋष्यादीन् क्रमान्न्यसेदिति सम्बन्धः। एवञ्च शिरसि—दक्षिणामूर्त्तये ऋषये नमः। मुखे—पङ्क्तिच्छन्दसे नमः। हृदि—श्रीमहात्रिपुरसुन्दर्यै देवतायै नमः। गुह्ये—वाग्भवाय बीजाय नमः। पादयोः—शक्तिकूटाय शक्तये नमः। सर्वाङ्गे—कामराजाय कीलकाय नमः, इति प्रयोगः। ऋष्यादिन्यासाननुष्ठाने दोषमाह गन्धर्वतन्त्रेऽष्टमपटले—

ऋषिश्छन्दोदैवतानां विन्यासेन विना यदा।
जप्यते साधितेऽप्येव न तत्र तत्फलं लभेत्॥ इति।

इन तीन श्लोकों में भगवती त्रिपुरसुन्दरी के मन्त्रों के ऋषि आदि का परिचय तथा उनके न्यास का निरूपण किया गया है।

श्री दक्षिणामूर्ति इस मन्त्र के ऋषि हैं। पंक्ति छन्द है। ब्रह्मरूपा श्रीमहात्रिपुरसुन्दरी इस (इन) मन्त्र की देवता हैं। वाग्भव कूट बीज है। शक्तिकूट (तृतीय कूट) शक्ति है। कामराज कूट (द्वितीय कूट) कीलक है।

मन्त्र के इन घटकों का न्यास क्रमशः शिर, मुख, हृदय, गुह्य, पाद और सभी अंगों में किया जाय॥१४३॥

विमर्श (प्रयोगक्रम)—शिरसि—श्रीदक्षिणामूर्तये नमः। मुखे—पंक्ति छन्दसे नमः। हृदये—श्रीमहात्रिपुरसुन्दरी देवतायै नमः। गुह्ये—वाग्भवबीजाय नमः। पादयोः—शक्तिकूटाय नमः। सर्वांगे—कामराजकूटाय नमः।

ऋषि-छन्द-देवता आदि का सम्यक् रूप से न्यास किये बिना मन्त्रजप का कोई फल नहीं मिलता। अतः बुद्धिमान् साधक को ऋष्यादि न्यास करने के बाद ही मन्त्र-जप करना चाहिए।

[षडङ्गन्यासोपदेशो मातृकान्यासस्य कर्त्तव्यत्वञ्च]

अङ्गषट्कं ततः कृत्वा मातृकान्यासमाचरेत्।

अत्राङ्गन्यासस्य कर्त्तव्यत्वमाह—**अङ्गषट्कमिति**। षडङ्गन्यासं कृत्वेत्यर्थः। त्रिपुराविषयेऽङ्गन्यासस्य विशिष्टः क्रमस्तु पूर्वमेवोपदर्शित इति नात्र पुनः प्रदर्श्यते।

ऋष्यादि न्यास करने के बाद हृदयादि षडङ्ग न्यास करें। तत्पश्चात् मातृका न्यास करें। षडङ्ग न्यास की दो विधियाँ इसी अध्याय के श्लोकसंख्या १०० से १०३ में बताई गई हैं।

[तत्र मातृकाया ऋष्यादिन्यासः]

ऋषिर्ब्रह्मा भवेच्छन्दो गायत्री मातृका पुनः।।१४६।।
देवता व्यञ्जनं बीजं शक्तयश्च स्वरा मताः।
अव्यक्तं कीलकं ज्ञेयं न्यसेदुक्तक्रमेण तु।।१४७।।

अथ मातृकान्यासमभिदधानः प्रथमम् ऋष्यादिकमुपदिशति—**ऋषिरित्यादिना**। एवञ्चास्य मातृकामन्त्रस्य ब्रह्म ऋषिर्गायत्री च्छन्दो मातृका (सरस्वती) देवता व्यञ्जनानि बीजानि स्वराः शक्तयः अव्यक्तं कीलकं लिपिन्यासे विनियोगः। अस्य मातृका–न्यासाङ्गमन्त्ररूपेणाधुना व्यवहारो दृश्यते। तन्त्रसारकृता अथ मातृकान्यास इति प्रक्रम्य 'अस्य मातृकामन्त्रस्ये'त्यादिकमभिधाय 'शिरसि ॐ ब्रह्मणे ऋषये नमः' इत्यादिना मातृकान्यास उक्तः। त्रिपुरार्चनरहस्ये तु श्रीमद्ब्रह्मानन्दैः 'अस्य मातृकामन्त्रस्य ब्रह्म ऋषिर्गायत्री च्छन्द' इत्याद्यनभिधाय 'अस्य मातृकामन्त्रस्य ब्रह्मणे ऋषये नम इति शिरसि। गायत्र्यै छन्दसे नम इति मुखे' इत्येवंक्रमेण शिर–आदिषु न्यासमात्रमभिहितम्। एवञ्च तन्त्रसारादौ यद् 'अस्य मन्त्रस्ये'त्याद्युक्तं तदृषिच्छन्दोदेवतादिज्ञानपुरःसरमेव न्यासः कर्त्तव्य इत्यभिप्रायेण, न तु न्यासाङ्गतया तदुच्चार्यत्वाभिप्रायेणापि, तथात्वेन 'अस्य मन्त्रस्ये'त्यादिपाठे प्रमाणानुपलम्भात्। अत एव प्रकृतेऽपि 'अव्यक्तं कीलकं ज्ञेयं न्यसेदुक्तक्रमेण तु' इत्यत्र ज्ञेयमित्यनेनैतज्ज्ञानपूर्वकं न्यासोऽनुष्ठेय इत्येवोक्तमिति दिक्।

इस मातृका मन्त्र के ऋषि ब्रह्मा हैं। छन्द गायत्री हैं। मातृका देवता हैं। बीज व्यञ्जन हैं। शक्ति स्वर हैं। कीलक अव्यक्त (वर्ण) हैं। उनका भी उपर्युक्त (शिर आदि) क्रम से न्यास किया जाय॥१४६-१४७॥

विमर्श (प्रयोगक्रम)—श्रीमातृकामन्त्रस्य ब्रह्मणे ऋषये नमः—शिरसि। गायत्री छन्दसे नमः—मुखे। मातृकादेवतायै नमः—हृदि। व्यञ्जनबीजेभ्यो नमः—गुह्ये। स्वराःशक्तिभ्यो नमः—पादयोः। अव्यक्तकीलकेभ्यो नमः—सर्वांगे।

[मातृकायाः कराङ्गन्यासः]

स्वराणां क्लीबहीनानां सबिन्दूनां क्रमाल्लिखेत्।
युग्मयुग्मान्तराले च पञ्चवर्गं सबिन्दुकम्।।१४८।।
शेषवर्णान्तराले च यादिवर्गं ततः परम्।
पूर्ववद् विन्यसेन्मन्त्री मातृकायाः षडङ्गकम्।।१४९।।

मातृकायाः कराङ्गन्यासयोः क्रममुपदिशति—**स्वराणामित्यादिना**। क्लीबहीनानाम् ऋॠऌॡवर्जितानां सबिन्दुनां सानुस्वाराणां स्वराणामकाराद्यौकारान्तानां युग्म–युग्मान्तराले द्विद्विवर्णमध्ये क्रमात् सबिन्दुकं वर्गपञ्चकं लिखेदित्यर्थः। अनेन अं कं खं गं घं आं अङ्गुष्ठाभ्यां नमः, इं चं छं जं झं ञं ईं तर्जनीभ्यां स्वाहा। उं टं ठं डं ढं णं ऊं मध्यमाभ्यां वषट्। एं तं थं दं धं नं ऐँ अनामिकाभ्यां हुँ। ॐ पं फं बं भं मं औं कनिष्ठाभ्यां वौषट् इत्यन्तं प्राप्तम्।

शेषेति। शेषवर्णान्तराले पूर्वोदितस्वरावशिष्टयोरनुस्वारविसर्गयोर्वर्णयोरन्तराले यादिवर्गं यकारादिक्षकारान्तवर्णान् लिखेदित्यर्थः। एवञ्च अं यं रं लं वं शं षं सं हं ळं क्षं अः करतलकरपृष्ठाभ्यां फडिति करन्यासः। व्यक्तमाह ज्ञानार्णवे द्वितीयपटले—

अं आं–मध्ये कवर्गञ्च इं ईं मध्ये चवर्गकम्।
उं ऊं–मध्ये टवर्गञ्च एं ऐं–मध्ये तवर्गकम्।
ओं औं–मध्ये पवर्गञ्च क्रमेण परमेश्वरि।
अनुस्वारविसर्गान्ते य–शवर्गौ सलक्षकौ।। इति।

पूर्ववदिति। ततः परं करन्यासानन्तरं पूर्ववत् करन्यासक्रमेणैवाङ्गन्यासं कुर्यादित्यर्थः। अत्राङ्गशब्देनाङ्गुष्ठादीनां हृदयादीनाञ्च परिग्रहः। तथा च पूर्ववत् प्रागुक्तमूलदेवताकराङ्गन्यासवत् अङ्गुष्ठाभ्यां नमः इत्यादिक्रमेण कराङ्गन्यासौ कुर्वीतेति पूर्ववदित्यनेन सूच्यते। अङ्गन्यासे न्यासयोग्यान्यङ्गान्याह ज्ञानार्णवे द्वितीयपटले—

हृदयञ्च शिरो देवि शिखाञ्च कवचं ततः।
नेत्रमस्त्रं न्यसेत् ङेऽन्तं नमः स्वाहा क्रमेण तु।।
वषड् हुं वौषडन्तञ्च फडन्तं योजयेत् प्रिये।
षडङ्गोऽयं मातृकायाः सर्वपापहरः स्मृतः।। इति।

मातृकामाला में ‘अ’ से ‘अः’ तक १६ स्वर वर्ण हैं। इनमें से ‘ऋ ॠ-ऌ-ॡ’—ये चार क्लीब स्वर हैं। शेष बारह स्वर वर्णों में से दो-दो स्वरवर्णों के बिन्दुयुक्त ६ वर्ग बनायें। यथा—अं-आं। इं-ईं। उं-ऊं। एं-ऐं। ओं-औं। अं-अः।

'क'कार आदि पाँच व्यञ्जन वर्ग हैं। इनमें से प्रत्येक व्यंजन वर्ग को बिन्दुयुक्त करके एक-एक स्वरयुग्म के मध्य में अंत:स्थ कर दें। यथा—'अं कं खं गं घं ङं आं। आदि। 'य'कार से 'क्ष'कार तक जो १० वर्ण हैं, उन्हें भी बिन्दुयुक्त करके 'अं' और 'अ:' के मध्य अंत:स्थ कर दें। इस प्रकार मातृकामाला ६ वर्गों में विभक्त हो जाती है। इनमें से प्रत्येक वर्ग का अंगूठे से लेकर क्रमश: सभी अंगुलियों में न्यास करें।

करन्यास के समान ही इन ६ वर्गों से मातृका षडङ्ग-न्यास करें।।१४८-१४९।।

विमर्श (प्रयोगक्रम)—

वर्ग	करन्यास	षडङ्गन्यास
अं कं खं गं घं ङं आं—	अंगुष्ठाभ्यां नम:।	हृदयाय नम:।
इं चं छं जं झं ञं ईं —	तर्जनीभ्यां स्वाहा।	शिरसे स्वाहा।
उं टं ठं डं ढं णं ऊं —	मध्यमाभ्यां वषट्।	शिखायै वषट्।
एं तं थं दं धं नं ऐं —	अनामाभ्यां हुम्।	कवचाय हुम्।
ओं पं फं बं भं मं औं—	कनिष्ठाभ्यां वौषट्।	नेत्रत्रयाय वौषट्।
अं यं रं लं वं शं षं सं हं ळं क्षं अ:- —	करतलकरपृष्ठाभ्यां फट्।	अस्त्राय फट्।

[मातृकाध्यानम्]

शरत्पूर्णेन्दुशुभ्रां सकललिपिमयीं लोलरक्तत्रिनेत्रां
शुक्लालङ्कारभासां शशिमुकुटजटाभारहारप्रदीप्ताम्।
विद्यास्त्रक्पूर्णकुम्भान् वरमपि दधतीं शुद्धपट्टाम्बराढ्यां
वाग्देवीं पद्मवक्त्रां कुचभरनमितां चिन्तयेत् साधकेन्द्र:।।१५०।।

यह भगवती मातृका का ध्यान-श्लोक है। वाग् देवता भगवती मातृका की देहयष्टि मातृकाओं से बनी है अर्थात् उनके अंग-प्रत्यंग में एक-एक वर्ण अंकित हैं। शरद्-पूर्णिमा के चन्द्रमा के समान वे धवलवर्णा हैं। उनके तीन रतनारे नेत्र हैं। शिरोप्रदेश में जटा है। जटा पर अर्ध-चन्द्र का मुकुट है। उनके सभी वस्त्र और अलंकार श्वेत-धवल वर्ण के हैं। गले में हार है। मुख-मण्डल कमल के समान विकसित एवं प्रफुल्लित है। वे चतुर्भुजा हैं। उनके इन चारो हाथों में विद्या (पुस्तक), स्त्रक् (अक्षमाला), सुधाकुम्भ और वरमुद्रा शोभित है। स्तन-मण्डल के भार के कारण वे सामने की ओर कुछ झुकी हुई हैं।।१५०।।

[अन्तर्मातृकान्यासपरिपाटी]

एवं ध्यात्वा न्यसेदादौ षट्चक्रक्रमसंस्थितान्।
अकारादिक्षकारान्तानेकैकक्रमयोगत: ।।१५१।।

एवं ध्यानानन्तरमन्तर्मातृकान्यासमाह—न्यसेदित्यादिना। षडिति विशुद्धादिमूलाधाराज्ञाचक्रक्रमेणावस्थितान् अकारादिक्षकारान्तवर्णान्। एकैकेति। पद्मानां प्रतिपत्रमेकमेकं वर्णं न्यसेदित्यर्थः। व्यक्तमाह गन्धर्वतन्त्रेऽष्टमपटले ज्ञानार्णवे द्वितीयपटले च—

द्व्यष्टपत्राम्बुजे कण्ठे स्वरान् षोडश विन्यसेत्।
द्वादशच्छदहृत्पद्मं कादीन् द्वादश विन्यसेत्।।
दशपत्राम्बुजे नाभौ डकारादीन् न्यसेद्दश।
षट्पत्रे लिङ्गसंस्थे च वकारादीन् न्यसेच्च षट्।।
आधारे चतुरो वर्णान् न्यसेद् वादींश्चतुदले।
ह-क्षौ भ्रूमध्यगे पद्मे द्विदले विन्यसेत् प्रिये।। इति।

विन्यसेत् प्रिये इत्यत्र परिचिन्तयेदिति गन्धर्वतन्त्रपाठः। पूर्वं 'सबिन्दूनां क्रमाँल्लिखेत्' तथा 'पञ्चवर्गं सबिन्दुक'मित्यनेन कराङ्गन्यासयोः सबिन्दुकमातृकावर्णोपादानात् तत्क्रमपरित्यागे प्रमाणाभावात् प्रकृतेऽपि सबिन्दुकानामेव वर्णानां न्यासः कर्त्तव्यः। अत एव तन्त्रसारकारैरपि 'अकारादिषोडशस्वरान् सबिन्दून् षोडशदलकमले कण्ठमूले न्यसे'दित्यादिना सानुस्वाराणामेव वर्णानां न्यासोऽभिहितः।

'षट्चक्र' अर्थात् विशुद्ध-अनाहत-मणिपूरक-स्वाधिष्ठान-मूलाधार एवं आज्ञा चक्र। 'अकरादि-क्षकारान्ता' अर्थात् 'अ'कार से 'क्ष'कार-पर्यन्त ५० वर्ण। विनियोग, कर-न्यास-षडङ्ग-न्यास तथा भगवती मातृका का ध्यान करने के बाद मन्त्र-साधक विशुद्ध चक्र से प्रारम्भ कर आज्ञाचक्र-पर्यन्त प्रत्येक चक्र के प्रत्येक दल में 'अ'कार से प्रारम्भ कर 'क्ष'कार-पर्यन्त एक-एक मातृका (वर्ण) का न्यास करें।।१५१।।

विमर्श (प्रयोगक्रम)—विशुद्ध आदि चक्र के प्रत्येक दल में बिन्दुयुक्त एक-एक वर्ण का भावनापूर्वक न्यास किया जाता है; यथा—

विशुद्ध चक्र के १६ दलों में 'अ'कारादि १६ स्वरों का—अं नमः। आं नमः। इं नमः। ईं नमः। उं नमः। ऊं नमः। ऋं नमः। ॠं नमः। ऌं नमः। ॡं नमः। एं नमः। ऐं नमः। ओं नमः। औं नमः। अं नमः। 'अः' नमः। ये न्यास प्रदक्षिणाक्रम से किये जाते हैं।

अनाहत के १२ दलों में 'क' से 'ठ' पर्यन्त १२ वर्ण।

कं नमः। खं नमः। गं नमः। घं नमः। ङं नमः। चं नमः। छं नमः। जं नमः। झं नमः। ञं नमः। टं नमः। ठं नमः।

मणिपूरक के १० दलों में 'ड' से 'फ'-पर्यन्त १० वर्ण।

डं नमः। ढं नमः। णं नमः। तं नमः। थं नमः। दं नमः। धं नमः। नं नमः। पं नमः। फं नमः।

स्वाधिष्ठान के ६ दलों में 'ब' से 'ल'-पर्यन्त ६ वर्ण।

बं नमः। भं नमः। मं नमः। यं नमः। रं नमः। लं नमः।

मूलाधार चक्र के चार दलों में 'व' से 'स' तक ४ वर्ण।

वं नमः। शं नमः। षं नमः। सं नमः।

आज्ञाचक्र के दो दलों में शेष दो वर्ण—हं नमः। क्षं नमः।

अन्तमार्तृका क्रम में द्वितीय 'ळ'कार का न्यास नहीं किया जाता।

साधक वर्ग में भगवती मातृका का उपर्युक्त ध्यान करने के बाद एक और ध्यान करने की परिपाटी है, जो इनका आन्तरिक ध्यान है और जिसमें 'न्यास' का 'गुर' भी बताया गया है—

> आधारे लिङ्गनाभौ प्रकटितहृदये तालुमूले ललाटे
> द्वे पत्रे षोडशारे द्विदश-दशदले द्वादशार्धे चतुष्के।
> वासान्ते बालमध्ये 'डफ''कठ'सहिते कण्ठदेशे स्वराणाम्
> हक्षौ तत्त्वार्थचिंत्यं सकलदलगतं वर्णरूपां नमामि।।

इस श्लोक का अर्थ है—आधार (मूलाधार), लिंग (स्वाधिष्ठान). नाभि (मणिपूरक), प्रकटितहृदय (अनाहत), तालुमूल (विशुद्ध) और ललाट (आज्ञा) में आज्ञाचक्र से प्रारम्भ कर क्रमशः जो दो (आज्ञाचक्र में), सोलह (विशुद्ध में), द्विदश अर्थात् बारह (अनाहत में), दश (मणिपूरक में), द्वादशार्ध अर्थात् छः (स्वाधिष्ठान में) तथा चतुष्क यानी चार (मूलाधार में) दल हैं, उन दलों में कण्ठदेश (विशुद्ध चक्र) से प्रारम्भ करके क्रमशः १६ स्वरों, 'क'कार से 'ठ'कार (१२ वर्णों), 'ड'कार से 'फ'कार (१० वर्णों), 'ब' और 'ल' के मध्यवर्ती (६) वर्णों तथा 'व'कार से 'स'कार-पर्यन्त (चार) वर्णों तथा अन्त में (आज्ञाचक्र में), 'ह'कार और 'क्ष'कार—इन दो वर्णों का ध्यान कर सभी दलों में स्थित वर्णरूपा मातृका को प्रणाम करता हूँ।

[बाह्यमातृकान्यासः]

इत्यन्तर्मातृकां ध्यात्वा विन्यसेद् बाह्यमातृकाम्।

[तत्र बीजपूर्वकताविकल्पः]

केवलां वा न्यसेद्देहे श्रीकण्ठाद्यां न्यसेदपि।।१५२।।

एवमन्तर्मातृकान्यासमभिधाय बाह्यमातृकान्यासमाह—विन्यसेत् बाह्यमातृकामित्यादिना। केवलाम् आदावयोजितबीजान्तराम्। श्रीकण्ठाद्याम् अमिति श्रीकण्ठबीजं तदाद्यां वा मातृकां न्यसेदिति सम्बन्धः।

इस प्रकार अन्तर्मातृका न्यास करने के बाद बाह्यमातृका न्यास करे। यह

बाह्यमातृका या बहिर्मातृका न्यास अक्षरों के आदि में बीजाक्षर (बीजाक्षरों) की योजना करके अथवा बीजाक्षर के विना भी किया जाता है।।१५२।।

[प्रत्यङ्गमेकैकाक्षरन्यासोपदेशः]

एकैकाक्षरभेदेन क्रमेण साधकोत्तमः।

ललाट से प्रारम्भ करके शरीर के प्रत्येक अंग में एक-एक अक्षर का न्यास किया जाता है। यह न्यास अनिवार्य है। मातृका न्यास के विना मन्त्रसिद्धि नहीं होती। अतः प्रत्येक साधक को अनिवार्यतः यह न्यास करना चाहिए।

विमर्श—प्रस्तुत ग्रन्थ में न्यास किये जाने वाले अंगों का नाम नहीं बताया गया है। 'तन्त्रसार' में यथा उद्धृत 'गौतमीय तन्त्र' के अनुसार निम्नलिखित अंगों में एक-एक अक्षर के न्यास का विधान है—

ललाट, मुखवृत्त, दोनों नेत्र, दोनों कान, दोनों नथुने, दोनों गण्डस्थल, ओष्ठ, अधर, ऊर्ध्व दन्तपंक्ति, अधोदन्तपंक्ति, ब्रह्मरन्ध्र, मुख, दाँयें हाथ की पाँच सन्धियाँ, बाँयें हाथ की पाँच सन्धियाँ, दाहिने पैर की पाँच सन्धियाँ, बाँयें पैर की पाँच सन्धियाँ, दोनों पार्श्व (बगल), पीठ, नाभि, उदर, हृदय, दाहिना कन्धा, ककुद, बाँयाँ कन्धा, हृदय से प्रारम्भ कर दाहिना हाथ, हृदय से प्रारम्भ कर समस्त बाँयाँ हाथ, हृदय से उदर तथा उदर से हृदय।

हाथ की पाँच सन्धियाँ हैं—(१) कन्धा और हाथ का जोड़, (२) कोहनी, (३) कलाई, (४) पंजा और अंगुलियों का जोड़ तथा (५) अंगुलियों का छोर।

पैरों की पाँच सन्धियाँ हैं—(१) धड़ और जाँघ का जोड़, (२) घुटना, (३) गुल्फ, (४) पैर और अंगुलियों का जोड़ तथा (५) अँगुलियों का छोर (जहाँ नख हैं)।

[अङ्गभेदेनाङ्गुलिनियमः]

मध्यमानामिकाभ्यान्तु ललाटे मुखवृत्तके।।१५३।।
मध्यमानामातर्जनीभिर्लोचने विन्यसेत्ततः।
अनामाङ्गुष्ठयोगेन वृद्धया श्रुतिमूलके।।१५४।।
कनिष्ठाङ्गुष्ठयोगेन नासापुटद्वये ततः।।१५५।।
तर्जनीमध्यमानामायोगैर्गण्डद्वये न्यसेत्।
ओष्ठाधरयुगे मन्त्री मध्यमाङ्गुलिना क्रमात्।।१५६।।
अनामाङ्गुलिना दन्तपङ्क्तिद्वये प्रविन्यसेत्।
मध्यमया शिरोदेशे विन्यसेत् साधकोत्तमः।।१५७।।
अनामया तु वदने मध्याभिर्हस्तपादयोः।
सन्ध्यग्रेषु कनिष्ठादितिसृभिर्विन्यसेद् बुधः।।१५८।।

पार्श्वयोः पृष्ठदेशे तु नाभिदेशे तदन्तरम्।
मध्यानामाकनिष्ठाभिः साङ्गुष्ठाभिः प्रविन्यसेत्।।१५९।।
सकलाङ्गुलिभिः कुक्षौ यादीन् सधातुकानपि।
त्वगसृङ्मांसमेदोऽस्थिमज्जाशुक्राणि धातवः।।१६०।।
प्राणात्मा चैव जीवात्मा परमात्मेति विन्यसेत्।
हृदये तु तलेनैव सकलाङ्गुलिभिस्ततः।।१६१।।
स्कन्धे परगले स्कन्धे क्रमेणैव प्रविन्यसेत्।
हृत्पूर्वं हस्तपत्कुक्षिमुखे पाणितलेन वै।।१६२।।

इदानीं यत्र यत्र यद्यदङ्गुलियोगेनाकारादीनां वर्णानां न्यासः कर्त्तव्यस्तत् सर्वं विशिष्याभिधत्ते—एकैकेत्यादिना। एकैकाक्षरभेदेन अकारादिक्षकारान्तानामेकैकाक्षर-भेदेन ललाटादिषु न्यसेदित्यर्थः। तथा च मध्यमानामिकाभ्यां ललाटे अं नम इति न्यसेत्। मध्यानामातर्जनीभिर्मुखवृत्ते आं नम इति न्यसेत्। एवं नेत्रादिष्वपि तत्तदङ्गुलि-योगेन इकारादिवर्णानां न्यासो मूलोक्तरीत्या कर्त्तव्यः। हृदिति। हस्तपत्कुक्षिमुखे हृत्पूर्वं विन्यसेदिति सम्बन्धः। अनेन हृदादिहस्तयोः हृदादिपादयोः हृदादिकुक्षौ हृदादिमुखे चेत्युक्तं भवति।

न्यासक्रम में अंगुलियों का अत्यन्त महत्त्व है। इन श्लोकों में बताया गया है कि शरीर के किस अंग में किस या किन अंगुलियों से न्यास किया जाय। इसमें भूल-चूक होने पर न्यास निष्फल हो जाता है। न्यास में अंगुलि-नियम निम्नानुसार है—

ललाट में मध्यमा और अनामिका से। मुखवृत्त में तर्जनी, मध्यमा और अनामा से। अंगूठा और अनामा से नेत्रों में। अंगूठे से कर्णमूल में। कनिष्ठा और अंगूठे से दोनों नथुनों में। तर्जनी, मध्यमा और अनामा से दोनों गण्डस्थलों में। ओष्ठ और अधर में मध्यमा से। दन्तपंक्तियों में अनामा से। ब्रह्मरन्ध्र में मध्यमा से। मुख में अनामा और मध्यमा से। कनिष्ठा-अनामा और मध्यमा से दोनों हाथों तथा दोनों पैरों की सन्धियों में, दोनों पार्श्व और पीठ में न्यास किया जाता है। नाभि में अंगूठा, मध्यमा, अनामा तथा कनिष्ठा से। पेट (कुक्षि) में सब अंगुलियों से। वक्ष (हृदय), दोनों कन्धे, ककुद, हृदय से लेकर दोनों हाथ, हृदय से लेकर दोनों पैर, हृदय से उदर, हृदय से मुख तक के स्थानों में त्वचा, रक्त, मांस, मेद, अस्थि, मज्जा, शुक्र आदि सात धातुओं तथा प्राणात्मा-जीवात्मा तथा परमात्मा-सहित 'य'कार से 'क्ष'कार-पर्यन्त दस (१०) अक्षरों का न्यास हथेली से किया जाता है।।१५३-१६२।।

विमर्श—उपर्युक्त श्लोकों में न्यासक्रम में अंगुलियों के प्रयोग के जो नियम बताये गये हैं, उन्हें पारिभाषिक रूप से 'मातृका मुद्रा' भी कहा जाता है। बहिर्मातृका

न्यास के तीन भेद हैं—(१) सृष्टिन्यास, (२) स्थितिन्यास और (३) संहारन्यास। अलग-अलग आश्रमों के व्यक्तियों (साधकों) के लिये बाह्य मातृकान्यास के क्रम में अन्तर है। सद् गृहस्थ साधक पहिले संहारमातृका न्यास करके सृष्टि और उसके बाद स्थितिमातृका न्यास करते हैं। संन्यासी लोग सृष्टि-स्थिति और संहारक्रम से न्यास करते हैं।

[प्रणवादिनमोऽन्तत्वयोः सबिन्दु-निर्बिन्दुत्वयोश्च विकल्पः]

एवमेव विधानेन पञ्चाशद्वर्णसञ्चयः।
ओमाद्यन्तो नमोऽन्तो वा सबिन्दुबिन्दुवर्जितः।।१६३।।

एवमेवेति। निरुक्तक्रमेण ओमाद्यन्तः प्रणवपुटितः अथवा नमोऽन्तः बिन्दुयुक्तो बिन्दुरहितो वा।

इस प्रकार प्रत्येक वर्ण (अक्षर) को बिन्दुयुक्त या केवल विसर्गयुक्त अथवा बिन्दु और विसर्ग दोनों से युक्त करके तथा उसे प्रणव (ॐ) से सम्पुटित कर तथा अन्त में 'नमो' की योजना करके समस्त पचासों वर्णों का न्यास किया जा सकता है।।१६३।।

[सविसर्गविन्दुविसर्गोभयवत्तयोर्विकल्पः]

सविसर्गः सोभयश्च रहस्यं तत्त्वमुच्यते।
वित्तप्रदो बिन्दुयुतो विद्यादौ विन्दुवर्जितः।
पुत्रदः सविसर्गश्च सोभयो मुक्तिदायकः।।१६४।।

सविसर्गः अन्ते विसर्गयुक्तः, सोभयः बिन्दुविसर्गोभयसहितो वा पञ्चाशद्वर्णसञ्चयो न्यस्तव्य इति सम्बन्धः। निरुक्तबिन्द्वाद्यन्तवर्णन्यासे फलमाह—**रहस्यमित्यादिना।** स्पष्टम्।

विमर्श—कामेश्वरी आदि नित्याओं का पूजन शुक्ल प्रतिपदा से प्रारम्भ होता हैं। पूर्णिमा को 'विचित्रा' की पूजा करने के बाद कृष्णपक्ष की प्रतिपदा को पुन: विचित्रा से प्रारम्भ करके विलोमक्रम से नित्याओं का पूजन किया जाता है। प्रस्तुत ग्रन्थ में शुक्ल पक्ष में नित्याओं की पूजन तिथियाँ तो बताई गई हैं; मगर कृष्णपक्ष में उनकी पूजातिथि का उल्लेख नहीं है। अत: विषय को स्पष्ट करने के लिये भाष्य में कृष्णपक्ष में भी इनकी पूजातिथि का उल्लेख कर दिया गया है।

सोलहवीं नित्या भगवती त्रिपुरसुन्दरी की पूजा 'मूल मन्त्र' के आदि में 'अ:' की योजना करके प्रतिदिन मूल बिन्दु पर ही की जाती है; जबकि कामेश्वरी आदि नित्याओं का पूजन मूल-त्रिकोण की रेखाओं पर प्रतिरेखा पर पाँच-पाँच के क्रम से किया जाता है।

तान्त्रिक पञ्चाङ्ग के अनुसार सूर्योदय के समय की तिथि को अहोरात्र-व्यापिनी तिथि माना जाता है। अत: तिथिवृद्धि होने पर एक ही नित्या की दो दिनों तक और तिथिक्षय की स्थिति में एक ही दिन में दो नित्याओं की पूजा की जाती है। न्यासविधान को भी तदनुसार समझना चाहिए।

[वह्निवासिनी (५)]

भुवनेशीं समुद्धृत्य ङेयुतां वह्निवासिनीम् ।
हृदन्तां विन्यसेन्नाभौ पञ्चम्यां देशिकाग्रणीः।।३३७।।

पञ्चमीं वह्निवासिनीमाह—भुवनेशीमित्यादिना। भुवनेशी ह्रीं। एवञ्च उं ह्रीं वह्निवासिन्यै नमः वह्निवासिनीनित्याकलायै नमः इति नाभौ न्यसेदिति फलितम्।

वह्निवासिनी—भुवनेशी (ह्रीं) के बाद चतुर्थ्यन्त वह्निवासिनी (वह्निवासिन्यै) के बाद 'नम:' की योजना करें। मन्त्र-स्वरूप होगा—ह्रीं वह्निवासिन्यै नम:।

उक्त मन्त्र के आदि में 'उं' और अन्त में 'वह्निवासिनीनित्याकलायै नम:' की योजना करने से इनका पूजन-न्यास मन्त्र बनता है। वह्निवासिनी का न्यास नाभि में करें। पूजनतिथियाँ हैं—शुक्लपक्ष की पञ्चमी और कृष्णपक्ष की एकादशी।

[महानित्येश्वरी (६)]

प्रणवं शम्भुवनितां फरेमात्मकमक्षरम्।
सविसर्गः शशी पश्चान्नित्यक्लिन्ने मदद्रवे।
अग्निजाया महानित्येश्वरीं षष्ठ्यां कुचे न्यसेत्।।३३८।।

षष्ठीं महानित्येश्वरीमाह—प्रणवमित्यादिना। अत्र प्रथमं प्रणवः, ततः शम्भुवनिता ह्रीं, ततः फरेमात्मकं फ्रें इति बीजम्, ततश्च विसर्गयुक्तः शशी सकारः, ततो नित्यक्लिन्न इत्यादि। सर्वादौ षष्ठस्वरयोगः। एवञ्च ऊं ॐ ह्रीं फ्रें सः नित्यक्लिन्ने मदद्रवे स्वाहा महानित्येश्वरी-नित्याकलायै नमः इति कुचे न्यसेदिति फलितम्। अत्र महावज्रेश्वरीति तन्त्रसारकाराः। ज्ञानार्णवे पञ्चदशपटले तु—

महाविद्येश्वरी नित्या प्रसङ्गेन मयेरिता।

इत्यनेन महाविद्येश्वरीति षष्ठ्या नित्यायाः संज्ञाभिहितेति दृश्यते।

महानित्येश्वरी—प्रणव (ॐ), शम्भुवनिता (ह्रीं) 'फ्रें'। इसके बाद सविसर्ग शशि अर्थात् 'सः'। इसके बाद 'नित्यक्लिन्ने मदद्रवे स्वाहा' की योजना करने से महानित्येश्वरी का मन्त्र निष्पन्न होता है। यथा—'ॐ ह्रीं फ्रें सः नित्यक्लिन्ने मदद्रवे स्वाहा'।

इस मन्त्र के आदि में 'ऊं' और अन्त में 'महानित्येश्वरी नित्याकलायै नमः' की योजना करने से इनका पूजन/न्यास मन्त्र बनता है। इनकी पूजनतिथि शुक्लपक्ष में षष्ठी और कृष्णपक्ष में दशमी है। न्यास दाहिने स्तन में करें।

[शिवदूती (७)]

मायाबीजं समुच्चार्य शिवदूत्यै नमो वदेत्।
सप्तम्यां विन्यसेदेनां शिवदूतीं स्वयं हृदि।।३३९।।

अथ सप्तमीं शिवदूतीं नित्यामाह—**मायाबीजमित्यादिना।** अत्र प्रथमं सप्तमस्वरस्ततो मायाबीजं ह्रीं। एवञ्च ऋं ह्रीं शिवदूत्यै नमः शिवदूतीनित्याकलायै नमः इति हृदि न्यसेदिति फलितम्।

शिवदूती—'ह्रीं शिवदूत्यै नमः'। इस मन्त्र के आदि में 'ऋं' और अन्त में 'शिवदूती नित्याकलायै नमः' की योजना करने से इनका पूजन/न्यासमन्त्र बनता है। पूजनतिथियाँ शुक्लपक्ष में सप्तमी और कृष्णपक्ष में नवमी हैं।

[त्वरिता (८)]

तारं पराञ्च कवचं खे च ब्ले (छे?) क्षः पदं लिखेत्।
स्त्रीं हुमात्मकमालिख्य क्षेपराबीजमस्त्रकम्।
अष्टम्यां विन्यसेत् कण्ठे त्वरितां द्वादशाक्षरीम्।।३४०।।

अथाष्टमीं त्वरितामाह—**तारमित्यादिना।** अत्र प्रथममष्टमस्वरस्ततस्तारमित्यादि। एवञ्च—ॠं ॐ ह्रीं हुं खे च ब्ले (छे?) क्षः स्त्रीं हुं क्षे ह्रीं फट् त्वरितानित्याकलायै नमः इत्यष्टम्यां कण्ठदेशे न्यसेदिति पर्यवस्यति। परन्तु ज्ञानार्णवे पञ्चदशपटले—

ॐकारबीजमुच्चार्य परां कवचमालिखेत्।
खे च छे क्षः समालिख्य स्त्रीबीजञ्च समालिखेत्।
हुंकारं क्षे परा चास्त्रं विद्येयं द्वादशाक्षरी।।

इति वचने खे च छे क्ष इत्युपादानात् तन्त्रसारेऽपि तथैव दर्शनाच्च मूलोक्तः खे च ब्ले क्ष इति पाठश्चिन्त्यः।

त्वरिता—तार (ॐ), परा (ह्रीं), कवच (हुम्), खेच ब्लें (छे?), 'क्षः स्त्रीं हुम् क्षे ह्रीं' की योजना करने से त्वरिता का द्वादशाक्षरी मन्त्र बनता है।।३४०।।

मन्त्रस्वरूप—ॐ ह्रीं हुं खे च ब्लें क्षः स्त्रीं हुम् क्षे ह्रीं फट्।

मन्त्र के आदि में 'ॠं' तथा अन्त में 'त्वरितानित्यापादुकायै नमः' की योजना करके पूजन और न्यास करें। पूजनतिथियाँ—दोनों पक्षों की अष्टमी। न्यासस्थान—कण्ठ।

[कुलसुन्दरी (९)]

सर्वसिंहासनमयी बालेव कुलसुन्दरी।
नवम्यां शुक्लपक्षे तु गले तां परितो न्यसेत्।।३४१।।

अथ नवमीं कुलसुन्दरीमाह—**सर्वेत्यादिना**। एवञ्च ऌं ऐँ क्लीं सौः कुलसुन्दरीनित्याकलायै नम इति शुक्लनवम्यां गले न्यसेदिति फलितम्।

(९) **कुलसुन्दरी**—सभी सिंहासनों पर प्रतिष्ठिता देवी बाला त्रिपुरा ही नवमी नित्या कुलसुन्दरी हैं; अतः कुलसुन्दरी का मन्त्र है—ऐं क्लीं सौः।।३४।।

'ऐं क्लीं सौः' के आगे नवम स्वर 'ऌं' एवं अन्त में 'कुलसुन्दरीनित्याकलायै नमः' की योजना करने से उनका पूजन एवं न्यासमन्त्र निष्पन्न होता है। पूजनतिथियाँ हैं—शुक्लपक्ष की नवमी और कृष्णपक्ष की सप्तमी। न्यासस्थान—गला।

[महानित्या (१०)]

पञ्चबाणं महानित्यां दशम्यामधरे न्यसेत्।।३४२।।

अथ दशमीं महानित्यामाह—**पञ्चबाणमित्यादिना**। अत्रापि प्रथमं यथाश्रुतं ॡमिति, ततः पञ्चबाणबीजपञ्चकम्, ततो महानित्याकलायै नम इति।

(१०) **महानित्या**—दशमी नित्या हैं—महानित्या। पञ्चबाण मन्त्र इनका मन्त्र है।।३४२।।

[पञ्चबाणमन्त्रः]

थान्तद्वयं रेफयुक्तं पूर्वदीर्घद्वयान्वितम्।
नादबिन्दुकलायुक्तं कामं ब-ल-ऊमात्मकम्।
सविसर्गः शशी पश्चात् पञ्चबाणा उदाहृताः।।३४३।।

अथ कोऽयं पञ्चबाणमन्त्रो नामेत्याकाङ्क्षायामाह—**थान्तद्वयमिति**। दकारद्वयमित्यर्थः, तच्च रेफयुक्तं तथा पूर्वदीर्घद्वयान्वितं द्वितीयचतुर्थस्वरयुक्तमित्यर्थः, तथा नादबिन्दुकलायुक्तम्, एतेन द्रां द्रीमिति प्राप्तम्। काममिति क्लीमिति कामबीजम्। तथा

ब–ल–ऊमात्मकं ब्लूमिति बीजम्। ततश्च सविसर्गः शशी चन्द्रबीजं सकारः। एवञ्च द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं सः इति पञ्चबाणमन्त्रः। ज्ञानार्णवे पञ्चदशपटलेऽपि—

थान्तद्वयं समालिख्य वह्निसंस्थं क्रमेण हि।
मुखवृत्तेन नेत्रेण वामेन परिमण्डितम्॥
बाणद्वयमिदं प्रोक्तं मादनं भूमिसंस्थितम्।
चतुर्थस्वरबिन्द्वाढ्यं नादरूपं वरानने॥
फान्तं क्रमसमायुक्तं वामकर्णविभूषितम्।
बिन्दुनादसमायुक्तं सर्गवांश्चन्द्रमाः प्रिये॥
पञ्चबाणा महेशानि नामानि शृणु तान्यपि।
क्षोभणद्रावणौ देवि तथाकर्षणसंज्ञकः।
वश्योन्मादौ क्रमेणैव नामानि परमेश्वरि॥ इति।

एवञ्च लृं द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं सः महानित्यानित्याकलायै नम इति फलितम्

'थ'कार के बाद वाला वर्ण है—'द'कार। 'द'कार के साथ 'र'कार लगाया। रूप बना—'द्र'। एक 'द्र' के साथ नाद-बिन्दुयुक्त 'आ'कार और दूसरी बार 'द्र' के साथ नाद-बिन्दुयुक्त 'ई'कार की योजना की। दो रूप बने—'द्रां' और 'द्रीं'। ये दो प्रथम 'बीज' हैं।

काम अर्थात् 'क्लीं' तीसरा अक्षर है। 'ब्लूं' चौथा अक्षर है। विसर्गयुक्त शशि अर्थात् 'सः' पाँचवाँ वर्ण है। इस तरह मन्त्र निष्पन्न हुआ—'द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं सः। यह पञ्च बाण मन्त्र है।

'द्रां द्रां क्लीं ब्लूं सः' के पूर्व दशम स्वर 'लृं' और अन्त में 'महानित्या नित्याकलायै नमः' की योजना करने से पूजन एवं न्यासमन्त्र बनता है। पूजनतिथियाँ हैं—शुक्लपक्ष की दशमी तथा कृष्णपक्ष की षष्ठी। न्यास स्थान—अधर (निचला ओंठ)॥३४३॥

[नीलपताकिनी (११)]

वर्त्तुलं भुवनेशानीं फरेमात्मकमक्षरम्।
श्रुङ्मायामङ्कुशं नित्यमदद्रवे हुमङ्कुशम्।
एकादश्यां न्यसेद् दण्डे विद्यां नीलपताकिनीम्॥३४४॥

अथैकादशीं नित्यां नीलपताकिनीमाह—वर्त्तुलमित्यादिना। अथ प्रथमं प्रागुक्त-रीत्यैकादशस्वरयोगः। वर्त्तुलं प्रणवम्। भुवनेशानीं ह्रीमिति। ततः फ्रेंमिति। अत्र फ्रेमिति वक्तव्ये छन्दोऽनुरोधात् फरेमित्युक्तम्। ज्ञानार्णवेऽप्येवमेव। श्रुङिति। ज्ञानार्णवे पञ्चदशपटले—

प्रथमं भुवनेशानीं फरेमात्मकमक्षरम्।
ब्लूमात्मकं द्वितीयन्तु भुवनेश्यङ्कुशं ततः।

इत्यादि–नीलपताकामन्त्रोद्धारप्रतिपादकवचने फ्रें इत्यनन्तरं ब्लूमात्मकं द्वितीयन्तु इत्यनेन ब्लूं आं इति बीजद्वयं लभ्यते। तन्त्रसारकृताऽपि तथैव मन्त्रोद्धारक्रमो दर्शितः। तन्मूले श्रुङ्मायेति पाठे तादृशमन्त्रोद्धारासम्भवाद् ब्ल्वां मायेति पाठो लेखक-प्रमादविकृतः श्रुङ्मायेत्याकारमापन्न इति प्रतिभाति। ब्ल्वां मायेति पाठे तु ब्लूं आं इति बीजद्वयस्य सुघटत्वेन ज्ञानार्णवतन्त्रसारादिभिर्विरोधः सर्वथा परिह्रियेत। एवञ्च ऐं ॐ ह्रीं फ्रें ब्लूं आं ह्रीं क्रों नित्यमदद्रवे हुं क्रों नीलपताकिनीनित्याकलायै नमः इति पञ्चदशाक्षरो मन्त्रः पर्यवस्यति। तदुक्तं ज्ञानार्णवे पञ्चदशपटले—

नित्यशब्दं समुच्चार्य सम्बुद्ध्या च मदद्रवाम्।
कवचं चाङ्कुशं पञ्चदशैर्नीलपताकिनीम्।। इति।

(११) **नीलपताकिनी**—वर्तुल (ॐ), भुवनेशानी (ह्रीं) 'फ्रें' के बाद 'ब्लूं' के बाद अंकुश (आं), माया (ह्रीं) क्रों 'नित्यमदद्रवे हुं-क्रों'—यह पन्द्रह अक्षरों का मन्त्र है।।३४४।।

आदि में 'ऐं' और अन्त में 'नीलपताकिनी नित्यकलायै नमः' की योजना करके पूजन-न्यास करें। पूजनतिथियाँ—शुक्लपक्ष में एकादशी और कृष्णपक्ष में पञ्चमी। न्यासस्थान—गण्डस्थल।

[विजया (१२)]

कालाद्यं कालसंयुक्तं शेषदण्डे सुसंयुतम्।
विजयां विन्यसेदेनां द्वादश्याञ्च श्रुतौ बुधः।।३४५।।

अथ द्वादशीं विजयामाह—**कालाद्यमित्यादिना**। अत्र प्रथमं द्वादशस्वरयोगः। ततः कालाद्यो भकारः, कालो मकारस्तत्संयुक्तम्, शेषो रकारः, दण्ड औकारः। एवञ्च ऐं भ्मरौं विजयानित्याकलायै नम इति प्रयोगः। तदुक्तं तन्त्रसारधृतज्ञानार्णवे—

बान्तं कालसमायुक्तं रेफं शक्रस्वरान्वितम्।
बिन्दुनादाङ्कितं देवि विद्येयं भवेत्।। इति।

(१२) **विजया**—कालाद्य (भ), काल (म), शेष (र) तथा दण्ड (औ) जो नाद-बिन्दु से युक्त हो। अतएव 'भमरौं'। यह विजया का मन्त्र है। आदि में 'ऐं' तथा अन्त में 'विजयानित्याकलायै नमः' की योजना करके पूजन और न्यास करें।

पूजनतिथियाँ—शुक्लपक्ष की द्वादशी और कृष्णपक्ष की चतुर्थी। न्यास-स्थान—कान।।३४५।।

[सर्वमङ्गला (१३)]

चन्द्रं वारुणसंयुक्तं तारबीजञ्च सर्वतः।
मङ्गलायै नमः प्रोच्य नेत्रे तु सर्वमङ्गलाम्।।३४६।।

त्रयोदशीं नित्यां सर्वमङ्गलामाह—**चन्द्रमित्यादिना**। अत्र प्रथमं त्रयोदश-स्वरयोगः। ततश्चन्द्रः सकारस्तम्, वारुणसंयुक्तं वकारयुक्तं तारबीजं प्रणवञ्च प्रोच्येति

सम्बन्धः। ततः सर्वतः सर्वपदान्ते मङ्गलायै नम इति। एवञ्च ओं स्वों सर्वमङ्गलायै नम इति नेत्रे न्यसेत्। व्यक्तमाह ज्ञानार्णवे पञ्चदशपटले—

चन्द्रवारुणसंयुक्तं तारबीजं समालिखेत्।
चतुर्थ्यां तु ततो देवि विलिखेत् सर्वमङ्गलाम्।
हृदन्तोऽयं मनुर्देवि नित्येयं सर्वमङ्गला।। इति।

(१३) **सर्वमंगला**—चन्द्र (स), वारुण (व), इन दोनों वर्णों के साथ तार बीज (ओं)। इस तरह रूप बना 'स्वों'। इसके आदि में तार अर्थात् 'ॐ'। इस तरह रूप निष्पन्न हुआ—'ॐ स्वों'। 'सर्वमंगलायै नमः'। मन्त्रस्वरूप—ॐ स्वों सर्वमंगलायै नमः'। इसके अन्त में 'नित्याकलायै नमः' की योजना करने से पूजा/ न्यासमन्त्र बनता है। न्यासस्थान—हृदय। तिथियाँ—शुक्लपक्ष की त्रयोदशी और कृष्णपक्ष की तृतीया।

[ज्वालामालिनी (१४)]

तारं हृद्भगवत्यन्ते ज्वालामालिनि देवि च।
देवि सर्वपदान्ते च भूतसंहारकारिके।।३४७।।
जातवेदसि शब्दान्ते ज्वलन्तिपदयुग्मकम्।
ज्वलेति प्रज्वलद्वन्द्वं हुंकारत्रितयं लिखेत्।।३४८।।
वह्निबीजत्रयं हुञ्च शरस्वाहान्वितो मनुः।
कपाले दक्षिणे भागे ज्वालामालां प्रविन्यसेत्।।३४९।।

अथ चतुर्दशीं ज्वालामालिनीमाह—तारमित्यादिना। अत्र प्रथमं चतुर्दशस्वरयोगः। ततस्तारः प्रणवः, हृत् नमः, ततो भगवति, ततो ज्वालामालिनि देवि, ततोऽपि देवीति। स्पष्टमन्यत्। एवञ्च औं ॐ नमो भगवति, ततो ज्वालामालिनि देवि देवि सर्वभूतसंहारकारिके जातवेदसि ज्वलन्ति ज्वलन्ति ज्वल प्रज्वल प्रज्वल हुं हुं हुं रं रं रं हुं फट् स्वाहा ज्वालामालिनीनित्याकलायै नमः इति कपालस्य दक्षिणांशे न्यसेदिति फलितम्।

(१४) **ज्वालामालिनी**—तार (ॐ), हृद् (नमः) के बाद ज्वालामालिनि देवि देवि सर्वभूतसंहारिके जातवेदसि ज्वलन्ति ज्वलन्ति ज्वल प्रज्ज्वल प्रज्ज्वल हुं हुं हुं रं रं रं हुं फट्'—चतुर्दशी नित्या ज्वालामालिनी का मन्त्र है।

उक्त मन्त्र के आदि में 'औं' और अन्त में 'नित्याकलायै नमः' की योजना करके पूजन और न्यास करें। पूजनतिथि—शुक्लपक्ष की चतुर्दशी और कृष्णपक्ष की द्वितीया।।३४७-३४९।।

[विचित्रा (१५)]

कवर्गान्तं स्वरान्तञ्च शक्रस्वरेन्दुमण्डितम्।
विचित्रा नाम विद्येयं विन्यसेद् ब्रह्मरन्ध्रके।।३५०।।

अथ पञ्चदशीं नित्यां विचित्रामाह—**कवर्गान्तमित्यादिना**। अत्र प्रथमं पञ्चदशस्वरयोगः, ततः कवर्गान्तश्चकारः, स्वरान्तः ककारः, शक्रस्वर औकारः। एवञ्च अं च्कौं विचित्रानित्याकलायै नम इति ब्रह्मरन्ध्रे न्यसेदेति फलितम्।

(१५) **विचित्रा**—'क'वर्ग के बाद का वर्ण 'च्' तथा स्वरों के अन्त का वर्ण 'क्' जो चौदहवें स्वर 'औ' तथा बिन्दु-नाद से युक्त हो अर्थात् 'कौं'। इस तरह मन्त्र बना—'च्कौं'।

उक्त मन्त्र के आदि में 'अं' तथा अन्त में 'नित्याकलायै नमः' की योजना करने से पूजन/न्यासमन्त्र बना—'अं च्कौं विचित्रानित्याकलायै नमः।' पूजनतिथियाँ—पूर्णिमा और कृष्णपक्ष प्रतिपदा। न्यासस्थान—ब्रह्मरन्ध्र।।३५०।।

[निरुक्तन्यासे विशेषः]

शुक्लपक्षे न्यसेद्दक्षे सव्ये कृष्णं क्रमाद् बुधः।।३५१।।

पक्षभेदेन निरुक्तन्यासे विशेषमाह—**शुक्लेति**।

उपर्युक्त मन्त्रों से नित्याओं का न्यास शुक्लपक्ष में शरीर या शरीर के अवयव के दक्षिण भाग में और कृष्णपक्ष में वामभाग में करना चाहिए।।३५१।।

[श्रीविद्या (१६)]

श्रीविद्यां विन्यसेन्मूर्ध्नि त्रिपञ्चतिथिगामिनीम्।।३५२।।

अथ षोडशीं नित्यां श्रीविद्यामाह—**श्रीत्यादिना**। त्रिपञ्चतिथिगामिनीमित्यनेन प्रतिपदादिपञ्चदश्यन्तासु सर्वास्वेव तिथिष्वेतन्न्यासस्य कर्त्तव्यत्वमुक्तम्। अत्र प्रथमं षोडशस्वरयोगः। ततो मूलं ततश्च श्रीमहात्रिपुरसुन्दरीनित्याकलायै नम इति मूर्ध्नि न्यसेत्। इति षोडशनित्यान्यासः।

श्रीविद्या का न्यास 'मूलमन्त्र' के आदि में सोलहवें स्वर 'अः' तथा अन्त में 'श्रीमहात्रिपुरसुन्दर्यै नमः' की योजना करके प्रतिदिन (प्रत्येक तिथि) मूर्धा में करना चाहिए।।३५२।।

[स्थितिन्यासः]

स्थितिन्यासं ततः कुर्याच् श्रीविद्याषोडशाक्षरैः।
पञ्चाङ्गुलीषु करयोर्ब्रह्मरन्ध्रे मुखे हृदि।।३५३।।
नाभ्यादिपादपर्यन्तं गलादानाभि चापरम्।
ब्रह्मरन्ध्रादिकण्ठान्तं पादद्वये ततः परम्।
अङ्गुलीषु ततः पश्चादेकैकाक्षरभेदतः।।३५४।।

अथ स्थितिन्यासमाह—**स्थितिन्यासमित्यादिना**। श्रीविद्याषोडशाक्षरैः कराङ्गुल्यादिषोडशस्थानेष्वेकैकाक्षरभेदतः स्थितिन्यासं कुर्यादिति सम्बन्धः। पादद्वये, ततः परम् अङ्गुलीष्विति पादाङ्गुलिष्वित्यर्थः। एवञ्च कराङ्गुलिषु पञ्च ब्रह्मरन्ध्रादिषु त्रय इत्यष्टौ

नाभ्यादिपादपर्यन्तमेक: गलान्नाभिपर्यन्तमेक: ब्रह्मरन्ध्रादिकण्ठान्तमेक इत्येकादश। पादाङ्गुलिषु पञ्चेति षोडशाक्षरन्यासक्रम:।

स्थितिन्यास—नित्याओं का न्यास करने के बाद श्रीविद्या के सोलह अक्षरों से स्थितिन्यास करें। श्रीविद्या के पाँच अक्षरों का एक-एक कर पाँचों अंगुलियों में, तत्पश्चात् एक-एक वर्ण का क्रम से ब्रह्मरन्ध्र, मुख और हृदय में, एक वर्ण का नाभि से पैर-पर्यन्त, एक वर्ण का गला से नाभि-पर्यन्त, एक वर्ण का ब्रह्मरन्ध्र से कण्ठ-पर्यन्त तथा शेष पाँच वर्णों का पैरों की पाँच अंगुलियों में एक-एक कर न्यास करें।।३५३-३५४।।

विमर्श—उपर्युक्त श्लोक में षोडशाक्षरी विद्या के जिन १६ वर्णों (कूटों) का क्रम से न्यास किये जाने का निर्देश दिया गया है, उनका क्रम इस प्रकार है। (१) श्रीं, (२) ह्रीं, (३) क्लीं, (४) ऐं, (५) सौ:, (६) ॐ, (७) ह्रीं, (८) श्रीं, (९) कएईलह्रीं, (१०) हसकहलह्रीं, (११) सकलह्रीं, (१२) सौ:, (१३) ऐं, (१४) क्लीं, (१५) ह्रीं और (१६) श्रीं।

इस प्रकार स्थितिन्यास का प्रयोग-क्रम है—

(१) ॐ ऐं ह्रीं श्रीं—श्रीं नम: — अंगुष्ठयो:
(२) ॐ ऐं ह्रीं श्रीं—ह्रीं नम: — तर्जन्यो:
(३) ॐ ऐं ह्रीं श्रीं—क्लीं नम: — मध्यमयो:
(४) ॐ ऐं ह्रीं श्रीं—ऐं नम: — अनामिकायो:
(५) ॐ ऐं ह्रीं श्रीं—सौ: नम: — कनिष्ठिकयो:
(६) ॐ ऐं ह्रीं श्रीं—ॐ नम: — ब्रह्मरन्ध्रे
(७) ॐ ऐं ह्रीं श्रीं—ह्रीं नम: — मुखे
(८) ॐ ऐं ह्रीं श्रीं—श्रीं नम: — हृदये
(९) ॐ ऐं ह्रीं श्रीं—कएईलह्रीं नम: — नाभित: पादपर्यन्तम्
(१०) ॐ ऐं ह्रीं श्रीं—हसकहलह्रीं नम: — गलाद् नाभिपर्यन्तम्
(११) ॐ ऐं ह्रीं श्रीं—सकलह्रीं नम: — ब्रह्मरन्ध्रात् कण्ठपर्यन्तम्
(१२) ॐ ऐं ह्रीं श्रीं—सौ: नम: — पादयो: अंगुष्ठयो:
(१३) ॐ ऐं ह्रीं श्रीं—'ऐं' नम: — पादयो: तर्जन्यो:
(१४) ॐ ऐं ह्रीं श्रीं—क्लीं नम: — पादयो: मध्यमयो:
(१५) ॐ ऐं ह्रीं श्रीं—ह्रीं नम: — पादयो: अनामिकयो:
(१६) ॐ ऐं ह्रीं श्रीं—श्रीं नम: — पादयो: कनिष्ठयो:

[सृष्टिन्यास:]

श्रीविद्याषोडशार्णैस्तु सृष्टिन्यासं समाचरेत्।
ब्रह्मरन्ध्रेऽलके नेत्रे श्रुतिघ्राणांसकेषु च।।३५५।।
दन्तोरोष्ठयोश्चैव रसनागलकूपके।
पृष्ठसर्वाङ्गहृदयस्तनकुक्षिषु लिङ्गके।।३५६।।

अथ सृष्टिन्यासमाह—श्रीविद्येत्यादिना। अत्रापि एकैकाक्षरभेदत इति सम्बन्धते। तथा च ब्रह्मरन्ध्रादिषु षोडशस्थानेषु प्रागुक्तषोडशीविद्याया एकैकाक्षरं न्यसेदित्यर्थ:।

सृष्टिन्यास—स्थितिन्यास के बाद श्रीविद्या के १६ वर्णों से उपर्युक्त वर्णक्रम से सृष्टिन्यास करें। यथा—(१) ब्रह्मरन्ध्र, (२) ललाट, (३) दोनों नेत्र, (४) दोनों कान, (५) नाक, (६) दोनों कन्धे, (७) दोनों दन्तपंक्ति, (८) दोनों ओष्ठ, (९) जिह्वा, (१०) चिबुक, (११) पृष्ठ (पीठ), (१२) सर्वाङ्ग, (१३) हृदय, (१४) स्तन, (१५) दोनों कुक्षि और (१६) लिङ्ग।।३५५-३५६।।

इस न्यास का प्रयोग-क्रम है—

(१) ॐ ऐं ह्रीं श्रीं—श्रीं नम: — ब्रह्मरन्ध्रे
(२) ॐ ऐं ह्रीं श्रीं—ह्रीं नम: — ललाटे
(३) ॐ ऐं ह्रीं श्रीं—क्लीं नम: — नेत्रयो:
(४) ॐ ऐं ह्रीं श्रीं—ऐं नम: — कर्णयो:
(५) ॐ ऐं ह्रीं श्रीं—सौ: नम: — नासिकायाम्
(६) ॐ ऐं ह्रीं श्रीं—ॐ नम: — अंसयो:
(७) ॐ ऐं ह्रीं श्रीं—ह्रीं नम: — दन्तपंक्त्यो:
(८) ॐ ऐं ह्रीं श्रीं—श्रीं नम: — ओष्ठयो:
(९) ॐ ऐं ह्रीं श्रीं—कएईलह्रीं नम: — जिह्वायाम्
(१०) ॐ ऐं ह्रीं श्रीं—हसकहलह्रीं नम: — चिबुके
(११) ॐ ऐं ह्रीं श्रीं—सकलह्रीं नम: — पृष्ठे
(१२) ॐ ऐं ह्रीं श्रीं—सौ: नम: — सर्वाङ्गे
(१३) ॐ ऐं ह्रीं श्रीं—ऐं नम: — हृदये
(१४) ॐ ऐं ह्रीं श्रीं—क्लीं नम: — स्तनयो:
(१५) ॐ ऐं ह्रीं श्रीं—ह्रीं नम: — कुक्षयो:
(१६) ॐ ऐं ह्रीं श्रीं—श्रीं नम: — लिङ्गे

[संहारन्यास:]

श्रीविद्याषोडशार्णैस्तु संहारन्यासमाचरेत्।।३५७।।

पादयोर्जङ्घयोर्जान्वोः कट्योरन्धुनि पृष्ठके।
नाभौ पार्श्वद्वये चैव स्तनयोरंसयोस्तथा।।३५८।।
कर्णयो(?)र्ब्रह्मरन्ध्रे च वदने बिन्दु विन्यसेत्।
ततः कर्णप्रदेशे च करे वै तदनुक्रमात्।।३५९।।

अथ संहारन्यासमाह—**श्रीविद्येत्यादिना।** तथा च पादादिकरपृष्ठान्तेषु षोडशस्थानेषु प्रागुक्तश्रीविद्याषोडशवर्णान् न्यसेदित्यर्थः। अन्धुनि पायुस्थाने। अत्र कर्णयोरति पाठः प्रामादिक इति प्रतिभाति।

करयोर्जङ्घयोर्जान्वोः कट्यामङ्गुलि(?)पृष्टके।
नाभौ पार्श्वद्वये चापि स्तनयोरंसयोस्तथा।
करयोर्ब्रह्मरन्ध्रे च वदने भ्रुवि पार्वति।
ततः कर्णप्रदेशे च करवेष्टनयोः क्रमात्।

इति तन्त्रसारधृतवचने करयोरित्यभिधानाद् वक्ष्यमाणकर्णप्रदेशपदेन पौनरुक्त्य-सम्भवाच्चेति ध्येयम्।

संहारन्यास—श्रीविद्या के उपर्युक्त १६ वर्णों का उपर्युक्त क्रम से ही संहार-क्रम से न्यास करें। यह न्यास पैरों से प्रारम्भ करके करपृष्ठों तक किया जाता है। न्यास का क्रम है—(१) दोनों पैर, (२) दोनों जाँघें, (३) दोनों जानु, (४) कमर के दोनों पार्श्व, (५) अन्धु, (६) पीठ, (७) नाभि, (८) दोनों पार्श्व (बगल), (९) दोनों स्तन, (१०) दोनों कन्धे, (११) दोनों कान, (१२) मुख, (१३) ब्रह्मरन्ध्र, (१४) मुख, (१५) कर्णप्रदेश और (१६) कर।

विमर्श—'कर्णयो:' और 'कर्णप्रदेशे'—इनसे शरीर के एक ही भाग की प्राप्ति होती है। अत: ग्रन्थ के संस्कृत टीकाकार ने 'कर्णयो:' को प्रामादिक माना है।

श्रीज्ञानार्णवतन्त्र (१४/४४) में दोनों कन्धों के बाद 'ब्रह्मरन्ध्र, मुख, नेत्र, कण्ठप्रदेश और कर्णविष्टन' का क्रम बताया गया है—

कर्णयो: ब्रह्मरन्ध्रे च वदनेऽक्षिणि पार्वति।
ततः कण्ठप्रदेशे तु करवेष्टनयो: क्रमात्।।

इसी तरह तन्त्रसार में 'कट्योरन्धुनि' के स्थान पर 'कट्यामुंगलि (कटि और अंगुलि) पाठ है।

'कर्णयोर्ब्रह्मरन्धक्रे' के स्थान पर 'श्रीविद्यार्णव' में 'करयो: ब्रह्मरन्ध्रके' पाठ है।

मन्त्रमहोदधि में 'करवेष्टनयो: (कर के पृष्ठभाग) की जगह 'कर्णवेष्टे' पाठ है। कर्णवेष्ट का अर्थ है—कान की लौ।

अत: यह न्यास अपनी-अपनी गुरुपरम्परा के अनुसार करना चाहिए।

[निरुक्तन्यासत्रयस्याधिकारिभेद:]

उत्पत्तिसंज्ञको न्यासः प्रथमाश्रमवासिनाम्।
गृहस्थानां स्थितिन्यासः संहाराख्यो यतेर्भवेत्।।३६०।।

उपर्युक्त श्लोकों में जो तीन न्यास बताये गये हैं, उनमें से उत्पत्ति अर्थात् सृष्टिन्यास ब्रह्मचारियों को, द्वितीय स्थितिसंज्ञक न्यास गृहस्थों को और संहारसंज्ञक न्यास यतियों और संन्यासियों को करना चाहिए।।३६०।।

[चक्रेश्वरीन्यास:]

अथ चक्रेश्वरीन्यासं कुर्यात् साधकसत्तमः।

चक्रेश्वरी न्यास—इसके बाद बुद्धिमान् साधक चक्रेश्वरी न्यास करे।

विमर्श—'श्रीचक्र' में कुल ९ चक्र हैं और प्रत्येक चक्र की एक चक्रेश्वरी है। इन सभी चक्रेश्वरियों का शरीर के अलग-अलग अंग में न्यास किया जाता है। अगले श्लोक में इन अंगों का उल्लेख किया गया है।

[तत्र स्थाननिरूपणम्]

शिरोललाटभ्रूमध्य-कण्ठहृन्नाभिगोचरे ।।३६१।।
लिङ्गमूले तथाधारे सर्वाङ्गे च प्रविन्यसेत्।
करशुद्धिकरीं विद्यामुच्चार्य त्रिपुरां ततः।।३६२।।

ततश्चक्रेश्वरीन्यासमाह—**अथेत्यादिना**। तत्र प्रथमं न्यासयोग्यानि स्थानानि निरूपयति—**शिर इत्यादिना**।

तत्र न्यासस्य क्रममभिधत्ते—**करेत्यादिना**। करशुद्धिकरी विद्या तु अं आं सौरिति बीजत्रयमिति पूर्वमेव (१५।७० श्लो०) प्रदर्शितम् । आदौ निरुक्तां करशुद्धिकरीं विद्यामुच्चार्य त्रिपुरां न्यसेदिति सम्बन्धः। एवञ्च अं आं सौस्त्रिपुरायै नम इति शिरसि न्यसेदिति पर्यवस्यति।

(१) शिर, (२) ललाट, (३) भ्रूमध्य, (४) कण्ठ, (५) हृदय, (६) नाभि, (७) लिंगमूल, (८) मूलाधार और (९) सर्वाङ्ग में यह न्यास किया जाय। कर शुद्धि विद्या अर्थात् 'अं आं सौ:' के साथ त्रिपुरा का शिर में न्यास करें।।३६१-३६२।।

'अं आं सौ:' त्रिपुरायै नम:—शिरसि।

[न्यासपरिपाटी]

बालाबीजत्रयेणैव त्रिपुरेशीं न्यसेद् बुधः।
मूलमन्त्रेण मन्त्रज्ञः श्रीमत्त्रिपुरसुन्दरीम्।।३६३।।
पूर्वोक्तेनैव मन्त्रेण त्रिपुरावासिनीं न्यसेत्।
त्रिपुराश्रियञ्च मन्त्रज्ञस्त्रिपुरामालिनी ततः।।३६४।।

तथा च त्रिपुरासिद्धां ततश्च त्रिपुरात्मिकाम् ।
बालामन्त्रं समुच्चार्य ततस्त्रिपुरभैरवीम्।।३६५।।

द्वितीयं चक्रेश्वरीन्यासमाह—**बालेत्यादिना**। एवञ्च ऐँ क्लीं सौः त्रिपुरेश्वर्यै नम इति ललाटे न्यसेदिति पर्यवस्यति। तृतीयं चक्रेश्वरीन्यासमाह—**मूलमन्त्रेणेति**। तथा च मूलमुच्चार्य श्रीमत्त्रिपुरसुन्दर्यै नम इति भ्रूमध्ये न्यसेदिति पर्यवसितम्।

अथ त्रिपुरावासिन्यादित्रिपुरात्मिकान्तचक्रेश्वरीपञ्चकन्यासमाह—**पूर्वोक्तेनेत्यादिना त्रिपुरात्मिकामित्यन्तेन**। पूर्वोक्तेन मूलेन, तस्यैवाव्यवहितपूर्वमभिधानात्। विशेषानभिधानात् त्रिपुराश्रीप्रभृतीनां त्रिपुरात्मिकान्तानां पुरतोऽपि मूलयोगो बोध्यः। एवञ्च मूलमुच्चार्य त्रिपुरावासिन्यै नम इति कण्ठे, त्रिपुराश्रियै नम इति हृदि, त्रिपुरामालिन्यै नम इति नाभौ, त्रिपुरासिद्धायै नम इति लिङ्गमूले त्रिपुरात्मिकायै नम इति मूलाधारे न्यसेदिति पर्यवसितम्।

अथ नवमचक्रेश्वरीन्यासमाह—**बालेत्यादिना**। आदौ ऐँ क्लीं सौरिति बालामन्त्रं समुच्चार्य ततस्त्रिपुरभैरवीमन्त्रमुच्चारयेदित्यर्थः।

'ऐं क्लीं सौ:' के साथ त्रिपुरेशी का ललाट में न्यास करें। मूलमन्त्र-सहित त्रिपुरसुन्दरी का भ्रूमध्य में न्यास करें। मूल मन्त्र के साथ त्रिपुरवासिनी का कण्ठ में, मूल मन्त्र के साथ 'त्रिपुराश्री' का हृदय में, मूल मन्त्र के साथ त्रिपुरामालिनी का नाभि में, मूल मन्त्र के साथ त्रिपुरासिद्धा का लिंगमूल में, मूलमन्त्र के साथ त्रिपुरात्मिका का मूलाधार में और बालाबीज एवं त्रिपुरभैरवी मन्त्र-सहित त्रिपुरभैरवी का सर्वाङ्ग में न्यास करें।।३६३-३६५।।

शिवसोमवह्निबीजं वाग्भवेन समन्वितम् ।
वियदिन्दुकामशक्रवह्निमायेति बिन्दुमत्।।३६६।।
आकाशचन्द्रवह्निश्च शक्रस्वरविभूषितम्।
विसर्गेन्दुसमायुक्तं विद्या त्रिपुरभैरवी।।३६७।।

त्रिपुरभैरवीमन्त्रं त्रिकूटात्मकमाह—**शिवेत्यादिना**। शिवो हकारः, सोमः सकारः, वह्निबीजं रकारः, वाग्भवेन ऐकारेण। एवञ्च हसरैं इति वाग्भवकूटं प्राप्तम् । **वियदिति**। वियत् हकारः, इन्दुः सकारः, कामः ककारः, शक्रो लकारः, वह्नी रकारः, बिन्दुरनुस्वारः। अनेन ह स क ल रीमिति कामराजकूटं प्राप्तम् । **आकाशेति**। आकाशो हकारः, चन्द्रः सकारः, वह्नी रकारः, शक्रस्वर औकारः, विसर्गो बिन्दुश्च प्रसिद्धौ। एवञ्च हसरैं ह स क ल रीं ह स रौः इति त्रिपुरभैरवीमन्त्रः। व्यक्तमाह शारदायां द्वादशपटले—

> वियद् भृगुहुताशस्थो भौतिको बिन्दुशेखरः।
> वियत्तदादिकेन्द्राग्निस्थितं वामाक्षिबिन्दुमत्।
> आकाशभृगुवह्निस्थो मनुः सर्गेन्दुखण्डवान्।। इति।

एवञ्च ऐँ क्लीं सौः हसरैं ह स क ल रीं ह स रौः त्रिपुरभैरव्यै नम इति सर्वाङ्गे न्यसेदिति फलितम्।

इन दो श्लोकों में त्रिपुरभैरवी का मन्त्रोद्धार बताया गया है। शिव (ह), सोम (स), वह्निबीज (र) जो वाग्भव (ऐं) से विभूषित हो अर्थात् 'हसरैं' इसका प्रथम कूट है।

वियत् (ह), इन्दु (स), काम (क), शक्र (ल), वह्नि (र), माया (ई) तथा बिन्दु (अनुस्वार) इसके संयोजन से मन्त्र का दूसरा कूट बना—हसकलरीं।

आकाश (ह), चन्द्र (स), वह्नि (र) जो चौदहवें स्वर (औ) तथा बिन्दु और विसर्ग से विभूषित है। इस तरह तीसरा कूट निष्पन्न हुआ—हसरौं। मन्त्रस्वरूप है—'हसरैं हसकलरीं हसरौं'। यह त्रिपुरभैरवी का मन्त्र है।।३६६-३६७।।

प्रयोग-क्रम—इस न्यास का प्रयोग-क्रम है—

(१) अं आं सौः त्रिपुरायै नमः — शिरसि
(२) ऐं क्लीं सौः त्रिपुरेश्वर्यै नमः — ललाटे
(३) मूलमन्त्र त्रिपुरसुन्दर्यै नमः — भ्रूमध्ये
(४) मूलमन्त्र त्रिपुरावासिन्यै नमः — कण्ठे
(५) मूलमन्त्र त्रिपुराश्रियै नमः — हृदये
(६) मूलमन्त्र त्रिपुरमालिन्यै नमः — नाभौ
(७) मूलमन्त्र त्रिपुरासिद्धायै नमः — लिंगमूले
(८) मूलमन्त्र त्रिपुरात्मिकायै नमः — मूलाधारे
(९) ऐं क्लीं सौः हसरैं हसकलरीं — सर्वांगे।
हसरौः त्रिपुरभैरव्यै नमः।

[पीठन्यासः]

पीठन्यासमथो वक्ष्ये तत्त्वविमर्षणीक्रमात्।
मूलवाग्भवमुच्चार्य अग्निचक्रे पदं ततः।।३६८।।
कामगिर्यालये मित्रीशनाथपदात्मके।
कामेश्वरीतिशब्दान्ते देवी रुद्रात्मशक्तितः।।३६९।।
पादुकामन्त्रमुच्चार्य मूलाधारे प्रविन्यसेत्।

अथ पीठन्यासं वक्तुं प्रतिजानीते—पीठमित्यादिना। मूलेति। वाग्भवकामराजशक्तिकूटरूपकूटत्रयात्मकाः श्रीमत्त्रिपुरसुन्दरीमन्त्राः पूर्वमुपदर्शिताः। अत्र मूलवाग्भवपदेन निरुक्तकूटघटितमन्त्राणां प्रथमकूटं ग्राह्यम्। एवञ्च ई ए क ल ह्रीमित्याद्यन्यतमं स्वेष्टमन्त्रस्य वाग्भवकूटमुच्चार्य अग्निचक्रे कामगिर्यालये मित्रीशनाथात्मके कामेश्वरीरुद्रात्मशक्तिदेवीश्रीपादुकायै नम इति मूलाधारे न्यसेदिति पर्यवस्यति। तदुक्तं गन्धर्वतन्त्रे दशमपटले—

मूलवाग्भवमुच्चार्य अग्निचक्रे पदं ततः।
कामगिर्यालये पश्चान्मित्रीशपदमुच्चरेत्।।

नाथात्मके पदं पश्चात् कामेश्वरीपदं तत:।
रुद्रात्मशक्तिशब्दाच्छ्रीपादुकायै नमो न्यसेत्।
आधारे परमेशानि हृदये च तत: परम्।। इति।

अब पीठन्यास का निरूपण किया जा रहा है। यह पीठ न्यास षोढ़ान्यास के अन्तर्गत बताये गये पीठन्यास से सर्वथा भिन्न है।

'मूलवाग्भवमुच्चार्य' = अर्थात् इष्ट मन्त्र का प्रथम कूट। यथा—'कएईलह्रीं।' वाग्भव कूट के बाद—'कामगिर्यालये मित्रीशनाथ-आत्मके कामेश्वरी रुद्रात्मशक्ति देवीश्रीपादुकायै नम:'।

मन्त्रस्वरूप—कएईलह्रीं कामगिर्यालये मित्रीशनाथात्मके कामेश्वरी रुद्रात्मशक्तिदेवीश्रीपादुकायै नम:।

इस मन्त्र से मूलाधार में न्यास करें।।३६८-३६९।।

मूलद्वितीयमुच्चार्य सूर्यचक्रे पदं तत:।।३७०।।
जालन्धरपदात् पीठे षष्ठीनाथात्मके पदम्।
वक्त्रेश्वरीतिशब्दान्ते देवी विष्ण्वात्मशक्तित:।।३७१।।
पादुकाख्येन मनुना हृदये विन्यसेद् बुध:।

मूलद्वितीयमिति। तथा च, ह स क ह ल ह्रीमित्याद्यन्यतमं कामराजकूटमुच्चार्य सूर्यचक्रे जालन्धरपीठे षष्ठीनाथात्मके वज्रेश्वरीदेवीविष्ण्वात्मकशक्तिश्रीपादुकायै नम इति हृदये न्यसेदिति पर्यवसितम्।

मूलमन्त्र का द्वितीय कूट; यथा—'हसकहलह्रीं'। इसके बाद—'सूर्यचक्रे जालन्धरपीठे षष्ठीनाथात्मके वज्रेश्वरी विष्ण्वात्मशक्तिदेवी श्रीपादुकायै नम:'। इस मन्त्र से हृदय में न्यास करें।।३७०-३७१।।

शक्तिबीजं समुच्चार्य सोमचक्रे पदं तत:।।३७२।।
पूर्णगिरिपदस्यान्ते गह्वरे पदमुच्चरेत्।
उड्डीशनाथात्मके शब्दाद् भग पूर्वा च मालिनी।।३७३।।
देवी ब्रह्मात्मशक्तिश्रीपादुकामनुमुच्चरन्।
भ्रूमध्ये विन्यसेत्—

शक्तिबीजमिति। तथा च, स क ल ह्रीमित्याद्यन्यतमं स्वेष्टमन्त्रशक्तिकूटमुच्चार्य सोमचक्रे पूर्णगिरिगह्वरे उड्डीशनाथात्मके भगमालिनीदेवीब्रह्मात्मशक्तिश्रीपादुकायै नम इति भ्रूमध्ये विन्यसेदिति पर्यवसितम्।

मूलमन्त्र का तृतीय कूट; यथा—'सकलह्री'। इसके बाद 'सोमचक्रे पूर्णगिरिगह्वरे उड्डीशनाथात्मके भगमालिनी ब्रह्मात्मशक्तिदेवी श्रीपादुकायै नम:।' इस मन्त्र से भ्रूमध्य में न्यास करें।।३७२-३७३।।

—तुर्यबीजमुच्चार्य तत्परम्।।३७४।।
ब्रह्मचक्रे पदादुड्डीयानपीठे तदन्तरम्।
चर्यानाथात्मके पश्चान्महात्रिपुरसुन्दरीम्।।३७५।।
परंब्रह्मपदादात्मशक्तिपदं वदेत्ततः।
पादुकामनुमुच्चार्य ब्रह्मरन्ध्रे प्रविन्यसेत्।।३७६।।

तुर्येति। एकैकशः कूटत्रयोच्चारणानन्तरं समष्ट्या तदुच्चारणस्य तुर्यत्वेन तुर्यबीजपदेन कूटत्रयात्मको मन्त्र उच्यते। तथा च, ई ए क ल ह्रीं। ह स क ह ल ह्रीं। स क ल ह्रीमित्याद्यन्यतममन्त्रमुच्चार्य ब्रह्मचक्रे उड्डीयानपीठे चर्यानाथात्मके महात्रिपुरसुन्दरीदेवीपरंब्रह्मात्मशक्तिश्रीपादुकायै नम इति ब्रह्मरन्ध्रे न्यसेदित्यर्थः। व्यक्तमाह तन्त्रसारधृतकुलामृते—

* * समस्तञ्च मन्त्रमुच्चार्य पार्वति।
परं ब्रह्मपदं चक्र उड्डीयानपदं ततः।।
पीठे पदं योजयित्वा चर्यानाथात्मके पदम्।
महात्रिपुरशब्दान्ते सुन्दरीति पदं ततः।
देवीब्रह्मपदात्मान्ते शक्तिश्रीपादुकां ततः।। इति।

इति पीठन्यासः।

तुर्यबीज अर्थात् मूल मन्त्र के तीनों कूट। इनके बाद 'ब्रह्मचक्रे उड्डीयानपीठे चर्यानाथात्मके महात्रिपुरसुन्दरी परंब्रह्मआत्मशक्तिश्रीपादुकायै नमः' इस मन्त्र से ब्रह्मरन्ध्र में न्यास करें।।३७४-३७६।।

यह न्यास सुगम है; अतः प्रयोग-क्रम नहीं लिखा जा रहा है। इसके बाद तत्त्वन्यास करें।

[तत्त्वन्यासः]

तत्त्वन्यासमथो वक्ष्ये सर्वपापनिकृन्तनम्।।३७७।।
वाग्भवान्ते चात्मतत्त्वव्यापिकायै पदं ततः।
महात्रिपुरसुन्दर्यै नम इत्यनुना न्यसेत्।।३७८।।
मूलादिब्रह्मरन्ध्रान्तं तदादिभ्रूलतावधि।

एवं पीठन्यासमभिधाय तत्त्वन्यासं वक्तुं प्रतिजानीते—**तत्त्वन्यासमित्यादिना।** तत्त्वन्यासपरिपाटीं दर्शयति—**वाग्भवान्त इति।** अत्रापि पूर्ववत् क्रमेण समष्ट्या च कूटत्रययोगः। तथा च मूलमन्त्रस्य वाग्भवकूटमुच्चार्य आत्मतत्त्वव्यापिकायै महात्रिपुरसुन्दर्यै नम इति मूलाधाराद् ब्रह्मरन्ध्रान्तं ब्रह्मरन्ध्राच्च भ्रूलतापर्यन्तं न्यसेत्।

तत्त्वन्यास—अब मैं पापजाल को काटने वाला तत्त्वन्यास बता रहा हूँ। मूलमन्त्र का वाग्भव कूट (कएईलह्रीं)। इसके बाद 'आत्मतत्त्वव्यापिकायै महात्रिपुर-

सुन्दर्यै नम:।' इस मन्त्र से मूलाधार से ब्रह्मरन्ध्र-पर्यन्त और फिर ब्रह्मरन्ध्र से भ्रूमध्य-पर्यन्त न्यास करें।।३७७-३७८।।

कामराजं समुच्चार्य विद्यातत्त्वादि पूर्ववत्।।३७९।।
नाभ्यादिभ्रूलतान्तञ्च तदादिहृदयावधि।

कामराजमिति। ततश्च कामराजकूटमुच्चार्य विद्यातत्त्वव्यापिकायै महात्रिपुरसुन्दर्यै नम इति नाभिदेशतो भ्रूलतापर्यन्तं भ्रूलताया हृदयपर्यन्तं न्यसेत्।

मूलमन्त्र का कामराज कूट (हसकहलह्रीं)। इसके आगे 'विद्यातत्त्वव्यापिकायै महात्रिपुरसुन्दर्यै नम:।' इस मन्त्र से नाभि से भ्रूमध्य और भ्रूमध्य से हृदय-पर्यन्त न्यास करें।।३७९।।

शक्तिबीजं समुच्चार्य शिवतत्त्वादिकं तथा।।३८०।।
मूलादिहृदयान्तञ्च तदादिलिङ्गमूलकम्।
अमुना विन्यसेत्तुर्यबीजान्ते सर्वतत्त्वत:।।३८१।।

शक्तिबीजमिति। शक्तिकूटमित्यर्थ:। तथा च, पूर्ववच्छक्तिकूटमुच्चार्य शिवतत्त्वव्यापिकायै महात्रिपुरसुन्दर्यै नम इति मूलाधारतो हृदयान्तं हृदयाच्च लिङ्गमूलान्तं न्यसेत्।

मूलमन्त्र का शक्तिकूट—'सकलह्रीं'। इसके आगे—'शिवतत्त्वव्यापिकायै महात्रिपुरसुन्दर्यै नम:।'—इस मन्त्र से मूलाधार से हृदय तथा हृदय से लिंगमूल तक न्यास करें।।३८०-३८१।।

व्यापिकायै ङेनमोऽन्तो महात्रिपुरसुन्दरी।
मूलादिब्रह्मरन्ध्रान्तं तदादिचरणं न्यसेत्।।३८२।।

अमुनेति। तथा च, पूर्ववत्तुर्यबीजान्ते त्रिकूटात्मकं मन्त्रमुच्चार्येत्यर्थ:। सर्वतत्त्वव्यापिकायै महात्रिपुरसुन्दर्यै नम इति मूलाधारतो ब्रह्मरन्ध्रपर्यन्तं पुनर्ब्रह्मरन्ध्रादाचरणं न्यसेदिति तत्त्वन्यासक्रम: पर्यवस्यति।

तुर्यबीज अर्थात् मूल मन्त्र के तीनों कूट—कएईलह्रीं, हसकहलह्रीं, सकलह्रीं—इन तीनों कूटों के आगे 'सर्वतत्त्वव्यापिकायै महात्रिपुरसुन्दर्यै नम:'—इस चतुर्थ मन्त्र से सर्व (सभी) तत्त्वों का मूलाधार से ब्रह्मरन्ध्र और ब्रह्मरन्ध्र से चरण-पर्यन्त न्यास करें।।३८२।।

इन न्यासों का भी प्रयोग-क्रम सुगम है।

[अस्त्रन्यास:]

अस्त्रन्यासं तत: कुर्याद्देव्या: प्रीतिकरं क्रमात्।
पञ्चबाणं समुच्चार्य कामेशीबाणमुच्चरेत्।।३८३।।

त्वगादिपञ्चवर्णन्तु क्रमेण विलिखेत् सुधीः।
अनन्तेन समायुक्तं बिन्दुनादकलान्वितम्।।३८४।।
कामेश्वरीपञ्चबाणाः कथिताः कामदायकाः।।३८५।।

अथास्त्रन्यासमुपदिशति—**अस्त्रन्यासमित्यादिना।** पञ्चबाणमिति। द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं स इति पञ्चबाणमन्त्रः पूर्वमेव ग्रन्थकारैरुपदिष्टः। एवं पञ्चबाणमुच्चार्य कामेश्वरीपञ्चबाणमुच्चरेदित्यर्थः।

क्रामेश्वरीबाणपञ्चकमाह—**त्वगादीत्यादिना।** य-र-ल-व-शाः पञ्चवर्णाः क्रमेण त्वगसृङ्मांसमेदोऽस्थिरूपा इति श्रीकण्ठन्यासादेरवगन्तव्यम्। मूले त्वगादिपञ्चवर्णन्त्वित्यनेन निरुक्तयकारादिवर्णपञ्चकमुक्तम् । तच्च अनन्तेन आकारेण समन्वितं तथा बिन्दुनादकलायुक्तम्। एतेन यां रां लां वां शामिति कामेश्वरीबाणपञ्चकमित्युक्तं भवति। व्यक्तमाह तन्त्रसारधृतगुप्तार्णवे—

द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं स इत्येते कामबाणाः प्रकीर्त्तिताः।
यां रां लां वां शामिदं कामेश्वरीबाणपञ्चकम्।। इत्यनेन।

तत्त्व-न्यास करने के बाद साधक अस्त्र-न्यास करें। यह न्यास भगवती को अत्यन्त प्रीतिकर है।

पञ्च बाण-बीज हैं—'द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं सः'। ये कामदेव के पाँच बाणों के बीज हैं। इनके आगे कामेश्वरी के पाँच बाणों के बीजों की योजना करें।

त्वगादि अर्थात् 'त्वक्-असृग्-रक्त-मेद और अस्थि; इनके बीजाक्षर हैं—'य र ल व श'। इन पाँचों अक्षरों के साथ बिन्दु-नाद-कलासमन्वित अनन्त अर्थात् 'आ' की योजना करें। 'आं' की योजना करने से पाँच वर्णबीज बने—'यां रां लां वां शां'। ये पाँच कामेश्वरी के पाँच बाणों के बीज हैं।।३८३-३८५।।

[न्यासपरिपाटी तत्र बाणन्यासः]

मणिरन्ध्रं ततो बाणं जम्भलेभ्यः समालिखेत्।
कामेश्वरेति बाणेभ्यो हृद्दक्षाधः करे निजे।।३८६।।
यादिद्रादीनि जं बीजं जम्भलेभ्यः समालिखेत्।
कामेश्वरीति बाणेभ्यो नमोऽन्तञ्च समालिखेत्।।३८७।।
देव्याः प्रविन्यसेद् बाणान् पौष्पान् साधकसत्तमः।

न्यासपरिपाटीमाह—**मणीत्यादिना साधकसत्तम इत्यन्तेन।** तथा च, द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं सः यां रां लां वां शां जं जम्भलेभ्यः कामेश्वरबाणेभ्यो नम इति प्रयोगः। न्यासस्थानमाह—**हृदिति। यादीति।** तथा च यां रां लां वां शां द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं सः जं जम्भलेभ्यः कामेश्वरीबाणेभ्यो नम इति प्रयोगः। न्यासस्थानन्तु पूर्ववत्।

कामेश्वर के पञ्च बाणबीजों के बाद कामेश्वरी के पञ्च बाणबीज और इनके बाद 'जं जम्भलेभ्य: कामेश्वरबाणेभ्यो नम:' की योजना करके कामेश्वरबाणों का हृदय के दाहिने भाग में नीचे की ओर न्यास करें। मन्त्रस्वरूप है—

ॐ ऐं ह्रीं श्रीं द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं स: यां रां लां वां शां जं जम्भलेभ्यो कामेश्वरबाणेभ्यो नम:—हृदये।

कामेश्वरी के पाँच बाणबीजों अर्थात् 'यां रां लां वां शां' के आगे 'द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं स:' और इसके आगे 'जं जम्भलेभ्यो कामेश्वरीबाणेभ्य: नम:' की योजना करें। मन्त्रस्वरूप है—

'ॐ ऐं ह्रीं श्रीं यां रां लां वां शां द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं स: जं जम्भलेभ्य: कामेश्वरीबाणेभ्यो नम:'।

बुद्धिमान् साधक उपर्युक्त मन्त्र से हृदय में ही कामेश्वरी के बाणों का न्यास करें। बाणन्यास के बाद क्रम से धनु:न्यास, पाशन्यास और अंकुशन्यास किया जाता है।

[धनुर्न्यास:]

द्रादियादीनि धं ङेऽन्तं सम्मोहनपदं तत:।।३८८।।
ङेऽन्तं कामेश्वरधनुर्नमोऽन्तञ्च प्रविन्यसेत्।
अनेन मनुना मन्त्री वामाधश्च करे निजे।
यादिद्रादीनि थं ङेऽन्तं सम्मोहनपदं तत:।।३८९।।
कामेश्वरीधनुर्ङेऽन्तं नमोऽन्तेन तु साधक:।
वामदेव्या वामहस्ते विन्यसेदैक्षवं धनु:।।३९०।।

अथ कामेश्वरसम्मोहनधनुर्न्यासमाह—द्रादीति। तथा च, द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं स: यां रां लां वां शां धं सम्मोहनाय कामेश्वरधनुषे नम इति प्रयोग:। निरुक्तमन्त्रकरणकन्यासस्य स्थानमाह—अनेनेत्यादिना। अथ कामेश्वरीसम्मोहनधनुर्न्यासमाह—यादीत्यादिना। तथा च, यां रां लां वां शां द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं स: थं सम्मोहनाय कामेश्वरीधनुषे नम इति प्रयोग:।

धनुर्न्यास—'द्रादि' अर्थात् 'द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं स:' और 'यादीन्' अर्थात् 'यां रां लां वां शां'—इन दस बीज वर्णों के बाद 'धां' तथा चतुर्थ्यन्त 'सम्मोहनकामेश्वरधनु:' नाम की योजना करने से धनुषन्यास का मन्त्र निष्पन्न होता है। मन्त्रस्वरूप है—

'द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं स: यां रां लां वां शां धनसम्मोहनाय कामेश्वरधनुषे नम:'।

इस मन्त्र से अपने बाँयें हाथ में न्यास करें।

'यां रां' एवं 'द्रा द्रां' आदि दस बीजाक्षर के बाद 'थं सम्मोहनाय कामेश्वरीधनुषे नम:' की योजना करने से कामेश्वरी के इक्षु-धनुष के न्यास का मन्त्र बनता है—'यां रां लां वां शां द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं स: थं सम्मोहनाय कामेश्वरीधनुषे नम:'। इस मन्त्र से साधक भगवती के वाम हस्त के इक्षुधनुष का न्यास करे।।३८८-३९०।।

[पाशन्यासः]

द्रादियादीनि बीजानि मुखवृत्तं सबिन्दुकम्।
स्याद्वशीकरणायेति कामेश्वरपदं ततः।।३९१।।
पाशाय नम इत्येवं वामोद्र्ध्वे विन्यसेत् करे।
यादिद्रादीनि गगनं वह्निमायेन्दुबिन्दुमत्।।३९२।।
स्याद् वशीकरणायेति कामेश्वरीपदं ततः।
पाशाय नम इत्येवं देव्या वामोद्र्ध्वगे न्यसेत्।।३९३।।

अथ पाशन्यासमाह—द्रादीति। तथा च, द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं सः यां रां लां वां शां आं वशीकरणाय कामेश्वरपाशाय नम इति प्रयोगः।

यादीत्यादि। एवञ्च यां रां लां वां शां द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं सः ह्रीं वशीकरणाय कामेश्वरीपाशाय नम इति प्रयोगः।

पाश-न्यास—'द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं सः यां रां लां वां शां आं वशीकरणाय कामेश्वरपाशाय नमः' यह कामेश्वरपाश का न्यासमन्त्र है।

'यां रां लां वां शां द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं सः ह्रीं वशीकरणाय कामेश्वरीपाशाय नमः'—यह कामेश्वरीपाश का न्यासमन्त्र है।

इन मन्त्रों से बाँयें ऊर्ध्व करों में 'पाश' नामक अस्त्र का न्यास करें। 'पाश' नामक यह अस्त्र कामेश्वर और कामेश्वरी के ऊपरी बाँयें हाथ में सुशोभित है।।३९१-३९३।।

[अङ्कुशन्यासः]

द्रादियादीनि बीजानि क्रों ङेऽन्तं स्तम्भनं ततः।
कामेश्वराङ्कुशायान्ते नमोद्र्ध्ववामहस्तके।।३९४।।
यादिद्रादीनि बीजानि क्रों ङेऽन्तं स्तम्भनं पदम्।
कामेश्वर्यङ्कुशायान्ते देव्या दक्षोद्र्ध्वगे न्यसेत्।।३९५।।

अथानयोरङ्कुशन्यासमाह—द्रादीत्यादिना। तथा च, द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं सः यां रां लां वां शां क्रों स्तम्भनाय कामेश्वराङ्कुशाय नम इति प्रयोगः पर्यवस्यति।

यादीत्यादि। तथा च, यां रां लां वां शां द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं सः क्रौं स्तम्भनाय कामेश्वर्यङ्कुशाय नम इति प्रयोगः पर्यवस्यति। इत्यस्त्रन्यासः। अयं न्यासस्तत्त्वमुद्रया कार्य इति त्रिपुरार्चनरहस्ये।

अंकुशन्यास—'द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं सः यां रां लां वां शां क्रों स्तम्भनाय कामेश्वराङ्कुशाय नमः'—यह कामेश्वर के अंकुश का न्यासमन्त्र है।

'यां रां लां वां शां द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं सः क्रों स्तम्भनाय कामेश्वरी अंकुशाय नमः'—यह कामेश्वरी अंकुश का न्यासमन्त्र है।

इस मन्त्र से दाहिने हाथ में न्यास करें।।३९४-३९५।।

[कूटन्यासः]

कूटन्यासं ततः कुर्यात् क्रमेण साधकोत्तमः।
करयोर्मूलमध्याग्रे मूलहृद्भ्रूयुगान्तरम्।।३९६।।
मूलखण्डत्रयावृत्त्या स्थानेष्वेषु प्रविन्यसेत्।
ब्रह्मरन्ध्रे तुरीयञ्च तेनैव व्यापकं न्यसेत्।।३९७।।

एवमस्त्रन्यासमभिधाय कूटन्यासमाह—कूटन्यासं ततः कुर्यादित्यादिना। अत्र क्रमेण मूलखण्डत्रयावृत्त्या करयोर्मूलमध्याग्रेषु तथा मूलाधारो हृदयं भ्रुवोर्मध्यमित्येषु स्थानेषु च प्रविन्यसेदिति सम्बन्धः। अत्रेदमवधेयम्—पूर्वोदितानां वाग्भवकामराजशक्त्यात्मककूटत्रयात्मकानां स्वस्वेष्टमन्त्राणां वाग्भवकूटमुच्चार्य दक्षिणकरस्य मूले, कामराजकूटमुच्चार्य मध्ये, शक्तिकूटमुच्चार्याग्रे न्यसेत्। ततो वामकरस्य मूलमध्याग्रेष्वप्यनयैव रीत्या न्यासः कर्त्तव्यः। ततः पुनर्वाग्भवकूटमुच्चार्य मूलाधारे, कामराजकूटमुच्चार्य हृदि, शक्तिकूटमुच्चार्य च भ्रुवोर्मध्ये न्यसेदिति बोध्यम्। ब्रह्मरन्ध्र इति। तुरीयं बीजं कूटत्रयसमष्टिरूपं मन्त्रम्। तुरीयत्वञ्चास्य त्रिरावृत्त्या प्रयुक्तं मन्त्रमपेक्ष्येति बोध्यम्।

एवञ्च ए ई क ल ह्रीं नम इति दक्षकरस्य मूले, ह स क ह ल ह्रीं नम इति मध्ये, स क ल ह्रीं नम इत्यग्रे न्यसेत्। एवमन्येष्वपि निरुक्तेष्वङ्गेषु बोध्यम्। तेनैवेति। कूटत्रयसमष्टिरूपेण तुरीयेणेत्यर्थः।

कूटन्यास—वाग्भव-कामराज और शक्ति—इस क्रम से त्रिपुरा मन्त्र के तीन खण्ड हैं। बुद्धिमान् साधक इनमें से प्रथम कूट (वाग्भव) का हाथ के मूल में, दूसरे (कामराज) कूट का हाथ के मध्य भाग में तथा तीसरे (शक्ति) कूट का हाथ के अग्रभाग में न्यास करे। यह न्यास दोनों हाथों में किया जाता है।

हाथों के बाद मूलाधार, हृदय और भ्रूमध्य में तीनों कूटों का क्रमशः न्यास करें।

तुरीय अर्थात् सम्पूर्ण मन्त्र का ब्रह्मरन्ध्र में न्यास करके मूल मन्त्र से ही व्यापक न्यास करें।।३९६-३९७।।

प्रयोग-क्रम—(१) कएईलह्रीं—दक्षिण करमूले, (२) हसकहलह्रीं—दक्षिणकरमध्ये, (३) सकलह्रीं—दक्षिण कर-अग्रे।

(१) कएईलह्रीं—वामकरमूले। (२) हसकहलह्रीं—वामकरमध्ये। (३) सकलह्रीं—वामकरअग्रे।

(१) कएईलह्रीं—मूलाधारे, (२) हसकहलह्रीं—हृदये, (३) सकलह्रीं—भ्रूमध्ये।

कएइलह्रीं हसकहलह्रीं सकलह्रीं—ब्रह्मरन्ध्रे।

तत्पश्चात् सम्पूर्ण मन्त्र से सिर से पैर और पैर से सिर-पर्यन्त व्यापक-न्यास करें।

[त्रिपुरान्यासः]

पञ्चाशत् त्रिपुरान्यासं मातृकार्णैर्न्यसेदथ।

[तत्र पञ्चाशत्त्रिपुरानिर्णयः]

कामिनी मोदिनीनाम्नी मदनोन्मादिनी भुवि।।३९८।।
खेचरी कामिनीनाम्नी घण्टिका क्लेदिनी ततः।
शिवदूती च सुभगा भगा विद्येश्वरी ततः।।३९९।।
महालक्ष्मीः कौलिनी स्यात् कामेशी कुलमालिनी।
अन्या स्याद् व्यापिनीनाम्नी भगावहाभिधा ततः।।४००।।
वागीश्वर्यभिधा कामा पिङ्गला भगसर्पिणी।
अथ स्यात् सुन्दरीनाम्नी नीलपूर्वा पताकिनी।।४०१।।
सिद्धेश्वरी ह्यमोघा च मोघा तद्रक्तमालिनी।
मङ्गला भगमालिन्या रौद्री योगेश्वरीति च।।४०२।।
अम्बिका स्यादट्टहासा व्योमतो व्यापिनीपदम्।
वज्रेश्वरी क्षोभिणी च शाम्भवी स्यात्तथाऽणिमा।।४०३।।
लोकेश्वर्यभिधा रक्ता सूक्ष्मा श्वेताऽपराजिता।
संवर्त्ता विमला मोघा भैरवी घोरसंज्ञका।।४०४।।
ततः सर्वाकर्षिणी च त्रिपुरान्त इमाः स्मृताः।
मातृकावन्न्यसेदेतास्त्रिपुराप्रीतिहेतवे ।।४०५।।

अथ त्रिपुरान्यासमाह—पञ्चाशदित्यादिना त्रिपुराप्रीतिहेतवे इत्यन्तेन। पञ्चाशत्त्रिपुरास्तु कामिन्यादिसर्वाकर्षिण्यन्ताः। मातृकार्णैरकारादिक्षकारान्तैर्मातृका-वर्णैर्निरुक्तास्त्रिपुरास्त्रिपुराशब्दान्ता न्यसेदिति सम्बन्धः। अत्र मातृकावन्न्यसेदेता इत्यभि-धानाल्ललाटादिमातृकास्थानेष्वयं न्यासः कर्त्तव्य इति बोध्यम्। एवञ्च अं कामिन्यै नम इति ललाटे, आं मोदिन्यै नम इति मुखवृत्ते न्यसेत्। एवमन्येष्वपि मातृकान्यास-क्रमोक्तेष्वङ्गेषु मदनादीनां सर्वाकर्षिण्यन्तानां न्यासः कर्त्तव्य इति ज्ञेयम्। स्पष्टमन्यत्।

त्रिपुरान्यास—भगवती महात्रिपुरसुन्दरी के प्रीति-सम्पादन के लिये बुद्धिमान् साधक ५१ त्रिपुरामूर्तियों का न्यास करे। यह 'त्रिपुरा-न्यास' कहा जाता है। एक-एक 'अक्षर' के साथ एक-एक त्रिपुरामूर्ति के नाम की योजना करके सृष्टि मातृका-क्रम से यह न्यास किया जाता है। इसका प्रयोग-क्रम निम्नानुसार है—

त्रिपुरान्यास प्रयोग-विधि—

१. ह्रीं श्रीं क्लीं अं कामिनी-त्रिपुरायै नमः — ललाटे
२. ह्रीं श्रीं क्लीं आं मोदिनी-त्रिपुरायै नमः — मुखे
३. ह्रीं श्रीं क्लीं इं मदना-त्रिपुरायै नमः — दक्षिणनेत्रे
४. ह्रीं श्रीं क्लीं ईं उन्मादिनी-त्रिपुरायै नमः — वामनेत्रे
५. ह्रीं श्रीं क्लीं उं खेचरी-त्रिपुरायै नमः — दक्षिणकर्णे
६. ह्रीं श्रीं क्लीं ऊं कामिनी-त्रिपुरायै नमः — वामकर्णे
७. ह्रीं श्रीं क्लीं ऋं घण्टिका-त्रिपुरायै नमः — दक्षनासायाम्
८. ह्रीं श्रीं क्लीं ॠं क्लेदिनी-त्रिपुरायै नमः — वामनासायाम्
९. ह्रीं श्रीं क्लीं ऌं शिवदूती-त्रिपुरायै नमः — दक्षगण्डे
१०. ह्रीं श्रीं क्लीं ॡं सुभगा-त्रिपुरायै नमः — वामगण्डे
११. ह्रीं श्रीं क्लीं एं भगा-त्रिपुरायै नमः — ओष्ठे
१२. ह्रीं श्रीं क्लीं ऐं विद्येश्वरी-त्रिपुरायै नमः — अधरे
१३. ह्रीं श्रीं क्लीं ओं महालक्ष्मी-त्रिपुरायै नमः — ऊर्ध्वदन्तपंक्तौ
१४. ह्रीं श्रीं क्लीं औं कौलिनी-त्रिपुरायै नमः — अधोदन्तपंक्तौ
१५. ह्रीं श्रीं क्लीं अं कामेशी-त्रिपुरायै नमः — शिरसि
१६. ह्रीं श्रीं क्लीं अः कुलमालिनी-त्रिपुरायै नमः — मुखे
१७. ह्रीं श्रीं क्लीं कं व्यापिनी-त्रिपुरायै नमः — दक्षिणबाहुमूले
१८. ह्रीं श्रीं क्लीं खं भगावहा-त्रिपुरायै नमः — दक्षिणकूर्परे
१९. ह्रीं श्रीं क्लीं गं वागीश्वरी-त्रिपुरायै नमः — दक्षिणमणिबन्धौ
२०. ह्रीं श्रीं क्लीं घं कामा-त्रिपुरायै नमः — दक्षिण अंगुलिमूले
२१. ह्रीं श्रीं क्लीं ङं पिंगला-त्रिपुरायै नमः — दक्षिण अंगुल्यग्रे
२२. ह्रीं श्रीं क्लीं चं भगसर्पिणी-त्रिपुरायै नमः — वामबाहुमूले
२३. ह्रीं श्रीं क्लीं छं सुन्दरी-त्रिपुरायै नमः — वामकूर्परे
२४. ह्रीं श्रीं क्लीं जं नीलपताकिनी-त्रिपुरायै नमः — वाममणिबन्धौ
२५. ह्रीं श्रीं क्लीं झं सिद्धेश्वरी-त्रिपुरायै नमः — वाम अंगुलिमूले
२६. ह्रीं श्रीं क्लीं ञं अमोघा-त्रिपुरायै नमः — वाम अंगुल्यग्रे
२७. ह्रीं श्रीं क्लीं टं मोघा-त्रिपुरायै नमः — दक्षपादमूले
२८. ह्रीं श्रीं क्लीं ठं रक्तमालिनी-त्रिपुरायै नमः — दक्षजानुनि
२९. ह्रीं श्रीं क्लीं डं मंगला-त्रिपुरायै नमः — दक्षगुल्फे

३०. ह्रीं श्रीं क्लीं ढं भगमालिनी-त्रिपुरायै नमः — दक्षपाद अंगुलिमूले
३१. ह्रीं श्रीं क्लीं णं रौद्री-त्रिपुरायै नमः — दक्षपाद अंगुल्यग्रे
३२. ह्रीं श्रीं क्लीं तं योगेश्वरी-त्रिपुरायै नमः — वामपादमूले
३३. ह्रीं श्रीं क्लीं थं अम्बिका-त्रिपुरायै नमः — वामजानुनि
३४. ह्रीं श्रीं क्लीं दं अट्टहासा-त्रिपुरायै नमः — वामगुल्फे
३५. ह्रीं श्रीं क्लीं धं व्योमा-त्रिपुरायै नमः — वामपाद अंगुलिमूले
३६. ह्रीं श्रीं क्लीं नं व्यापिनी-त्रिपुरायै नमः — वामपाद अंगुल्यग्रे
३७. ह्रीं श्रीं क्लीं पं वज्रेश्वरी-त्रिपुरायै नमः — दक्षिणपार्श्वे
३८. ह्रीं श्रीं क्लीं फं क्षोभिणी-त्रिपुरायै नमः — वामपार्श्वे
३९. ह्रीं श्रीं क्लीं बं शाम्भवी-त्रिपुरायै नमः — पृष्ठे
४०. ह्रीं श्रीं क्लीं भं अणिमा-त्रिपुरायै नमः — नाभौ
४१. ह्रीं श्रीं क्लीं मं लोकेश्वरी-त्रिपुरायै नमः — उदरे
४२. ह्रीं श्रीं क्लीं यं रक्ता-त्रिपुरायै नमः — हृदये
४३. ह्रीं श्रीं क्लीं रं सूक्ष्मा-त्रिपुरायै नमः — दक्षिणस्कन्धे
४४. ह्रीं श्रीं क्लीं लं श्वेता-त्रिपुरायै नमः — ककुदि
४५. ह्रीं श्रीं क्लीं वं अपराजिता-त्रिपुरायै नमः — वामस्कन्धे
४६. ह्रीं श्रीं क्लीं शं संवर्ता-त्रिपुरायै नमः — दक्षिणबाहौ
४७. ह्रीं श्रीं क्लीं षं विमला-त्रिपुरायै नमः — वामबाहौ
४८. ह्रीं श्रीं क्लीं सं मोघा-त्रिपुरायै नमः — हृदयात् दक्षपादे
४९. ह्रीं श्रीं क्लीं हं भैरवी-त्रिपुरायै नमः — हृदयात् वामपादे
५०. ह्रीं श्रीं क्लीं ळं घोरा-त्रिपुरायै नमः — हृदयात् जठरे
५१. ह्रीं श्रीं क्लीं क्षं सर्वाकर्षिणी-त्रिपुरायै नमः — हृदयात् मुखे

[चक्रन्यासः, तत्र सप्रशस्तिकन्यासप्रतिज्ञा]

चक्रन्यासं प्रवक्ष्यामि सर्वोत्कृष्टं शुभप्रदम्।
देहशुद्धिकरं नित्यं सिद्धिदं पापनाशनम्।।४०६।।

अथ फलप्रदर्शनपूर्वकं चक्रन्यासं वक्तुं प्रतिजानीते—**चक्रेत्यादिना।**

इसके बाद बुद्धिमान् साधक चक्रन्यास करे। यह चक्रन्यास देह को शुद्ध करने वाला तथा पापों का नाश करके सिद्धियाँ प्रदान करने वाला है।।४०६।।

[न्यासपरिपाटी, तत्र प्रथमावरणन्यासः]

चतुरस्राद्यरेखायै नमोऽन्ते व्यापकं न्यसेत्।
मायाश्रीबीजपूर्वञ्च कृत्वा साधकसत्तमः।।४०७।।

दक्षांसपृष्ठपाण्यग्रे स्फिचि पादाङ्गुलीषु च।
वामपादाङ्गुलिकटौ पाण्यग्रे पृष्ठ अंशके।।४०८।।
अत्रैव स्थानदशकेष्वणिमाद्या न्यसेद्दश।

तत्र न्यासपरिपाटीं दर्शयति—चतुरित्यादिना। माया-श्रीबीजपूर्वञ्चेत्यस्य चतुरस्रेत्यादिना अणिमाद्या इत्यादिना च सम्बन्धः। एवं दक्षांसेत्यादेरपि। तथा चामृतानन्दनाथेनापि योगिनीहृदयटीकायां 'चतुरस्राद्यरेखायै नम इति मन्त्रेणाऽऽदितो दक्षांसपृष्ठादिचूलिपृष्ठान्तस्थानेषु दशसु व्यापकत्वेन न्यासे'दित्युक्तम् । एवञ्च ह्रीं श्रीं चतुरस्राद्यरेखायै नम इति व्यापकत्वेन दक्षांसादिस्थानदशके न्यसेदित्यर्थः।

अथ निरुक्तदक्षांसादिष्वणिमादीनां न्यासमाह—अत्रैवेति। अत्रैव स्थानदशके दक्षांसादिरूपे अणिमाया दश न्यसेदिति सम्बन्धः। अणिमाद्यास्तु अणिमा-लघिमा-महिमेशित्व-वशित्व-प्राकाम्यभुक्तीच्छा-प्राप्ति-सर्वकामाख्यास्त्रिपुरार्चनरहस्यादिभ्योऽवगन्तव्याः।

ननु दक्षांसपृष्ठेत्यादिपूर्ववचने दक्षांसपृष्ठ-दक्षपाण्यग्र-दक्षस्फिग्-दक्षपादाङ्गुलि-वामपादाङ्गुलि-वामकटि-वामपाण्यग्र-वामांसपृष्ठरूपस्थानाष्टकमात्रलाभात् 'अत्रैव स्थानदशक' इति कथमुपपद्यते? उच्यते। योगिनीहृदये तृतीयपटले—

दक्षांसपृष्ठपाण्यग्रस्फिक्कपादाङ्गुलीष्वथ ।
वामाङ्घ्र्यङ्गुलिषु स्फिक्के पाण्यग्रे चांसपृष्ठके।।
सचूलीमूलपृष्ठेषु व्यापकत्वेन सुन्दरि।
अत्रैव स्थानदशके अणिमाद्यास्तु विन्यसेत्।।

इत्येतद्वचनस्थसचूलीमूलपृष्ठेष्वित्यनेन शिरःपुरोभागपश्चाद्भागयोः संग्रहात् स्थानानां दशसंख्याकत्वमुपपन्नम्। त्रिपुरार्चनरहस्येऽप्येवमेव स्थानदशकनिरूपणक्रमो दृश्यते। तन्नूनं लेखकप्रमादतः शिरःपुरःपश्चाद्भागप्रतिपादकोंऽशो मूलात् प्रत्युत इति प्रतिभाति। कल्पनेयं समीचीना न वेति साभिनिवेशं विमृशन्तु सुधियः साधकाः। अथ प्रकृतमनुसरामः—एवञ्च ह्रीं श्रीं अणिमासिद्ध्यै नम इति दक्षांसपृष्ठे। ह्रीं श्रीं लघिमासिद्ध्यै नम इति दक्षपाण्यग्रे। एवमन्येष्वपि निरुक्तेष्वङ्गेषु यथायोगमूहनीयम्।

'ह्रीं श्रीं चतुरस्राद्यरेखायै नमः'—इस मन्त्र से व्यापक-न्यास करने के बाद अणिमा आदि सिद्धियों का दक्षिणांस आदि दस स्थानों में न्यास करें। इस न्यास का प्रयोग-क्रम इस प्रकार है—

१. ह्रीं श्रीं अणिमासिद्ध्यै नमः
२. ह्री श्रीं लघिमासिद्ध्यै नमः
३. ह्रीं श्रीं महिमासिद्ध्यै नमः
४. ह्रीं श्रीं ईशित्वसिद्ध्यै नमः

५. ह्रीं श्रीं वशित्वसिद्ध्यै नमः
६. ह्रीं श्रीं प्राकाम्यसिद्ध्यै नमः
७. ह्रीं श्रीं मुक्तिसिद्ध्यै नमः
८. ह्रीं श्रीं इच्छासिद्ध्यै नमः
९. ह्रीं श्रीं प्राप्तिसिद्ध्यै नमः
१०. ह्रीं श्रीं सर्वकामसिद्ध्यै नमः।

चतुरस्रमध्यरेखां विन्यसेत् पूर्ववत् पुनः।।४०९।।
पादाङ्गुष्ठद्वये पार्श्वद्वये जानुद्वये बुधः।
बहिरंसद्वये पश्चाद् ब्रह्माण्याद्याः प्रविन्यसेत्।।४१०।।
शिष्टे द्वे द्वादशान्ते तु पादाङ्गुष्ठे प्रविन्यसेत्।
एताः सर्वास्तु योगिन्यो रक्षन्तु सर्वभूतले।।४११।।
ब्रह्माण्याद्यष्टकस्थाने तासामष्टौ न्यसेद् बुधः।
अनेन व्यापकं कृत्वा चक्रेशीं विन्यसेत्ततः।।४१२।।
आधारे त्रिपुरां देवीं श्रीचक्रनायिकां पराम्।
सर्वसंक्षोभिणीं मुद्रां तथा वै बौद्धदर्शनम्।।४१३।।

एवं वह्निस्त्रिरेखात्मकचतुरस्रस्य प्रथमरेखान्यासमभिधाय मध्यमरेखान्यास-माह—चतुरस्रेति। पूर्ववदिति व्यापकत्वेनेत्यर्थः। एवञ्च ह्रीं श्रीं चतुरस्रमध्यरेखायै नम इति देहव्यापकत्वेन पादाङ्गुष्ठादिष्वष्टसु स्थानेषु विन्यस्य तास्वेव ब्रह्माण्याद्या अष्टशक्तीः क्रमेण विन्यसेदिति बोध्यम्। ब्रह्माण्याद्याश्च ब्रह्माणी माहेश्वरी कौमारी वैष्णवी वाराहीन्द्राणी चामुण्डा महालक्ष्मीश्चेत्यष्टौ। एवञ्च ह्रीं श्रीं ब्रह्माण्यै नम इति दक्षपादाङ्गुष्ठे, ह्रीं श्रीं माहेश्वर्यै नम इति वामपादाङ्गुष्ठे इत्येवं क्रमेण पार्श्वादिष्वपि कौमार्यादीनां न्यासः कर्त्तव्यः।

अत्रास्मदुपजीव्ये पुस्तकत्रयेऽपि चतुरस्रान्त्यरेखान्यासप्रक्रिया न दृश्यते। तदिदं लेखकप्रमादस्खलितमिति बुद्ध्या योगिनीहृदय-त्रिपुरार्चनरहस्यसंवादेनेयं प्रक्रिया यथायथं प्रदर्श्यते। यथा योगिनीहृदये तृतीयपटले—

न्यस्तव्याश्चतुरस्रान्त्यरेखायै नम इत्यपि।
विन्यसेद् व्यापकत्वेन पूर्वोक्तान्तश्च विग्रहे।
तस्याः स्थानेषु दशसु मुद्राणां दशकं न्यसेत्।
ब्रह्माण्याद्यष्टस्थानान्तस्तासामष्टौ न्यसेत्ततः।
शिष्टे द्वे द्वादशान्ते च पादाङ्गुष्ठे च विन्यसेत्।। इति।

एवञ्च ह्रीं श्रीं चतुरस्रान्त्यरेखायै नम इति व्यापकत्वेन पूर्वोक्तान्तः पूर्वोक्तानां ब्रह्माण्यादिस्थानानामन्तर्न्यस्तव्या इत्यर्थः। तस्या इति। तस्या निरुक्तचतुरस्रान्त्यरेखाया

दशसु स्थानेषु मुद्राणां सर्वसंक्षोभिण्यादीनां दशकं न्यसेदित्यर्थः। सर्वसंक्षोभिण्यादयश्च—सर्वसंक्षोभिणी–सर्वविद्राविणी–सर्वाकर्षणी–सर्ववशङ्करी–सर्वोन्मादिनी–सर्वमहाङ्कुशा–सर्वखेचरी–सर्वबीजाख्या अष्टौ सर्वयोनिः सर्वत्रिखण्डेति द्वे। मिलित्वा दश इति त्रिपुरार्चनरहस्ये। न्यासस्थानमेतासां निर्वक्ति—ब्रह्मेत्यादिना। ब्रह्माण्याद्यष्टकस्थाने दक्षांसादौ सर्वसंक्षोभिण्यादिसर्वबीजान्ता अष्टौ न्यसेदिति सम्बन्धः। शिष्टे इति। प्रागुक्तावशिष्टे द्वे सर्वयोनि–सर्वत्रिखण्डे क्रमेण द्वादशान्ते ललाटोद्ध्र्वदेशे तथा पादाङ्गुष्ठद्वये च प्रविन्यसेदित्यर्थः। एवञ्च ह्रीं श्रीं सर्वसंक्षोभिणीमुद्रायै नम इति दक्षपादाङ्गुष्ठे। ह्रीं श्रीं सर्वविद्राविणीमुद्रायै नम इति वामपादाङ्गुष्ठे, इत्येवं क्रमेणावशिष्टाः षड् वामांसावधि न्यस्य सर्वयोनिमुद्रायै नम इति ललाटोद्ध्र्वे सर्वत्रिखण्डामुद्रायै नम इति पादाङ्गुष्ठद्वये न्यसेदिति पर्यवस्यति। त्रिपुरार्चनरहस्ये तु पूर्वतो बीजयोगे क्रमान्तरं दृश्यते। निरुक्तयोगिनीहृदयवचनस्थद्वादशान्तशब्देन ललाटोद्ध्र्वदेशो बोध्यः। तदुक्तं तट्टीकाधृतश्रीस्वच्छन्दसंग्रहे—

षोडशान्तमिति ख्यातं व्योमस्थानेन्दुमण्डलम्।
तदधःस्थानगं सूर्यबिम्बं द्वादशशक्तिकम्।
द्वादशान्तमिति ख्यातं स्थितं व्योमप्रदेशकम्।। इति।

अथ चक्रेश्वर्यास्त्रिपुराया न्यासमाह—चक्रेशीमित्यादिना। तथा च ह्रीं श्रीं त्रिपुराचक्रेश्वर्यै नमः, सर्वसंक्षोभिणीमुद्रायै नमः, बौद्धदर्शनाय नम इति मूलाधारे न्यसेत्।

चतुरस्र की प्रथम रेखा पर पूज्य अणिमा आदि सिद्धियों का न्यास करने के बाद मध्य रेखा पर पूजनीय ब्राह्मी आदि अष्टमातृकाओं का न्यास दोनों पैरों के अंगूठों, दोनों पार्श्व, दोनों जानु (घुटनों) तथा दोनों कन्धों पर करे। यथा—

१. ह्रीं श्रीं ब्राह्म्यै नमः — दक्षपाद अंगुष्ठे
२. ह्रीं श्रीं माहेश्वर्यै नमः — वामपाद अंगुष्ठे
३. ह्रीं श्रीं कौमार्यै नमः — दक्षिणपार्श्वे
४. ह्रीं श्रीं वैष्णव्यै नमः — वामपार्श्वे
५. ह्रीं श्रीं वाराह्यै नमः — दक्षिणजानुनि
६. ह्रीं श्रीं इन्द्राण्यै नमः — वामजानुनि
७. ह्रीं श्रीं चामुण्डायै नमः — दक्षिणस्कन्धे
८. ह्रीं श्रीं महालक्ष्म्यै नमः — वामस्कन्धे।

'ह्रीं श्रीं चतुरस्र अन्त्यरेखायै नमः' से व्यापक न्यास करने के बाद सर्वसंक्षोभिणी आदि प्रथम ८ मुद्रा देवियों का उपर्युक्त अंगुष्ठ आदि स्थानों में न्यास करें। शेष दो मुद्राओं अर्थात् योनिमुद्रा और त्रिखण्डा मुद्रा का न्यास क्रमशः द्वादशान्त और दोनों पैरों के अंगूठों में करें। 'द्वादशान्त' का अर्थ है—ललाट का ऊपरी भाग।

चक्रनायिका त्रिपुरा, सर्वसंक्षोभिणी मुद्रा और बौद्ध दर्शन का मूलाधार में न्यास करें।।४०९-४१३।।

प्रयोग-क्रम इस प्रकार है—

१. ह्रीं श्रीं सर्वसंक्षोभिणीमुद्रायै नम: — दक्षपाद अंगुष्ठे
२. ह्रीं श्रीं सर्वविद्राविणीमुद्रायै नम: — वामपाद अंगुष्ठे
३. ह्रीं श्रीं सर्वाकर्षिणीमुद्रायै नम: — दक्षिणपार्श्वे
४. ह्रीं श्रीं सर्ववशङ्करीमुद्रायै नम: — वामपार्श्वे
५. ह्रीं श्रीं सर्वोन्मादिनीमुद्रायै नम: — दक्षिणजानुनि
६. ह्रीं श्रीं सर्वमहाङ्कुशामुद्रायै नम: — वामजानुनि
७. ह्रीं श्रीं सर्वखेचरीमुद्रायै नम: — दक्षिणस्कन्धे
८. ह्रीं श्रीं सर्वबीजामुद्रायै नम: — वामस्कन्धे
९. ह्रीं श्रीं सर्वयोनिमुद्रायै नम: — द्वादशान्ते (ललाट-ऊर्ध्वे)
१०. ह्रीं श्रीं सर्वत्रिखण्डामुद्रायै नम: — पाद अंगुष्ठयो:

ह्रीं श्रीं त्रिपुरायै नम:। ह्रीं श्रीं सर्वसंक्षोभिणीमुद्रायै नम:। ह्रीं श्रीं बौद्धदर्शनाय नम:—मूलाधारे।

[द्वितीयावरणन्यास:]

ततः षोडशपत्राय नमोऽन्ते व्यापकं न्यसेत्।
कामाकर्षिणिकाद्याश्च विन्यसेदेषु साधकः।।४१४।।
दक्षकर्णे दक्षपृष्ठे कूर्परे करपृष्ठके।
दक्षोरुजानुगुल्फेषु पादतले क्रमेण तु।।४१५।।
विलोमेनैषु देशेषु वामेषु च प्रविन्यसेत्।
सर्वाशापूरके सृष्टिचक्रे षोडशपत्रके।।४१६।।
एताः सर्वास्तु योगिन्यो गुप्ता रक्षन्तु भूतले।
अनेन व्यापकं कृत्वा नायिकां त्रिपुरेश्वरीम्।।४१७।।
सर्वविद्राविणीं मुद्रां तथा वै ब्रह्मदर्शनम्।
एतत्त्रयं न्यसेल्लिङ्गे गुरुणोक्तविधानतः।।४१८।।

अथ वृत्तान्तः षोडशदले सर्वशापरिपूरके सृष्टिचक्रे न्यासमाह—तत इत्यादिना। तथा च, ह्रीं श्रीं षोडशदलपद्माय नम इति वक्ष्यमाणदक्षकर्णादिषु व्यापकत्वेन विन्यसेदित्यर्थः। कामाकर्षिणिकाद्याश्चेति। दक्षकर्णादिपादतलान्तेष्वष्टस्वङ्गेषु, विलोमेनैषु देशेष्वित्याद्यभिधानात् पादतलादिवामकर्णान्तेषु चाष्टस्वङ्गेष्विति षोडशाङ्गेषु षोडशपत्ररूपेषु कामाकर्षिणीप्रभृतयः षोडश गुप्तयोगिन्यो न्यस्तव्या इत्यर्थः। व्यक्तमाह योगिनीहृदये तृतीयपटले—

तदन्तः षोडशदल-पद्माय नम इत्यपि।
विन्यस्य तद्दले कामाकर्षिण्याद्याश्च विन्यसेत्।
दलानि दक्षिणश्रोत्रपृष्ठमंसञ्च कूर्परम्।
करपृष्ठं चोरुजानुगुल्फपादतलं तथा।
वामपादतलाद्येवमेतदेवाष्टकं मतम्।। इति।

कामाकर्षिण्याद्यास्तु–कामाकर्षिणी–बुद्ध्याकर्षिण्यहङ्काराकर्षिणी–शब्दाकर्षिणी–स्पर्शाकर्षिणी–रूपाकर्षिणी–रसाकर्षिणी–गन्धाकर्षिणी–चित्ताकर्षिणी–धैर्याकर्षिणी–स्मृत्याकर्षिणी–नामाकर्षिणी–बीजाकर्षिण्यात्माकर्षिण्यमृताकर्षिणीशरीराकर्षिण्यः षोडश। एतत्प्रमाणादयस्त्वष्टादशप्रकाशे पूजाप्रकरणे वक्ष्यन्ते। तत्र च—

बीजद्वयस्वराद्याश्च आकर्षिण्यन्तकाः क्रमात्।
नित्याकलेति च ततः सप्ताक्षर्याऽर्चयेत् क्रमात्।।

अथ यन्त्रारूढाया देव्याः पुनः पूजनमुपदिशति—**पुनरित्यादिना**। पाद्यादिकमित्यादिपदेनार्घ्याचमनीये बोध्ये। गन्धाद्युपचारानाह—**नासेत्यादिना**। तत्त्वेन चतुर्विंशतितत्त्वेन। 'चतुर्विंशतितत्त्वेन गन्धं दद्याद्विचक्षणः' इति कौलावलीतृतीयोल्लासवचनसंवादात्। **भावपुष्पैरिति**। अष्टादश भावपुष्पाणि अमायमनहङ्कारमित्यादिना प्रागस्मिन्नेव प्रकाशे प्रदर्शितानि। **नैवेद्यानीति**। पृथ्वीतत्त्वान्नैवेद्यानि निवेदयेदिति सम्बन्धः।

पुष्पं नानाविधमिति शक्तिपूजायां विहितमिति बोध्यम्। विशिष्याऽऽह कौलावलीनिर्णये तृतीयोल्लासे—

करवीरं जवा द्रोणं चम्पकं नागकेशरम्।
अपराञ्च कदम्बञ्च पारिजातादिकन्तया।
दद्याद्देव्यै प्रयत्नेन माल्यं गन्धसमन्वितम्।। इति।

भगवती को सिंहासन पर प्रतिष्ठित करके पाद्य (पाद्य-आचमनीय) आदि उपचारों से पुनः उनकी पूजा करें। भावपुष्प समर्पित करके पृथ्वी तत्त्वात्मक गन्ध, वायुतत्त्वात्मक धूप, तेजस्तत्त्वात्मक दीप, सुधातत्त्वात्मक नैवेद्य, (अम्बररूप) चामर, सूर्यमण्डलरूप दर्पण, चन्द्रमण्डलरूप छत्र, सात-द्वीपों में उत्पन्न अनेक प्रकार के पुष्पों की समेखला माला एवं पद्मों का आनन्दहार प्रदान करें।।७०-७३।।

आ मूलाद् ब्रह्मरन्ध्रान्तं सुषुम्णामृतवायुना।
अनाहतध्वनिमयीं घण्टामेतां निवेदयेत्।।७४।।
प्रदीपैर्वन्दनं कृत्वा दत्त्वा च प्रतिबोधयेत्।।७५।।

अथ घण्टादानपरिपाटीमाह—आ मूलादित्यादिना। मूलाधाराद् ब्रह्मरन्ध्रपर्यन्तव्यापिनी सुषुम्णाख्या नाडी वर्त्तते। तदुक्तं गान्धर्वे पञ्चमपटले—

मेरुमध्ये स्थिता या तु मूलादाब्रह्मरन्ध्रगा।
सर्वतेजोमयी सा तु सुषुम्णा वह्निरूपिणी।। इति।

अनयैव सुषुम्णया मूलाधाराद् ब्रह्मरन्ध्रपर्यन्तं वायुः सञ्चरति। तस्यैव वायोराघातेन अनाहताख्ये शब्दब्रह्ममये हृत्पुण्डरीके कश्चन शब्दोऽविरामः प्रवर्त्तते। स एव शब्दोऽत्रानाहतध्वनिपदेनाभिधीयते। तत्रैव ध्वनिं घण्टावाद्यत्वेन निवेदयेत् इति फलितार्थः।

मूलाधार चक्र से ब्रह्मरन्ध्र-पर्यन्त सुषुम्ना नाड़ी में प्रवहणशील वायु के आघात से अनाहत चक्र को घण्टे की तरह निवारित करके भगवती को दीप दिखाकर उनकी स्तुति-वन्दना करें।।७४-७५।।

विमर्श—कौलावलीनिर्णय (तृतीय उल्लास) में उत्तर-पूजन की विधि का विशद निरूपण किया गया है। एतदनुसार माँ सनातनी को प्रवाल-जड़ित सुवर्ण-पादुका प्रदान करके रत्ननिर्मित पालकी में बिठाकर सभा-मण्डप में लायें। अमाय आदि भावपुष्पों से पूजा करके उपर्युक्त पुष्पों की माला तथा उज्ज्वल आनन्दहार समर्पित करने के बाद कुण्डगोलोद्भव तथा वायुरूप धूप, सहस्रार की कर्णिका के पात्र में परम अमृतरूप तैल, मूलाधार में चिदग्निमय दीप, अनाहत ध्वनिरूप घण्टावादन, षट्रस व्यञ्जन, सुधासमुद्र, मांस-शैल, मत्स्यराशि, अनेकविध फल, सुपक्व चरु, घृताक्त परमान्न, भक्ष्य, भोज्य, चोष्य, लेह्य, चर्वण प्रदान करके अर्घ्य जल से पुनः आचमन कराकर मूलाधारोत्थ वायु के आघात से सतत निनादित अनाहत चक्ररूप घण्टा प्रदान करें। रज-सत्त्व गुणों से युक्त कर्पूर-चूर्णमिश्रित ताम्बूलवीटिका रत्नपात्र में रखकर भगवती को प्रदान करें।

मुद्रा-प्रदर्शन—माँ सनातनी को दीपदान और स्तुतिगान करने के बाद विचक्षण साधक विभिन्न मुद्रायें प्रदर्शित करे। इन मुद्राओं का लक्षण-निरूपण निम्न श्लोकों में किया गया है—

[दर्शयितव्यासु मुद्रासु सुन्दरीमुद्रा]

आधारादुत्थितं वायुं षोडशान्ते सुषुम्णया।
नयने नासिकाग्रस्थे निमेषोन्मेषवर्जिते।।७६।।
भ्रुवोर्मध्ये समानीय दन्तैर्दन्तानसंस्पृशन्।
नोष्ठैर्नोष्ठं न वा तालुं जिह्वया ज्ञानखड्गकः।।७७।।
शक्तौ लक्षं बहिः कुर्यान्निमेषोन्मेषवर्जितम्।
एषा सा सुन्दरी मुद्रा भैरवीमोदकारिणी।।७८।।

सुन्दरी-मुद्रा—मूलाधार से उत्थित वायु को सुषुम्णा मार्ग से षोडशान्त तक लायें। दोनों आँखों को नासाग्र पर टिकाकर टकटकी लगाकर बिना पलक झपकाये देखें। इस समय न तो ओष्ठ से अधर, न अधोदन्तपंक्ति से ऊर्ध्वदन्तपंक्ति और न तालु से जीभ को सम्पृक्त होना चाहिए। भैरव को आमोद प्रदान करने वाली यह 'सुन्दरी' मुद्रा है।।७६-७८।।

विमर्श—इस मुद्रा में मुँह अधखुला रहता है तथा पूरी शक्ति नासाग्र को देखने में लगी रहती है।

[विस्मयमुद्रा]

दक्षिणा मिलिता मुष्टिर्नासिकार्पिततर्जनी।
मुद्रा विस्मयसंज्ञा स्याद् विस्मयावेशकारिणी।।७९।।

मिलिता मुष्टिरित्यत्र निविडा मुष्टिरिति तन्त्रसारे पाठः।

विस्मय मुद्रा—दाहिने हाथ की कसकर मुट्ठी बाँधकर उसकी तर्जनी अंगुली को नाक पर रखने से विस्मय मुद्रा बनती है।।७९।।

[नादमुद्रा]

मुष्टिरुद्धीकृताङ्गुष्ठा दक्षिणा नादमुद्रिका।

मुष्टीति। मुष्ट्या रुद्धीकृतोऽङ्गुष्ठो यस्यास्तथाभूता दक्षिणा नादमुद्रेत्यर्थः। अत्र दक्षिणकरस्याङ्गुष्ठमितरेणाङ्गुलिचतुष्टयेन रुद्धं कुर्यादिति फलितार्थः।

नाद-मुद्रा—दाहिने हाथ की मुट्ठी को ऊँची करके अँगूठे को खड़ा करने से 'नाद-मुद्रा' बनती है।

[बिन्दुमुद्रा]

तर्जन्यङ्गुष्ठसंयोगाद् बिन्द्वाख्या सैव कीर्तिता।।८०।।

बिन्दुमुद्रा—दाहिने हाथ के अँगूठे और तर्जनी को जोड़ने से 'बिन्दु' मुद्रा बनती है॥८०॥

[ज्ञानमुद्रा]

ज्ञानमुद्रा यदैव स्यान्नाऽऽभिमुख्येन संस्थिता।

ज्ञानमुद्रा—अंगूठे और तर्जनी के अग्रभाग को मिलाने से ज्ञान-मुद्रा बनती है।

बिन्दु और ज्ञान—ये दोनों ही मुद्रायें दाहिने हाथ की तर्जनी और अंगूठे को जोड़कर बनाई जाती हैं; मगर इनमें अंगुलियों की स्थिति में फर्क है।

[योगमुद्रा]

हृत्प्रदेशे तु सम्बद्धा योगमुद्रेति कथ्यते।।८१।।

प्रागुक्ता तर्जन्यङ्गुष्ठसंयोगात्मिका बिन्दुमुद्रैव आभिमुख्येन न संस्थिता चेत् तदा ज्ञानमुद्रेति कथ्यते इत्यर्थः। तथाच कौलावलीनिर्णये सप्तमोल्लासे—

ज्ञानाख्यमुद्रया चैव पूजयेत् परमेश्वरीम्।
अङ्गुष्ठतर्जनीभ्यान्तु ज्ञानमुद्रेयमीरिता।। इति।

हृदिति। सैव बिन्दुमुद्रा हृदि संयोजिता योगमुद्रेत्युच्यत इत्यर्थः।

योगमुद्रा—दाहिने हाथ के अंगूठे और तर्जनी को जोड़ने से जो 'बिन्दु' बनती है, उसे हृदयप्रदेश पर स्थापित करने से उसका नाम 'योग' मुद्रा हो जाता है॥८१॥

[बहिरन्तर्योनिमुद्रे]

योनिमुद्रां ततः कुर्यात् सैव चान्तर्भवेदपि।
तन्मांसशोणितस्वादप्रमत्ता मुक्तिहेतवे।।८२।।
एषा सा परमा मुक्तिः शृङ्गाररसभाविता।
तस्याः स्वेच्छा स्वयं भूतं परमानन्दभैरवम्।।८३।।
कन्दे स्थिता वायुशक्तिः सुषुम्णाद्वारगामिनी।
नीवारशूकवत्तन्वी विसतन्तुनीयसी।।८४।।
विद्युत्कोटिप्रतीकाशा सूर्यकोटिसमप्रभा।
अशेषजगदुत्पत्तिस्थितिसंहारकारिणी ।।८५।।
हृद्ग्रन्थितालुकाग्रन्थिकपाटास्फोटनाकुलम् ।
बिन्दुलम्बिकयोर्मध्ये त्रिकोणे शाम्भवे नयेत्।।८६।।
प्रविश्य रमते गाढं पुरुषेण सहानिशम्।
स्थिरचित्तः सदा ध्यायेद्यथा स्यान्मानसं स्थिरम्।।८७।।

योनीति। बहिरन्तर्भेदेन योनिमुद्रा द्विविधा भवति। तत्र बहिर्योनिमुद्रा प्रसिद्धा। अन्तर्योनिमुद्रामाह—सैवेत्यादिना।

योनिमुद्रा—बहिरन्तर भेद से योनिमुद्रा दो प्रकार की है। इनमें से बहिर्योनि मुद्रा अत्यन्त प्रसिद्ध है। अतः उसके लक्षण का यहाँ निरूपण नहीं किया गया है। अन्तर्योनि मुद्रा शृंगार रस से ओतप्रोत और मुक्तिदायिनी है।

कन्द अर्थात् मूलाधार में निवास करने वाली वायुशक्ति अर्थात् कुण्डलिनी कमलनाल के रेशे के समान सूक्ष्म है। करोड़ों बिजलियों से अधिक चमकीली तथा करोड़ों सूर्यों के समान जाज्वल्यमान है। सम्पूर्ण जगत् की उत्पत्ति-स्थिति और संहार की हेतु है। इस कुण्डलिनी शक्ति को हृदयग्रन्थि और तालुकाग्रन्थि के कपाटों का भेदन करते हुए अकुल क्षेत्र में बिन्दु और लम्बिका के मध्यवर्ती त्रिकोण में लायें। इस त्रिकोण मण्डल में आकर वह परं शिवरूप पुरुष को अपने गाढ आलिंगन में बाँधकर रमण करती है। उनके इस सामरस्य का उस समय तक तन्मय होकर ध्यान करें, जब तक मन पूर्णतः स्थिर न हो जाय॥८२-८७॥

विमर्श—'यथा स्यान्मानसं स्थिरम्'—मन पूर्णतः स्थिर हो जाय। मन के स्थिर हो जाने का अर्थ है कि उसकी सारी वृत्तियों का निरोध हो गया है। अतः मन के स्थिर हो जाने की परिणति समाधि में होती है। यह समाधि दो प्रकार की होती है। यथा—

[स्वयम्प्रज्ञातासम्प्रज्ञातभेदेन समाधेर्द्वैविध्यम्]

समाधिर्जायते तत्र संज्ञाद्वयविराजितः।
स्वयम्प्रज्ञातनामैको ह्यसम्प्रज्ञातनामधृक्॥८८॥

समाधिरिति। सम्प्रज्ञातासम्प्रज्ञातभेदेन समाधेर्द्वैविध्यं विविधस्य च तस्य तीव्रतीव्र-तरत्वादिभेदेन ते ते भेदाः पातञ्जलसूत्रव्यासभाष्ये विशिष्य प्रदर्शिताः।

मन के स्थिर हो जाने से जो समाधि लगती है, उसके दो भेद या दो प्रकार हैं। इनमें से एक का नाम है—स्वयम्प्रज्ञात और दूसरे का नाम है—असम्प्रज्ञात॥८८॥

[तत्र स्वयम्प्रज्ञातः]

स्वयम्प्रज्ञातसंज्ञस्तु शिवाधिक्येन जायते।

इनमें से स्वयं प्रज्ञात नाम का जो प्रथम समाधिभेद है, उसमें 'शिवा' अर्थात् शक्ति का अधिक प्रभाव होता है। दूसरे शब्दों में इसका अर्थ यह है कि शक्ति का प्रभाव अधिक होने पर स्वयम्प्रज्ञात समाधि लगती है।

[असम्प्रज्ञातः]

असम्प्रज्ञातनामा तु शिवतत्त्वेन वै भवेत्॥८९॥

असम्प्रज्ञात नामक समाधि शिव का प्रभाव अधिक होने पर लगती है॥८९॥

विमर्श—उपर्युक्त दोनों श्लोक श्री 'ज्ञानार्णवतन्त्र' के हैं। पटल १६ श्लोक-संख्या ६ और ७। ज्ञानार्णव में स्पष्ट रूप में कहा गया है—

स्वयम्प्रज्ञातसंज्ञस्तु शक्त्याधिक्येन जायते।
असम्प्रज्ञातनामैको शिवाधिक्येन वै भवेत्॥१६/७

अगले दो श्लोकों में इन दोनों प्रकार की समाधियों के उपभेदों और उनके लक्षणों का निरूपण किया गया है।

[स्वयम्प्रज्ञातभेदौ]

स्वयम्प्रज्ञातभेदस्तु तीव्रस्तीव्रतरो भवेत्।

स्वयम्प्रज्ञात समाधि के दो भेद हैं—तीव्र एवं तीव्रतर।

[असम्प्रज्ञातभेदौ]

असम्प्रज्ञातभेदस्तु मन्दो मन्दतरस्तथा।।९०।।

असम्प्रज्ञात के भी दो भेद हैं—मन्द और मन्दतर॥९०॥

[तत्र प्रथमस्य भेदयोः स्वरूपम्]

हास्यरोदनरोमाञ्चकम्पस्वेदादिलक्षणः ।
तीव्रस्तीव्रतरश्चैव समाधिरुपलक्षितः।।९१।।

लक्षण—हास्य, रोदन, रोमाञ्च, कम्पन और स्वेद—ये शक्ति आधिक्यजन्य स्वयम्प्रज्ञात समाधि के तीव्र और तीव्रतर भेदों के लक्षण हैं॥९१॥

[द्वितीयस्य भेदयोः स्वरूपम्]

निमेषवर्णि(र्जि)ते नेत्रे वपुस्तल्लक्षणं स्थितम्।
मन्दो मन्दतरश्चैव समाधिरुपलक्षितः।।९२।।

लक्षण—पलकों का नहीं गिरना अर्थात् टकटकी लग जाना तथा शरीर का स्थिर एवं निश्चल (जड़) हो जाना शिव-प्रभाव की अधिकता वाली असम्प्रज्ञात समाधि के मन्द और मन्दतर भेदों का लक्षण है॥९२॥

विमर्श—हास्य, रुदन, प्रस्वेदन, निर्निमेषिता आदि ऐसी शारीरिक क्रियायें तथा चेष्टायें हैं, जो मन के सक्रिय रहने पर ही होती है। अतः जब मन स्थिर हो गया हो तो ये चेष्टायें या क्रियायें नहीं होनी चाहिए। अतएव मन के स्थिर हो जाने पर भी यदि शरीर में ये चेष्टायें या क्रियायें परिलक्षित होती हैं तो यह समझा जाना चाहिए कि साधक को भावसमाधि लग गई है। इन लक्षणों को देखकर समाधि-भेद और समाधि की अवस्था का भी अनुमान लगाया जा सकता है।

शाम्भवेन तु योगेन सुखी भूयान्निरन्तरम्।
तयोः संयोगमाहूय परमामृतगोकुलम्।।९३।।
पानीयं मनसा दत्त्वा पुनर्जन्म न विद्यते।
तदानन्दमयं ज्ञानं प्रीता भवति सुन्दरी।।९४।।

यह भावसमाधि शाम्भव योग अर्थात् शिवसान्निध्य की प्राप्ति है। शिव का सान्निध्य प्राप्त कर लेने पर साधक का पुनर्जन्म नहीं होता। वह सदैव सुखी रहता है।

'तयो:' अर्थात् इन दोनों—शिव और शक्ति के सामरस्य से उद्भूत द्रव 'परम-अमृत' है। यह परम अमृत पेय जल के रूप में 'गोकुल' (इन्द्रिय समूह) को प्रदान करने से पुनर्जन्म नहीं होता। साथ ही शिव के सामरस्य से सुन्दरी भी प्रसन्न एवं प्रमुदित हो जाती हैं॥९३-९४॥

[विश्रामार्थं कुसुमशयने देव्या: स्थापनं प्रीतिसम्पादनञ्च]

पुष्पशय्यां ततः कृत्वा तत्र नीत्वा सुरेश्वरीम्।
मनोनर्त्तकतालैश्च शृङ्गारादिरसोद्भवैः।।९५।।
नृत्यैर्गीतैश्च वाद्यैश्च तोषयेत् परमेश्वरीम्।
तस्मात् कामेश्वरी माता पि(प्री)ता कामेश्वरश्च सः।।९६।।

सामरस्य के बाद क्लेद-निवारण और विश्रान्ति के लिये सुरेश्वरी को शिव-पद से लाकर फूलों की (कल्पित) शय्या पर बैठायें। जब वे सुस्थिर चित्त से बैठ जायँ, मनरूपी नर्तक के लास्य, नृत्य एवं शृङ्गार रस में पगे मधुर गीतों तथा सुमधुर संगीत से उन्हें प्रसन्न तथा सन्तुष्ट करें। प्रमुदित मन से कामेश्वरी और कामेश्वर के साथ अपने एकत्व की भावना करें॥९५-९६॥

[मानसयागफलम्]

मनसैकां महापूजामन्तरार्चनमुत्तमम्।
कृत्वा सिद्धिमवाप्नोति न स बन्धेन बध्यते।।९७।।

मन से की गई यह अन्तर्पूजा श्रेष्ठ महापूजा है। नित्यप्रति यह महापूजा करने से सिद्धियाँ प्राप्त होती हैं और साधक-आत्मा किसी बन्धन में नहीं बँधता, वह सभी बन्धनों से स्वतन्त्र हो जाता है॥९७॥

विमर्श—गन्धर्वतन्त्र (द्वादश पटल, श्लोक ३०-३१) में बहिरंग अर्चन के समान ही अन्तरंग अर्चन में भी चक्र-पूजा तथा नव आवरणशक्तियों का मन से ही अर्चन के पश्चात् मन से ही मन्त्रजप करने का विधान बताया गया है। 'कौलावली-निर्णय' (तृतीय उल्लास) में भी मानसिक अर्चन के बाद अक्षमाला से मन्त्रजप का विधान मिलता है। साधक समाज में यह विधान प्रचलित भी है। अक्षमाला से मन्त्र-जप करने के बाद वे 'अन्तर्होम' करते हैं। प्रस्तुत ग्रन्थ में अक्षमाला से इष्ट मन्त्र के जप का विधान न बताकर पूजन के बाद सीधे 'अन्तर्होम' का विधान बताया गया है।

[ज्ञानहोमनिरूपणोपक्रम:]

ज्ञानहोमं प्रवक्ष्यामि येन ब्रह्ममयो भवेत्।

एवमन्तरार्चनमभिधाय तदङ्गं ज्ञानहोमं वक्तुमुपक्रमते—**ज्ञानहोममित्यादिना।** ज्ञानहोमो मानसहोम एव। ज्ञानमात्रेणैव वक्ष्यमाणहोमप्रक्रियासम्पादनादस्य ज्ञानहोमत्वम्। अस्य फलमाह—**येनेत्यादिना।**

अन्तर्याग की विधि का निरूपण करने के बाद अब 'ज्ञान-होम' की विधि बता रहा हूँ। यह होम करने से साधक ब्रह्ममय हो जाता है।।

[तत्र चतुरस्रकुण्डम्]

ज्ञानेन चतुरस्राख्यं कुण्डं सञ्चिन्त्य मन्त्रवित्।।९८।।

ज्ञानेनेति। ज्ञानेन केवलं मनोव्यापारेण चिन्तनमात्रेणेत्यर्थः। **चतुरस्राख्यमिति।** कुण्डमिदं सप्तमप्रकाशोक्तचतुरस्रकुण्डवत् कल्पनीयम्। एतदभिप्रायेणैव ज्ञानार्णवे द्वाविंशपटले—

ज्ञानेन चतुरस्राख्यं कुण्डं सञ्चिन्त्य पूर्ववत्।

इत्युक्तम्।

यह ज्ञानहोम करने के लिये साधक को सर्वप्रथम ज्ञानपूर्वक चतुरस्र कुण्ड (वर्गाकार कुण्ड) का चिन्तन करना चाहिए।।९८।।

[आत्मनां चातुर्विध्यम्]

आत्मानो वेदसंख्या हि ज्ञातव्याः साधकोत्तमैः।

आत्मान इति। वेदसंख्या आत्मान्तरात्मपरमात्मज्ञानात्मभेदेन चतुःसंख्याका इत्यर्थः। इतः प्रभृति प्रकाशान्तं यावज् ज्ञानार्णवीयद्वाविंशपटलेन प्रायः सर्वमेव संवदति। तत्राऽऽत्मान इत्यादिपादद्वयात् पूर्वम्—

आत्मभिश्चतुरस्रं तत् विज्ञेयं वीरवन्दिते।

इति पादद्वयं दृश्यते। अत्राऽऽत्मभिरित्यादिपादद्वयं लेखकप्रमादात् पतितमिति प्रतिभाति। अन्यथात्मचतुष्टयनिरूपणमसङ्गतिमापद्येत। एवञ्च निरुक्तज्ञानार्णववचनपर्यालोचनया निरुक्तात्मचतुष्केण चतुरस्रकुण्डं विधेयमित्यापतति, वक्ष्यति च स्वयमेव—

आत्मान्तरात्मपरमज्ञानात्मानः प्रकीर्तिताः।
एतद्रूपं हि चित्कुण्डं चतुरस्रं विभावयेत्।। इति।

साधक को यह जानना चाहिए कि आत्मा के चार भेद हैं। ये चार भेद हैं— (१) आत्मा, (२) अन्तरात्मा, (३) परमात्मा और (४) ज्ञानात्मा। पूर्ववर्ती श्लोक में जिस चतुरस्र कुण्ड का उल्लेख है, वह कुण्ड आत्मा के इन चारो भेदों को मिलाकर बना है।

[निरुक्तात्मज्ञानरूपम्]

एषां विज्ञानमात्रेण पुनर्जन्म न विद्यते।।९९।।

आत्मा के उपर्युक्त चारो रूपों का ज्ञान हो जाने पर देशिक का पुनर्जन्म नहीं होता॥९९॥

विमर्श—पुनर्जन्म का कारण आत्मस्वरूप की विस्मृति से उपजा अज्ञान है। जैसे ही आत्मा के वास्तविक स्वरूप का ज्ञान होता है, बार-बार जन्म का कारण ही समाप्त हो जाता है।

[आत्मनः स्वरूपम्]

साधारणेन पक्षेण वर्त्तते सर्वजन्तुषु।
स आत्मा प्राणरूपी तु हृदये परमात्मकः।।१००।।

आत्मनश्चातुर्विध्यं निरूप्य तस्य सर्वमूर्त्तसंयोगित्वादिलक्षणं स्वरूपं निरूपयति— **साधारणेनेत्यादिना भ्रान्तिरेव न संशय इत्यन्तेन**। अनेन जीवात्मपरमात्मनोरभेदः प्रतिपादितः। स सर्वप्राणरूपी चराचराखिलशरीरव्यापकः हंसस्वरूपी प्रकृतिपुरुषोभयात्मकश्च। तत्र श्वासोच्छ्वासाद्यखिलविलासवान् प्रतिदेहं व्यवस्थित आत्मैव भ्रान्तेर्जीवात्मत्वेन व्यपदिश्यते। परमार्थतस्तु परमात्मेतरस्य कस्यचिद् जीवात्मनः सत्ता नास्ति। श्वासप्रश्वासादीनां शरीरधर्मप्रतीतिस्तु भ्रमवशादेव। अत एव गन्धर्वतन्त्रे पञ्चमपटले—

नित्यः सर्वगतो ह्यात्मा कूटस्थो दोषवर्जितः।
एषः सम्भिद्यते भ्रान्त्या मायया न स्वरूपतः।
तस्माद् द्वैतं न मे चास्ति न प्रपञ्चो न संसृतिः।।

इत्यादिना नित्यत्वैकत्वव्यापकत्वादिकमात्मनः प्रतिपादितम्।

यह आत्मा सर्वव्यापक परं ब्रह्म का अंश होने के कारण सभी प्राणियों में प्राण बनकर सम्यक् रूप से व्यवस्थित है॥१००॥

विमर्श—ज्ञानार्णवतन्त्र में आत्मा के इस गुण को और भी स्पष्ट रूप से विवेचित किया गया है—

साधारणपक्षेण वर्तते सर्वजन्तुषु॥३॥
स आत्मा परमेशानि प्राणरूपी वरानने।
प्राणस्तु पवनो देवि! हृदयस्थानमन्दिरः॥४॥

यह आत्मा प्राणरूपी है और प्राण पवनस्वरूप हैं। प्राणों का निवास हृदयमन्दिर में है।

[आत्मनश्चराचरशरीरव्यापकत्वम्]

शरीरं व्याप्य सकलं चरस्याप्यचरस्य च।
हंसस्वरूपो विज्ञेयः श्वासोच्छ्वासविलासवान्।।१०१।।

प्राणियों के शरीर में इसकी अवस्थिति एकदेशीय नहीं है अर्थात् शरीर के किसी अंग या अवयवविशेष में ही इसकी अवस्थिति नहीं है; अपितु यह सम्पूर्ण

शरीर में व्याप्त है। प्राणरूपी होने के कारण यद्यपि यह आत्मा श्वास लेती है और श्वास छोड़ती है; परन्तु यह श्वासोच्छ्वास इसका नैसर्गिक धर्म नहीं; अपितु विलासमात्र है। वस्तुतः इसे हंस के समान निःसंग समझना चाहिए॥१०१॥

[भ्रमवशादस्यैव जीवसंज्ञा]

जीवस्तस्यैव नाम स्याद् भ्रान्त्या श्वासोपलक्षितः।
श्वासोच्छ्वासौ देहभावौ भ्रान्तिरेव न संशयः॥१०२॥

यथार्थ यह है कि परं ब्रह्म का अंश होने के कारण यह आत्मा परं ब्रह्म के समान ही सत्-चित्-आनन्दमय तथा नित्य-सनातन है और परमात्मा को छोड़कर और कोई वस्तु इसकी सत्ता का आधार नहीं है; लेकिन विडम्बना यह है कि यह आत्मा स्वयं को देह तथा देह के श्वासोच्छ्वास आदि गुण-धर्म को अपना गुण-धर्म समझती है। स्वयं को देह तथा श्वासोच्छ्वास को अपना गुण-धर्म समझना उसकी भ्रान्ति है—सरासर अज्ञान है और इसी अज्ञान या भ्रान्ति के कारण उसे जीव कहा जाता है॥१०२॥

कुलालचक्रभेदेन घटाकाशं यथा घटे।
घटे भवति भिन्नत्वं नाऽऽकाशे भिन्नता भवेत्॥१०३॥
तथा देहगतो जीवो देहनाशे जगत्स्वयम्।
व्याप्य तिष्ठति सर्वत्र तस्मादात्मपदं महत्॥१०४॥
आत्मज्ञानं शिवेनोक्तं द्वितीयञ्च शृणुष्व च॥१०५॥

ननु तत्तद्देहावच्छेदेनाऽऽत्मनो भेदस्यानुभवसिद्धत्वात् कथं तस्यैकत्वादिकं सिध्यतीत्याशङ्कां दृष्टान्तदर्शनमुखेन परिहरति—**कुलालेत्यादिना**। यथा आकाशस्यैकत्वेऽपि कुलालचक्रभेदेन समुत्पन्नेषु घटेषु तत्तद्घटावच्छिन्नमाकाशं भिन्नतया प्रतिभाति वस्तुतस्तु घट एव भिन्नत्वं भेदो भवति आकाशे तु भिन्नता न भवेत्। आकाशमेकमेव, उपाधिभेदादेव तस्य भेदव्यवहारः। अत एव विश्वनाथेन 'एकः सन्नप्युपाधित' इत्युक्तम्। एवं दृष्टान्तमुपन्यस्य दार्ष्टान्तिकं प्रदर्शयति—**तथेत्यादिना**। प्रागुपदर्शितघटाद्यवच्छिन्नाकाशवद् देहगतो देहावच्छिन्नः परमात्मा जीव इत्युच्यते; परन्तु देहनाशेऽनुपहितोऽयं स्वयं जगद् व्याप्य सर्वत्र तिष्ठति, सर्वत्र जगत्सु अयं व्याप्य सर्वं वस्तुजातमिति शेषः, इति वा सम्बन्धः। यथा तत्तद्घटनाशे तत्तद्घटावच्छिन्नाकाशो महाकाश एव तथा तत्तद्देहनाशे तत्तद्देहावच्छिन्न आत्मा परमात्मैव, न तु जीवत्वेनाऽऽत्मनः काचित् स्वतन्त्रा सत्ताऽऽस्तीति फलितार्थः। एतदभिप्रायेणैव गन्धर्वतन्त्रे पञ्चमपटले—

यथाकाशो घटाकाशो महाकाश इतीरितः।
तथा भ्रान्तिर्द्विधा प्रोक्ता ह्यात्मा जीवेश्वरात्मना॥ इति।

यह आत्मतत्त्व आकाश की तरह सर्व-व्यापक, विभु और अविनाशी है। जो आकाश सर्वत्र व्याप्त है, वही आकाश कुम्हार के चाक पर स्थित घट (घड़े) में भी व्याप्त है। जब कुम्हार डण्डे से चाक को घुमाता है, घड़े में स्थित आकाश भी घूमता हुआ प्रतीत होता है; लेकिन जब घड़ा फूट जाता है, उसमें स्थित या व्याप्त आकाश नहीं फूटता; अपितु वह बाह्य आकाश में लीन हो जाता है। उसी तरह देह का नाश हो जाने पर देह में स्थित आत्मा का नाश नहीं होता; अपितु वह सम्पूर्ण संसार में व्याप्त हो जाती है। देह से निरपेक्षता, नित्यता और विभुता आत्मा के गुण-धर्म हैं। उसके इन गुण-धर्मों की प्रतीति ही आत्मज्ञान है। अब आत्मा के दूसरे भेद (अन्तरात्मा) का गुण-धर्म सुनिये॥१०३-१०५॥

[अन्तरात्मस्वरूपम्]

अन्तःशब्देन सकलं रहस्यं सूक्ष्मरूपकम्।
परमात्मस्वरूपेण सर्वं व्याप्य विजृम्भते॥१०६॥
अन्तरङ्गतया तेन चरं वाऽप्यथवाऽचरम्।
व्याप्यते सकलं यस्मादन्तरात्मेति गीयते॥१०७॥

'अन्तः' शब्द का अर्थ है—अत्यन्त सूक्ष्म स्वरूप रहस्य। यह सूक्ष्म स्वरूप रहस्य (परमाणुरूप से) सर्वत्र व्याप्त है। चराचर प्राणि-जगत् के अन्तरंग में यह विद्यमान है। समस्त प्राणि-जगत् के अन्तरंग में (परमाणुरूप से) विद्यमान या अनुस्यूत रहने के कारण इसे 'अन्तरात्मा' कहते हैं॥१०६-१०७॥

विमर्श—ज्ञानार्णवतन्त्र (पटल २१, श्लोक संख्या ११) में 'परमात्मस्वरूपेण' का पाठ है—'परमाणुस्वरूपेण'। यह पाठ अधिक सटीक प्रतीत होता है; अतः इसे कोष्ठक में लिख दिया गया है।

[परमात्मनः स्वरूपम्]

स एव हंस आत्मा हि योगिगम्यो यदा भवेत् ।
तावच्चञ्चुर्भवेच्चैव निगमागमपक्षवान्॥१०८॥
शिवशक्तिपदद्वन्द्वो बिन्दुत्रयविलोचनः।
यश्च परमहंसस्तु यस्मात् सर्वत्र चैव हि॥१०९॥
तदा भूतानि जायन्ते क्रमेणैव च तच्छृणु।
आकाशः पवनो ह्यग्निर्जलं पृथ्वी क्रमेण तु॥११०॥
एतेषां पञ्चभूतानां प्रथमं बीजमुच्यते।
अविद्याख्यसरोमध्ये मोहपङ्कजपूरिते॥१११॥
प्रपञ्चकमले भूतपद्माक्षपरिजृम्भिते।
विहारोऽस्यैव मोहस्य दृष्ट्वा मायामयो भवेत्॥११२॥

अयमेव महाकाले निष्प्रपञ्चो यदा भवेत्।
संहाररूपी हंसस्तु तदात्मानं प्रदर्शयेत्।।११३।।
पक्षित्वमस्य नास्त्येव सोऽहमात्मा प्रतिष्ठितः।
परमात्मेति जानीहि एवमेतदुदाहृतम्।।११४।।

परमात्मस्वरूपमाह—**स एवेत्यादिना।** तावदित्यादिना रूपपरिग्रहः सूचितः।

वही हंस आत्मा है और केवल योगिजन ही इसके स्वरूप की प्रतीति कर सकते हैं। तार (ॐ) ही इस हंसरूपी आत्मा का चोंच है, निगम और आगम इसके पंख हैं, शिव और शक्ति इसके पैर हैं तथा बिन्दुत्रय (अनुस्वार और विसर्ग) इसके नेत्रत्रय हैं। यह परमहंस सम्पूर्ण संसार में व्याप्त है। इसके प्रसार के कारण ही आकाश-वायु-अग्नि-जल एवं पृथ्वी नामक पञ्च महाभूतों की एक-एक क्रम से उत्पत्ति होती है। ये पाँच महाभूत सृष्टि के प्रथम बीज हैं। अविद्या एक गहरा सरोवर है, जिसमें मोह का कीचड़ ही कीचड़ भरा हुआ है। इस दलदलमय सरोवर में उपर्युक्त पाँच महाभूतों के मेल से प्रपञ्चकमल की उत्पत्ति हुई। सृष्टि के आदि काल से ही इस प्रपञ्चकमल का स्वाद लेते हुए इस अविद्या सरोवर में विहार करने से यह आत्मा माया में फँसता ही जाता है। जब यह हंसरूपी आत्मा समय पाकर निष्प्रपञ्च हो जाता है अर्थात् संसार के आकर्षण और प्रलोभन से मुक्त होकर अपने शुद्ध-बुद्ध 'सोऽहम्' रूप में प्रतिष्ठित हो जाता है, तब उसका पक्षीत्व समाप्त हो जाता है। पक्षीत्व समाप्त होते ही वह 'परमात्मा' पद पर प्रतिष्ठित हो जाता है।।१०८-११४।।

विमर्श—उपर्युक्त सात श्लोक श्री 'ज्ञानार्णवतन्त्र' (पटल २१, श्लोक १३ से १९) से कतिपय पाठभेद-सहित उद्धृत हैं। परिलक्षित पाठभेद इस प्रकार है—

(१) श्लोकसंख्या १०८—'तावच्चञ्चु'—'तारश्चञ्चु'। इस श्लोक में 'तावच्चञ्चु' पाठ निरर्थक है।

(२) श्लोकसंख्या १०९। 'यश्च'—अयम्। 'यस्मात् सर्वत्र चैव हि'—के स्थान पर 'सृष्टिं व्याप्यावतिष्ठति।

(३) श्लोकसंख्या १११ की प्रथम पंक्ति—'एतेषां·······मुच्यते' के स्थान पर 'पञ्चकस्यास्य देवेशि प्रथमं चित्तमुच्यते।'

(४) श्लोकसंख्या ११२। 'मोहस्य दृष्ट्वा'—हंसस्य सृष्ट्या।

(५) श्लोकसंख्या ११३। महाकाले—'महादेवि'।

(६) श्लोकसंख्या ११४ 'परमात्मेति ············' के बाद 'ज्ञानार्णव' में एक और पंक्ति है, जो अर्थ एवं सन्दर्भ की दृष्टि से अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है—

पक्षपुच्छशिरो देवि! आकारप्रतिभासकः।

'पंख-पूँछ और शिर आदि अवयव उस हंस के आकार के प्रतिभासक मात्र हैं। वस्तुतः निर्गुण, निराकार परब्रह्म का अंशस्वरूप आत्मा भी निर्गुण और निराकार है।'

[ज्ञानात्मनः स्वरूपम्]

येनेदं ज्ञायते सर्वं समत्वेन च सर्वदा।।११५।।
चन्द्रः सूर्यो यथा नित्यं नीरक्षीरेषु दृश्यते।
तद्वत् क्षीरस्य समता नीरक्षीरविभेदतः।।११६।।
कर्दमे चन्दने भिन्नं न भवेदन्त्यजे द्विजे।
साक्षी तु सर्वभूतानां ज्ञानात्मा परिकीर्त्तितः।।११७।।

येनेदं ज्ञायत इति। स ज्ञानात्मा परिकीर्त्तित इति वक्ष्यमाणेन सम्बन्धः।

इन तीन श्लोकों में 'ज्ञानात्मा' का स्वरूप बताया गया है। जिससे सभी वस्तुओं में पारमार्थिक रूप से समत्व और अभेद की प्रतीति होती है, वह ज्ञानात्मा है। सूर्य और चन्द्रमा दूध और पानी में समान रूप से प्रतिबिम्बित होते हैं। प्रतिबिम्बित होने के लिये वे पानी और दूध में कोई भेद नहीं करते। कीचड़ और चन्दन, अन्त्यज और द्विज को जो समान दृष्टि से देखता है और सभी प्राणियों में साक्षीरूप से प्रतिष्ठित है, वह ज्ञानात्मा है।।११५-११७।।

विमर्श—ज्ञानार्णव (२१वाँ पटल)।

ज्ञानात्मा कथ्यते भद्रे यः साक्षात् साक्षिरूपकः।
येनेदं ज्ञायते सर्वं समत्वेन वरानने।।२०।।
चन्द्रबिम्बं यथा देवि! जलक्षीरेषु दृश्यते।
न लिप्तस्त(सं त)स्य देविशि नीरक्षीरविभेदतः।।२१।।
कर्दमे चन्दने बिम्बं न भवेल्लिप्तमद्रिजे।
सर्वसाक्षी तथा भद्रे! ज्ञानात्मा परिकीर्तिता।।२२।।

इस तरह निस्संगता, निर्लिप्तता, समता, अभेददृष्टि एवं साक्षीभाव 'ज्ञानात्मा' की विशिष्टतायें हैं।

[आत्मचतुष्टयनिरूपणोपसंहारः]

आत्मान्तरात्मपरमज्ञानात्मानः प्रकीर्तिताः।
एतद्रूपं हि चित्कुण्डं चतुरस्रं विभावयेत्।।११८।।

आत्मा-अन्तरात्मा-परमात्मा एवं ज्ञानात्मा—इन चार आत्मरूपों के मेल से निर्मित चतुरस्र चित्कुण्ड की (मूलाधार में) भावना करें।।११८।।

[कुण्डस्य स्वरूपम्]

आनन्दमेखलारम्यं बिन्दुत्रिवलयान्वितम्।
अर्धमात्रायोनिरूपं ब्रह्मानन्दमयं सदा।।११९।।

आनन्द इसकी मेखला है, यह तीन बिन्दुओं से विभूषित है और अर्धमात्रा इस कुण्ड में निर्मित योनि है। यह सर्वदा ब्रह्मानन्दमय है।।११९।।

[तत्र कुण्डे होम:]

परदेवमये सर्वज्ञानदीपविजृम्भिते।
जुहुयात् सन्निभे वह्नौ प्रपञ्चाहुतिमुत्कटम्।।१२०।।
शब्दाख्यमातृकारूपमक्षवर्णविराजितम् ।
अक्षराणि हुतान्यत्र नि:शब्दं ब्रह्म जायते।।१२१।।

सन्निभ इति। सती निभा दीप्तिर्यस्य तस्मिन्, सन्दीपित इत्यर्थ:।

इस कुण्ड में सर्वज्ञान-विजृम्भित परदेवमय अग्नि प्रज्ज्वलित है। इस अग्नि में प्रपञ्चरूप हवि की आहुति देनी चाहिए। शब्द के नाम से विख्यात 'अ'कार से 'क्ष'कार-पर्यन्त सभी अक्षरों की इस 'अन्तर्हवन' में आहुति दे देने से 'नि:शब्द ब्रह्म' का आविर्भाव होता है।।१२०-१२१।।

विमर्श—सच्चिदानन्दस्वरूप परं ब्रह्म से सृष्टि उन्मुखी शक्ति का आविर्भाव हुआ। शक्ति से बिन्दु और नाद तथा इनसे 'शब्दब्रह्म' तथा 'शब्दब्रह्म' से सृष्टि के संघटक तत्त्वों और इनसे चराचर सृष्टि की रचना हुई। यह 'सृष्टिक्रम' है। संहार-क्रम में जब मातृकाक्षर भी संविद् अग्नि में आहुतिस्वरूप समर्पित कर दिये गये तब 'शब्दब्रह्म' शब्दरहित अर्थात् 'नि:शब्द ब्रह्म' बन गया।

[तत्र हवि:कल्पनम्]

कृत्याकृत्ये पापपुण्ये सङ्कल्पञ्च विकल्पकम्।
धर्माधर्मैः साधकेन्द्रो हविस्तेन प्रकल्पयेत्।।१२२।।

कृत्य और अकृत्य, पाप और पुण्य, संकल्प और विकल्प, धर्म और अधर्म—ये सब कुछ इस अन्तर्होम के लिये हवि अर्थात् हवनीय द्रव्य हैं।।१२२।।

[तेन हविषा होमस्योपदेश:]

जुहुयाच्चित्स्वरूपाग्नौ मनुभिस्तेन याजक:।
मूलविद्यां ब्रह्मरूपां ध्यात्वा संविन्मयीं पराम्।।१२३।।

जुहुयादिति। मनुभि: धर्माधर्मेत्यादिवक्ष्यमाणमन्त्रै:। तेन प्राक् प्रकल्पितेन हविषेत्यर्थ:। शिष्टं स्पष्टम्।

ब्रह्मरूपा संविन्मयी परा स्वरूपा मूल विद्या का ध्यान करते हुए चित्-स्वरूप अग्नि में उपर्युक्त हविद्रव्यों की आहुति देनी चाहिए। आहुतिदान के मन्त्रों का स्वरूप मूल संस्कृतपाठ में ही स्पष्ट कर दिया गया है। आहुतिदान के मन्त्रों का हिन्दी अनुवाद इस तरह है।।१२३।।

[तत्र प्रथमो मन्त्र:]

धर्माधर्महविर्दीप्त आत्माग्नौ मनसा स्रुचा।
सुषुम्णावर्त्मना नित्यमक्षवृत्तीर्जुहोम्यहम्।
अग्निजायान्वितो मन्त्रो मूलान्ते प्रकटीकृत:।१२४।।

ज्ञानहोमस्य प्रथमं मन्त्रमाह—**धर्मेति**। एवञ्चाऽऽदौ मूलं ततो धर्माधर्मेत्यादि-जुहोम्यहमित्यन्तं ततः स्वाहेत्युक्त्वा प्रथमाहुतिम् आत्मस्वरूपाग्नौ जुहुयादित्यर्थः। अक्षवृत्तीरिन्द्रियवृत्तीः।

'मूल मन्त्र'—'मैं धर्म और अधर्मरूप हवि के द्वारा दीप्त आत्मरूप अग्नि में मनोरूप स्रुव के द्वारा सुषुम्ना मार्ग से इन्द्रियों की नित्य वृत्तियों की आहुति प्रदान कर रहा हूँ।। स्वाहा।।१२४।।

[द्वितीयो मन्त्रः]

नाभौ चैतन्यरूपाग्नौ हविषा मनसा स्रुचा।
ज्ञानप्रदीपिते नित्यमक्षवृत्तीर्जुहोम्यहम्।
वह्निजायान्वितो मन्त्रो मूलान्ते समुदाहृतः।।१२५।।

द्वितीयमाह—**नाभाविति**। अत्रापि पूर्ववन्मूलं ततो नाभावित्यादि जुहोम्यह-मित्यन्तं ततः स्वाहेति द्वितीयाहुतिं नाभिस्थे चैतन्यरूपाग्नौ जुहुयादित्यर्थः।

मूल-मन्त्र—'नाभि में स्थित तथा ज्ञान से उद्दीप्त चैतन्यरूप अग्नि में इन्द्रियों की नित्य वृत्तियों का मनोरूप स्रुव के द्वारा हवन कर रहा हूँ।।१२५।।

[तृतीयो मन्त्रः]

प्रकाशाकाशहस्ताभ्यामवलम्ब्योन्मनी स्रुचा।
धर्माधर्मकलास्नेहपूर्णमग्नौ जुहोम्यहम्।
अग्निजायान्वितो मन्त्रो मूलान्ते च महात्मना।।१२६।।

प्रकाशेति। अत्रापि होमक्रमः पूर्ववत्।

मूलमन्त्र—'प्रकाश और अप्रकाशरूप दोनों हाथों से पकड़कर उन्मनीरूप स्रुव के द्वारा मैं ज्ञानदीप्त आत्माग्नि में अक्ष-वृत्तियों की आहुति दे रहा हूँ।।१२६।।

[चतुर्थो मन्त्रः]

अन्तर्निरन्तरनिरिन्धनमेधमाने
मायान्धकारपरिपन्थिनि संविदग्नौ।
कस्मिंश्चिदद्भुतमरीचिविकाशभूमौ
विश्वं जुहोमि वसुधादिशिवावसानम्।।१२७।।

अन्तरिति। अन्तर्देहाभ्यन्तरे निरिन्धनं दाह्यमिन्धनमन्तरेण एधमाने प्रज्वलति तथा मायान्धकारपरिपन्थिनि मायारूपतमःप्रतिबन्धके अद्भुतमरीचिविकाशभूमौ अलौकिक-रश्मिप्रकरप्रकाशाकरे कस्मिंश्चिदनिर्वाच्यस्वरूपे संविच्चैतन्यं तद्रूपाग्नौ वसुधादिशिवा-वसानं पृथ्वीतत्त्वादिशिवतत्त्वान्तात्मकं विश्वं जुहोमीत्यर्थः। अत्रेदमवधेयम्—शैवागमे शिवादीनि क्षित्यन्तानि षट्त्रिंशत्तत्त्वानि प्रतिपादितानि। तानि च पञ्चमप्रकाशीय-११३-११४-श-श्लोकटीकायां षडध्वनिरूपणप्रसङ्गेन विशिष्य प्रदर्शितानि। तत्र सृष्टिक्रमेण शिवादिक्षित्यन्तषट्त्रिंशत्तत्त्वनिर्णयः कृतः। अत्र तु विश्वविलयार्थं विधेये ज्ञानहोमे

लयक्रमेण क्षित्यादिशिवान्तषट्त्रिंशत्तत्त्वोपदेशः। इत्यभिप्रायेणैव वसुधादिशिवावसानमित्युक्तम्। होमक्रमस्तु पूर्ववत्।

मूल मन्त्र—अद्भुत किरणों वाली किसी विकासभूमि में बिना ईंधन के निरन्तर जलती रहने वाली संविद् अग्नि में पृथ्वी से शिव-पर्यन्त समस्त विश्व को मैं हवन कर रहा हूँ।। स्वाहा।।१२७।।

जुहुयान्मूलमन्त्रान्ते ब्रह्मप्राप्त्यै च साधकः।।१२८।।

ब्रह्मप्राप्ति के लिये विचक्षण साधक मूल मन्त्र के अन्त में उपर्युक्त मन्त्रों की योजना करके हवन करे।।१२८।।

विमर्श—शाक्तानन्दतरंगिणी (षष्ठ उल्लास) में इन चार मन्त्रों के बाद पूर्णाहुति के लिये पाँचवाँ मन्त्र भी बताया गया है। यथा—

मूलमन्त्र— अहन्ता पात्रभरितं इदन्ता परमामृतम्।
पराहन्तामये वह्नौ पूर्णहोमं जुहोम्यहम्।। स्वाहा

'अहन्तारूप पात्र में इदन्तारूप परमामृत को भरकर मैं पराहन्तामय अग्नि में पूर्णाहुति के रूप में हवन करता हूँ।'

[होतुर्ब्रह्मरूपत्वम्]

निष्प्रपञ्चो यदा काले जायते ब्रह्मविन्नरः।
तदा संविन्मयः साक्षात् केवलं ब्रह्मरूपकः।।१२९।।

इस प्रकार निरन्तर साधना करते-करते जिस समय भी ब्रह्मविद् साधक निष्प्रपञ्च हो जाता है, उसी समय वह संविन्मय साक्षात् ब्रह्मस्वरूप हो जाता है। निष्प्रपञ्च अर्थात् दुनिया और दुनियादारी से सर्वथा मुक्त।।१२९।।

[उपसंहारः]

अन्तर्होममनुः प्रोक्तः सर्वपापनिकृन्तनः।।१३०।।

इति श्रीपूर्णानन्दपरमहंसविरचिते श्रीतत्त्वचिन्तामणौ षोडशः प्रकाशः।।१६।।

यह अन्तर्होम और अन्तर्होम के लिये बताये गये मन्त्र सभी पापजाल को काटने वाले हैं। इन मन्त्रों से अन्तर्होम करने से साधक के सब पाप कट जाते हैं।।१३०।।

श्रीपूर्णानन्दपरमहंसविरचित श्रीतत्त्वचिन्तामणि के सोलहवें प्रकाश का
'भावना'-भाष्य पूर्ण हुआ।।१६।।

●

सप्तदशः प्रकाशः

[श्रीचक्रस्वरूपम्, मुद्रास्वरूपम्, यन्त्रनिर्माणोपकरणादिनिर्णयः, रात्रौ यन्त्रनिर्माणनिषेधः, तत्र व्यवस्था, श्रीचक्रोद्धारः, तत्र विशेषः, नवचक्रभेदाः, चक्ररहस्यम्, पाठार्चा]

[यन्त्रनिरूपणप्रतिज्ञा]

यन्त्रोद्धारं प्रवक्ष्यामि सर्वसिद्धिप्रदायकम्।।१।।

एवं पूर्वप्रकाशेऽन्तर्यागमभिधाय प्रकाशेऽस्मिन् श्रीमत्त्रिपुरसुन्दरीदेव्याः पूजायन्त्रमभिधातुं प्रतिजानीते—**यन्त्रोद्धारमित्यादिना**। अत्रेदमवधेयम्—श्रीमत्त्रिपुरायास्त्रिविधः सङ्केतो भवति यन्त्रसङ्केतो मन्त्रसङ्केतः पूजासङ्केतश्चेति। तदुक्तं योगिनीहृदये प्रथमपटले—

चक्रसङ्केतको मन्त्र-पूजासङ्केतकस्तथा।
त्रिविधस्त्रिपुरादेव्याः सङ्केतः परिकीर्त्तितः।।
यावदेतन्न जानाति सङ्केतत्रयमुत्तमम्।
न तावत् त्रिपुराचक्रे परमाज्ञाधरो भवेत्।। इति।

चक्रयन्त्रशब्दावभिन्नार्थकौ। तत्र च मन्त्रसङ्केतः पूर्वमभिहितः। पूजासङ्केतश्चाष्टादशप्रकाशे वक्ष्यते। यन्त्रसङ्केतस्य निरूपणार्थमेतत्प्रकाशारम्भः। सङ्केतपदार्थञ्च व्याख्यातो योगिनीहृदयटीकायाममृतानन्दनाथेन—'सङ्केतवत् सङ्केतकः, यथा कृतसमयौ कामिनीकामुकौ यत्र क्वापि वसत एवमस्मिन् शिवादिति'। एवञ्च भगवती कामकलात्मिका श्रीमत्त्रिपुरादेवी भगवता कामेश्वरेणात्र चक्रे वसतीति सङ्केतपदादवगम्यते।

पिछले अध्याय (प्रकाश) में अन्तर्याग-विधि का सांगोपांग निरूपण करने के बाद अब बहिर्याग-विधान के प्रसंग में सर्वप्रथम 'यन्त्र-संकेत' बताया जा रहा है; क्योंकि 'योगिनी-हृदय' नामक ग्रन्थ में कहा गया है कि यन्त्र-संकेत, मन्त्र-संकेत और पूजा-संकेत को भली-भाँति हृदयङ्गम कर लेने के बाद ही सिद्धिकामी साधक को त्रिपुरा-साधना में प्रवृत्त होना चाहिए। 'यन्त्र-संकेत' का अर्थ है—यन्त्र की रूपरेखा अर्थात् स्वरूप, यन्त्र-निर्माण की विधि, यन्त्र में पूजित परिवार-देवताओं का विवरण तथा यन्त्र का आध्यात्मिक एवं पारमार्थिक रहस्य। उपर्युक्त श्लोक-वाक्य 'यन्त्र-संकेत'-निरूपण का प्रतिज्ञावाक्य है।।१।।

[यन्त्रपदव्युत्पत्ति:]

यमयत्यखिलं पापं त्रायते महतो भयात्।
साधकं पूजनाद्ध्यानात्तस्माद्यन्त्र: प्रकीर्त्त्यते।।२।।
अत: शरीरं यन्त्रञ्च मन्त्रं ज्ञानमण्डितम्।।३।।

यन्त्रपदव्युत्पत्तिमाह—**यमयतीत्यादिना।** एतेन पातकनियन्तृत्वाद् भयत्राण-कर्त्तृत्वाच्चास्य यन्त्रसंज्ञा। तन्त्रसारे तु—

कामक्रोधादिदोषोत्थ-सर्वदु:खनियन्त्रणात्।
यन्त्रमित्याहुरेतस्मिन् देव: प्रीणाति पूजित:।
तथा—दु:खनियन्त्रणाद् यन्त्रमित्याहुस्तन्त्रवेदिन:।।

इति यन्त्रपदव्युत्पत्ति: प्रदर्शिता।

यन्त्रस्य देवीशरीररूपत्वमभिधत्ते—**अत इत्यादिना।** अत: प्रागुक्ताखिलपाप-नियन्तृत्वादिगुणकत्वाद् यन्त्रं देव्या: शरीरमित्यर्थ:। ननु यन्त्रं देव्या: शरीरं चेत् किं तत्र ज्ञानमित्यत आह—**मन्त्रं ज्ञानमिति।** जन्यज्ञानव्यावर्त्तनाय अखण्डितमिति, नित्य-मित्यर्थ:। अत एव गन्धर्वतन्त्रे चतुर्थपटले श्रीचक्रनिर्माणपरिपाटीमभिधाय—

एवमेतन्महाचक्रं महाश्रीत्रिपुरामयम्।
यन्त्रं शरीरमित्याहुर्मन्त्रं ज्ञानमखण्डितम्।।

इत्यनेनायमेवार्थो व्यक्तमुक्त:।

'यन्त्र' पद की व्युत्पत्ति को स्पष्ट करते हुए ग्रन्थकार कहते हैं कि देवता का वह विग्रह, जो ध्यान और पूजन किये जाने पर साधक के सभी पापों का शमनपूर्वक नियन्त्रण तथा सर्वविध विघ्नों और आपदाओं से उसकी (साधक की) रक्षा करता है, उसे यन्त्र कहते हैं। यन्त्र-देवता का ज्यामितीय विग्रह है तो मन्त्र है—देवता का अखण्डित ज्ञान-विग्रह।।२-३।।

विमर्श—तन्त्रान्तर में कहा गया है कि 'वाचक और वाच्य की तरह मन्त्र और देवता में अभेद है। मन्त्र वाचक है और देवता वाच्य है। मन्त्र देवता का विग्रह है और यन्त्र मन्त्रमय अर्थात् देवतामय होता है; अत: यन्त्र और देवता का सम्बन्ध देह और आत्मा के समान है। इसी बात को और स्पष्ट करते हुए ग्रन्थकार कहते हैं—

[शरीरस्य त्रैविध्यम्]

शरीरं त्रिविधं प्राहुर्भौतिकञ्च मनोमयम्।
परं ज्ञानमयं नित्यं यदनाशि निरन्तरम्।।४।।

देवीशरीरस्य त्रैविध्यं दर्शयति—**शरीरमित्यादिना।** भौतिकं मनोमयं ज्ञान-मयञ्चेति त्रिविधं शरीरमित्यर्थ:। तत्र ज्ञानमयशरीरस्य विशेषमाह—**परमिति।** निरुक्तशरीरेषु ज्ञानमयं शरीरं परं श्रेष्ठमित्यर्थ:। श्रेष्ठत्वे हेतुमाह—**नित्यमित्यादिना।**

नित्यम् उत्पत्तिरहितम् अनाशि विनाशरहितञ्च। नित्यमित्यनेनैवोत्पत्तिविनाशराहित्यार्थावगमसम्भवेऽपि अविनाशीति पुनरुपादानादत्र नित्यपदेनोत्पत्तिरहितत्वमात्रं विवक्षितमिति बोध्यम्। फलितमाह—**निरन्तरमिति**। कालत्रयावच्छेदेन वर्त्तमानमित्यर्थ:।

जिस तरह मनुष्य के तीन शरीर होते हैं, उसी तरह देवता के भी तीन शरीर हैं; यथा—(१) भौतिक शरीर, (२) मनोमय शरीर और (३) ज्ञानमय शरीर। इन तीनों शरीरों में ज्ञानमय शरीर देवता का नित्य शरीर है, इसकी कभी भी नाश नहीं होता; अत: वह देवता का सर्वश्रेष्ठ शरीर है।।४।।

[तत्स्वरूपम्]

मुद्रा भौतिकमित्याहुर्यन्त्रं विद्धि मनोमयम्।
मन्त्रं ज्ञानमयं प्राहुरेवं त्रिधा वपुर्भवेत्।।५।।

क्रमेणैतेषां स्वरूपं निर्वक्ति—**मुद्रेत्यादिना**। तथाच मुद्रा भौतिकं शरीरम्, यन्त्रो मनोमयशरीरम्, मन्त्रं ज्ञानमयशरीरमिति त्रिविधं शरीरमित्यर्थ:।

देवता का अर्चन करते समय दोनों हाथों की अंगुलियों से विभिन्न प्रकार की जो संरचनायें और आकृतियाँ बनाई जाती हैं, उन्हें 'मुद्रा' कहते हैं। ये मुद्रायें ही देवता की भौतिक काया अर्थात् भौतिक शरीर हैं। जिस ज्यामितीय आकृति पर देवता का अर्चन किया जाता है, उसे यन्त्र कहते हैं। यह यन्त्र ही देवता का मनोमय शरीर है। देवता का मन्त्र ही उसका ज्ञानमय अर्थात् ब्रह्मरूप विग्रह है।।५।।

विमर्श—तन्त्रोपदिष्ट साधन-विधान में परदेवता के रूप में 'चित्-शक्ति' की पूजा की जाती है और दोनों हाथों की अंगुलियों से बनाई जाने वाली मुद्रायें परदेवतारूपी 'चित्-शक्ति' की भौतिक काया हैं। 'योगिनी तन्त्र' में भी कहा गया है—

चिदात्मभित्तौ विश्वस्य प्रकाशामर्शने यदा।
करोति स्वेच्छया पूर्णविचिकीर्षासमन्विता।।
क्रियाशक्तिस्तु विश्वस्य मोदनात् द्रावणात् तथा,
मुद्रेति कथिता देवि! ------------------------------

अन्यत्र भी कहा गया है—'यदा विमर्शशक्ति: विश्वरूपेण विहर्तुमिच्छति, तदा क्रियाशक्तिर्भूत्वा विश्वस्य परचिदानन्दलक्षणेन मोदमानेन तदैकरस्यलक्षणेन द्रावणेन च मुद्राख्यामापन्नेत्यर्थ ---------।'

तात्पर्य यह कि भगवती त्रिपुरेश्वरी जब विश्व का उन्मीलन करने की इच्छा करती हैं तब उनका स्वरूप क्रियात्मक हो जाता है। इस क्रियात्मिका चित् शक्ति के द्वारा विश्व की विचीकीर्षा काल में अनुमोदन और द्रावणरूप से व्यापार (क्रियायें) किये जाते हैं। अनुमोदन का अर्थ है—विश्व की उत्पत्ति एवं संवर्धन के प्रति अनुकूलता या अनुग्रहभाव। 'द्रावण' का अर्थ है—महाप्रलय की अवस्था में चित्

तत्त्व में लीन घनीभूत विश्व के घनत्व में विशरण का आपादन, जिससे सावयव प्रपञ्च के रूप में उसका फिर से उन्मीलन हो सके। इस अनुमोदन और द्रावण व्यापार के कारण क्रियात्मिका चित् ही मुद्रा है।

शारदातिलक (२६/१०६ की टीका) में कहा गया है कि हाथों की अंगुलियाँ पञ्च महाभूत की प्रतीक हैं। अंगूठा आकाश का, तर्जनी वायु की, मध्यमा अग्नि की, अनामिका जल की तथा कनिष्ठा भूमि की भौतिक प्रतिकृति हैं। अत: पञ्च महाभूतों की स्वरूपभूता अंगुलियों के परस्पर संघटन से निर्मित 'मुद्रा' को क्रियात्मिका, चित्-शक्ति का भौतिक शरीर कहना सर्वथा बोधगम्य तथ्य है।

अत्रापि मानसध्वंसे भौतिकं नास्ति निश्चितम्।
विनाशि स्याद्द्वयं तस्मादेकं सत्यमिति स्थितम्।।६।।

मनुष्य के तीनों शरीरों की तरह देवता के इन तीनों शरीरों में यद्यपि परस्पर घनिष्ठ सम्बन्ध है, तथापि इनमें से भौतिक और मनोमय शरीर नश्वर और विनाशी है। मनोमय शरीर का नाश हो जाने पर भौतिक शरीर का भी नाश हो जाता है; लेकिन ब्रह्मरूप ज्ञानमय शरीर का कभी नाश नहीं होता। अविनाशी होने के कारण वह चिरसत्य है।।६।।

आद्यन्तमध्यशून्यत्वान्न किञ्चिन्नानुपश्यति।
केनापि जायते नैतत् सूतो ज्ञानमयं यतः।।७।।

चिर-अविनाशी होने के कारण इस विशुद्धतम ज्ञानमय शरीर का न तो कोई आदि है और न अन्त है और न ही मध्य है। अद्वय एवं सनातन होने के कारण यह स्वयम्भू है, इसका कोई जनक नहीं है।।७।।

न दृष्टं न श्रुतं कश्चित्ततो भावा भवन्ति हि।
दृश्यन्ते तत्र कायानिवेह नाना पृथग्विधाः।।८।।

यह ज्ञानमय शरीर न तो हृदय है और न श्रुत है। न तो इसे देखा जा सकता और न कानों से सुना जा सकता है। इस ज्ञानमय शब्दरूप शरीर से नाना प्रकार के शरीर तथा विभिन्न-विभिन्न आकृतियों वाले भावों अर्थात् अर्थ-सृष्टि की उत्पत्ति होती है और यह भाव (अर्थ) सृष्टि इसी में परिदृश्य होती है।।८।।

अधोऽधस्ते स्थूलरूपाः सूक्ष्माश्चैवोत्तरोत्तरम्।
नानावर्णाकृतिभिदा नानाजातिसमाश्रयाः।
प्रतिष्ठितार्थाः सर्वेषां लीयन्ते तत्र सर्वशः।।९।।

भाव-सृष्टि वाले ये दृश्यमान शरीर, जो निम्न से निम्न, सूक्ष्म से सूक्ष्म तथा स्थूल से स्थूलतर होते हैं, इसी ज्ञानमय शरीर में ही प्रतिष्ठित होते हैं। दूसरे शब्दों

में भावरूप अर्थ-सृष्टि इस ज्ञानमयी शब्दसृष्टि पर आश्रित है और इसी से उत्पन्न होकर इसी में प्रतिष्ठित है। यह भावसृष्टि उत्पन्न होने के बाद जितने समय तक विद्यमान और दृश्यमान रहती है, तब तक संसार का स्थिति-काल रहता है। प्रलय होते ही यह भाव-सृष्टि (अर्थ-सृष्टि) इस ज्ञानरूप शब्द-सृष्टि में तिरोहित होकर विलीन हो जाती है। प्रलय के बाद भी देवता का यह ज्ञानमय वपु अवशिष्ट रहता है। इसका नाश नहीं होता।।९।।

[पूर्वप्रतिज्ञातमुद्रास्वरूपम्]

अथ मुद्राशरीरञ्च वक्ष्यामि परमाद्भुतम्।।१०।।
योनिरूपा महामुद्रा शरीरमिति कीर्त्यते।
संक्षोभण्यास्त्रिखण्डान्ता नवाङ्गानि प्रकीर्तिताः।।११।।

पूर्वोद्दिष्टेषु मुद्राशरीरं वक्तुं प्रतिजानीते—**अथेत्यादिना**। मुद्राशरीरं निरूपयन् मुद्राणामङ्गाङ्गिभावं दर्शयति—**योनिरूपेत्यादिना**। तत्र योनिमुद्रायास्त्रैलोक्योत्पत्ति-मातृकारूपतया प्राधान्यादङ्गित्वम् अत एव महामुद्रेत्युक्तम्। शरीरमिति अङ्गीत्यर्थः। अथाङ्गभूता मुद्रा उद्दिशति—**संक्षोभण्या इत्यादिना**। ताश्च सर्वसंक्षोभणी-सर्वविद्राविणी-सर्वाकर्षिणी-सर्ववश्यकरी-सर्वोन्मादिनी-महाङ्कुशा-खेचरी-बीज-त्रिखण्डाख्या नव। एवञ्चाङ्गाङ्गिभावेनावस्थितं मुद्रादशकमेव मुद्राशरीरमिति वक्तुराशयः। मुद्राणामेतासां स्वरूपाणि तु अष्टादशपटले वक्ष्यन्ते।

देवता के ज्ञानमय सनातन शरीर का निरूपण करने के बाद अब देवता के परम-अद्भुत मुद्रा-शरीर के बारे में बताया जा रहा है। देवी त्रिपुरा के प्रसंग में 'योनि-मुद्रा' शरीर और 'महामुद्रा' है। शरीर का अर्थ है—'अङ्गी'। तीनों लोकों की उत्पत्ति की मातृ-स्वरूपा होने के कारण 'योनिमुद्रा' महामुद्रा और अंगी मुद्रा है। संक्षोभिणी आदि नौ मुद्रायें 'अंग' मुद्रायें हैं। ये नौ मुद्रायें हैं—(१) सर्वसंक्षोभिणी, (२) सर्वविद्राविणी, (३) सर्वाकर्षिणी, (४) सर्ववशंकरी, (५) सर्वोन्मादिनी, (६) सर्व-महांकुशा, (७) खेचरी, (८) बीज और (९) त्रिखण्डा।।१०-११।।

विमर्श—ब्रह्मविद्या श्रीविद्या की अंगभूता होने के कारण ये संक्षोभिणी आदि मुद्रायें ज्ञान के एक विशिष्ट स्वरूप या भूमिका की प्रकाशिका हैं। 'श्रीविद्या-सपर्या-वासना' नामक तमिल ग्रन्थ में इन मुद्राओं का निम्नलिखित अर्थ बताया गया है—

(१) **सर्वसंक्षोभिणी मुद्रा**—चित् शक्ति के ऊपर अध्यासित माया द्वारा जगत् की उत्पत्ति।

(२) **सर्वविद्राविणी मुद्रा**—संसार का रक्षण अर्थात् पञ्चेन्द्रियों द्वारा जगत् का उपभोग।

(३) **सर्वाकर्षिणी मुद्रा**—सूक्ष्म वासनायें अथवा इस प्रकार के उपभोग के अनन्तर 'मन' में स्थित 'संस्कार'।

(४) **सर्ववशङ्करी मुद्रा**—सुख और दुःख के रूप में इन्द्रिय और मन के द्वारा अनुभूत विषयों का परमात्मा में विलोपन।

(५) **सर्वोन्मादिनी मुद्रा**—सांसारिक विषयों के दोष-परिज्ञान से मुक्त होकर उनकी (विषयों की) सम्पूर्ण क्रियाओं से रहित होना।

(६) **सर्वमहाङ्कुशा मुद्रा**—धारणा अथवा पूर्ण संयोगों से प्रायः विषय पर जाने वाले नियमित मन का अधिक नियन्त्रण।

(७) **खेचरी मुद्रा**—अखण्डाकार-वृत्ति।

(८) **सर्वबीजा मुद्रा**—संसार के उत्पादक, पालक तथा प्रकाशक आत्मा का ज्ञान।

(९) **सर्वयोनि मुद्रा**—जीव और ब्रह्म की एकता का प्रत्यक्ष अनुभव।

(१०) **सर्वत्रिखण्डा मुद्रा**—जीवन्मुक्ति दशा में जगत् को प्रकाश और विमर्श को प्रकृति तथा आनन्दमय अनुभव करना।

मुद्राविदों का कहना है कि चूँकि चित् शक्ति उपर्युक्त दश अवस्थाओं में से प्रत्येक अवस्था में विद्यमान है; अतः प्रत्येक अवस्था उचित (अनुकूल) ज्ञान को ग्रहण करती है। जब इस प्रकार से विरोधज्ञान में भेद पैदा करने वाली विशेषतायें भुला दी जाती हैं, तब शुद्धज्ञान अवशिष्ट रह जाता है। यह निर्विशेष ज्ञान है और यही परदेवता का स्वरूप है।

मुद्राओं के सर्वसंक्षोभिणी आदि नाम बताने के बाद मुद्रा को परिभाषित किया जा रहा है—

[मुद्रापदव्युत्पत्तिः]

आत्मानं मोदयत्येषा शान्तानन्दमयं द्रवम्।
जनयत्येव सा यस्मान्मुद्रा भूतमयं वपुः।।१२।।

आत्मानमिति। यस्मात् आत्मानं मोदयति शान्तानन्दमयं तमात्मानं द्रवं जनयति तस्माद् भूतमयं वपुर्मुद्रेत्युच्यत इति सम्बन्धः। तन्त्रसारे तु—

मोदनात् सर्वदेवानां द्रावणात् पापसन्ततेः।
तस्मान्मुद्रेति विख्याता मुनिभिस्तन्त्रवेदिभिः।।

इत्यन्यथा व्युत्पत्तिक्रम उक्तः।

जिससे आत्मा को मोद (प्रसन्नता) मिलता है तथा शान्त एवं प्रमुदित मानस में रस (द्रव) का संचार होकर भूतमय वपु का निर्माण होता है, वह मुद्रा है।।१२।।

विमर्श—तन्त्रग्रन्थों में मुद्रा की जितनी परिभाषायें दी गई हैं, उनमें यह परिभाषा सर्वाधिक विलक्षण और विचक्षण है। 'मुदं (प्रसन्नतां) राति ददतीति मुद्रा'—जो प्रसन्नता प्रदान करे, वह मुद्रा है। इन मुद्राओं से देवता और साधक, पूज्य और पूजक—दोनों को युगपत् रूप से प्रसन्नता होती है, प्रसन्नता से मन की कठोरता विगलित होती है और वह इष्ट-अर्चन में तन्मयतापूर्वक तल्लीन हो जाता है।

मुद्रा की व्युत्पत्ति बताने के बाद यन्त्र (श्रीचक्र) के लेखन की औपचारिकताओं तथा प्रविधियों का निरूपण अगले श्लोकों में किया गया है।

[यन्त्रनिर्माणाधारोपकरणादिनिर्णयः]

गोमयेन च संलिप्ते भूप्रदेशे मनोरमे।
सिन्दूररजसा वाऽपि रजोभिः कुङ्कुमस्य वा।।१३।।
यन्त्रराजं लिखेन्मन्त्री स्वर्णरत्नशलाकया।
पुष्पेण विलिखेद् वाऽपि बिल्वस्य कण्टकेन वा।।१४।।

अथ श्रीचक्रनिर्माणाधारोपकरणादिकमभिधत्ते—गोमयेनेत्यादिना '**यन्त्रराजं समुद्धरेदि**'त्यन्तेन। अन्यच्चाह गन्धर्वतन्त्रे चतुर्थपटले—

ततः प्राङ्मुख आसीनश्चक्रोद्धारं समारभेत्।
हेमरूपादिताम्राणां पट्टे वाऽतिमनोहरे।।
चतुरस्त्रे समे शुद्धे मध्योच्छूनविभूषिते।
युग्माङ्गमिलितं देवि पट्टस्येह समीरितम्।।
अथवा परमेशानि भूमौ चक्रं समालिखेत्।
हस्तमात्रमिते शुद्धे गोमयेनोपलेपिते।।
सिन्दूररजसा तत्र कुङ्कुमेनाथवा प्रिये।
आलिखेच्चक्रराजञ्च लेखन्या हैमया तथा।।
अथवा कुशमूलेन दर्भपाणिः समाहितः।
नेत्ररम्यं यथा चक्रं तथा कुर्यात् विचक्षणः।। इति।

ज्ञानार्णवे दशमपटलेऽपि—

श्रीचक्रन्तु वरारोहे श्रीविद्यावर्णसम्भवम्।
तत्र प्राङ्मुख आसीनश्चक्रराजं समालिखेत्।
भूप्रदेशे समे वर्ये सिन्दूररजसाऽथवा।
कुङ्कुमस्य रजोभिस्तु भूमौ चक्रं समालिखेत्।
ऋजुरेखं नेत्ररम्यं सन्धिभेदसमम् ऋजु।
अथवा हेमरौप्याभ्यां ताम्रेण बहुधातुभिः।

पट्टं विरच्य श्रीखण्डरक्तचन्दनसम्भवे।
पट्टे संस्थाप्य विलिखेल्लेखन्या हैमया प्रिये।
रोचनाकुङ्कुमाभ्यान्तु कस्तूरीचन्दनेन्दुभिः। इति।

एवमन्यानि च प्रमाणानि कौलावलीनिर्णयतृतीयपटलादावनुसन्धेयानि।

गोमय (गोबर) से लीपी गई सुन्दर, समतल और चिकनी भूमि पर स्वर्ण या रत्न की सलाई अथवा बेल के काँटे या फूल के डण्ठल से सिन्दूर अथवा कुंकुम-चूर्ण के द्रव से श्रीयन्त्र का अंकन किया जाय॥१३-१४॥

[तत्र कल्पान्तरम्]

अथवा हेमरजतताम्रदर्पणभूर्जके।
श्रीखण्डसम्भवे पीठे रक्तचन्दनसम्भवे।।१५।।
गण्डकीभवपाषाणे पदे वा रुचिपीठके।
रोचनाकुङ्कुमाभ्यान्तु चन्दनेन कुलोद्भवैः।।१६।।
इन्दुकस्तूरिकाभिश्च यन्त्रराजं समुद्धरेत्।
चतुरस्रं समारभ्य नवचक्राण्यनुक्रमात्।।१७।।

नवचक्राण्यनुक्रमादिति। नवचक्राणि त्रैलोक्यमोहनादीनि सर्वानन्दमयान्तानि। तानि चाग्रे विशिष्य वक्ष्यन्ते।

श्रीयन्त्र-अंकन के अन्य वैकल्पिक आधार भी हैं। हेम (स्वर्ण), रजत (चाँदी) या ताम्र (ताँबे) की समतल और सुचिक्कण प्लेट पर, भोजपत्र पर, श्रीपर्णी अथवा लाल चन्दन के पीठ पर, गण्डकी नदी के पाषाण पर (शालिग्राम पर) गोरोचन और कुंकुम से, चन्दन से, कुलोद्भूत द्रव से, इन्दु (कपूर) तथा कस्तूरी से, चतुरस्र से प्रारम्भ कर क्रम-क्रम से नौ चक्र खींचकर श्रीयन्त्र का अंकन किया जाय॥१५-१७॥

[चक्रस्य क्रमेणोन्नतमध्यत्वे फलभेदाः]

उन्नतादुन्नतं मध्यं चक्रं स्यान्निर्धनो धनी।
त्रित्रिक्रमादुन्नतं तत् पूजयित्वा श्रियं लभेत्।।१८।।
एकद्वित्रिक्रमाच्चैव श्रियै कीर्त्त्यै च कल्पते।
नवानि समरूपाणि सर्वतोऽभीष्टसिद्धये।।१९।।

उन्नतादुन्नतमिति। त्रैलोक्यमोहनचक्रतः सर्वानन्दमयचक्रं यावत् क्रमेण यथोन्नतिः स्यात्तथा चक्रं रचयेदिति फलितार्थः। तत्फलमाह—**निर्धन इति।** एवं कृते निर्धनोऽपि साधको धनवान् भवेदित्यर्थः। **त्रित्रीति।** प्रथमात् त्रैलोक्यमोहनचक्राद् द्वितीयं सर्वाशापरिपूरकं चक्रं त्रिगुणोन्नतम्, सर्वसंक्षोभणाख्यं तृतीयं ततस्त्रिगुणोन्नतम्, सर्वसौभाग्यदायकाख्यं चतुर्थं ततस्त्रिगुणोन्नतमित्येवंक्रमेण यदि औन्नत्यं विदधीत तर्हि तच्चक्रं पूजयित्वा श्रियं लभेदित्यर्थः। **एकद्वित्रीति।** प्रागुक्तक्रमोन्नतिपरिपाट्यां

प्रथमस्यैकगुणत्वं द्वितीयस्य पूर्वतो द्विगुणत्वं ततस्तृतीयस्य पूर्वतस्त्रिगुणत्वं एवं क्रमेण चतुर्थादिचक्राणां क्रमेणौन्नत्ये श्रीकीर्त्तिसाधकत्वं यन्त्रस्येत्यर्थ:। नवानीति। नवानां तुल्यौन्नत्येऽभीष्टसम्पादकत्वं चक्रस्येत्यर्थ:।

रचना-भेद से श्रीचक्र के तीन प्रकार हैं—(१) भूपृष्ठ, (२) कूर्मपृष्ठ और (३) मेरुपृष्ठ। पिछले श्लोकों में भू-पृष्ठ यन्त्र के अंकन का आधार बताया गया है। मेरुपृष्ठ यन्त्र में चक्रों की रचना एक के ऊपर एक के क्रम से की जाती है। अत: चक्रों के मध्य परस्पर ऊँचाई का ध्यान रखा जाना आवश्यक है। प्रथम त्रैलोक्य-मोहन चक्र से दूसरा सर्वाशापूरक चक्र तीन गुना, तृतीय सर्वसंक्षोभण चक्र उससे तीन गुना, चौथा सर्वसौभाग्यप्रद चक्र उससे तीन गुना तथा शेष अन्य चक्र इसी क्रम से ऊँचे बनाये जायँ। दूसरा विकल्प यह है कि प्रथम चक्र एकगुना, दूसरा चक्र पहिले से दोगुना, तीसरा चक्र तीनगुना तथा अन्य चक्र इसी क्रम से ऊँचे बनाये जायँ। तीसरा विकल्प यह है कि सभी चक्र एक-दूसरे से समरूप से ऊँचे बनाये जायँ। इस प्रकार यथा-निर्धारित मान से चक्रों की स्थापना करके बनाये गये श्रीयन्त्र की पूजा करने से श्री, समृद्धि और सिद्धि प्राप्त होती है॥१८-१९॥

[श्रीचक्रनिर्माणस्थापनपूजनप्रशस्ति:]

कृत्वा श्रीचक्रनिर्माणं स्थापयेत् पूजयेदपि।
लक्ष्मीकान्तियश:पुत्रधनारोग्यादिसिद्धये ॥२०॥
सीसकांस्यादिषु कृतं पूर्वोक्तविपरीतकृत्॥२१॥

पूर्वेति। पूर्वोक्तविपरीतकृत् लक्ष्मीकान्त्यादिविनाशकृदित्यर्थ:।

श्रीचक्र का यथाविधि अंकन या निर्माण करके उसकी प्रतिष्ठा और पूजन किये जाने से धन-सम्पत्ति, यश एवं लोकप्रतिष्ठा, शारीरिक-आरोग्य, पुत्र-पौत्र आदि सन्तति तथा मनचाही अन्य मुरादें मिलती हैं। श्रीचक्र-अंकन के लिये सीसा (राँगा) तथा काँसा सर्वथा अग्राह्य हैं। इन पर श्रीयन्त्र का निर्माण करके पूजन करने से विपरीत फल मिलता है॥२०-२१॥

[यन्त्रमन्त्रदेवतानामभेद:]

यन्त्रं मन्त्रमयं प्रोक्तं मन्त्रात्मा देवतेति च।
पुरा भगवता प्रोक्तं तन्त्रे सम्मोहनाख्यके।
देहात्मनोर्यथाऽभेदोऽयन्त्रदेवतयोस्तथा ॥२२॥

सम्मोहन तन्त्र में भगवान् शिव ने कहा है कि देवता का पूजन यन्त्र-मन्त्रमय होता है अर्थात् पूजन यन्त्र में देवता के मन्त्र का वास होता है और मन्त्र है—देवता की आत्मा। अत: यन्त्र और देवता के बीच परस्पर शरीर और आत्मा की तरह घनिष्ठ सम्बन्ध होता है॥२२॥

[यन्त्रं विना पूजने दोषः]

अथ पीठे महायन्त्रं लिखित्वा पूजयेद् बुधः।
विना यन्त्रेण चेत् पूजा देवता न प्रसीदति।।२३।।

विना यन्त्रेणेति। स्पष्टम्। अत्रैतदवधेयम्—प्रशस्तमपीदं यन्त्रनिर्माणं देवतायाः पुरतो न कर्त्तव्यम्, 'देहात्मनोर्यथाऽभेदो यन्त्रदेवतयोस्तथे'ति पूर्ववचनेन यन्त्रदेवतयोर-भेदोक्तेरुभयोरेव तुल्यतया पूज्यत्वेन देवतापूजया यन्त्रपूजायाः सिद्धेरसम्भवात् । एतदभिप्रायेणैव मातृकाभेदतन्त्रे द्वादशपटले—

शालग्रामे च पूजायां न लिखेत् यन्त्रमुत्तमम्।
प्रतिमायाञ्च पूजायां न लिखेद् यन्त्रमुत्तमम्।।

इत्युक्तम् । प्रमादतः कृते तु पूजनादिकं द्विगुणमनुष्ठेयम्, तदुक्तं तत्रैव—

महायन्त्रन्तु देवेशि यदि कुर्याच्च साधकः।
तत्र मूर्त्तिं न कुर्याच्च कदाचिदपि मोहतः।।
यदि मूर्त्तिं प्रकुर्यात्तु तत्र यन्त्रं न कारयेत्।
यदि कुर्यात्तु मोहेन यजेद् वारद्वयं प्रिये।।
द्विगुणं पूजने तत्र द्विगुणं बलिदानकम्।
द्विगुणं प्रजपेन्मन्त्रं द्विगुणं होमयेत् सुधीः।।
अन्यथा विफला पूजा विफलं बलिदानकम्।
सर्वं हि विफलं यस्मात्तस्माद् यन्त्रं न कारयेत्।। इति।

अतएव यथाविहित पीठ (आधार) पर यन्त्र का अंकन (निर्माण) करके उस पर देवता का अर्चन किया जाय। चूँकि यन्त्र इष्टदेवता का शरीर-स्वरूप है, अतः यन्त्र के बिना पूजा किये जाने पर देवता प्रसन्न नहीं होता। दूसरी बात यह है कि यन्त्र पर ही इष्टदेवता का उनके आवरण और परिवारदेवताओं के साथ यथाक्रम और यथाविधि अर्चन करना सुगम और सुविधाजनक होता है।।२३।।

[रात्रौ यन्त्रनिर्माणनिषेधः]

न रात्रावङ्कयेद् यन्त्रं साधकस्तु कदाचन।
प्रमादादङ्किते यन्त्रे शापो भवति तत्क्षणात्।।२४।।

मनोरथ-सिद्धि के लिये जहाँ यन्त्रार्चन सर्वाधिक प्रशस्त है, वहीं इसमें सावधानी बरतना भी आवश्यक है। पहिली सावधानी तो यह है कि रात्रि के समय यन्त्र का अंकन (निर्माण) नहीं किया जाय। यदि प्रमादवश कोई ऐसा करता है तो उसे उसी क्षण देवता का शाप लगता है।।१२४।।

विमर्श—इसी तरह कतिपय अन्य सावधानियाँ भी हैं—

(१) मण्डूक आदि पीठदेवताओं तथा इष्टदेवता की पीठशक्तियों की स्थापना और अर्चन के बाद ही देवता का आवाहनपूर्वक अर्चन किया जाय।

(२) एक पीठ पर एक ही देवता के यन्त्र को स्थापित किया जाय और जो यन्त्र जिस देवता का है, उस पर उसकी ही पूजा की जाय।

(३) पूजन के समय यन्त्र पर हाथ नहीं घुमाया जाय। यन्त्र को पुष्पों से आच्छादित रखें।

(४) देवता की प्रतिमा और यन्त्र—दोनों को एक साथ स्थापित न करें। यदि यन्त्र और प्रतिमा एक साथ स्थापित हैं तो दूनी पूजा करें। जितनी पूजा यन्त्र पर की गई है, उतनी ही पूजा प्रतिमा की भी की जाय।

(५) स्थायी रूप से प्राण प्रतिष्ठित यन्त्र को पूजा के बाद अनावृत्त नहीं रखा जाय। यन्त्र के मध्य में हीरा, पन्ना, मोती, पुखराज आदि कोई रत्न रखकर उसे आकर्षक एवं पवित्र वस्त्र से आच्छादित कर दें।

[तत्र यन्त्रपुष्पे पूजनोपदेशः]

भावचूडामणिमते तत्र पुष्पे प्रपूजयेत्।
यत्रापराजितापुष्पं जवापुष्पञ्च भैरव।।२५।।
करवीरे रक्तशुक्ले द्रोणं वा यत्र तिष्ठति।
तत्र देवी वसेन्नित्यं तद्यन्त्रे पूजनं मम।।२६।।

अपराजिता, जवा, करवीर तथा द्रोणपुष्प में देवी का नित्य वास है। भावचूड़ामणि का मत है कि यन्त्र या प्रतिमा का अभाव होने पर इनमें से किसी भी पुष्प में देवी की पूजा की जा सकती है।।२५-२६।।

श्रीयन्त्र-अंकन की विधि—देवता और यन्त्र के परस्पर सम्बन्धों का निरूपण करने के बाद अगले ११ श्लोकों में श्रीयन्त्र-अंकन की विधि बताई गई है। चूँकि इन श्लोकों के अनुवाद को पढ़कर श्रीयन्त्र बनाना अत्यन्त कठिन है, अतः इन श्लोकों का भाव लेकर आधुनिक शैली में श्रीयन्त्र-अंकन की विधि स्पष्ट की जा रही है।

श्री श्रीयन्त्र में एक (१) मूल त्रिकोण-सहित ८, १०, १० और १४ के क्रम से कुल ४३ त्रिकोण तथा आठ और सोलह के क्रम से कुल २४ (चौबीस) कमलदल, त्रिवृत्त और भूपुरत्रय होते हैं।

[श्रीचक्रनिर्माणपरिपाटी तत्र त्रिकोणमष्टकोणञ्च]

त्रिकोणं विलिखेदादौ तन्मध्याच्च त्रिकोणकम्।।२७।।
पूर्वशक्त्यग्रभागे तु मानयष्टिवदालिखेत्।।२८।।
सन्धिभेदक्रमेणैव तयोः शक्त्योस्ततः परम्।
रेखे आकृष्य कोणाभ्यां तदग्रे पूर्वगे गुरुः।।२९।।
एतत्त्रयात्मकेनैव नवकोणं प्रजायते।

अथ श्रीचक्रनिर्माणक्रममुपदिशति—**त्रिकोणमित्यादिना चतुर्द्वारं तथैव चेत्यन्तेन**। तत्र त्रिकोणान्तर्वर्त्तिनो बिन्दुचक्रस्य सर्वानन्दमयाख्यस्य निर्माणे विशेषाभावात् तदुपेक्ष्य त्रिकोणादिभूपुरान्तानामष्टानां निर्माणपरिपाटीमभिदधानः प्रथमं त्रिकोणस्य सर्वसिद्धिप्रदचक्रस्य तद्बहिरष्टकोणस्य सर्वरोगहरचक्रस्य च निर्माणं युगपदाह—**त्रिकोणमित्यादिना नवकोणं प्रजायते इत्यन्तेन**। आदौ प्रतीच्यग्रमेकं त्रिकोणं लिखेत्। तन्मध्यात् निरुक्तत्रिकोणमध्यप्रदेशात् त्रिकोणकं प्रतीच्यग्रमन्यत्त्रिकोणमालिखेत्। एतत्त्रिकोणस्याग्रं पूर्वत्रिकोणस्य मध्यदेशे मूलन्तु तद्बहिरिति ज्ञेयम्। अनन्तरकरणीयमाह—**पूर्वशक्त्यग्रभाग इति**। शक्तिशब्देन त्रिकोणमुच्यते। ततश्च पूर्वशक्त्यग्रभागे मध्यत्रिकोणाग्रे मानयष्टिवत् दक्षिणोत्तरायतमानदण्डवत् दक्षिणोत्तरायतामेकां सरलरेखामालिखेत्। **सन्धीति**। ततः परं निरुक्तत्रिकोणद्वयमध्यत्रिकोणाग्रसरलरेखानिर्माणानन्तरं गुरुः तयोः शक्त्योः कोणाभ्यां रेखे रेखाद्वयमाकृष्य तदग्रे तयो रेखयोरग्रे अग्रद्वयं पूर्वगे पूर्वदिग्गामिनी कुर्यादिति शेषः। प्रागुक्तसरलरेखाया दक्षोत्तराभ्याम् अग्राभ्यां तत्सम्बद्धं पूर्वत्रिकोणद्वयसन्धिभेदि पूर्वाग्रं रेखाद्वयं विदधीतेत्यर्थः। एतेन प्रागग्रं त्रिकोणान्तरं प्राप्तम्। एवञ्च पश्चिमाग्रं त्रिकोणद्वयं पूर्वाग्रञ्चैकं त्रिकोणमेतेपाञ्च प्रागुक्तरीत्या विन्यासे मध्ये त्रिकोणमेकं सर्वसिद्धिप्रदाख्यं तद्बहिःकोणञ्च सर्वरोगहराख्यं भवतः। इत्यभिप्रायेणैव मूले नवकोणं प्रजायत इत्युक्तम्। गन्धर्वतन्त्रे पञ्चमपटलेऽपि—

प्रतीच्यग्रं लिखेदेकं त्रिकोणं तदुपर्यथ।
पूर्वत्रिकोणमध्याग्रं त्रिकोणान्तरमालिखेत्।।
अयं सन्धिद्वयं भित्त्वा प्रागग्रं विलिखेत् परम्।
त्रिकोणमध्यगं चक्रमष्टकोणं तथा भवेत्।।

इति वचने अष्टकोणपदस्य त्रिकोणमध्यगमिति विशेषणेन मध्ये त्रिकोणं तद्बहिरष्टकोणमिति स्फुटमवगम्यते।

अंकन की विधि—श्रीयन्त्र के अंकन की विधि को समझने के पूर्व कतिपय पारिभाषिक शब्दों को जान लेना आवश्यक है—

(१) **दिशा**—यन्त्र के शीर्ष भाग की ओर पूर्व तथा इसके नीचे की ओर पश्चिम दिशा होती है। साधक के दाहिने हाथ की ओर दक्षिण तथा बाँयें हाथ की ओर उत्तर दिशा होती है। ईशान-आग्नेय-नैर्ऋत्य और वायव्य कोणों की परिकल्पना तदनुसार कर लेनी चाहिए।



(२) **त्रिकोण और रेखायें**—

(क) अधोमुख त्रिकोण (∇) को शक्तित्रिकोण तथा अधोगामिनी रेखा को शक्तिरेखा कहते हैं।

(ख) ऊर्ध्वमुख त्रिकोण (∆) को शिवत्रिकोण तथा ऊर्ध्वगामी रेखा को शिव-रेखा कहते हैं।

(ग) ईशान से आग्नेय अथवा वायव्य से नैर्ऋत्य की ओर खींची जाने वाली (खड़ी) रेखाओं को तिर्यक् रेखा कहते हैं।

(घ) त्रिकोण के दाँयें या बाँयें हाथ की ओर जो रेखा होती है, उसे पार्श्व रेखा कहते हैं।

(३) **सन्धि और सन्धिभेद**—जिस बिन्दु पर दो रेखायें मिलती हैं, उसे सन्धि कहते हैं। इस सन्धि-बिन्दु को काटना सन्धिभेद है।

(४) **मर्म और ग्रन्थि**—जहाँ परस्पर तीन रेखायें मिलती हैं या काटती हैं, उसे मर्म कहते हैं। सन्धि और मर्म की अपर संज्ञा ग्रन्थि है।

सामान्य अर्घ्य की तरह विशेष अर्घ्य में यथाविधि आनन्दभैरव तथा आनन्दभैरवी का अर्चन करके उसमें 'कुलद्रव्यों' को डालकर आगे बताये गये पाँच मन्त्रों से उनका पूजन करें॥६४॥

[तत्र प्रथमो मन्त्रः]

अखण्डैकरसानन्दकरे परसुधात्मनि।
स्वच्छन्दस्फुरणामत्र निधेह्यकुलरूपिणि॥६५॥

मन्त्रपञ्चकमाह—**अखण्डैकेत्यादिना।** स्पष्टम्।

कुलद्रव्य-शोधन का यह प्रथम मन्त्र है। हे देवि! शिव-तादात्म्य का जो अखण्ड आनन्द सामरस्य है, तुम उसकी प्रतिमूर्ति हो। पारमेश्वर सद्भाव की सुधा तुम स्वयं हो। तुम कुलेश्वरी होते हुए भी अकुलरूपिणी हो। स्वच्छन्दभैरव भाव में स्पन्दमान शाक्त स्फूर्ति को इनमें भर दो॥६५॥

[द्वितीयः]

अकुलस्थामृताकारे शुद्धज्ञानकरे परे।
अमृतत्वं निधेह्यस्मिन् वस्तुनि क्लिन्नरूपिणि॥६६॥

कुलद्रव्य-शोधन का यह दूसरा मन्त्र है। अकुल (शिव) भाव में स्थित होने पर साधक को अमृतसागर में अवगाहन करने से जिस आनन्द की अनुभूति होती है, वह आनन्द तुम ही हो। तुम ही सिद्धियाँ प्रदान करती हो तथा चिर-शिवत्व का बोध कराती हो। तुम क्लिन्नरूपिणी हो। हे देवि! इन वस्तुओं में अमृतत्व भर दो॥६६॥

[तृतीयः]

तद्रूपेणैकवश्यञ्च कृत्वाऽस्यै तत्स्वरूपिणि।
भूत्वा परामृताकारं मयि विस्फुरणं कुरु॥६७॥

उसी भैरवी-भाव में ऐक्य रस के अमृत रस का अर्घ्य अर्पित करने की कृपा करो। हे सामरस्यमयी परमेश्वरि! तुम परामृताकार होकर मेरे स्वात्मभाव में चित् तत्त्व को स्फुरित करने की कृपा करो॥६७॥

[चतुर्थः]

वाग्भवं (प्लु?प्लू)मात्मञ्च झ्रौँ हूँ सस्ततः पठेत्।
अमृतेऽमृतोद्भवे प्रोच्य अथामृतेश्वरीति च।।६८।।
अमृतवर्षि(णी?णि) पदममृतं स्रावयद्वयम्।
वह्निजायां समुद्धृत्य मन्त्रमन्यं समुद्धरेत्।।६९।।

चतुर्थं मन्त्रमाह—वाग्भवमित्यादिना। वाग्भवं ऐँ, ततः प्लुं ? (प्लूं), ततः झ्रौँ हूं स इति। अधोधृतपाठान्तरानुसारेण तु 'झ्रौँ हूँ सः' इत्यत्र हसौ हंस इति लभ्यते। कौलावलीनिर्णयषष्ठपटलोक्तक्रमेण तु क्षौं जूं सं इति लभ्यते। गन्धर्वतन्त्रद्वादशपटलानुसारेण तु क्लीं सौरिति बीजद्वयम्। एवञ्च बहुधा पाठभेददर्शनात् संशयविषदिग्धहृदयैर्मूलोक्तमेव पाठमनुरुध्य मन्त्रोद्धारः क्रियतेऽस्माभिरिति क्षमतां भूतभावनो भगवान् भवानीपतिः। तथाच निरुक्तप्रमाणानुसारेण, ऐँ प्लुं ? (प्लूं) झ्रौँ हूं सः अमृतेऽमृतोद्भवे अमृतेश्वरि अमृतवर्षिणि अमृतं स्रावय स्रावय स्वाहेति मन्त्रः पर्यवस्यति। कौलावलीनिर्णये षष्ठपटले—

वाग्भवं पञ्चमं क्षौणीं वामश्रोत्रसमन्वितम्।
क्षौं जूं सं अमृतेऽमृतोद्भवेऽमृतेश्वरि।।
अमृतवर्षिणि प्रोच्य अमृतं स्रावयद्वयम्।
वह्निजायान्तमुच्चार्य चोद्धरेदपरन्ततः।। इति।

अत्र प्लूमिति षष्ठस्वरसंयोगदर्शनात् तदपि दर्शितम्।

वाग्भव (ऐं) फिर उसके बाद क्रम से प्लुं (प्लूं) 'झ्रूं' 'हूं' और 'सः' इन पाँच बीजों के आगे क्रमशः 'अमृते अमृतोद्भवे अमृतेश्वरि अमृतवर्षिणि तथा अमृतं' की योजना करें। इसके बाद दो बार 'स्रावय' और अन्त में 'स्वाहा' की योजना करने से अन्य अर्थात् चतुर्थ मन्त्र का उद्धार होता है। मन्त्र स्वरूप है—'ऐं प्लुं झ्रौं हूं सः अमृतेऽमृतोद्भवे अमृतेश्वरि अमृतवर्षिणि अमृतं स्रावय स्रावय स्वाहा।'

विमर्श—ग्रन्थ के संस्कृत टीकाकार के अनुसार इस मन्त्र के उक्त बीजाक्षरों और 'कौलावली-निर्णय' तथा 'गन्धर्व-तन्त्र' में बताये गये बीजों में अन्तर है। 'कौलावलीनिर्णय' में बताये गये बीज हैं—ऐं प्लूं क्षौं जूं सः।

गन्धर्व-तन्त्र (१३/६०) के अनुसार 'अमृते' के पूर्व केवल तीन बीजों (ऐं क्लीं सौः) की योजना की जानी चाहिए—

वाग्भवं कामबीजञ्च सर्गवान् मनुयुग् भृगुः।
तथामृते पदं ब्रूयात् पश्चादमृतोद्भवे तथा।।

कुलार्णव तन्त्र (षष्ठ उल्लास) में इसका मन्त्रोद्धार है—

वाग्भवं पार्श्वगं भूमि: पुष्टिरिन्दुसमन्वित:।
स्थितिश्च पावकानुग्रहार्थेन्दुसमलंकृता॥५३॥
स्थिरेन्धिकेन्दुसंयुक्ता श्वेताबिन्दुयुगान्विता।
तथामृतेपदं ब्रूयात् तत्पश्चादमृतोद्भवे॥५४॥

तदनुसार पाँच बीज हैं—वाग्भव बीज (ऐं), पार्श्वग: (प्), भूमि (ल), पुष्टि (ऊ), इन्दु (बिन्दु)। रूप निष्पन्न हुआ—प्लूं।

स्थिति (स), पावक (र्), अनुग्रह (औ), इन्दु (बिन्दु); रूप निष्पन्न हुआ—स्रौं।

स्थिरा (ज), इन्धिका (ऊ), इन्दु (बिन्दु) अर्थात् जूं।

श्वेता (स), बिन्दुयुग् अर्थात् विसर्ग। रूप बना—स:।

पाँच बीज बने—ऐं प्लूं स्रौं जूं स:। शेष भाग पूर्व मन्त्रवत्। मन्त्रस्वरूप—

ऐं प्लूं स्रौं जूं स: अमृते अमृतोद्भवे अमृतेश्वरि अमृतवर्षिणि अमृतं स्रावय स्रावय स्वाहा।

कुलार्णव में स्पष्ट रूप से इस मन्त्र को ३५ अक्षरों का बताया गया है—'अमृतेशी मनु: प्रोक्ता पञ्चत्रिंशदक्षरी॥५५॥

इस स्थिति में अपनी गुरुपरम्परा में प्रचलित मन्त्र का प्रयोग करना ही श्रेयस्कर है।

[पञ्चम:]

वाग्भवं वदवदस्यान्ते वाग्वादिनि च वाग्भवम्।
क्लिन्ने-क्लेदिनि-शब्दात्तु क्लेदयेति समुद्धरेत्॥७०॥
महाक्षोभं कुरुद्वन्द्वं कामं शक्तिं समुद्धरेत्।
मोक्षं कुरुयुगं प्रोच्य हसौ: स्थौस्तु समुद्धरेत्॥७१॥

पञ्चमं मन्त्रमाह—वाग्भवमित्यादिना। तथाच ऐँ वदवद वाग्वादिनि ऐँ क्लिन्ने क्लेदिनि क्लेदय महाक्षोभं कुरु कुरु क्लीं ह्रीं मोक्षं कुरु कुरु हसौ: स्थौ: इति मन्त्र: पर्यवस्यति। अत्र कौलावलीनिर्णयगन्धर्वतन्त्रयोस्तु विशेषो दृश्यते; यथा कौलावल्यां षष्ठपटले—

वाग्भवं वदयुग्मञ्च वाग्वादिनि तत: परम्।
वाङ्मन:पदमाभाष्य क्लिन्ने क्लेदिनि तत्परम्॥
क्लेदयद्वितयं महामोक्षं कुरुद्वयं वदेत्।
कामबीजं शक्तिबीजं मोक्षं कुरुद्वयं वदेत्।
प्रेतबीजं समुच्चार्य हसौर्नमस्तत: परम्॥ इति।

अत्र वाग्वादिनीत्यतः परं वाङ्मनःपदं क्लेदयेत्यस्य द्विरावृत्तिः, महाक्षोभम् इत्यत्र महामोक्षम्, हसौरित्यतः पूर्वं प्रेतबीजं स्थौरित्यत्र नम इति विशेषः। तथा गन्धर्वतन्त्रे द्वादशपटले—

वाग्भवं वदयुग्मञ्च वाग्वादिनि च वाग्भवम्।
कामबीजं क्लिन्नेत्युत्त्वा क्लेदिनि क्लेदयेति च।।
महाक्षोभं कुरुयुग्मं कामबीजमतः परम्।
तार्त्तीयं मोक्षमित्युत्त्वा कुरुयुग्मं वदेत्ततः।।
शक्तिबीजं पुनश्चान्ते सन्दीपनमनुः प्रिये। इति।

अत्र क्लेदयेत्यस्य द्विरावृत्तिर्नास्तीति मूलेन संवदति, क्लिन्ने इत्यतः पूर्वं वाग्भवाच्च परं कामबीजप्रयोग इत्येवमादयो विशेषाश्च दृश्यन्ते। तदेवं मन्त्रस्वरूपभेद-दर्शनात् स्वस्वगुरुसम्प्रदायानुसारेणैकतमः पक्षः समाश्रयणीय इति दिक्।

दीपनी मन्त्र—वाग्भव (ऐं) का दो बार उच्चारण करके 'वद वद वाग्वादिनि 'ऐं' कहें। कामराज (क्लीं) के बाद 'क्लिन्ने क्लेदिनि क्लेदय' 'महाक्षोभं' 'कुरु कुरु' 'क्लीं ह्रीं' 'मोक्षं' कुरु कुरु'—इन पदों की योजना करके अन्त में 'हसौ: स्थौ' लगाकर मन्त्र का उद्धार करें।।७०-७१।।

मन्त्रस्वरूप—ऐं वद वद वाग्भवादिनि ऐं क्लीं क्लिन्ने क्लेदिनि क्लेदय महाक्षोभं कुरु कुरु क्लीं ह्रीं मोक्षं कुरु कुरु हसौ: स्थौ।

विमर्श—अन्य तन्त्रग्रन्थों में बताये गये उक्त मन्त्र में कुछ अन्तर है। कौलावलीनिर्णय में 'क्लिन्ने' के पूर्व 'क्लीं' नहीं है। वहीं 'क्लेदय' की द्विरावृत्ति है। कौलावलीनिर्णय, गन्धर्वतन्त्र तथा कुलार्णवतन्त्र में 'महाक्षोभं' के स्थान पर 'महामोक्षं' है। उसी तरह मन्त्र के अन्त में 'हसौ: स्थौ:' के स्थान पर 'कौलावली-निर्णय' के अनुसार 'स्हौ ह्सौ: नम:' तथा 'गन्धर्वतन्त्र' के अनुसार केवल 'सौ:' बीज है। कुलार्णव के अनुसार मन्त्र के अन्त में 'प्रासाद-परा' (ह्सौ: स्हौ:) होना चाहिए। वहीं इस मन्त्र को सप्तत्रिंशदक्षरी (३७ अक्षरी) बताया गया है। इसी तरह तीनों मन्त्रग्रन्थों में 'क्लीं' और 'मोक्ष' के मध्य में 'ह्रीं' के स्थान पर 'सौ:' बताया गया है। मन्त्र में 'पाठभेद' के परिप्रेक्ष्य में अपनी-अपनी गुरुपरम्परा के अनुसार मन्त्र-प्रयोग करें।

[आवाहनादिक्रमः]

आवाहयेदर्घ्यमध्ये ध्यात्वा त्रिपुरसुन्दरीम्।
तालत्रयं ततो दत्त्वा तथाऽवगुण्ठनं चरेत्।।७२।।
धेन्वाख्ययाऽमृतीकृत्य दिग्बन्धनं शरेण तु।

[नवमुद्राप्रदर्शनम्]

मुद्राः सन्दर्शयेन्मन्त्री सर्वसंक्षोभणादिकाः।।७३।।

अवगुण्ठनमिति। अवगुण्ठनमुद्रामिति शेषः। अवगुण्ठनमुद्रा च पञ्चदशप्रकाशे (६७ श्लो०) टीकायां प्रदर्शिता।

धेन्वाख्येति। धेनुमुद्रयाऽमृतीकृत्य अर्घ्योदकममृतत्वं प्रापय्येत्यर्थः। धेनुमुद्राऽपि पञ्चदशप्रकाशे (६७ श्लो०) टीकायां प्रदर्शिता। **दिगिति।** शरेण फडित्यस्त्रमन्त्रेण दिग्बन्धनं कृत्वा, छोटिकाभिरिति शेषः। **मुद्रा इति।** सर्वसंक्षोभणादिका अस्मिन्नेव प्रकाशे वक्ष्यमाणा नव मुद्राः सन्दर्शयेदिति सम्बन्धः।

अर्घ्य में डाले गये कुलद्रव्यों का इस प्रकार शोधन करने के बाद भगवती महात्रिपुरसुन्दरी का ध्यान करके अर्घ्य द्रव्य में उनका आवाहन करें। छोटिका मुद्रा से तीन बार ताली बजाकर अवगुण्ठन मुद्रा दिखायें। धेनुमुद्रा से अमृतीकरण करके शर मन्त्र (फट्) से दिग्बन्धन करें। तत्पश्चात् संक्षोभिणी आदि नौ (९) मुद्रायें दिखायें।।७२-७३।।

इन मुद्राओं का सचित्र निरूपण इसी प्रकाश में श्लोकसंख्या २२५ आदि में किया गया है। अर्चन से सम्बन्धी अन्य आवश्यक मुद्रायें भी वहीं द्रष्टव्य हैं।

[त्रिकोणे बीजयोगार्चाप्रक्रिया]

त्रिकोणे हंसमन्त्रञ्च लिखेत् कामकलाक्षरम्।
तार्त्तीये श्रीगुरोर्बीजं नमोऽन्तं तत्र पूजयेत्।।७४।।

त्रिकोण के मध्य में कामकलाक्षर 'ईं' लिखें। इसे वृत्त से घेर दें। तत्पश्चात् उसके दाहिने ओर हंसमन्त्र का 'हं' और बाँयीं ओर हंसमन्त्र का दूसरा अक्षर 'सः' लिखें। गुरुबीजमन्त्र से नमःपूर्वक (हंसाय नमः) से इसका पूजन करें।।७४।।

विमर्श—यह क्रिया अन्य ग्रन्थों में नहीं मिलती और साथ ही यह क्रिया-विधान पूर्णतः स्पष्ट नहीं है।

[शङ्खमुद्राप्रदर्शनोपदेशः]

शङ्खमुद्रां प्रदर्श्याथ सकलीकरणं चरेत्।

शङ्खेति। शङ्खमुद्रां वक्ष्यमाणलक्षणाम्। सकलीकरणमपि वक्ष्यमाणक्रमेण।

शंखमुद्रा दिखाकर सकलीकरण करें। शंखमुद्रा का स्वरूप-निरूपण और सकलीकरण का अर्थ-निरूपण अगले श्लोकों में किया गया है।

[शङ्खमुद्रास्वरूपम्]

वामाङ्गुष्ठान्तरेऽङ्गुष्ठं नियोज्य सकलाङ्गुलीः।।७५।।
दक्षिणस्य करस्यैव वामाङ्गुष्ठेन संस्पृशेत्।
शङ्खमुद्रेयमाख्याता मुद्राशास्त्रविशारदैः।।७६।।

तत्र शङ्खमुद्रालक्षणमाह—**वामाङ्गुष्ठान्तर इति। सकलेति।** दक्षिणस्य करस्य सकलाङ्गुलीः वामाङ्गुष्ठेन संस्पृशेदिति सम्बन्धः। शिष्टं स्पष्टम्। व्यक्तमाह तन्त्रसारे—

वामाङ्गुष्ठन्तु संगृह्य दक्षिणेन तु मुष्टिना।
कृत्योत्तानं ततो मुष्टिमङ्गुष्ठन्तु प्रसारयेत्।।
वामाङ्गुल्यस्तथा श्लिष्टाः संयुक्ताः स्युः प्रसारिताः।
दक्षिणाङ्गुष्ठसंस्पृष्टा ज्ञेयैषा शङ्खमुद्रिका।। इति।

दाहिने हाथ से बाँयें हाथ के अंगूठे को पकड़ें। फिर मुट्ठी और अँगूठे को उत्तान करके फैलायें तथा बाँयें हाथ की सभी शेष अंगुलियाँ उसी प्रकार संयुक्त रूप से फैली रहें तथा दाहिने हाथ के अंगूठे से लगी रहें। मुद्राशास्त्र के विद्वानों द्वारा इसे शंखमुद्रा कहा गया है।।७५-७६।।



[सकलीकरणमुद्रा]

देवताङ्गे षडङ्गञ्च सकलीकरणन्त्विदम्।

सकलीकरणमुद्रामाह—**देवताङ्ग इति**। स्पष्टम्। तन्त्रसारेऽपि 'देवताङ्गे षडङ्गानां न्यासः स्यात् सकलीकृतिरि'त्युक्तम्। गन्धर्वतन्त्रे त्रयोदशपटले—

सम्पूर्णावस्थितेर्याञ्चा सकलीकरणं प्रिये। इति।

सकलीकरणन्तु षडङ्गमन्त्रैर्विधेयम्। तदुक्तं गन्धर्वतन्त्रे द्वादशपटले—'सकलीकरणं कुर्यात् षडङ्गेन च पूर्ववत्' इति।

देवता के शरीर में षडङ्गों का मन्त्रसहित न्यास सकलीकरण कहा जाता है।

सकलीकरण की यह क्रिया जीवन्यास मुद्रा से की जाती है। तर्जनी-मध्यमा (चित्र - लेलिहान) और अनामा को अधोमुख करके अंगूठे को अनामिका की जड़ में जोड़ दें। यह जीवन्यास की लेलिहान मुद्रा है।



[तत्र जपस्य संख्याभेदः]

मीनाख्यमुद्रयाच्छाद्य सप्ताष्टदशधा जपेत्।।७७।।
इष्टदेवधियाऽर्घ्यन्तु धूपदीपैश्च वन्दयेत्।

मीनेति। मीनाख्यमुद्रया मत्स्यमुद्रयेत्यर्थः। मत्स्यमुद्रामाह तन्त्रसारे—

दक्षपाणिपृष्ठदेशे वामपाणितलं न्यसेत्।
अङ्गुष्ठौ चालयेत् सम्यङ् मुद्रेयं मत्स्यरूपिणी।। इति।

सप्तेति। सप्तधाऽष्टधा दशधा वा जपेदित्यर्थः।

अर्घ्यपात्र को मत्स्यमुद्रा से आच्छादित करके मूल मन्त्र का सात, आठ या दस बार जप करके उसे अभिमन्त्रित करें। तत्पश्चात् अर्घ्यपात्र में इष्टदेव की भावना करते हुए धूप-दीप आदि निवेदित करें।

[तर्पणम्]

कौलिक्या तर्पयेन्मन्त्री तत्तन्मन्त्रेण वै त्रिधा।।७८।।
आनन्दभैरवं मूर्ध्नि गुरूंश्च हृदि देवताम्।

कौलिक्या तदाख्यया मुद्रयेत्यर्थः। आनन्दभैरवम्, गुरून्, हृदिस्थितां देवताञ्च तत्तन्मन्त्रेण आनन्दभैरवादिमन्त्रेण प्रत्येकं त्रिधा तर्पयेदिति सम्बन्धः।

तर्पण—कौलिकी मुद्रा से सिर पर आनन्दभैरव तथा गुरुदेव का तथा हृदय में इष्टदेवता का तीन-तीन बार तर्पण करें।।७८।।

[कौलिकी मुद्रा]

मध्यमाङ्गुष्ठयोगेन मुद्रा तु कौलिकी स्मृता।।७९।।

कौलिकीं मुद्रामाह—**मध्यमेति।** स्पष्टम्।

मध्यमा और अंगूठे के योग से कौलिकी नामक मुद्रा बनती है।।७९।।

[कौलिकमुद्रया तर्पणस्योपयोगित्वम्]

अङ्गुष्ठे भैरवी देवी मध्यमे चण्डिका स्मृता।
अतः प्रयत्नतो मन्त्री तर्पयेदनया सदा।।८०।।

कौलिक्या तर्पणे युक्तिमाह—**अङ्गुष्ठ इति।** अङ्गुष्ठे भैरवी देवी मध्यमे मध्यमायां चण्डिका स्मृता। अतो भैरवी-चण्डिकासम्बन्धात् तर्पणद्रव्यस्यामृतत्वसम्पादनाय अनया कौलिक्या तर्पयेदिति सम्बन्धः। तर्पणक्रमोऽयं कुलार्णवसम्मत इति स्वयमेव वक्ष्यति। परन्तु कुलार्णवे षष्ठोल्लासे तर्पणप्रकरणे कौलिकी मुद्रा नोपलभ्यते, तत्र तु—

अङ्गुष्ठो भैरवो देवो अनामा चण्डिका प्रिये।
अनामाङ्गुष्ठयोगेन ------------------------------।।

इति वचनमुपलभ्यते। एतेन तु तत्त्वमुद्रयैव तर्पणमुक्तं भवति। तन्त्रसार-धृतस्वतन्त्रेऽपि—

अङ्गुष्ठानामिकायोगाद् वामहस्तस्य पार्वति।
तर्पयेत् सुन्दरीं देवीं समुद्राञ्च सवाहनाम्।
तर्पयामि मुखे देव्यास्त्रिवारं मूलविद्यया।
अङ्गुष्ठानामिकायोगान्नखैर्निर्दिष्टमुद्धृतम् ।
श्रीपात्रस्योदकं बिन्दुं तर्पयेत् कुलनायिकाम्।
अङ्गुष्ठो भैरवो देवि अनामा चण्डिका प्रिये।
सव्येन हस्तयोगेन तर्पयेद् वा कुलेश्वरीम्। इति।

अत्रापि अङ्गुष्ठे भैरवस्यानामायां चण्डिकायाः स्थितिरङ्गुष्ठानामासंयोगरूपतत्त्वमुद्रया तर्पणञ्चोपदिष्टे इति मूलेन विसंवादः। तत् 'अतः प्रयत्नतो मन्त्री तर्पयेदनया सदा' इत्यन्तं मध्यमाङ्गुष्ठसंयोगात्मककौलिकमुद्राकरणकतर्पणप्रतिपादकवचनं तन्त्रान्तरीयं क्रमान्तरप्रतिपादकञ्च। अनामाङ्गुष्ठयोगेनेत्यादिवचनानि तु कुलार्णवोक्तानि इति सम्भावयामः। एवञ्चाविसंवादः सुतरामुपपद्यते।

अंगूठे में भैरव का तथा मध्यमा में चण्डिका देवी का शाश्वत निवास माना जाता है। अतः उनके परस्पर संयोग से कौलिकी नामक मुद्रा बनती है, जो तर्पण के लिये प्रशस्त है। इष्टदेवता का सदैव इसी मुद्रा में तर्पण करना चाहिये।।८०।।

विमर्श—श्रीकुलार्णवतन्त्र (षष्ठ उल्लास) में कहा गया है कि अंगूठे और मध्यमा के योग से 'कुलसन्तति' का तर्पण किया जाय। इस क्रम में इस मुद्रा को न तो 'कौलिकी' कहा गया है और न इससे इष्टदेवता का तर्पण करने के लिये कहा गया है। यह मुद्रा 'कुलसन्तति' के तर्पण के लिये विहित है।

कौलावलीनिर्णय, गन्धर्वतन्त्र, स्वतन्त्रतन्त्र आदि में अंगूठे और अनामा से बनी 'तत्त्वमुद्रा' से तर्पण का विधान बताया गया है।

[कामनाभेदेन तर्पणे मुद्राभेदाः]

अनामाङ्गुष्ठयोगेन वश्यकर्मणि तर्पयेत्।
अङ्गुष्ठतर्जनीभ्यान्तु तर्पयेदभिचारके।।८१।।
कनिष्ठाङ्गुष्ठयोगेन तर्पयेत् स्तम्भने सुधीः।
कुलार्णवाख्यतन्त्रस्य मतं तर्पणमीरितम्।।८२।।

अथ कामनाभेदेन तर्पणेऽङ्गुलिनियममाह—**अनामेत्यादिना**। तन्त्रसारेऽप्येवमेव। कौलावलीनिर्णये सप्तमोल्लासे तु—

अङ्गुष्ठमध्यमाभ्याञ्च वश्यकर्मणि तर्पयेत्।
कनिष्ठाङ्गुष्ठयोगेन स्तम्भने तर्पयेत्ततः।
तर्जन्यङ्गुष्ठयोगेन तर्पयेदभिचारके।

इति क्रमभेदो दृश्यते।

'कुलार्णवतन्त्र' का कथन है कि (१) वश्यकर्म में अनामा और अंगूठे के योग से, (२) अभिचार कर्म में अंगूठे और तर्जनी के योग से तथा (३) स्तम्भन कर्म में कनिष्ठा और अंगूठे के योग में तर्पण करें।।८१-८२।।

[तत्राऽऽगमान्तरसम्मतः क्रमः]

शुद्धं द्रव्यं समादाय तर्पयेत्तत्त्वमुद्रया।
अङ्गुष्ठानामिकामध्ये शुद्धिं संगृह्य यत्नतः।।८३।।
वामेन दक्षिणेनैव देवीं सन्तर्पयेद् बुधः।
एवं सन्तर्पणं प्रोक्तं समयाचारसम्मतम्।।८४।।

बाँयें हाथ की अनामिका और अंगूठे से बनी तत्त्वमुद्रा से शुद्धिखण्ड (मांस या उसका अनुकल्प) लेकर उसे शुद्धद्रव्य (हेतु या उसके अनुकल्प) में डुबोकर तर्पण करें। समयाचार के मत से यही सन्तर्पण है। दाहिने हाथ की इसी मुद्रा से देवता को गन्धाक्षत समर्पित करके पूजन किया जाता है॥८३-८४॥

[आत्मोपकरणादिप्रोक्षणक्रमः]

सामान्यार्घ्ये परं बिन्दुं निःक्षिपेत् साधकोत्तमः।
प्रोक्षयेत्तेन चाऽऽत्मानं पूजोपकरणानि च॥८५॥

सामान्य-अर्घ्य में किंचित् 'परबिन्दु' डालकर उससे अपने सिर पर तथा पूजन की सभी सामग्रियों पर प्रोक्षण (छिड़काव) करें॥८५॥

[प्रोक्षणफलम्]

एवं प्रोक्षणमात्रेण सर्वं ब्रह्ममयं भवेत्।

एवमिति। प्रागुक्तक्रमेण। प्रोक्षणमिदं त्रिधा अर्घ्योदकेनैव कर्त्तव्यम्, उदकान्तरेण तत्करणे दोषश्रवणात्। तदुक्तं गन्धर्वतन्त्रे द्वादशपटले—

प्रोक्षयेत्तेन चाऽऽत्मानं मूलेन वारुणेन वा।
पूजोपकरणञ्चापि त्रिरभ्युक्ष्य तथैव हि।
अमृतैः प्रोक्षितं यत्तु सर्वं ब्रह्ममयं भवेत्।
यदन्यद्दीयते द्रव्यमलङ्कारादिकञ्च यत्।
वरुणस्यैव बीजेन तेषां प्रोक्षणमाचरेत्। इति।

तथा—

अन्यतोयैस्तु संसृष्टमर्घ्यपात्रस्थितेतरैः।
तन्न गृह्णातीष्टदेवी दत्तं विधिशतैरपि। इति।

हरतत्त्वदीधितिधृतकालिकापुराणे—

यद्देयमर्घ्यपात्रस्थजलैरेव निवेदयेत्।
अन्यतोयैर्यदुत्सृष्टमर्घ्यपात्रस्थितेतरैः ॥
तन्न गृह्णाति वै देवी दत्तं विधिशतैरपि।

अर्घ्यं सामान्यार्घ्यमिति सम्प्रदायविद इति हरतत्त्वदीधितिः। मूलेऽपि सामान्यार्घ्यस्य तोयेनेत्यस्योभयत्र सम्बन्धात् तेन प्रोक्षणमङ्गदेवतातर्पणञ्चेत्युभयमेव प्राप्तमिति निर्विवादमेतत्। प्रोक्षणन्तूत्तानहस्तेन कर्त्तव्यम्—

उत्तानेन तु हस्तेन प्रोक्षणं समुदाहृतम्।

इत्येकादशीतत्त्वधृतवचनात्।

इस प्रकार प्रोक्षण करने से कर्ता, कर्म, क्रिया तथा कर्मोपकरण सभी ब्रह्ममय हो जाते हैं, जैसा कि भगवान् कृष्ण ने गीता में कहा है—

ब्रह्मार्पणं ब्रह्महवि: ब्रह्माग्नौ ब्रह्मणा हुतम्।
ब्रह्मैव तेन मन्तव्यं ब्रह्मकर्म समाधिना।। (४/२४)

[देव्यङ्गदेवतातर्पणविधि:]

सामान्यार्घ्यस्य तोयेन तर्पयेदङ्गदेवता:।।८६।।

सामान्येति। अत्र तर्पयेदित्यनेनाङ्गदेवतानां वक्ष्यमाणानां पूजनमपि अत्रैव कर्त्तव्यमिति ज्ञेयम्। अत एव तन्त्रसारकारै: 'सुन्दरीदेवताया अङ्गदेवतापूजनन्त्वर्घ्य-स्थापनानन्तरम्' इत्युक्तम्। परिवारपूजनन्त्वर्घ्यस्थापनानन्तरं 'गृहीत्वाज्ञां महादेव्या: परिवारांस्ततोऽर्चयेदि'ति तर्पणोपदेशानन्तरं मूले वक्ष्यमाणत्वात्।

सामान्य अर्घ्य के परबिन्दु-मिश्रित जल से भगवती के अंगदेवताओं का तर्पण करना चाहिए।।८६।।

विमर्श—पूजन-कर्म में सामान्य अर्घ्य के जल का ही उपयोग किया जाता है। पाद्य-आचमन-स्नानीय तथा पेय आदि सभी जल में सामान्य अर्घ्य का जल डालकर तत्तत् मन्त्रों से देवता को प्रदान करें; अन्य पात्र का जल देवता ग्रहण नहीं करते।

[वटुकादिपूजोपदेश:]

इदानीं वटुकादीनां बलिदानं समाचरेत्।

इसके बाद बटुक आदि देवताओं को बलि प्रदान करें।

[क्षेत्रपालादिबलिमदत्त्वा देवतान्तरपूजननिषेध:]

अदत्त्वा क्षेत्रनाथेभ्य: कथं क्षेत्रेषु पूजयेत्।।८७।।
यावन्न वटुके दद्यात्तावत् पूजा कथं भवेत्।
गणेशयोगिनीभ्यान्तु न दत्त्वा पूजयेत् कथम्।।८८।।

जिस क्षेत्र में पूजा की जा रही है, उस स्थान के अधिपति (स्वामी) को बलि प्रदान किये बिना पूजा कैसे की जा सकती है; अत: देवी की पूजा प्रारम्भ करने के पूर्व बटुक-योगिनी-क्षेत्रपाल और गणेश आदि को बलि प्रदान करें।।८७-८८।।

[बलिदानाकरणे दोषश्रुति:]

बलिदानं विनाकृत्य त्रिपुरां पूजयेद् यदि।
पूजा तु विफला प्रोक्ता विघ्नश्चैव पदे पदे।।८९।।

शक्तियामल तन्त्र में भगवान् शिव ने कहा है कि यदि बटुक आदि बलि-देवताओं को बलि प्रदान किये बिना त्रिपुरा की पूजा की जाती है तो कदम-कदम पर विघ्न आते हैं तथा पूजा भी सफल नहीं होती।।८९।।

[उपसंहार:]

इति ज्ञात्वा प्रयत्नेन बलिदानं समाचरेत्।
शक्तियामलतन्त्रे तु शिवेनेति प्रकीर्त्तितम्।।९०।।

अतः बलिदान की अनिवार्यता तथा महत्ता को समझकर बुद्धिमान् साधक अर्घ्य आदि स्थापना के बाद बटुक आदि को बलि प्रदान करने के बाद ही भगवती की पूजा करे॥९०॥

[वटुकपूजामकृत्वा सुन्दरीपूजानिषेधः]

यावन्न वटुके दद्यात्तावन्नैव कुलेश्वरीम्।
सुन्दर्यै प्रथमे दत्ते पूजा तु विफला भवेत्।।९१।।

[अत्राऽऽगमान्तरसम्मतिः]

बृहच्छ्रीक्रमतन्त्रे तु शिवेनेति प्रकीर्त्तितम्।।९२।।

बृहत् श्रीक्रम तन्त्र में भगवान् शिव ने कहा है कि जब तक बटुक की पूजा नहीं हो जाती तब तक कुलेश्वरी की पूजा नहीं की जाय। यदि बटुक की पूजा के पहिले ही सुन्दरी की पूजा की जाती है तो वह पूजा विफल होती है॥९१-९२॥

विमर्श—कतिपय अन्य स्वतःप्रमाण तन्त्रग्रन्थों; यथा—श्रीज्ञानार्णवतन्त्र, श्रीगन्धर्वतन्त्र, तन्त्रसार, श्रीविद्यार्णव आदि में भगवती की नैवेद्यान्त पूजा की समाप्ति तथा नित्यहोम के बाद बटुक आदि को बलि प्रदान किये जाने का विधान बताया गया है। भगवती की पूजा के पूर्व ही अथवा भगवती की पूजा के बाद बलि-प्रदान का यह क्रम-भेद अपने-अपने सम्प्रदाय और गुरुपरम्परा के कारण है। इससे विचलित न होकर साधक को अपनी सम्प्रदाय एवं गुरु-परम्परा के अनुसार यथाक्रम बलि प्रदान करना चाहिए। अगले ३३ श्लोकों में बलि-विधान का निरूपण किया गया है।

[वटुकादिपूजाक्रमः, तदाऽऽदौ मण्डलनिर्माणम्]

ईशानाद् वायुकोणान्तं दिक्षु पूर्वादितोऽथवा।
मण्डलं रचयेन्मन्त्री त्रिकोणं वृत्तसंयुतम्।।९३।।
भूपुरेण युतं कृत्वा साधको भूमिजानुकः।
त्रिकोणञ्चैव षट्कोणं चतुरस्रं स्ववामतः।।९४।।

अथ वटुकादिपूजाया मण्डलमाह—ईशानादित्यादिना। ईशानाद् वायुकोणान्तं पूर्वादिदिक्चतुष्टये वा श्रीचक्रस्येति शेषः, वक्ष्यमाणक्रमेण मण्डलचतुष्टयं रचयेदित्यर्थः। व्यक्तमाह ज्ञानार्णवे पञ्चमपटले—

ईशाने च तथाग्नेये नैर्ऋत्ये च तथा प्रिये।
वायव्ये क्रमतो देवि मण्डलानां चतुष्टयम्॥
श्रीचक्रमभितो देवि त्रिकोणं व्योम चाऽऽलिखेत्। इति।

मण्डलस्वरूपमाह—त्रिकोणमित्यादिना। आदौ त्रिकोणं तद्बहिर्वृत्तं तद्बहिर्भूपुरमिति मण्डलक्रमः। पञ्चमं मण्डलमाह—त्रिकोणमिति। स्ववामभागे आदौ त्रिकोणं तद्बहिः षट्कोणं तद्बहिश्चतुरस्रं रचयेदिति सम्बन्धः।

भूमिजानुक साधक ईशान-आग्नेय-नैर्ऋत्य एवं वायव्य—इन चार कोणों में अथवा पूर्व-दक्षिण-पश्चिम-उत्तर—इन नगर दिशाओं में त्रिकोण-वृत्त-चतुरस्र-युक्त चार मण्डल बनाये। इनके बाद अपने वामभाग में त्रिकोण-षट्कोण-वृत्त-भूपुर-संयुक्त मण्डल बनाये। भूमिजानुक अर्थात् भूमि पर घुटने टेककर।

[मण्डलार्चामन्त्रः]

वाग्भवञ्च महामायां कवचं मण्डलाय च।
हृदन्तोऽयं मनुः प्रोक्तः पूजयेन्मण्डले बुधः।।९५।।

[वटुकार्चोपदेशः]

वटुकं पूजयेदादौ ध्यात्वा पाद्यादिभिः सदा।।९६।।

मण्डलपूजामन्त्रमाह—वाग्भवमित्यादिना। वाग्भवं ऐँ, महामाया ह्रीं, कवचं हुं, हृदन्तः नमोऽन्तः। एवञ्च ऐँ ह्रीं हुं मण्डलाय नम इति मण्डलपूजामन्त्रः पर्यवस्यति।

'ऐं ह्रीं हुं मण्डलाय नमः'—इस मन्त्र से मण्डल की पूजा करने के बाद सर्वप्रथम भगवान् बटुकभैरव का ध्यान करके पाद्य आदि उपचारों से उनका पूजन करें।।९५-९६।।

[वटुकध्यानम्]

पीयूषभाण्डमसिखण्डकपालखण्ड-
चण्डातिचण्डभुजदण्डमतिप्रचण्डम् ।
श्रीकुण्डलद्वयविमण्डितगण्डमीडे
नीलं वटुं वटुकनाथमहीन्द्रहारम्।।९७।।

नीले शरीर वाले भगवान् बटुकनाथ का स्वरूप देखने में अत्यन्त उग्र है। उनके गले में सर्पराज की माला है। उनके प्रचण्ड एवं शक्तिशाली चार हाथों में क्रमशः अमृत-भाण्ड (पानपात्र), तलवार, कपाल और दण्ड है। कानों में सोने के कुण्डल हैं, जिनकी आभा से उनके दोनों कपोल दमक रहे हैं।।९७।।

[वटुकबलिमन्त्रः]

ध्यात्वैवं पूजयेन्मन्त्री वाङ्कारबीजपूर्वकम्।
एह्येहि देवीपूजान्ते वटुकान्ते च नाथतः।।९८।।
कपिलान्ते जटाभार भासुरान्ते त्रिनेत्रतः।
ज्वालामुखेति सर्वान्ते विघ्नान्नाशय नाशय।।९९।।
सर्वोपचारसहितं बलिं गृह्ण द्विधा पदम्।
वह्निजायान्तमन्त्रेण वटुकस्य बलिं हरेत्।।१००।।

ध्यानानन्तरं वटुकस्य पूजनमाह—वामिति। एवञ्च वां वटुकाय नम इति पूजामन्त्रः। तदुक्तं तन्त्रसारे—

वामादिवटुकं ङेऽन्तं नमोऽन्तो मनुरीरित:। इति।

बलिमन्त्रमाह—**एह्येहीत्यादिना बलिं हरेदित्यन्तेन।** तथाच एह्येति देवीपुत्र वटुकनाथ कपिलजटाभारभासुर त्रिनेत्र ज्वालामुख सर्वविघ्नान्नाशय नाशय सर्वोपचार-सहितं बलिं गृह्ण गृह्ण स्वाहा इति वटुकबलिमन्त्र: पर्यवस्यति। अनेन मन्त्रेण बलिं हरेदित्यर्थ:। कौलावलीनिर्णये षष्ठपटले तु—

विषं माया रमा देवीपुत्रवटुकनाथत:।
पिङ्गलपदतो जटाभास्वर प्रोच्य पिङ्गल।
त्रिनेत्र च इमं बलिं पूजां गृह्णयुगं तत:।
वह्निजायान्तमुच्चार्य वटुकस्य महात्मन:।
अनेन बलिमुत्सृज्य योगिनीश्चिन्तयेत्तत:।

इत्यनेन तेषु तेषु स्थानेषु बलिमन्त्रे भेदो दर्शित:।

इस प्रकार ध्यान के उपरान्त 'वां वटुकाय नम:' इस मन्त्र से पाद्य आदि उपचारों से पूजा करके बटुकनाथ को बलि प्रदान करें। बलि प्रदान करने का मन्त्र है—

'एह्येहि देवीपुत्र बटुकनाथ कपिलजटाभार त्रिनेत्र ज्वालामुख सर्वविघ्नान् नाशय सर्वोपचारसहितं बलिं गृह्ण गृह्ण स्वाहा।'

[वटुकबलिक्रम:]

अर्घान्नपूर्णसलिलं रत्नपुष्पादिसंयुतम्।
तर्जन्यङ्गुष्ठयोगेन कनिष्ठाङ्गुष्ठतोऽपि वा।।१०१।।
वामानामाङ्गुष्ठतो वा साधको बलिमुत्सृजेत्।

वटुकबलेरुपचारं दानक्रमञ्चाऽऽह—**अर्घेत्यादिना।** स्पष्टम्।

बलिद्रव्य हैं—भात एवं अधपका अनाज, लाल फूल आदि। बलि प्रदान करने की तीन मुद्रायें हैं—(१) तर्जनी और अंगूठे के योग से, (२) कनिष्ठा और अंगूठे के योग से और (३) बाँयें हाथ की अनामा और अंगूठे के योग से बनी। इनमें से किसी भी योग से बलि प्रदान की जाय।।१०१।।

विमर्श—मूल ग्रन्थ या उसकी संस्कृत टीका में बलि प्रदान करने की विधि नहीं बताई गई है। साधक-समाज में प्रचलित विधि इस प्रकार है—ईशान कोण वाले मण्डल पर आधार रखकर उस पर बलिपात्र रखें। बलिपात्र पर घी से भीगी हुई एक बत्ती रखकर जलायें। उपर्युक्त बलिमन्त्र पढ़ते हुये उपर्युक्त किसी भी मुद्रा से बलिपात्र (विशेष अर्घ्यपात्र) का द्रव्य लेकर फूलबत्ती की लौ पर धीरे-धीरे टपकायें। इसी विधि से सभी देवताओं को बलि प्रदान की जाती है। बटुक भगवान् को बलि प्रदान करके उनका स्तवन करें—

बलिदानेन संतुष्टो बटुकः सर्वसिद्धिदः।
शान्तिं करोतु मे नित्यं भूतवेतालसेवितः।।

इन मंन्त्र से पुष्पाञ्जलि देकर योनिमुद्रा से प्रणाम करें। इसके बाद आग्नेय मण्डल पर योगिनियों को बलि प्रदान करें।

योगिनी-बलि—योगिनियों को अग्निकोण (अथवा दक्षिण दिशा के) के मण्डल पर बलि दी जाती है।

[योगिनीपूजोपदेशः]

ततश्च योगिनीं ध्यात्वा यजेद्दक्षादिभिः क्रमात्।।१०२।।

योगिनियों का ध्यान कर उन्हें दक्षिण आदि क्रम से बलि प्रदान करें।।१०२।।

[योगिनीध्यानम्]

योगिन्यः कामरूपाः सकलगुणभृतस्तप्तकार्त्तस्वराभा
मत्ताः कङ्कालमालाकलितगलतटा रक्तवस्त्रोत्तरीयाः।
शूलं पाशं कपालं शृणिमपि विधृताः सस्मिताः सुप्रसन्ना
भक्तानां साधकानामभिलषितफलं दीयमानाः सुवेशाः।।१०३।।

योगिनीनां ध्यानमाह—**योगिन्य इति**। तप्तकार्त्तस्वराभाः तप्तसुवर्णरक्तवर्णाः। कपालं नरशिरोऽस्थि। शृणिमङ्कुशम्। विधृता धारयन्त्यः। शूलं पाशमित्यादिना चतुर्भुजत्वमप्यासामर्थादायाति। दीयमाना ददत्य इत्यर्थः।

योगिनी का ध्यान—सभी योगिनियाँ इच्छा के अनुसार रूप धारण करने वाली अर्थात् कामरूपा हैं। शरीर का वर्ण तपाये हुए स्वर्ण की तरह लाल है। सुन्दर केश वाली योगिनियाँ मदिरापान से मत्त हैं। उनके गले में अस्थियों की माला है। उनके चार हाथ हैं, जिनमें वे क्रमशः शूल, कपाल, पाश और अंकुश धारण किये हुए हैं। मधुर मुस्कान वाली प्रसन्नवदना योगिनियाँ अपने साधकों को मनोवांछित फल प्रदान करती हैं।।१०३।।

[योगिनीपूजामन्त्रः]

याङ्कारं बीजमुच्चार्य योगिनीं पूजयेत्ततः।।१०४।।

योगिनीपूजामन्त्रमाह—**यामिति**। अत्र योगिनीमित्येकवचने सत्यपि योगिन्यः कामरूपा इति बहुवचनदर्शनात्,

एतदन्ते महेशानि यां बीजं योगिनी ततः।
भ्यः स्वाहा सर्ववर्णान्ते योगिनीपदमालिखेत्।।

इति ज्ञानार्णवपञ्चमपटलवचनदर्शनाच्च यां योगिनीभ्यो नम इत्येव प्रयोगः। एतेन योगिनीनां युगपद्वाक्याभेदेनार्चोपदिष्टा।

'यां योगिनीभ्यः स्वाहा'—इस मन्त्र से योगिनियों की पूजा करके उन्हें निम्नलिखित मन्त्र से बलि प्रदान करें—

[योगिनीबलिः]

ऊर्द्ध्वं ब्रह्माण्डतो वा दिवि गगनतले भूतले निष्कले वा
पाताले वा वने वा सलिलपवनयोर्यत्र कुत्र स्थिता वा।
क्षेत्रे पीठोपपीठादिषु च कृतपदा धूपदीपादिकेन
प्रीता देव्यः सदा नः शुभबलिविधिना पान्तु वीरेन्द्रवन्द्याः।।१०५।।

एतदन्ते वायुबीजं मुखवृत्तेन संयुतम्।
योगिनीभ्यः पदं वह्निजायाञ्च सर्वयोगिनीम्।।१०६।।
कवचास्त्राग्निजायान्ते बलिदानं समाचरेत्।

[तत्राङ्गुलिनियमः]

दक्षाङ्गुष्ठानामिकाभ्यां कनिष्ठाङ्गुष्ठतोऽपि वा।।१०७।।

योगिनीनां बलिमन्त्रमाह—ऊर्द्ध्वमित्यादिना। स्पष्टम्। एतदन्त इति। आदावूर्द्ध्वमित्यादि वीरेन्द्रवन्द्या इत्यन्तमुक्त्वा तदन्ते यमिति वायुबीजं तच्च मुखवृत्तेन द्वितीयस्वरेण संयुतं वदेदित्यर्थः। एतेन यामिति प्राप्तम्। तथाच ऊर्द्ध्वमित्यादि ततश्च यां योगिनीभ्यः स्वाहा सर्वयोगिनी हुं फट् स्वाहेति योगिनीबलिमन्त्रः पर्यवस्यति। निरुक्तबलिदानेऽङ्गुलिनियममाह—दक्षेति। स्पष्टम्।

'यां योगिनीभ्यः स्वाहा' के बाद श्लोकसंख्या १०५ तथा उसके अन्त में सर्वयोगिनी हुं फट् स्वाहा' यह मन्त्र पढ़ते हुए उपर्युक्त विधि से उन्हें दाहिने हाथ के अंगूठे तथा अनामिका अथवा कनिष्ठा एवं अंगूठे से बलि प्रदान करें।।१०५-१०७।।

[क्षेत्रपालार्चा]

क्षांकारं बीजमुच्चार्य ध्यात्वा क्षेत्रे समर्चयेत्।।१०८।।

अथ क्षेत्रपालपूजनमाह—क्षामित्यादिना। तथाच क्षां क्षेत्रपालाय नम इति पूजामन्त्रः।

क्षेत्रपाल-बलि—नैर्ऋत्य कोण वाले मण्डल पर उपर्युक्त मन्त्र से गन्धाक्षत समर्पित करके क्षेत्रपाल का ध्यान करें। यथा—

[क्षेत्रपालध्यानम्]

चञ्चत्कपालसुकृपाणकमू(शू)लदण्ड-
मुद्यत् (सदा?) डमरुमण्डितपाणिदण्डम्।
नीलाञ्जनप्रचयपुञ्जमिव प्रसन्नं
श्रीक्षेत्रनायकमहं शरणं श्रयामि।।१०९।।

क्षेत्रपाल का वर्ण अञ्जन के समान काला है। चार हाथ हैं। उन्होंने अपने इन हाथों में कृपाण, शूल, दण्ड और डमरू धारण कर रखा है। वे प्रसन्नमुख हैं। मैं उनकी शरण ग्रहण करता हूँ।।१०९।।

[क्षेत्रपालबलिदानोपदेशः]

एवं ध्यात्वा तु सम्पूज्य बलिदानं समाचरेत्।।११०।।

ध्यानमुपदिश्य बलिदानमाह—**एवमित्यादिना**।

क्षेत्रपाल का इस प्रकार ध्यान करके निम्न मन्त्र से उन्हें बलि प्रदान करें।।११०।।

[बलिदानक्रमः]

षड्दीर्घस्वरसम्भिन्नं क्षकारं स्थानशब्दतः।।१११।।
क्षेत्रपालपदं धूपदीपादिसहितं बलिम्।
गृह्ण गृह्ण वह्निजायां समुद्धृत्य बलिं हरेत्।।११२।।

षडिति। आकारादिविसर्गान्तषड्दीर्घस्वरसंयुक्तं क्षकारम्। एवञ्च क्षां क्षीं क्षूं क्षैं क्षौं क्षः स्थानक्षेत्रपाल धूपदीपादिसहितं बलिं गृह्ण गृह्ण स्वाहेति क्षेत्रपालबलिमन्त्रः।

बलि मन्त्र—क्षां क्षीं क्षूं क्षैं क्षौं क्षः स्थान क्षेत्रपाल धूप-दीपादिसहितं बलिं गृह्ण गृह्ण स्वाहा।

[तत्राङ्गुलीनियमः]

वाममुष्टिं विधायाथ तर्जनीं सरलाञ्चरेत्।
अङ्गुष्ठतर्जनीभ्यां वा क्षेत्रपालबलिर्मतः।।११३।।

तत्र बलिदानक्रममाह—**वाममुष्टिमिति**। ज्ञानार्णवे पञ्चमपटले—

वाममुष्टिं विधायाऽऽदौ तर्जनीं सरलां कुरु।
अनया मुद्रया देवि क्षेत्रपालबलिर्भवेत्।। इत्युक्तम्।

बलि-मुद्रा—बाँयें हाथ की मुट्ठी बाँधकर तर्जनी अंगुली को सीधी रखकर अथवा अंगूठा और तर्जनी के योग से बलिमुद्रा बनती है।।११३।।

इस मुद्रा से उपर्युक्त विधि से बलि प्रदान करें।।

[गणेशपूजनोपदेशः]

सम्पूजयेद् गणेशञ्च ध्यात्वा पाद्यादिभिः सुधीः।।११४।।

अथ गणेशस्य पूजनमुपदिशति—**सम्पूजयेदिति**। ध्यात्वा सम्पूजयेत् वक्ष्यमाण-क्रमेणेति शेषः।

गणेश-बलि—गणेशजी का ध्यान करके बुद्धिमान् साधक वायव्य कोण वाले मण्डल पर उन्हें बलि प्रदान करे।।११४।।

[गणेशध्यानम्]

पाशाङ्कुशामृतकपालकशूलहस्तं
हस्त्याननं विविधभूषणनीलदेहम्।
नित्योत्सवं सकलविघ्नविनाशहेतुं
श्रीमद्गजाननमहं प्रणमामि नित्यम्।।११५।।

गणेशजी का ध्यान है—'समस्त विघ्नों के विनाश के लिये मैं गजवदन गजानन को प्रणाम करता हूँ, जिनका नीलाभ शरीर विभिन्न रत्नालंकारों से अलंकृत है तथा जिनके चारो हाथ पाश-अंकुश-अमृतकपाल (पानपात्र) तथा त्रिशूल से शोभित हैं॥११५॥

[गणेशपूजाक्रमः]

गंकारबीजमुच्चार्य गणेशं पूजयेद् बुधः।

गमिति। गं गणेशाय नम इत्यनेन पूजयेदिति।

'गं गणेशाय नमः' इस मन्त्र से पाद्य आदि उपचारों से पूजा करके उन्हें बलि प्रदान करें।

[गणेशबलिमन्त्रः]

गंकारत्रयमुच्चार्य दीर्घयुक्तं समुद्धरेत्॥११६॥
ङेऽन्तं गणपतिं प्रोच्य वरं वरदशब्दतः।
सर्वजनं समालिख्य मे वशमानयेति च॥११७॥
बलिं गृह्णयुगं प्रोच्य वह्निजायां समुच्चरेत्।
अनेन मनुना मन्त्री गणेशस्य बलिं हरेत्॥११८॥

बलिमन्त्रमाह—गंकारमिति। दीर्घयुक्तं द्वितीय-चतुर्थ-षष्ठस्वरयुक्तं गंकारत्रयमुच्चार्येत्यर्थः। अत्र दीर्घयुक्तमिति विशिष्यानुक्तावपि प्रथमप्राप्तपरित्यागे प्रमाणाभावाद् द्वितीय-चतुर्थ-षष्ठस्वराणां ग्रहणमर्थादायातम् । एतेन गां गीं गूं इति प्राप्तम्। व्यक्तमाह ज्ञानार्णवे पञ्चमपटले—

गां गीं गूं त्रयमालिख्य ङेऽन्तं गणपतिं ततः। इति।

एवञ्च गां गीं गूं गणपतये वरवरद सर्वजनं मे वशमानय बलिं गृह्ण गृह्ण स्वाहेति गणेशबलिमन्त्रः पर्यवस्यति। ज्ञानार्णवपञ्चमपटले तु—

गां गीं गूं त्रयमालिख्य ङेऽन्तं गणपतिं ततः।
वरान्ते वरदान्ते च सर्वान्ते जनमालिखेत्।
मे वशं चाऽऽनय प्रोच्य सर्वोपपदमालिखेत्।
चारान्ते सहितं चोक्त्वा बलिं गृह्ण द्विधा पदम्।
वह्निजायान्वितो मन्त्रो गाणपत्यबलिं हरेत्।

इत्यनेन निरुक्तमन्त्रे वशमानयेत्यनन्तरं सर्वोपचारसहितमिति बलिविशेषणमुक्तमिति विशेषो दृश्यते।

बलि-मन्त्र—'गां गीं गूं गणपतये वरवरद सर्वजनं मे वशमानय बलिं गृह्ण गृह्ण स्वाहा'।

[गजतुण्डामुद्रा]

संकोचिताङ्गुलीः कृत्वा दण्डवत् कारयेद् बुधः।
गजतुण्डाख्यमुद्रेयं गणेशस्य प्रकीर्त्तिता।।११९।।

अथ गणेशबलिदाने विहितां गजतुण्डामुद्रामाह—**संकोचितेति**। अङ्गुलीर्वामहस्तस्य सङ्कोचिताः कृत्वेत्यर्थः। दण्डवदिति मध्यमामङ्गुलिं दण्डवत् कारयेत्। इयमेव गणेशप्रिया गजतुण्डामुद्रेत्यर्थः। तथाच ज्ञानार्णवे पञ्चमपटले—'वाममुष्टिं विधायाऽऽदावि'ति क्षेत्रपालबलिमुद्रामभिधाय—

तथा मुष्टेस्तु मध्यस्थामङ्गुलीं दण्डवत् कुरु।
गजतुण्डा महामुद्रा गणपस्य बलिर्भवेत्।।

इत्यनेन वामहस्ते मुष्टिं बध्वा मध्यमाङ्गुलेर्दीर्घीकरणमेव गजतुण्डामुद्रेति व्यक्तमुक्तम्।

गजतुण्ड मुद्रा—भगवान् गणेशजी को गजतुण्ड मुद्रा से बलि प्रदान की जाती है। बाँयें हाथ की मुट्ठी बाँधकर मध्यमा अंगुली को नीचे की ओर सीधी करके लटका देने से गजतुण्ड मुद्रा बन जाती है।।११९।।

उपर्युक्त मन्त्र पढ़ते हुए गजतुण्ड मुद्रा से गणेशजी को यथोक्त विधि से बलि प्रदान करें।

विमर्श—श्रीज्ञानार्णवतन्त्र में बताये गये मन्त्र में 'बलि' के पहिले 'सर्वोपचारसहितम्' पदद्वय अधिक हैं।

[मण्डलपूजा]

स्ववाममण्डलं मन्त्री साधारं परिपूजयेत्।
व्यापकान्ते मण्डलाय ऐँ परान्ते नमःपदम्।।१२०।।

एवं मण्डलचतुष्टये क्रमेण वटुकादीनां पूजनं बलिञ्चोपदिश्य प्रागुक्तस्ववामावस्थितमण्डलस्य पूजामाह। ऐँ परान्ते व्यापकमण्डलाय ततो नमःपदमिति सम्बन्धः। **एवञ्च ऐँ ह्रीं व्यापकमण्डलाय नम इति मण्डलपूजामन्त्रः**।

बटुक आदि देवताओं को बलि देने के बाद साधक अपने वामपार्श्व में बनाये गये मण्डल की 'ऐं ह्रीं व्यापकमण्डलमाय नमः'—इस मन्त्र से गन्धाक्षत से पूजा करे।।१२०।।

[सर्वभूतबलिः]

बलिं तत्रैव संस्थाप्य त्रिर्मूलेनाभिमन्त्रयेत्।
पूजयेत् सर्वभूतञ्च धूपदीपादिना सुधीः।।१२१।।

बलिमिति। तत्रैव प्रागुक्तत्रिकोण-षट्कोण-चतुरस्रमण्डल एव। **पूजयेदिति**। 'सर्वभूतेभ्यो नम' इत्यनेनेत्यर्थः।

उस मण्डल पर आधार-सहित बलिपात्र रखकर मूल मन्त्र से उसे तीन बार अभिमन्त्रित करे। 'सर्वभूतेभ्यो नम:' धूप-दीप आदि से बुद्धिमान् साधक उसका पूजन करें॥१२१॥

[बलिमन्त्र:]

तारञ्च भुवनेशानीं सर्वविघ्नपदन्तत:।
हृद्भ्यश्च सर्वभूतेभ्य: शब्दबीजञ्च ठद्वयम्।।१२२।।
इमं कलार्णमुच्चार्य त्रितारान्ते बलिं हरेत्।

बलिमन्त्रमाह—**तारमित्यादिना**। तार: प्रणव:, भुवनेशानी ह्रीं। एवञ्च ॐ ह्रीं सर्वविघ्नहृद्भ्य: सर्वभूतेभ्य: ऐँ स्वाहा। इति सर्वभूतबलिमन्त्र:।

बलि-मन्त्र—'ॐ ह्रीं सर्वविघ्नहृद्भ्य: सर्वभूतेभ्य: ऐं स्वाहा।' त्रितार (ऐं ह्रीं श्रीं) के बाद उक्त १६ वर्णों की योजना करने से बलिमन्त्र निष्पन्न होता है।

[बलिमुद्रा]

अङ्गुष्ठानामिकाभ्याञ्च मुद्रया तत्त्वसंज्ञया।।१२३।।

अङ्गुष्ठेति। अङ्गुष्ठानामिकायोगात्मकतत्त्वमुद्रया सर्वभूतेभ्यो बलिं हरेदिति सम्बन्ध:।

बलि-मुद्रा—अंगूठा और अनामिका के संयोग से बनी तत्त्वमुद्रा से सर्वभूतों को बलि दी जाती है॥१२३॥

उपर्युक्त बलिमन्त्र का उच्चारण करते हुए उपर्युक्त मुद्रा से सर्वभूतों को बलि प्रदान करें।

[निरुक्तबलौ कल्पान्तरम्]

एकत्र वा पञ्च बलीन् दद्याद् व्यापकमण्डले।
वामभागे स्थिते मन्त्री सर्वविघ्नहरो भवेत्।।१२४।।

पूर्वं श्रीचक्रस्य चतुर्दिक्षु इति मण्डलचतुष्टये बलिचतुष्टयं स्ववामभागे कृते मण्डले बलिमेकं दद्यादित्युक्तम्। तत्र कल्पान्तरमाह—**एकत्र वेति**। मण्डलचतुष्टयमकृत्वा केवलं स्ववामकृतव्यापकमण्डले वटुकादिसर्वभूतान्तबलिपञ्चकं विदधीतेत्यर्थ:। व्यक्तमाह ज्ञानार्णवे पञ्चमपटले—

अथवा वामभागे तु मण्डलं चैकमालिखेत्।
तत्रैव बलिदानन्तु कुर्यात् सर्वार्थसिद्धये॥ इति।

वामभागे विहितस्य बले: फलमाह—**वामेत्यादिना**।

सामान्य नियम है कि श्रीचक्र के चारो ओर एक-एक मण्डल तथा अपनी बाँयीं ओर एक मण्डल—इस तरह पाँच मण्डल बनाकर पाँचों बलि अलग-अलग दी जाय; लेकिन यदि स्थान आदि की कमी के कारण ऐसा करना सम्भव एवं सुविधाजनक न

हो तो अपने वामभाग में एक व्यापक मण्डल बनाकर पाँचों बलियाँ एक ही मण्डल में दी जा सकती हैं। एतदर्थ इस व्यापक मण्डल में चारो दिशाओं आदि में चार तथा मध्य में एक—इस प्रकार पाँच छोटे-छोटे मण्डल बना लिये जाते हैं।

[पुनः कल्पान्तरम्]

अथवा सर्वभूताय बलिमेकं समाचरेत्।

तत्रापि कल्पान्तरमाह—**अथवेति**। कल्पेऽस्मिन् अशक्तौ पूर्ववत् बलिपञ्चकमकृत्वा केवलेन सर्वभूतबलिनैव बलिफलं लभ्येत।

यदि साधक के लिये पृथक्-पृथक् पाँच बलियाँ देना सम्भव नहीं हो तो केवल सर्वभूतों के लिये एक बलि प्रदान करे। आशय यह कि साधक के लिये बलि प्रदान करना अनिवार्य कर्तव्य है। वह अपनी सुविधा और सामर्थ्य के अनुसार चाहे पाँच बलि दे अथवा एक बलि दे।

[पुनः षडङ्गपूजा]

षडङ्गञ्च ततः कुर्यात् पूर्वोक्तेनैव वर्त्मना।।१२५।।

बटुक आदि बलि देवताओं को बलि देने के बाद यथाविधि पुनः षडङ्ग न्यास करे॥१२५॥

[हृदये मूर्त्तिकल्पना]

मायाबीजं समुच्चार्य कामबीजं ततः परम्।
बलिमात्मकमारोप्य हृदि मूर्त्तिं प्रकल्पयेत्।।१२६।।

[ध्याने विहितं मुद्राद्वयम्]

त्रिखण्डामुद्रया ध्यायेद् बद्ध्वा वा पाणिकच्छपाम्।
यथा ध्यात्वा साधकस्य मनो नान्यत्र सज्जते।।१२७।।

अथ त्रिपुराया ध्याने विहितं मुद्राद्वयं निरुक्तमुद्राद्वयेन कृतस्य ध्यानस्य प्रशस्तिञ्चाऽऽह—**त्रिखण्डेति**। तत्र त्रिखण्डामुद्रामाह तन्त्रसारे—

परिवर्त्त्य करौ स्पृष्टावङ्गुष्ठौ कारयेत् समौ।
अनामान्तर्गते कृत्वा तर्जन्यौ कुटिलाकृती।।
कनिष्ठिके नियुञ्जीत निजस्थाने महेश्वरि।
त्रिखण्डेयं समाख्याता त्रिपुराध्यानकर्मणि।। इति।

अनया मुद्रया त्रिपुरां ध्यायेदित्यर्थः। कल्पान्तरमाह—**बद्ध्वा वेति**। **पाणिकच्छपां** कूर्ममुद्रां बद्ध्वा वेत्यर्थः। कूर्ममुद्रालक्षणमाह तन्त्रसारे—

वामहस्तस्य तर्जन्यां दक्षिणस्य कनिष्ठिकाम्।
तथा दक्षिणतर्जन्यां वामाङ्गुष्ठं नियोजयेत्।।
उन्नतं दक्षिणाङ्गुष्ठं वामस्य मध्यमादिकाः।
अङ्गुलीर्योजयेत् पृष्ठे दक्षिणस्य करस्य च।।

वामस्य पितृतीर्थेन मध्यमानामिके तथा।
अधोमुखे च ते कुर्याद्दक्षिणस्य करस्य च।।
कूर्मपृष्ठसमं कुर्याद्दक्षपाणिञ्च सर्वतः।
कूर्ममुद्रेयमाख्याता देवताध्यानकर्मणि।। इति।

एवमेव गन्धर्वतन्त्रे एकादशपटलेऽपि। **यथेति**। निरुक्तान्यतरमुद्रया ध्यायतः साधकस्य मनः अन्यत्र न सज्जते ध्येयविषय एव समाहितं भवतीत्यर्थः।

'ह्रीं क्लीं' का उच्चारण करके हृदय में स्थित देवता के निमित्त अपने सिर पर पुष्प-अक्षत रखकर त्रिखण्डा अथवा कर-कच्छप मुद्रा बाँधकर देवता का ध्यान करें। ऐसा करने से साधक का मन एकाग्र हो जाता है।।१२६-१२७।।

[ध्यानयोगः]

ध्यानयोगं समास्थाय पूरकेणापि कर्मणा।
मनो मूले तु संयोज्य कुञ्च्य प्राणानिरूकतः(?)।।१२८।।
मूलाधारे स्फुरद्दीपशिखाकारां शिवां स्मरेत्।
संयोज्य परमानन्दे ब्रह्मरन्ध्रान्तरस्थिते।।१२९।।
सामरस्यं तयोः कृत्वा विश्राम्य च पुनः पुनः।
शिवानन्दामृतालोलीभूतां चैतन्यरूपिणीम्।
तामात्मस्थानमानीय चिद्रूपां परिचिन्तयेत्।।१३०।।

मूल इति। मूलाधारे मनः संयोज्येत्यर्थः। इममेवार्थमाह तन्त्रसारे योगप्रक्रिया-प्रकरणे—

आदौ पूरकयोगेन स्वाधारे योजयेन्मनः।
गुदमेढ्रान्तरे शक्तिं तामाकुञ्च्य प्रबोधयेत्।।

गुदमेढ्रान्तरे तां शक्तिमाकुञ्च्य निरुपमसूक्ष्मताकां सञ्चिन्त्य प्रवर्धयेत् (इति चास्य व्याख्या)।

मूलाधार इति। निरुक्तलक्षणां शिवां कुण्डलिनीं मूलाधारचतुर्दलाभ्यन्तरे स्मरेदित्यर्थः। **संयोज्येति**। ब्रह्मरन्ध्राभ्यन्तरीणे परमानन्दस्वरूपे परमशिवे तां कुण्डलिनीं संयोज्येत्यर्थः। **सामरस्यमिति**। सामरस्यञ्च—

स्त्रीपुंयोगे तु यत् सौख्यं सामरस्यं तदुच्यते।

इत्युक्तलक्षणम्। **तयोः** कुण्डलिनीपरमशिवयोर्निरुक्तसामरस्यं सम्पाद्येत्यर्थः। **शिवेति**। परमशिवसम्भोगस्रुतानन्दामृतचञ्चलीभूतामित्यर्थः। आत्मस्थानं हृदयमित्यर्थः।

ध्यानयोग में स्थित होने के लिये पूरक प्राणायाम के द्वारा प्राणों को आकुंचित करके मन को मूलाधार में नियोजित करें। मूलाधार में स्पन्दित दीपशिखा की भाँति प्रकाशयुक्ता 'शिवा' का ध्यान करके उन्हें सुषुम्णा मार्ग से ब्रह्मरन्ध्र-स्थित अकुल

लोक में लाकर परमानन्दस्वरूप परमशिव के साथ संयोजित करायें। शिव-सामरस्य से परितृप्त शिवा को सहस्रार से मूलाधार में लायें। शिवानन्दरूपी अमृत के लिये सदैव लालायित चैतन्यरूपिणी शक्ति को बार-बार मूलाधार से ब्रह्मरन्ध्र में लाकर उसका शिव के साथ कई बार संयोग करायें। बाद में उसे आत्म स्थान (हृदय) में लाकर उसका 'चित् रूप' से चिन्तन (ध्यान) करें।।१२८-१३०।।

चिन्तयेत् कर्णिकामध्ये रत्नसिंहासनं महत्।
सिद्धिषोडशकोणं तत् सूर्यकोटिसमप्रभम्।।१३१।।
तन्मध्ये चिन्तयेन्मन्त्री चक्रराजं सुशोभनम्।
चक्रमध्ये ततः शक्तिं त्रिकोणां परिचिन्तयेत्।।१३२।।
तन्मध्ये चिन्तयेत्तेजः सुप्रकाशं निरञ्जनम्।
प्रलयानलसङ्काशं सर्वदेवमयं शिवम्।।१३३।।
ब्रह्मतेजोमयं नित्यं मुनिसिद्धितपोमयम्।
सर्वव्रतफलमयं सर्वयज्ञफलात्मकम्।।१३४।।
सर्वशक्तिमयञ्चैव सर्वविद्यात्मकं पुनः।
सर्वात्मभावरूपञ्च सर्वानन्दमयं तथा।।१३५।।
सर्वज्ञानमयञ्चैव सर्वभूतात्मकं पुनः।
चिन्तयेच्च महादेवीं तेजः परिणतं हि तत्।।१३६।।

चिन्तयेदिति। कर्णिकामध्ये अनाहतपद्मस्येति शेषः। शिष्टं स्पष्टम्।

तन्मध्ये निरुक्तरत्नसिंहासनमध्यप्रदेशे चक्रराजं श्रीचक्रम्, तन्मध्ये त्रिकोणरूपां शक्तिम्, तन्मध्ये च वक्ष्यमाणरूपं तेजः; तत्तेजः परिणतिरूपां महादेवीं श्रीमत्त्रिपुरसुन्दरीं वक्ष्यमाणध्यानक्रमेण चिन्तयेदिति फलितार्थः।

हृदयक्षेत्रवर्ती कमल की कर्णिकाओं के मध्य में षोडश कोणों वाला रत्न-सिंहासन है, जो करोड़ों-करोड़ों सूर्यों की तरह जाज्वल्यमान है। इस सिंहासन पर चक्रराज प्रतिष्ठित है। इस चक्र के मध्य में त्रिकोण है। साधक इस त्रिकोण का शक्ति के रूप में चिन्तन करे। इस त्रिकोण में स्वच्छ, प्रकाशमान तेज का ध्यान करे; जो प्रलयकालीन अग्नि की तरह प्रकाशपुञ्ज, सर्वदेवमय तथा साधक के लिये सर्वथा आनन्दकारी है। शिव-स्वरूप है। यह तेज मुनियों और सिद्धों को उनकी तपस्या और सिद्धियों से प्राप्त ब्रह्मतेज के समान है। समस्त यज्ञों तथा व्रतों के फलस्वरूप प्राप्त होने वाला यह तेज समस्त शक्तियों और विद्याओं का अधिष्ठान है। सृष्टि के सभी जड़ एवं चेतन प्राणियों का उपादान एवं चेतन प्राणियों को प्राप्त होने वाले सभी आनन्द का उत्स है। समस्त भूतों की उत्पत्ति तथा समस्त ज्ञान का एकमात्र आधार है। सर्वाधार वही तेज महादेवी के रूप में परिणत हो रहा है, ऐसी भावना करनी चाहिए।।१३१-१३६।।

[देव्या ध्यानम्]

ततः पद्मनिभां देवीं बालार्ककिरणारुणाम्।
जवाकुसुमसङ्काशां दाडिमीकुसुमप्रभाम्।।१३७।।
पद्मरागप्रतीकाशां कुङ्कुमोदकसन्निभाम्।
स्फुरन्मुकुटमाणिक्य-किङ्किणीजालमण्डिताम् ।।१३८।।

अथ श्रीमत्त्रिपुरसुन्दर्या ध्यानद्वयमभिधास्यन् प्रथमं ध्यानमाह—**ततः पद्मनिभामित्यादिना परमानन्दनन्दितामित्यन्तेन।** स्पष्टार्थमिदमिति न व्याख्यायते।

भगवती के निराकार ज्योतिस्वरूप एवं तेजोमय निराकार रूप का वर्णन करने के बाद २१ श्लोकों में उनके लावण्यमय साकार रूप का निरूपण किया गया है। साकार रूप में परिणत देवी की देहयष्टि का वर्ण रक्त-कमल के समान लाल, नवोदित सूर्य की किरणों के समान अरुण, जवा-कुसुम के समान लोहित, अनार-पुष्प के समान रक्तिम तथा पद्मराग मणि के समान कुंकुमाभ है। उनके शिरोप्रदेश में बहुमूल्य रत्नों से खचित किरीट है, जिसमें छोटी मणियों से निर्मित झालर लटक रही है।।१३७-१३८।।

कालालिकुलसङ्काशकुटिलालकपल्लवाम् ।
प्रत्यग्रारुणसङ्काशवदनाम्भोजमण्डलाम् ।।१३९।।
किञ्चिदर्धेन्दुकुटिलललाटमृदुपट्टिकाम् ।
पिनाकिधनुराकारसुभ्रुवं परमेश्वरीम्।।१४०।।

उनकी केश-राशि भौंरों के समान काली है। उस घुँघराली केशराशि की पल्लवों के समान वलयाकार अलकें मुखमण्डल पर झूल रही हैं। प्रफुल्लित कमल के समान मसृण तथा चिक्कण उनके मुखमण्डल में ऊषा की अरुणाई है। ललाट प्रदेश में द्वितीया के चन्द्रमा की कलगी है। उनकी भौंहें पिनाकी (शिव) के पिनाक (धनुष) के समान बंकिम हैं।।१३९-१४०।।

आनन्दमुदितोल्लोललीलान्दोलितलोचनाम् ।
स्फुरन्मयूखसङ्घातविलसद्धेमकुण्डलाम् ।।१४१।।
सुगण्डमण्डलाभोगजितेन्द्वमृतमण्डलाम् ।
विश्वकर्मादिनिर्माणसूत्रविस्पष्टनासिकाम् ।।१४२।।

हृदय की उत्ताल आमोद तरंगों के कारण उनके नेत्र चपल और चञ्चल हैं। कुण्डलों में जड़ी हुई मणियों के किरणों की झिलमिलाहट से उनका वह कपोल-मण्डल देदीप्यमान है, जिसने अपनी आभा के अमृत से परिपूर्ण विधु-मण्डल को पराजित कर दिया है। उनकी नासिका विश्वकर्मा के निर्माणसूत्र की तरह सुडौल और स्पष्ट है।।१४१-१४२।।

ताम्रविद्रुमबिम्बाभरक्तोष्ठीममृतोपमाम् ।
स्मितमाधुर्यविजितमाधुर्यरससागराम् ।।१४३।।
बीजपूरस्फुरद्बीजदन्तपङ्क्तियुगान्विताम् ।
रत्नद्वीपस्फुरद्रत्नजिह्वाममलभाषिणीम् ।।१४४।।

देवी के अमृत भरे रसीले होठों की कान्ति मूँगों, रक्त चन्दन अथवा बिम्बाफल के समान है, जिन पर खेलने वाली स्मित रेखा ने माधुर्य रस के सागर को भी जीत लिया है। उनकी दन्तपंक्ति बीजपूर (अनार) के दानों के समान धवल सुडौल है। रत्नद्वीपरूपी मुख में स्फुरत् जिह्वा रत्न के समान रतनारी है।।१४३-१४४।।

अनौपम्यगुणोपेतचिबुकोद्देशशोभिताम् ।
कम्बुग्रीवां महादेवीं मृणाललतितैर्भुजैः ।।१४५।।
रक्तोत्पलदलाकारसुकुमारकराम्बुजाम् ।
कराम्बुजनखज्योतिर्विद्योतितनभस्तलाम् ।।१४६।।

उनके चिबुक (टुड्डी) प्रदेश की शोभा अनुपम है। विश्व में कोई भी ऐसी वस्तु नहीं है, जिससे उनके चिबुक प्रदेश की उपमा दी जा सके। उनकी ग्रीवा शंख के समान वर्तुल, ऊपर की ओर कुछ मोटी, नीचे की ओर पतली तथा सुचिक्कण है। भुजायें कमलनाल के समान लम्बी तथा सुकोमल हैं। कर-कमल (मणिबन्ध के आगे का भाग) रक्तकमल की पंखुड़ियों के समान मसृण और मोहक है। उनके कर-कमलों के नखों से निकलने वाली ज्योतिपुञ्ज से पृथ्वी से लेकर आकाश तक सम्पूर्ण विश्व प्रकाशित है।।१४२-१४६।।

मुक्ताहारलतोपेतसमुन्नतपयोधराम् ।
त्रिवलीवलयामुक्तमध्यदेशसुशोभिताम् ।।१४७।।
लावण्यसरिदावर्त्ताकारनाभिविभूषिताम् ।
अनर्घरत्नघटितकाञ्चीयुक्तनितम्बिनीम् ।।१४८।।

समुन्नत स्तन-मण्डल पर मोतियों की माला है। मध्यदेश (कटिप्रदेश) त्रिवली की शोभा से अलंकृत है। नाभि लावण्य सरिता में पड़ने वाले भँवर के समान है। नितम्बप्रदेश पर अनमोल रत्नों की काञ्ची (मेखला—करधन) है।।१४७-१४८।।

नितम्बबिम्बद्विरदरोमराजिवराङ्कुशाम् ।
कदलीललितस्तम्भसुकुमारोरुमीश्वरीम् ।।१४९।।
लावण्यकदलीतुल्यजङ्घायुगलमण्डिताम् ।
गूढगुल्फपदद्वन्द्वप्रपदाजितकच्छपाम् ।।१५०।।

नितम्बप्रदेश की रोमावली नितम्बरूपी हाथियों को नियन्त्रित करने वाले सुन्दर अंकुश के समान है। जाँघों की सुन्दरता, मसृणता तथा सुघड़ता केले के तने के

समान है। दोनों चरणों के ऊपरी भाग की बनावट के सामने कच्छप (कछुवे) के पीठ की बंकिम अवनतोन्नता फीकी है। पृथुलता के कारण गुल्फ प्रदेश गूढ़ है—स्पष्ट आभासित नहीं होता॥१४९-१५०॥

ब्रह्माविष्णुशिरोरत्ननिघृष्टचरणाम्बुजाम् ।
तनुदीर्घाङ्गुलिस्वच्छनखचन्द्रविभूषिताम् ॥१५१॥
शीतांशुशतसङ्काशकान्तिसन्तानहासिनीम् ।
लौहित्यजितसिन्दूरजवादाडिमरागिणीम् ॥१५२॥

उनके चरण-कमल इतने दिव्य और पावन हैं, जिनका स्पर्श करके ब्रह्मा एवं विष्णु-सहित सभी देवताओं के मुकुटों की मणियाँ भी धन्य हो जाती हैं। पैरों की अंगुलियाँ लम्बी और छरहरी हैं तथा नखों की धवलता चन्द्रमा के समान है। जब वे हँसती हैं तब ऐसा लगता है, मानो सैकड़ों चन्द्रमाओं की ज्योत्स्ना एक साथ फैल गई हो। नखों की नैसर्गिक लालिमा के सामने सिन्दूर, जवा-कुसुम और अनार की लालिमा फीकी दिखाई देती है॥१५१-१५२॥

रक्तवस्त्रपरीधानां पाशाङ्कुशकरोद्यताम्।
रक्तपद्मनिविष्टान्तु रक्ताभरणभूषिताम्॥१५३॥
चतुर्भुजां त्रिनेत्राञ्च पञ्चबाणधनुर्धराम्।
कर्पूरशकलोन्मिश्रताम्बूलपूरिताननाम् ॥१५४॥

वे लाल रंग के कमल पर बैठी हुई हैं। उनके वस्त्र और आभूषण भी चटख लाल रंग के हैं। मुँह में कपूरयुक्त पान का बीड़ा है, जिससे उनके अधरों की लालिमा बढ़ गई है तथा मुख से भीनी खुशबू निकल रही है। वे त्रिनयना और चतुर्भुजा हैं। उनके इन चार हाथों में पाश-अंकुश-धनुष तथा पञ्च-बाण शोभित हैं॥१५३-१५४॥

विमर्श—उनके ऊपर वाले बाँयें हाथ में ईख का धनुष तथा नीचे वाले हाथ में पाश है। नीचे वाले दाहिने हाथ में अंकुश तथा ऊपर वाले दाहिने हाथ में पाँच बाण हैं।

महामृगमदोद्दामकुङ्कुमारुणविग्रहाम् ।
सर्वशृङ्गारवेशाढ्यां सर्वाभरणभूषिताम्॥१५५॥

उनका विग्रह (शरीर) कुंकुम के समान अरुण तथा कस्तूरी के समान सुवासित है। वे सर्व शृंगारमयी हैं। उनका अंग-प्रत्यंग यथोचित आभूषणों से अलंकृत है॥१५५॥

जगदाह्लादजननीं जगद्रञ्जनकारिणीम्।
जगदाकर्षणकरीं जगत्कारणरूपिणीम्॥१५६॥

सर्वमन्त्रमयीं देवीं सर्वसौभाग्यसुन्दरीम्।
सर्वलक्ष्मीमयीं नित्यां परमानन्दनन्दिताम्।।१५७।।

वे जगत्कारिणी हैं अर्थात् संसार की उत्पत्ति उनसे ही हुई है। उन्होंने ही सारे संसार को जन्म दिया है। संसार को आह्लाद एवं प्रसन्नता वे ही प्रदान करती हैं। वे ही संसार में आकर्षण की एकमात्र केन्द्र हैं। वे सर्वमन्त्रमयी, सर्वसौभाग्यमयी, सर्वलक्ष्मीमयी तथा परम आनन्द से नित्यप्रति आनन्दित रहती हैं।।१५६-१५७।।

सर्वमन्त्रमयी—सभी मन्त्रों की उत्पत्ति या निष्पत्ति कतिपय मातृकाओं के संयोजन से होती है। मन्त्रों में प्रयुक्त सभी मातृकायें भगवती के शरीर में स्थित हैं। अत: वे सभी मन्त्रमयी हैं।

कुण्डलिनी से ध्वन्यात्मक वर्णों की सृष्टि होती है। भगवती ही व्यष्टि शरीर में सार्ध त्रिवलया एवं समष्टि शरीर में एकपञ्चाशत् वलया महाकुण्डलिनी के रूप में स्थित हैं, अत: वे सर्वमन्त्रमयी हैं।

सभी मन्त्रों के अधिष्ठातृ देवताओं की सृष्टि भी भगवती से हुई है और उन्होंने ही सभी देवताओं को मन्त्र-साधना का यथावांछित फल प्रदान करने का अधिकार और सामर्थ्य दिया है; अत: वे सर्वदेवमयी और सर्वमन्त्रमयी हैं।

सर्वसौभाग्यमयी—'सुभगाया: सुभगस्य वा भावं' इति सौभाग्यम्। इस व्युत्पत्ति के अनुसार पति और पत्नी का निरन्तर साहचर्य और परस्पर अनुकूलता 'सौभाग्य' है। भगवती के पति कामेश्वर शिव अभिन्न भाव के निरन्तर उनके साथ रहते हैं और वे 'स्वाधीनवल्लभा' हैं। अत: वे सर्वसौभाग्यमयी हैं। विश्व में स्त्रीजनों को जो सौभाग्य मिला है, वह उनका ही प्रसाद है, जैसा कि तन्त्रान्तर (चण्डी) में कहा गया है—

सौभाग्यञ्च यत्किंचिद् दृश्यते ललनाजने।
सर्वं तत्प्रसाद .... ।।

सर्वलक्ष्मीमयी—सभी शुभ लक्षणों से युक्ता होने के कारण, आधिभौतिक आधिदैविक एवं आध्यात्मिक लक्ष्मी-स्वरूपा होने के कारण तथा अष्ट लक्ष्मियों की समष्टि मूर्ति होने के कारण वे सर्वलक्ष्मीमयी हैं।

परमानन्दनन्दिता—भगवान् परमशिव चिर आनन्द के उत्स हैं, चिदानन्द-स्वरूप हैं। भगवती शिवा उनकी नित्य सहचरी होने के कारण परमानन्द-नन्दिता हैं।

[ध्यानान्तरम्]

अथवाऽन्यप्रकारेण ध्यायेद्देवीं सुलक्षणाम्।
जवाकुसुमसङ्काशां दाडिमीकुसुमारुणाम्।।१५८।।

सिन्दूरपूररुचिरां बालार्ककिरणोपमाम्।
तप्तकाञ्चनसङ्काशां पद्मरागमणिप्रभाम्।।१५९।।

अथ ध्यानान्तरमाह—**अथवेत्यादिना साधकोत्तम इत्यन्तेन।**

'अथवा' विकल्प का सूचक है। भगवती कामेश्वरी की साकार मूर्ति का एक ध्यान उपर्युक्त ३४ श्लोकों में बताया गया है। यदि साधक चाहे तो दूसरे प्रकार से भी उनका ध्यान कर सकता है। उसका निरूपण इन छत्तीस (३६) श्लोकों में किया गया है।

शुभ लक्षणों वाली भगवती कामेश्वरी का वर्ण जवापुष्पों, अनार के फूलों, सिन्दूर की राशि, नवोदित सूर्य की किरणों, आग में तपाये गये स्वर्ण तथा पुखराज के समान लाल है।।१५८-१५९।।

नानासद्रत्नसंयुक्तकिरीटवरभूषणाम् ।
अर्द्धेन्दुमस्तकाक्रान्तकुटिलालकपल्लवाम् ।।१६०।।
चमरीबालकुटिलनिर्मलश्यामकेशिनीम् ।
मल्लिकामालतीमालाकवरीपरिवेष्टिताम् ।।१६१।।
नानासद्रत्नसंयुक्तपट्टगुच्छप्रलम्बिताम् ।
शरदर्धेन्दुकुटिलललाटमृदुपट्टिकाम् ।।१६२।।

सिर पर सोने का मुकुट है, जिसमें विभिन्न प्रकार के रत्न जड़े हुए हैं। मस्तक पर दूज का चन्द्रमा है। घुँघराली लटें हैं। घनी और काली केशराशि की जटा है, जिस पर मल्लिका-मालती आदि पुष्पों की माला है। पीठ के पीछे पट्टगुच्छ लटक रहा है, जिसमें तरह-तरह के रत्न जड़े हुए हैं।।१६०-१६२।।

केशमध्ये महाभास्वत्सिन्दूरलहरीयुताम्।
चन्दनागुरुकस्तूरीकुङ्कुमैस्तिलकोज्ज्वलाम् ।।१६३।।
कामकोदण्डसदृशसुभ्रुवं पद्मलोचनाम्।
आनन्दमुदितोल्लासलोचनत्रितयान्विताम् ।।१६४।।
शरत्पूर्णेन्दुसदृशसूत्रविस्पष्टनासिकाम् ।
नासाग्रे गजराजोत्थमहामुक्ताविराजिताम्।।१६५।।

केश-राशि के मध्य में अर्थात् मांग में सिन्दूर की पतली तथापि दमकती हुई रेखा है। कमल के समान सुन्दर तीन नेत्र हैं, जिनसे हृदय का आनन्द छलक रहा है। कामदेव के धनुष के समान बंकिम भौंहें हैं। सुघड़ एवं सुन्दर नासिका में शरत् चन्द्र के समान गोल नासिका-सूत्र (नथनी) है। नासिका के अग्रभाग में गजमुक्ता की बुलाक है।।१६३-१६५।।

सुचारुवृत्तगण्डेन विजितामृतमण्डलाम्।
शरत्पूर्णेन्दुसदृशमुखमण्डलमण्डिताम् ।।१६६।।
ईषत्सहास्यवदनजितमाधुर्यसागराम् ।
कर्णोपरिस्फुरद्रत्नपत्रिकावरराजिताम् ।।१६७।।
आनन्दरत्नघटितकर्णभूषणभूषिताम् ।
स्फुरद्रत्नसमूहेन विलसद्धेमकुण्डलाम्।।१६८।।
कर्णभूषणतेजोभिः कपोलस्थलमञ्जरीम्।
बन्धूकारुणसिन्दूरबिम्बोष्ठीममृतोपमाम् ।।१६९।।

अमृतमण्डप अर्थात् चन्द्रमा। भगवती कामेश्वरी के गोल कपोलमण्डल के सामने अमृतवर्षी चन्द्रमा की धवल कान्ति भी फीकी है अर्थात् उनके मुखमण्डल की शोभा शारदीय चन्द्रमा की शोभा एवं सौन्दर्य से भी कई गुना अधिक है। उनके मन्द मुस्कानयुक्त मुख की मधुरता के सामने सम्पूर्ण संसार की मधुरता हेय है, नगण्य है। कानों में सोने के कुण्डल और कर्णफूल हैं। इनमें खचित मणियों की चकाचौंध से उनका सम्पूर्ण मुख-मण्डल दमक रहा है॥१६६-१६९॥

बीजपूरस्फुरद्बीजदन्तपङ्क्तियुगान्विताम् ।
अनौपम्यगुणोपेतचिबुकस्थलराजिताम् ।।१७०।।
नानारत्नसमायुक्तग्रीवाभूषणभूषिताम् ।
मुक्तामणिप्रवालस्य निकरैः कण्ठभूषिताम्।।१७१।।
प्रवालवल्लीसादृश्यबाहुवल्लीचतुष्टयाम् ।
कुङ्कुमारुणसङ्काशसुकोमलकराम्बुजाम् ।।१७२।।
पाणिपद्मनखज्योत्स्नावितानितनभस्थलाम् ।
सद्रत्नगणसंयुक्तकेयूरवरभूषिताम् ।।१७३।।

उनकी दन्तपंक्ति बीजपूर के दानों के समान सुडौल और धवल है। चिबुक का सौन्दर्य अनुपम है। नाना प्रकार के रत्नों से निर्मित ग्रैवेय और कण्ठहार उनके गले की शोभा को बढ़ा रहे हैं। उनकी चारो भुजायें प्रवालवल्ली के समान हैं। कर-कमल कुंकुम के समान अरुणाभ हैं। हाथों के नख की ज्योति दिग्-दिगन्त तक व्याप्त है। बाजुओं में रत्न-खचित केयूर (बाजूबन्द) है॥१७०-१७३॥

नवरत्नसमायुक्तपट्टसूत्रप्रलम्बिताम् ।
नागेन्द्रदन्तशङ्खेन मणिबन्धविराजिताम्।।१७४।।
अनर्घ्यरत्नघटितकङ्कणैः परिमण्डिताम्।
अङ्गुलीयकरत्नेन विराजितदिगन्तराम्।।१७५।।

बाजूबन्द की रत्नखचित रेशमी डोर झूल रही है। कलाइयों में हाथी दन्त का बना शंख तथा अनेक अनमोल रत्नों से बना कंगन सुशोभित है। अंगुलियों में अंगूठियाँ हैं, जिनमें जड़े रत्नों की किरणें चारो ओर दिग्-दिगन्त तक फैल रही हैं।।१७४-१७५।।

विमर्श—'शंख' कलाईयों में पहना जाने वाला सफेद रंग का एक आभूषण है। इसे 'चूडा' भी कहते हैं।

सत्त्वरजस्तमोभूतपाशं वामकरे धृताम्।
भृङ्गपङ्क्तिगुणाक्रान्तमिक्षुचापविधारिणीम् ।।१७६।।
अष्टधातुसमायुक्तमङ्कुशं दक्षिणे करे।
रक्तोत्पलाब्जकुमुदकुन्दाम्राङ्कुरसम्भवान् ।।१७७।।
तदधः पञ्चबाणांश्च दधतीं त्रिपुरेश्वरीम्।
आयुधस्य प्रतीकाशैर्नभस्तलविराजिताम्।।१७८।।

भगवती कामेश्वरी के ऊपर वाले बाँयें हाथ में सत्त्व-रज और तमोगुण से उत्पन्न पाश है। नीचे वाले बाँयें हाथ में धनुष है, जो इक्षु-दण्ड का बना हुआ है और जिस पर भँवरे मँडरा रहे हैं। ऊपरी दाहिने हाथ में अष्टधातु से निर्मित अंकुश तथा नीचे वाले हाथ में पाँच बाण हैं। ये बाण रक्त कमल, श्वेत कमल, श्वेत कुमुद, कुन्द तथा आम्रमञ्जरी के बने हुए हैं। इन आयुधों का प्रकाश नभोमण्डल में चारो ओर फैला हुआ है।।१७६-१७८।।

आनन्दहारसन्दोहविराजितपयोधराम् ।
पृष्टदेशे स्फुरद्रत्नपट्टगुच्छप्रलम्बिताम्।।१७९।।
सुवृत्तनिविडोत्तुङ्गपीवरस्तनमण्डलाम् ।
पयोधरभरानम्रसुचारुक्षीणमध्यमाम् ।।१८०।।
नाभिपद्माद्रोमराजिलताकुचसमीपगाम् ।
गन्धचन्दनकस्तूरीविलेपितकलेवराम् ।।१८१।।

भगवती कामेश्वरी के दोनों स्तन गोल, स्थूल, उन्नत तथा अत्यन्त पुष्ट हैं। स्तन-मण्डल पर फूलों की माला झूल रही है। पीठ की ओर चमकीले रत्नों से बनी अनेक पट्टिकायें लटक रही हैं। स्तन-मण्डल के भार से वे सामने की ओर कुछ झुकी हुई हैं। नाभिरूपी कमल से उद्भूत रोमावली-रूपी लतायें स्तनों तक फैली हुई हैं।।१७९-१८१।।

काञ्चनाञ्चितकाञ्चोलीपरिपूरितभूषिताम् ।
सुचारुत्रिवलीयुक्तमध्यदेशसुशोभिताम् ।।१८२।।

क्वणत्काञ्चीसमायुक्तनितम्बबिम्बमण्डलाम् ।
सुवर्णसूत्ररचितरक्तपट्टपटान्विताम् ।।१८३।।
पटाञ्चलसमायुक्तसद्रत्नवरभूषिताम् ।
अनेकरत्नरचितचारुमेखलयाऽन्विताम् ।।१८४।।

लाल रंग की रेशमी चोली पर सोने के तारों से कशीदाकारी की गई है। साड़ी भी लाल रंग की रेशमी है, जिस पर छोटे-छोटे रत्न जड़े हुए हैं। साड़ी के आँचल और किनारी पर भी नगीने टाँके गये हैं। नितम्बप्रदेश के ऊपर रत्नजटित स्वर्ण-मेखला है, जिसमें छोटे-छोटे घुँघरू लगे हुए हैं। मध्यदेश अर्थात् उदर प्रदेश में त्रिवली की शोभा न्यारी है।।१८२-१८४।।

करीन्द्रकरसादृश्यसुकुमारोरुयुग्मकाम् ।
कदलीललितस्तम्भचारुजङ्घायुगान्विताम् ।।१८५।।
तरुणारुणपादाब्जरणन्नूपुरराजिताम् ।
मुक्तामणिप्रवालैश्च पादपद्मविभूषिताम्।।१८६।।
प्रवालाङ्कुरसादृश्यपादाङ्गुलिप्रकाशिताम् ।
पादाङ्गुलिनखज्योतिःशरदिन्दुतिरस्कृताम् ।।१८७।।
सुकोमललसन्मालापादपद्मप्रलम्बिताम् ।
इमं स्तवं प्रवक्ष्यामि शङ्कराचार्यभाषितम्।

शङ्कराचार्यकृत स्तोत्र—श्री त्रिपुरार्णवतन्त्रोक्त स्तव के बाद भगवान् शंकराचार्य-कृत 'श्रीक्रमस्तव' उद्धृत किया गया है। इस स्तव में श्रीचक्र का वर्णन प्रारम्भ करके पूजाक्रम के अनुसार सभी आवरणदेवताओं के नामोल्लेखपूर्वक उनकी वन्दना की गई है।

रत्नामृताम्बुनिधिमध्यलसत्प्रवाल-
द्वीपस्फुरत्परमनन्दनकाननान्तः ।
श्रीवृक्षमूलतलपश्चिमवक्त्ररत्न-
गेहान्तराद्भुतमहामणिपीठिकायाम् ।।१।।

मणिपूर द्वीप—अमृतवत् अमूल्य रत्न-भण्डारों से परिपूर्ण सागर में प्रवाल-द्वीप है। इस द्वीप की भूमि मूँगे के समान लाल है। इस द्वीप में परम आनन्ददायक नन्दन-कानन है, जिसमें बिल्ववृक्ष की घनेरी छाया में पश्चिमाभिमुख भवन है। इस भव्य भवन में मणियों से विरचित पीठिका है।।१।।

बिन्दुत्रिकोणबहिरष्टककोणबाह्या-
द्दिक्कोणदिक्परचतुर्दशकोणयुक्तम् ।
वृत्ताष्टषोडशदलानतवृत्तलोक-
भूपूश्चतुर्मुखमहं प्रणमामि चक्रम्।।२।।

चक्र-वर्णन—उपर्युक्त मणिखचित पीठिका पर बिन्दु, त्रिकोण, अष्टकोण, अन्तर और बाह्यक्रम से दो दश कोण, एवं चतुर्दश कोणों से युक्त वृत्त, फिर वृत्त के बाहर अष्टदल कमल एवं षोडश दल कमलों को घेरकर बनाये गये चतुर्द्वार-युक्त तीन भूपुरों वाला विशाल श्रीचक्र बना हुआ है। मैं इस चक्र को सादर प्रणाम करता हूँ।।२।।

पाशाङ्कुशामृतकपालसुशूलहस्तं
हस्त्याननं विविधभूषणनीलदेहम्।
नित्योत्सवं सकलविघ्नविनाशहेतुं
श्रीमद्गणेश्वरमहं प्रणमामि नित्यम्।।३।।

गणपति-वन्दना—श्रीचक्र का नमन करने के बाद मैं समस्त विघ्नों के विनाश तथा नित्यप्रति उत्सव एवं आनन्द-प्राप्ति के लिये नीली देहकान्ति वाले हस्तिमुख भगवान् गणपति को प्रणाम करता हूँ, जिनके चारो हाथ पाश, अंकुश, अमृतकपाल (पात्र) तथा त्रिशूल से शोभित हो रहे हैं।।३।।

पीयूषभाण्डमसिदण्डकपालखण्ड-
चण्डातिचण्डभुजदण्डमतिप्रचण्डम् ।
श्रीकुण्डलद्वयविमण्डितगण्डमीडे
नीलं वटुं वटुकनाथमहीन्द्रहारम्।।४।।

वटुक-वन्दना—अब मैं प्रणाम करता हूँ श्यामल नीली देहकान्ति वाले वीर ब्रह्मचारी वटुकनाथ को, जिनके गले में सर्पों की माला है तथा चण्ड (सूर्य) से भी प्रचण्ड (प्रखर) जिनकी भुजायें अमृत-कलश, तलवार, दण्ड तथा नृकपाल से

शोभित हैं। जिनके गण्डस्थल रत्नखचित स्वर्ण कर्ण-कुण्डलों की आभा से दमक रहे हैं।।४।।

चञ्चत्कपालसुकृपाणसशूलदण्ड-
मुद्यद्डमड्डमरुमण्डितपाणिदण्डम् ।
नीलाञ्जनप्रचयपुञ्जमिव प्रसन्नं
श्रीक्षेत्रपालकममुं शरणं श्रयामि।।५।।

क्षेत्रपाल-वन्दना—गणेश और बटुकनाथ को प्रणाम करने के बाद मैं क्षेत्रपाल जी का शरण-ग्रहण करता हूँ, जिनकी सशक्त मांसल भुजायें सुन्दर कपाल, कृपाण, त्रिशूल दण्ड तथा डमड्-डमड्-डमड् की ध्वनि करने वाले डमरू से शोभित हैं। देह की कान्ति सघन-कज्जल राशि के समान है तथा जो प्रसन्नमुख हैं।।५।।

चक्रातिचक्रपरिदारितदैत्यचक्र-
चक्राक्षिकम्बुपरिचुम्बिकरां कुमारीम्।
दुर्गां निसर्गमुनिवन्दितदुर्गदुर्ग-
सिंहासनोपरिगतां सततं श्रयामि।।६।।

दुर्गा-स्तवन—दैत्यों की विशाल सेना के चक्रों को देखते ही देखते विनाश कर देने वाली शंखधारिणी, सिंहवाहिनी, सतर्क चञ्चलनयना कुमारी दुर्गा के शरण ग्रहण करता हूँ, जिनके पवित्र दुर्गा-नाम का मुनिजन अहर्निश जप करते हैं।।६।। (शंख=हाथीदन्त का बना हुआ एक आभूषण, जो हाथों में पहना जाता है।)

पद्मद्वयाभयवरोद्यतपाणिपद्मां
पद्मासनेन समलङ्कृतपादपद्माम्।
पद्मां सुपद्मवदनां खलु पद्मनाभ-
हृत्पद्ममध्यवसतिं सततं प्रपद्ये।।७।।

विष्णुप्रिया-वन्दना—पद्मनाभ (विष्णु) के हृदय-पद्म में निवास करने वाली कमलवदना, कमलधारिणी, कमलासना भगवती कमला की चरणवन्दना करता हूँ, जो अपने भक्तों को समस्त भीतियों से अभय एवं मनचाहा वरदान देने को सदैव उद्यत रहती हैं।।७।।

उद्यत्सुधानिधिसहस्रमरीचिगौरीं
वागीश्वरीं सकलवाङ्मयसागराणाम्।
कण्ठे सदा लुठतु मे स्फटिकाक्षमाला
श्रीर्ज्ञानपुस्तकवराभयशस्तहस्ता ।।८।।

वागीश्वरी-स्तवन—उदीयमान चन्द्रमा की श्वेत-धवल किरणों के समान गौर वर्णा तथा समान वर्णा स्फटिक मालाधारिणी भगवती वागीश्वरी सदैव मेरे कण्ठ में वास करें, जो समस्त वाङ्मयरूपी ऐश्वर्य की स्वामिनी हैं तथा जिनके चारो हाथ ज्ञान, पुस्तक, वर तथा अभय मुद्राओं से शोभित हैं॥८॥

बन्धूकपुष्पवपुषं मदघूर्णमानं
पुष्पेषुचापकुसुमेषुकरं वराक्ष्या।
यद्वन्धनात् कनककान्तिसमानकान्त्या
स्वालिङ्गितं रतिपतिं सततं स्मरामि।।९।।

कामदेव-वन्दना—जिनके शरीर का वर्ण बन्धूक (दुपहरिया) के पुष्प के समान लाल है, मदपान के कारण जिनके नेत्र चञ्चल हैं, जिनके हाथों में पुष्प-निर्मित धनुष और बाण हैं और जिनकी सुन्दर प्रेम दृष्टि से बँधकर उनकी प्रिया उन्हें अपने आलिंगन में लपेटे हुए है, मैं उन रतिपति कामदेव का स्मरण करता हूँ॥९॥

प्रीत्यावशं भुवि वसन्तमहं भवन्तं
नृत्यन्तमद्भुतमहोत्सवदं वसन्तम्।
वन्दे सुनन्दनवने शरदिन्दुकान्तं
सन्तानसन्ततिलतासु विकाशयन्तम्।।१०।।

वसन्त-वन्दना—भगवती श्रीदेवी के प्रीति-वशीभूत होकर 'नन्दनवन' की धरा पर विराजित होकर सौन्दर्य-विस्ताररूप अपने अद्भुत नृत्य के द्वारा चतुर्दिक् आनन्द प्रदान करने वाले वसन्तदेवता की मैं वन्दना करता हूँ, जिनकी आभा शरद् ऋतु के चन्द्रमा के समान धवल और प्रीतिकर है और जो विभिन्न प्रकार की लताओं में नव-पल्लवों के रूप में उनकी वंश-परम्परा को विकसित करने में दक्ष हैं॥१०॥

भक्त्याश्रिताभयवरोद्यतपाणिपद्मौ
देवौ समानरचितासनसन्निविष्टौ।
द्वारे पुरे परमदैवतदेवतायाः
श्रीशङ्खपद्म च निधी(?) निदधामि मूर्ध्नि।।११।।

द्वारदेवता-वन्दना—ब्रह्मा आदि परम देवताओं की भी परदेवता भगवती महात्रिपुरसुन्दरी के प्रति अत्यन्त श्रद्धा और भक्ति के कारण उनके नगरद्वार पर द्वार-देवताओं के समान आसन पर सन्निविष्ट श्री शंखनिधि और श्री पद्मनिधि को सिर झुकाकर प्रणाम करता हूँ, जिनके दोनों हाथ अभय और वर प्रदान करने की मुद्रा में उठे हुए हैं॥११॥

चिन्तामणिप्रणयदक्षिणपाण्यभीति-
दानोल्लसत्कमलकोमलवामपाणीः ।
रक्तद्युतीः शशिधराः प्रकटाणिमाद्या-
स्त्रैलोक्यमोहनगताः परिपूजयामि।।१२।।

अणिमा आदि सिद्धिदेवियाँ—त्रैलोक्यमोहन चक्र में स्थित प्रकट-योगिनियों के पूजन-क्रम में मैं सर्वप्रथम भूपुर की प्रथम रेखा पर विराजिता अणिमा आदि सिद्धि-देवियों का पूजन (नमन) करता हूँ, जिनकी देह-कान्ति तथा वस्त्र एवं आभूषण आदि सब कुछ (भगवती ललिता के समरूप) लाल वर्ण का है। देवी ललिता के भक्तों के प्रेमवश ये सिद्धि-देवियाँ उन्हें चिन्तामणिरूप वर और अभय प्रदान करने के लिये कमल के समान कोमल अपने दाहिने हाथ में वर तथा बाँयें हाथ में अभय मुद्रा धारण की हुई हैं।।१२।।

रक्तोत्पलामृतकपालधराः कराभ्यां
वंशीतमालदलकोमलनीलदेहाः ।
ब्राह्म्यादिका रुधिरभूषणरक्तवस्त्रा
मातर्द्वितीयचतुरस्त्रगता भजामि।।१३।।

ब्राह्मी आदि मातृकायें—भूपुर की द्वितीय रेखा पर आठों दिशाओं में प्रतिष्ठिता ब्राह्मी आदि माताओं की मैं वन्दना करता हूँ, जिनकी देहकान्ति बाँस और तमालपत्र के समान श्यामल है तथा वस्त्र एवं आभूषण लाल रंग के हैं। इनके दाहिने हाथ में लाल रंग का लीलाकमल है और बाँयें हाथ में अमृतपूर्ण कपाल है।।१३।।

पाशाङ्कुशाङ्कितयथायथबद्धबद्ध-
मुद्राविमुद्रितकरां तरुणारुणाभाम्।
श्रीमत्तृतीयचतुरस्त्रगसर्वपूर्व-
संक्षोभपूर्वदलदैवतमर्चयामि ।।१४।।

मुद्रा-देवियाँ—भूपुर की तृतीय रेखा पर विराजिता संक्षोभिणी आदि मुद्रा-देवियों का अर्चन करता हूँ, जिनका वर्ण तरुण अरुण के समान अरुणाभ है। वे सब चतुर्भुजा हैं। दो रूपों में पाश और अंकुश तथा शेष दो हाथों में यथानाम संक्षोभणी आदि मुद्रा है।।१४।।

शोणाः सपाशसृणिपाणियुगाभिरामाः
कामाद्यकर्षणमुखाः सुभगाश्च नित्याः।
गुप्ताः कलानिधिकलाः खलु सर्ववाञ्छा-
सम्पूर्णषोडशदले परिपूजयामि।।१५।।

कामाकर्षिणी आदि कलायें—श्रीचक्र के षोडशदल कमलरूप सर्वाशा-परिपूरक चक्र में विराजिता षोडश कलारूपा रक्तवर्णा कामाकर्षिणी आदि गुप्त-योगिनियों की पूजा करता हूँ, जो अत्यन्त सौन्दर्य शालिनी हैं तथा जिनके हाथ पाश और अंकुश से शोभित हैं॥१५॥

श्रीदेव्यचिन्त्यमहिमा अभिदीप्यमाना
रक्ताः सुगुप्ततरनामधरा दयार्द्राः।
शक्तीरनङ्गकुसुमादिकयाष्ट सर्व-
संक्षोभकेऽष्टकदले परिपूजयामि॥१६॥

अनंगकुसुमा आदि देवियाँ—अष्टदल वाले सर्वसंक्षोभण चक्र में विराजित अनंग-कुसुमा आदि नामों वाले गुप्ततर योगिनियों की अर्चना करता हूँ, जो अपने सौन्दर्य और आभा से चारो ओर दिव्य प्रकाश का प्रसार कर रही हैं। इनकी देह-कान्ति, वस्त्र तथा आभूषण लाल रंग के हैं और इनकी महिमा भी भगवती श्रीदेवी की महिमा के समान अचिन्तनीय है॥१६॥

शोणाः सबाणधनुषः खलु सर्वपूर्व-
संक्षोभणादिकचतुर्दशदेवतास्ताः ।
सत्सम्प्रदायविधिना परिपूजयामि
सौभाग्यदायकचतुर्दशकोणचक्रे ॥१७॥

सर्वसंक्षोभिणी आदि शक्तियाँ—चौदह कोण वाले सर्वसौभाग्यदायक चक्र में प्रतिष्ठिता सर्वसंक्षोभिणी आदि शक्तियों की मैं पूजा करता हूँ, जिनकी देहकान्ति तथा वस्त्र एवं आभूषण आदि लाल वर्ण के हैं तथा जिनके दोनों हाथों में धनुष और बाण हैं॥१७॥

शुभ्रा वराभयकराः खलु सर्वपूर्व-
सिद्धिप्रदा दशदिशोद्भुतशक्तिशक्तीः।
सर्वार्थसाधकबहिर्दशकोणचक्रे
सम्पूजयामि कुलकौलिकयोगिनीस्ताः॥१८॥

सर्वसिद्धिप्रदादि शक्तियाँ—सर्वार्थ-साधक नामक बहिर्दशार चक्र में प्रतिष्ठिता सर्वसिद्धिप्रदा आदि 'कुलकौलिक' योगिनियों का अर्चन करता हूँ। शुभ्र वस्त्र और आभरण वाली इन शुभ्रवर्णा योगिनियों की अद्भुत शक्तियों का विस्तार दसो दिशाओं में हो रहा है। इनके दाहिने और बाँयें हाथ में क्रमशः वर और अभय मुद्रा है॥१८॥

कर्पूरपूररुचिराङ्गधराक्षमालाः
श्रीतत्त्वपूजकभृतोऽतिनिगर्भदेवी ।

सर्वार्थरक्षणकरे दशकोणचक्रे
सर्वज्ञिका प्रमथिका दश पूजयामि।।१९।।

सर्वज्ञा आदि शक्तियाँ—श्रीयन्त्र के सर्वरक्षाकर-नामक अन्तर्दशार चक्र में मैं कपूर के समान श्वेत वर्ण वाली सर्वज्ञा आदि निगर्भयोगिनियों का पूजन करता हूँ, जो भगवती महात्रिपुरसुन्दरी के भक्तों का नित्य भरण-पोषण करती हैं॥१९॥

चापेषुपुस्तकलसत्स्फटिकाक्षमालां
बालप्रवालरुचिरां वशिनीप्रधानाम्।
सर्वादिरोगहरचक्रवरे त्रिकोणे
वाग्देवताष्टकमहं सरहस्यमीडे।।२०।।

वशिनी आदि वाग्देवता—सर्वरोगहर-नामक अष्टकोणात्मक चक्र में 'रहस्य योगिनी'-संज्ञक वशिनी आदि अष्ट वाग्देवताओं का पूजन करता हूँ। इन वाग्देवताओं की देहकान्ति प्रवाल-किसलय के समान सुन्दर रक्तवर्ण की है। धनुष, बाण, पुस्तक तथा अक्षमाला से इनके चारो हाथ सुशोभित हैं॥२०॥

रक्ता वराभयकराः शिरसा दधानाः
पाशाङ्कुशेषुधनुरायुधभूषणानि ।
श्रीमत्त्रिकोणबहिरात्मकदेवतास्ता
रक्षन्तु सन्ततमनन्तगुणाश्चतस्रः।।२१।।

आयुध-देवता—भगवती के मूल-त्रिकोण के बहिर्भाग में उनके आभूषण-स्वरूप आयुधों अर्थात् पाश-अंकुश-धनुष तथा बाण की पूजा करता हूँ। अनन्त गुणों से सम्पन्न ये चारो आयुधदेवता सदैव मेरी रक्षा करें॥२१॥

श्रीमत्त्रिकोणबहिरात्मकदेवतास्ता
देवीः षडङ्गयुवतीः परिपूजयामि।
कुन्देन्दुकज्जलकडारपिशङ्गहव्य-
वाहश्रियोऽभयवरोद्यतपाणिपद्माः ।।२२।।

षडङ्ग-युवती—सम्पूर्ण ऐश्वर्ययुक्त श्रीशक्तित्रिकोण के बाहर चारो ओर स्थिता देवतास्वरूपा उन षडङ्ग देवियों (हृदयदेवी, शिर:देवी, शिखादेवी, कवचदेवी, नेत्र-देवी और अस्त्रदेवी) का मैं अर्चन करता हूँ, जिनकी देहकान्ति क्रमशः कुन्द, चन्द्रमा, काजल, भूरी, पीली तथा अग्नि के समान है। सदैव युवा रहने वाली इन देवियों के हाथ में वर तथा अभय मुद्रा है॥२२॥

श्रीमत्त्रिकोणपरमाद्भुतसर्वपूर्व-
सिद्धिप्रदेति परमामृतहव्यदेव्यः।

कामेश्वरी मम ददातु समस्तकामान्
वज्रेश्वरी भगवती भगमालिनी च।।२३।।

कामेश्वरी आदि त्रिशक्तियाँ—परम अद्भुत एवं सिद्धिप्रद चक्रसंज्ञक श्रीशक्तित्रिकोण में प्रतिष्ठिता एवं परमामृतरूप हव्य ग्रहण करने वाली परापर रहस्य योगिनी-संज्ञक श्री कामेश्वरी, श्री भगमालिनी तथा श्री वज्रेश्वरी मेरी वांछित कामनाओं को पूरा करें।।२३।।

श्रीमत्त्रिकोणपुरविस्फुरितां त्रिनेत्रां
बालातपारुणतनुं तरुणेन्दुमौलिम्।
पीयूषभाजनधराङ्कुशपाशहस्तां
कामेश्वरीं भगवतीं परिपूजयामि।।२४।।

कामेश्वरी-वन्दना—श्रीशक्तित्रिकोण के अग्रकोण में प्रतिष्ठिता विस्फुरित त्रिनयना भगवती कामेश्वरी की विधिवत् पूजा करता हूँ। भगवती की देह-कान्ति नवोदित सूर्य के समान अरुणाभ है तथा उनके माथे पर द्वितीया का चन्द्रमा शोभित है। इनके चारो हाथों में अमृतपात्र, वरमुद्रा, पाश और अंकुश शोभित हैं।।२४।।

पाशाङ्कुशामृतकपालकमातुलुङ्ग-
चापेषुसङ्गतकरामरुणां त्रिनेत्राम्।
श्रीमत्त्रिकोणपरदैवतदक्षिणस्थां
वज्रेश्वरीं भगवतीं परिपूजयामि।।२५।।

वज्रेश्वरी-वन्दना—श्रीशक्तित्रिकोण में परदेवता भगवती महात्रिपुरसुन्दरी के दक्षिण कोण में विराजिता अरुणवर्णा त्रिनेत्रा भगवती वज्रेश्वरी की पूजा करता हूँ, जिनकी छः भुजायें क्रमशः पाश-अंकुश, अमृतकपाल, मातुलुङ्ग (बिजौरा नींबू), धनुष और बाण से शोभित हैं।।२५।।

चन्द्राननां त्रिनयनां तरुणेन्दुमस्तां
पाशाङ्कुशाक्षगुणपुस्तकशस्तहस्ताम् ।
श्रीमत्त्रिकोणपरदैवतवामभागे
शुभ्रां भजे भगवतीं भगमालिनीञ्च।।२६।।

भगमालिनी-नमन—श्रीशक्तित्रिकोण में परदेवता भगवती महात्रिपुरसुन्दरी के वामभाग में विराजिता शुभ्रवर्णा, त्रिनयना, चन्द्रमुखी देवी भगमालिनी की वन्दना करता हूँ, जिनके चारो हाथ क्रमशः पाश, अंकुश, अक्षगुण और पुस्तक से शोभित हैं।।२६।।

चक्रातिगुह्यपरमाद्भुतसर्वपूर्वा-
नन्दात्मकेऽतिपरमे नवमेषु पूर्वे।
भक्त्या परापरतरातिरहस्यदेवीं
सेवे परापरमयीं परमेश्वरीं ताम्।।२७।।

परदेवता-सेवा—श्रीयन्त्र के अत्यन्त गुह्य एवं परम अद्भुत सर्वानन्दमय नामक नवम चक्र में परापरतरातिरहस्ययोगिनी-संज्ञक परापरमयी परमेश्वरी (भगवती महात्रिपुरसुन्दरी) की भली-भाँति यथाविधि सेवा करता हूँ।।२७।।

भगवती के रूप का निरूपण अगले श्लोकों में किया गया है।

प्रत्यग्रजाग्रदरुणाम्बुजवक्त्रबिम्ब-
चुम्बालिकालकुटिलालकपल्लवां ताम्।
आनन्दसान्द्रकरुणामयसुप्रसन्ना(न्न-)
लीलानि(ति)लोलनलिनोत्पललोचनालिम्।।२८।।

मुख-शोभा—भगवती महात्रिपुरसुन्दरी का मुखमण्डल नवविकसित रक्तकमल के समान अरुणाभ और प्रफुल्लित है, जिससे उनके हृदय की प्रसन्नता एवं दयार्द्रता समवेत रूप से झलक रही हैं। वे प्रदीर्घ नयना हैं। नेत्रों का वर्ण श्याम है। उनकी चितवन ऐसी है, जैसे जल की लोल-तरंगों में दो नील-कमलिनियाँ डोल रही हैं। भौंरों के समान काली तथा सर्प की तरह कुटिल (वंकिम) अलकें मुख पर लटकती हुई ऐसी प्रतीत होती हैं, मानों उनके कपोलों का चुम्बन ले रही हैं।।२८।।

सिन्दूरसुन्दरशरीरविराजमान-
राजीवदाडिमजवानवबन्धुजीवाम् ।
श्रीमन्महामुकुटकोटिमहार्घ्यरत्न-
सब्रह्मचारिपरमामृतचन्द्ररेखाम् ।।२९।।

श्रीदेवी का शरीर सिन्दूरवर्णी, मुख रक्तकमलवत्, दन्तपंक्तियाँ अनार के दानों की तरह, अधर और ओष्ठ जवाकुसुम एवं बन्धुजीवी पुष्पों के समान अरुण एवं सुकोमल हैं। कोटि-कोटि बहुमूल्य रत्नों से खचित तथा स्वर्ण-निर्मित महामुकुट उनके भाल-प्रदेश पर शोभित है। परमामृत से परिपूर्ण बालचन्द्र की कलगी उसकी शोभा को कई गुना बढ़ा रही है।।२९।।

सुभ्रूतया विजितरूपपिनाकपाणे-
र्बाणासनर्द्धिविनिवेशितबाणलीलाम् ।
तद्विश्वकर्मपरिसूत्रितनासिकाग्रां
पद्मासनां त्रिनयनां तरुणेन्दुमस्ताम्।।३०।।

भौंह और नासिका—श्रीदेवी की भौंहों की वक्रता के आगे भगवान् शिव के पिनाक-चाप की प्रत्यञ्चा (बाणासन) का घुमाव भी हेय है। इनके नासाग्र की सुडौलता विश्वकर्मा के रचना-कौशल की पराकाष्ठा है। कमल के आसन पर विराजिता भगवती श्रीदेवी त्रिनयना और अर्धचन्द्रधारिणी हैं।।३०।।

ईषद्विकाशितमनोहरहासदन्त-
वासःश्रिया जितनवोदितचन्द्ररेखाम्।
सौन्दर्यदैवतमहामृगनाभिचित्र-
पत्रांशुमिन्दुकमनीयललाटपट्टाम् ।।३१।।

स्मित रेखा—सौन्दर्य की साक्षात् प्रतिमूर्ति भगवती ललिता के अधरों की स्मित रेखा नवोदित चन्द्ररेखा से भी अधिक मनोहर और चित्ताकर्षक है। चन्द्रमा से भी अधिक धवल भाल पर कस्तूरी से बना हुआ तिलक है।।३१।।

लावण्यभाण्डशुभगण्डयुगाभिरामा-
नौपम्यकान्तिचिकुराभिविराजमानाम्।
श्रीकुण्डलद्वयविमण्डितगण्डशोभा-
पाण्डित्यखण्डितसुधानिधिमण्डलाभाम्।।३२।।

गण्डस्थल—श्रीदेवी के दोनों कपोल सौन्दर्य-लावण्य के भण्डार हैं, जिन पर अलकें झूल रही हैं। कानों में रत्नखचित कुण्डल है, जिनके हिलने से उनका कपोल-मण्डल चन्द्रमण्डल के समान दमक-दमक उठता है।।३२।।

कर्पूरपूरपरिपूरितचारुनाग-
वल्लीरसार्द्रखपुराढ्यनिभाधरौष्ठीम् ।
ग्रैवेयचुम्बितमणिद्युतिदीप्यमान-
सच्छायया द्विगुणशोभितकम्बुकण्ठीम्।।३३।।

अधर और कण्ठ—एला, लवंग, खदिर, सुधाचूर्ण तथा पूगीफल से निर्मित तथा कर्पूर-सुवासित ताम्बूलवीटिका के रस से रञ्जित होकर भगवती श्रीदेवी के रक्तिम होठों की लालिमा और भी बढ़ गई है। गले में रत्नजटित ग्रैवेय है, जिनमें जड़ी हुई मणियों की चमक से इनकी शंख के समान घुमावदार गरदन की सुषुमा दीप्तमती है।।३३।।

लाक्षारसस्नपितबालमृणालनाल-
लीलालयामलरसाञ्चितबाहुवल्लीम् ।
रक्तोत्पलोज्ज्वलदलामलकोमलाभि-
र्बालप्रवाललिताङ्गुलिपाणिलीलाम्।।३४।।

बाहुबल्ली और करतल—लाल रंग के लीलाकमल से शोभित भगवती श्रीदेवी की बाहु-लतायें और करतल लाक्षारस से सिक्त कमलनाल के समान लाल तथा मसृण हैं। इनके हाथों की अंगुलियाँ रक्तकमल की पंखुड़ियों के समान कोमल तथा नये किसलय की तरह कमनीय हैं।।३४।।

तद्विश्वकर्मपरियत्नविनिर्मितश्री-
रत्नाङ्गुरीयकनखद्युतिदीप्यमानाम् ।
केनापि कारणवशेन गृहीतबद्ध-
पाशाङ्कुशेषुधनुरायुधभूषणानाम्(णां ताम्)।।३५।।

अंगुलियाँ—श्रीदेवी की अंगुलियाँ देव-शिल्पी विश्वकर्मा द्वारा बहुत सावधानी से बनाई गई रत्नखचित अंगूठियों से सुशोभित हैं और इनमें जटित रत्नों की ज्योति से उनके नख दमक रहे हैं। सम्पूर्ण विश्व को अभिभूत करके अपने वश में कर लेने के लिये इनका अलौकिक दिव्य सौन्दर्य ही पर्याप्त है, फिर भला न जाने किन कारणों से उन्होंने पाश-अंकुश-धनुष और बाणरूपी आयुध-आभूषणों को धारण कर रखा है।।३२।।

विमर्श—'कम्' को 'ब्रह्म' तथा 'केन' को 'कम्' का तृतीयान्त रूप माना जाय तो तृतीय चरण (केनापि कारणेन) से यह अर्थ भी निकल सकता है कि श्रीदेवी ने अपनी ब्रह्मशक्तिरूपता को अभिव्यक्त करने के लिये इन पाश आदि आयुधों को धारण कर रखा है।

त्रैलोक्यदुर्लभमहामणिनायकश्री-
संसक्तमौक्तिकफलोज्ज्वलहारलक्ष्मीम्।
लावण्यवारिपरिपूर्णसुवर्णकुम्भ-
शोभाभिभाविकुचमण्डलपूर्णकुम्भाम्।।३६।।

स्तन-मण्डल—भगवती श्रीदेवी का स्तन-मण्डल सौन्दर्यसलिल से भरे हुए स्वर्णकलशों के समान है, जिस पर तीनों लोकों के दुर्लभ मणियों में से चुनी हुई महामणियों और मुक्ताओं का हार झूल रहा है।।३६।।

लोकत्रयेऽप्यतिसुदुर्लभसाम्यसौम्य-
शोभाविभाकरबलित्रयशोभिमध्याम्।
लावण्यनाभिगहनाभिगृहप्रविष्ट-
श्रीमन्महाद्युतिमयीं नवलोमराजीम्।।३७।।

त्रिवली एवं रोमावली—भगवती श्रीदेवी की देहयष्टि के मध्य नाभि-प्रदेश में चन्द्र-वलय के समान जो त्रिवली है, वह संसार में अनुपमेय है। निखिल ब्रह्माण्ड

में ऐसी कोई वस्तु नहीं है, जिससे इस त्रिवली की शोभा की उपमा दी जा सके। नाभि गहरी है, जिसमें नवाङ्कुर की भाँति रोमावली है।।३७।।

चञ्चन्मरीचिनिचयाञ्चितकाञ्चनाञ्चत्-
काञ्चीविकाशिरुचिरक्तविचित्रवस्त्राम्।
श्रीकामकाननसमुद्भवरामरम्भा-
स्तम्भाभिभाविसुकुमारतरोरुयुग्माम्।।३८।।

काञ्ची और जघन-मण्डल—उनके कटि-प्रदेश में रत्नजटित स्वर्णमेखला है। उस मेखला में सोने की छोटी-छोटी घण्टियाँ हैं, जिनमें चमकीले रत्न पिरोये गये हैं। जब ये घण्टियाँ लहराती हैं, उनकी कौंध से भगवती के लाल रेशमी वस्त्र चमक उठते हैं। उनकी जंघायें भगवती लक्ष्मी के प्रमोदवन के कदली-स्तम्भों की तरह पुष्ट और सुचिक्कण हैं।।३८।।

वृत्तानुपूर्वविधिदुर्घटसन्निवेश-
जङ्घायुगाभिरमणां मणिगूढगुल्फाम्।
वाचस्पतेरपि वचोरचनाभिशोभि-
सौन्दर्यगोचरमनोहरपादपद्माम् ।।३९।।

गुल्फ एवं चरण—उनके जंघाओं की यथाक्रम सुघड़ गोलाई और संरचना ब्रह्माजी के लिये भी असम्भव-सी है। उनके गुल्फयुग्म इतने मांसल हैं कि उनकी पृथुलता के कारण गुल्फमणि (घुटने की कटोरी) दिखाई नहीं देती। उनके नयनाभिराम चरणकमलों के नित्य दर्शन के फल-स्वरूप बृहस्पति की वाणी भी तदनुसार शब्द-सौष्ठवसम्पन्न और चित्ताभिराम है।।३९।।

श्रीब्रह्मविष्णुशिवमौलिलसद्विमान(ा-)
मालोक्यमानकरुणारुणपादपद्माम् ।
श्रीसाधकाय करुणामयसुप्रसन्न-
दृष्टातिदिष्टवरदानमधःप्रसन्नाम् ।।४०।।

कृपा-दृष्टि—मान अर्थात् अहंकार से सर्वथा रहित ब्रह्मा-विष्णु और महेश को अपने चरण-कमलों पर नमन-मुद्रा में अवनत देखकर भगवती श्रीदेवी का चित्त प्रेम और करुणा से विह्वल हो जाता है। उनकी करुणामयी अधोदृष्टि से ही उनके अर्चकों को मनचाहे वरदान मिल जाते हैं।।४०।।

त्रैलोक्यमोहनमयीं परमेश्वरीं तां
त्रैलोक्यकारणमयीं परमेश्वरीं ताम्।

त्रैलोक्यविस्मयमयीं परमेश्वरीं तां
चक्रेश्वरीं शुभकरीं परिपूजयामि।।४१।।

भगवती श्रीदेवी ने अपनी माया और सौन्दर्य से तीनों लोकों को मोहित कर रखा है। पाताल, पृथ्वी और स्वर्ग—इन तीनों लोकों को उन्होंने ही उत्पन्न किया है। उनकी अकल्पनीय महिमा और सौन्दर्य पर तीनों लोक चकित हैं। चतुःसृष्टिमय चक्र का प्रवर्तन इन्हीं से हुआ है और वे ही इस चक्र की अधिशासिका हैं। समस्त प्राणिलोक का हित करने वाली भगवती श्रीविद्या परमेश्वरी की मैं पूजा करता हूँ।।४१।।

देवी श्रीविद्या के सौन्दर्य और रूप का सांगोपांग नमनयुक्त निरूपण करने के पश्चात् अगले श्लोकों में पूजन-विधानक्रम के अनुसार श्रीयन्त्र के प्रत्येक चक्र की अधीश्वरी और इन चक्रों में प्रतिष्ठित देवताओं की वन्दना की गई है।

त्रैलोक्यमोहनमुखाब्जकचक्रमेतत्
स्थानेऽणिमादिप्रकटादिकसिद्धिदेवीम्।
श्रीमद्गुरुक्रमसमस्तसमन्त्रमुद्राः
पुष्पैः प्रपूज्य परमेश्वरि तेऽर्चयामि।।४२।।

त्रैलोक्यमोहन चक्र—सर्वप्रथम मैं त्रैलोक्य मोहन चक्र (भूपुर) में अणिमा आदि प्रकट-सिद्धि आदि देवियों तथा यथाक्रम सभी गुरु-मण्डलों का उनके मन्त्रों और मुद्राओं से यथाविधि गन्ध-पुष्पादि से पूजन करने के बाद हे देवी माँ, मैं आपकी अर्चना करता हूँ।।४२।।

पद्मादिभूतमणिपञ्चदशीर्न याव-
न्नित्या तिथिक्रममयीं खलु केऽपि धन्याः।
कामेश्वरीप्रभृतिपञ्चदशादिनित्या-
मन्त्रैः परं परमयीं परिपूजयामि।।४३।।

तिथि-नित्यायें—शुक्ल और कृष्णपक्ष की मणिभूता यदि प्रतिपदा आदि पन्द्रह तिथियाँ नहीं होती तो हे माँ, यथाकाल आपकी पूजा करके हम किस प्रकार धन्य हो पाते? इसलिये हे माते! मैं प्रतिदिन कामेश्वरी आदि तिथि नित्याओं का उनके मन्त्रों से पूजन करता हूँ।।४३।।

त्वं गीयसे प्रथमतस्त्रिपुरेति मातः
पश्चाद्द्वितीय नवमत्रिपुरेश्वरीति।
तार्त्तीयके त्रिपुरसुन्दरिकेति तुर्ये
मातः परा त्रिपुरवासिनिका त्वमेव।।४४।।

हे माते! श्रीयन्त्र के नौ चक्रों में से प्रत्येक चक्र में अलग-अलग नामों से आप ही प्रतिष्ठिता और सुपूजिता हैं। त्रैलोक्यमोहन नामक प्रथम चक्र में आपका ही नाम त्रिपुरा है। नौ चक्रों में से द्वितीय चक्र में त्रिपुरेश्वरी और तृतीय चक्र में त्रिपुरसुन्दरी तथा चतुर्थ चक्र में त्रिपुरवासिनी के नाम से आप ही प्रतिष्ठिता हैं॥४४॥

त्वं पञ्चमे भगवती त्रिपुरा पराश्रीः
षष्ठे परा त्रिपुरमालिनिका त्वमेव।
त्वं सप्तमे भगवती त्रिपुरादिसिद्धा
त्वञ्चाष्टमे भगवती त्रिपुरात्मकेति।।४५।।

पञ्चम चक्र में त्रिपुराश्री, षष्ठ चक्र में त्रिपुरमालिनी, सप्तम चक्र में त्रिपुरासिद्धा तथा अष्टम चक्र में त्रिपुरात्मिका (त्रिपुराम्बिका) के नाम से आप ही सुपूजिता हैं॥४५॥

पूर्णे परापरमये परमेऽतिगुह्ये
श्रीमन्महात्रिपुरसुन्दरिका त्वमेव।
श्रीमन्महात्मकमहाद्भुतचक्रराजे
त्वं गीयसे सुकृतिभिः खलु कैश्च देवी।।४६।।

सर्वान्तःस्थ परम गोपनीय एवं रहस्यमय, भेदात्मक दृष्टि से पर एवं अपररूप तथा अभेदात्मक दृष्टि से पूर्ण ब्रह्मस्वरूप और मूलाङ्कों की पूर्णता के सूचक नवम चक्र में आप स्वयं महात्रिपुरसुन्दरी के रूप में विराजिता हैं। समस्त दैवत चक्रों में चक्रराज के विरुद से सम्मानित इस श्रीयन्त्र में निवास करने वाली (अथवा श्रीयन्त्र-विग्रह-रूपिणी) हे देवि! आपकी ऐश्वर्यपूर्ण महिमा का गान तथा आपके पवित्र एवं दिव्य उपर्युक्त नामों का उच्चारण करते हुए श्रीयन्त्र में आपकी पूजा करने का सौभाग्य पुण्यशील जनों को ही मिलता है॥४६॥

आदौ दशाष्ट दश षोडश चाष्ट चासि
पश्चाच्चतुर्दश दशासि ततो दशाष्टौ।
पश्चाच्चतुष्टयमसि त्रितयञ्च षट्कं
सप्तोत्तरा शतमयी त्वमसि त्वमेका।।४७।।

हे माते त्रिपुरे! श्रीयन्त्र के प्रथम भूपुररूप चक्र की प्रथम रेखा पर अणिमा आदि दस सिद्धियों के रूप में, द्वितीय रेखा पर ब्राह्मी आदि अष्ट मातृकाओं के रूप में तथा तृतीय रेखा पर संक्षोभिणी आदि दस मुद्रादेवियों के रूप में आप ही प्रतिष्ठिता और सुपूजिता हैं। श्रीयन्त्र के षोडश दलात्मक द्वितीय चक्र में कामाकर्षिणी आदि १६ देवियों के रूप में, अष्टदलात्मक तृतीय चक्र में अनंग-कुसुम

आदि ८ देवियों के रूप में, चौदह कोणों वाले चतुर्थ चतुर्दशार चक्र में सर्व-संक्षोभिणी आदि चौदह देवियों के रूप में आप ही प्रतिष्ठिता और सुपूजिता हैं। दस कोणों वाले पञ्चम बहिर्दशार चक्र में सर्वसिद्धिप्रदा आदि दस कुलयोगिनियों के रूप में, दस कोण वाले षष्ठ अन्तर्दशार चक्र में सर्वज्ञा आदि दस निगर्भा देवियों के रूप में तथा आठ कोण वाले सप्तम चक्र अष्टार में वशिनी आदि वाग्देवताओं के रूप में आप ही विराजिता तथा अर्चिता हैं। मूलत्रिकोण के बाहर अष्टार चक्र में पाश-अंकुश आदि चार आयुधदेवताओं तथा हृदय आदि षडङ्ग देवियों के रूप में आप ही स्थिता हैं। मूलत्रिकोण के तीनों कोणों में कामेश्वरी, वज्रेश्वरी तथा भगमालिनी के नाम से आप ही पूजा ग्रहण करती हैं। हे माते! श्रीयन्त्र के नौ चक्रों में उपर्युक्त १०७ नाम-रूपों से प्रतिष्ठिता और पूजिता होने पर भी आपका वास्तविक रूप एकात्मक है॥४७॥

कामेश्वरीति भगमालिनिकेति नित्य-
क्लिन्नेति तैरुपरताऽपि हिरण्डकेति।
त्वं वह्निवासनिरतेति महादिभूत-
विद्येश्वरीति च तथा शिवदूतिकेति॥४८॥
मातः परा त्वरितिका कुलसुन्दरीति
नित्यातिनित्यपरनीलपताकिनीति ।
त्वं सर्वलोकविजयाखिल मालिकेति
ज्वालामयीति निगदन्ति विचित्रकेति॥४९॥

हे माते! मूलत्रिकोण की तीन रेखाओं पर पाँच-पाँच के यथाक्रम से कामेश्वरी आदि तिथिनित्याओं के रूप में आप ही विराजिता हैं। हे जगजननि! तुम ही तिथि-नित्यारूपा कामेश्वरी हो, भगमालिनी हो, नित्यक्लिन्ना, भेरुण्डा (हिरण्डा), वह्नि-वासिनी, महाविद्येश्वरी (वज्रेश्वरी), शिवदूती, त्वरिता, कुलसुन्दरी, नित्यनित्या तथा नीलपताकिनी हो। हे देवि! सर्वलोकविजया, सर्वमंगला, ज्वालामालिनी तथा विचित्रा भी तुम ही हो॥४८-४९॥

मातस्तवाक्षरमनक्षररूपिकायं
संसाध्य शुद्धमतयो गणयन्ति नैव।
श्रीब्रह्मविष्णुशिवतार्क्ष्यरवीन्द्रचन्द्र-
यक्षेन्द्रदर्पकगणेश्वरवह्निमुख्यान् ॥५०॥

हे माते! आपका मन्त्र-रूप वर्णात्मक प्रतीत होता हुआ भी वर्णातीत है। आपके इस वर्णातीत रूप का सम्यक् रूप से ध्यान कर पाना सर्वसत्त्वमय

सर्वथा शुद्धचित्त वाले ऋषियों के लिये ही सम्भव है। ब्रह्मा, विष्णु, शिव, तार्क्ष्य (गरुड़), सूर्य, इन्द्र, चन्द्र, यक्षेन्द्र (कुबेर), दर्पक (कामदेव), ईश्वर तथा अग्नि की गणना ऐसे ही शुद्ध चित्त वाले ऋषियों में की जाती है, जिन्होंने आपके मन्त्र-स्वरूप का दर्शन किया है।।५०।।

सम्पूज्य केऽपि सकलैर्वरणोपचारै-
ग्रन्थिं विभिद्य परमेष्ठिनमुद्वहन्तीम्।
मारात्मिकां मदनधामनि दीपरूपां
जिह्वाग्रतः सुकृतिनः परिपालयन्ति।।५१।।

सभी उपचारों से श्रीचक्र का समग्र आवरण अर्चन करने के उपरान्त कामकला-रूपा कुलकुण्डलिनी को अपनी जिह्वा के अग्रभाग में प्रदीपकलिकाकार जीवात्मा को लेकर मूलाधार चक्र से षट्चक्रों तथा तीन ग्रन्थियों का भेदन करते हुए मदनधामरूप सहस्रार में लाकर उन्हें परम-शिव-संयोग का परम-रस-पान कराने की गुरु-उपदिष्ट विधि का परिपालन कोई-कोई बिरले ही पुण्यात्मा कर पाते हैं।।५१।।

आधारवारिरुहमध्यलसत्त्रिकोण-
वामाशिखाग्रजपरां परमाङ्कुराभाम्।
ज्ञानक्रियेष्टमयि शक्तिविनाशनाश-
श्रीब्रह्मविष्णुगुणशक्तिवरा त्वमेका।।५२।।

हे माते! तुम एक ही हो; मगर प्रलयावस्था के अवसान काल में ब्रह्माण्ड की सृष्टि के लिये तुमने स्वयं को त्रय-समुच्चय के रूप में प्रकट किया। व्यष्टि और समष्टि सृष्टि के मूलाधार चक्रमध्य में स्थित त्रैपुर त्रिकोण की वाम रेखा, शिखर रेखा और दक्षिण रेखा पर परम-अंकुर के रूप में इच्छा-ज्ञान एवं क्रिया तथा वामा-ज्येष्ठा एवं रौद्री आदि शक्तियाँ, सतोगुण, रजोगुण तथा तमोगुण आदि तीन गुण, ब्रह्मा, विष्णु और रुद्ररूप जो देवता प्रतिष्ठत हैं, वे सब तुम्हारे ही रूप हैं। इन सबके रूप में तुम ही अभिव्यक्त हो।।५२।।

सृष्टिस्थितिप्रलयकारणकर्त्तृभूतं
वेदान्तवेद्यमजमव्ययमप्रमेयम् ।
अन्योन्यभेदकलहाकुलमानसास्ते
जानन्ति किं जडधियस्तव रूपमम्ब।।५३।।

हे माते! तुम ही ब्रह्माण्ड की सृष्टि, स्थिति और प्रलय की कारणभूता शक्ति हो। हे देवि! आपका वास्तविक स्वरूप सर्वथा अविनाशी (अपरिणामी!) तथा अप्रमेय अर्थात् समस्त प्रमाणों से रहित, अविज्ञेय एवं प्रमाणशून्य है; क्योंकि आप स्वयं

प्रमारूपा हैं। जिस प्रमा की उपस्थिति से ही प्रमाण एवं प्रमेय की सिद्धि होती है, उस प्रमा को भला किस प्रमाण से सिद्ध किया जा सकता है। आपके इस अपरिणामी एवं अप्रमेय तथा 'एकमेव द्वितीयो नास्ति' रूप की किञ्चित् प्रतीति वेदान्तग्रन्थों के अध्ययनजन्य ज्ञान तथा एकनिष्ठ भक्ति से ही सम्भव है। हे माते! जो बुद्धिहीन अज्ञानी मनुष्य भेदात्मक ज्ञान से विकल और विमूढ़चित्त हैं, वे भला आपके अभेदात्मक एवं अद्वितीय रूप को किस तरह जान और समझ सकते हैं॥५३॥

स्तोत्रं त्वमेव परमेश्वरि गीयसे चेत्
स्तोता त्वमेव परमेश्वरि गीयसे चेत्।
स्तुत्यं त्वमेव परमेश्वरि गीयते चेत्
किं स्तूयसे खलु तदा परमेश्वरि त्वम्।।५४।।

सामान्य नियम यह है कि स्तुति, स्तोता और स्तुत्य में अन्तर होता है। पूजा, पूज्य और पुजापा की तरह ये तीनों सर्वथा एक-दूसरे से भिन्न ही रहते हैं; मगर हे परमेश्वरि! आपके स्तवन पर यह सामान्य नियम लागू नहीं होता। आप ही स्तोत्र हैं, आप ही स्तोता (स्तुतिकर्ता) हैं और आप ही स्तुत्य है। कारण यह कि सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड में आपके अतिरिक्त और कोई सत्ता ही नहीं है॥५४॥

यः कालकल्पतरुमेतदनन्यबुद्धिः
श्रीमत्क्रमस्तव नृपं पठतीह नित्यम्।
मुक्तिः करे वसति सिद्धिभिरष्टभिर्वा
किं तस्य मातरणिमादिभिरल्पिकाभिः।।५५।।

यः कालेति। स्तवस्यास्य क्रमस्तव इति नामोक्तं स्तवकारेण, तत्र च श्रीचक्रवर्णनमारभ्य पूजाक्रमेण सर्वासामावरणदेवतानामुल्लेखो वर्णनञ्चात्रेति कारणं सम्भाव्यते, अत एव भङ्ग्या तमेवार्थमुल्लिखति त्वां पूजयेदित्यादिना ग्रन्थकारः।

हे माते! आपका जो भी भक्त कालकल्पतरुरूप इस 'श्रीक्रमस्तवराज' का अनन्य बुद्धि से नित्यप्रति पाठ करता है, उसके लिये तो मुक्ति हाथ में रखे फल के समान सुलभ रहती है। मुक्ति-सिद्ध ऐसे साधकों के लिये अणिमा आदि क्षुद्र सिद्धियाँ किसी काम की नहीं होतीं॥५५॥

विमर्श—इस स्तव के प्रणेता स्वयं भगवान् शंकराचार्य ने इस स्तव का नाम 'श्रीक्रमस्तवराज' रखा है, जिसमें श्रीचक्र-वर्णन से प्रारम्भ कर श्रीदेवी की सुषुमा

का नमनयुक्त निरूपण-सहित सभी आवरणदेवताओं का नामोल्लेख एवं वर्णन किया गया है।

त्वां पूजयेत् क्रमकुलां सकलार्थसिद्धि-
स्तोत्रं पठिष्यति जनस्त्वयि जातभक्तिः।
तस्मान्मयाऽपि तव भक्तिरसेन देवि
भक्तार्थसिद्धिकररत्नमिदं व्यधायि।।५६।।

हे माते! इस श्रीयन्त्र के नौ चक्रों में कुलयोगिनियों के रूप में आपका नित्य वास है। अत: जो भी व्यक्ति प्रतिदिन श्रीचक्र में आपका यथाविधि अर्चन करता है, उसकी समस्त कामनायें पूरी होती हैं। जो व्यक्ति आपके स्तोत्रों का पाठ करता है, उसके हृदय में आपकी नैसर्गिकी भक्ति उत्पन्न हो जाती है। हे माते! आपके भक्ति-सागर में डूबकर मैंने जो यह स्तव कहा है, उसके पाठ से आपके भक्तों की कामनायें पूरी हों, यह वरदान दीजिये।।५६।।

●

त्रिपुरार्णवोक्तं त्रिपुरसुन्दरीकवचम्

अथ वक्ष्यामि कवचं त्रिपुरार्णवलक्षितम्।
समस्तापद्विमुक्त्यर्थं समस्तसम्पदाप्तये।।१।।

त्रिपुरार्णवतन्त्रोक्त श्रीत्रिपुरसुन्दरी-कवच—त्रिपुरार्णव-तन्त्रोक्त त्रिपुरास्तव तथा भगवान् शंकराचार्य-कृत 'श्रीक्रमस्तवराज' के बाद अब त्रिपुरार्णवतन्त्रोक्त महात्रिपुरसुन्दरी-कवच बताया जा रहा है। त्रिपुरार्णवतन्त्र में भगवान् शिव ने कहा है कि आधिदैविक, आधिभौतिक एवं आध्यात्मिक तापों से मुक्ति तथा सभी प्रकार की सुख-सम्पदा पाने के लिये श्रीविद्या के साधकों को नित्यप्रति इस कवच का कम-से-कम एक बार पाठ करना चाहिए।।१।।

भूतप्रेतपिशाचादिपीडाशान्त्यै सुखाप्तये।
समस्तरोगनाशाय समरे विजयाय च।।२।।
चौरसिंहद्वीपिगजगरलादभयानके ।
अरण्ये शैलगहने मार्गे दुर्भिक्षके तथा।।३।।

इस कवच का पाठ करने से भूत-प्रेत और पिशाच आदि दुष्ट योनियों के प्रकोप से होने वाली पीड़ा शान्त होकर सुख-शान्ति की प्राप्ति होती है; रोगों का शमन होता है; युद्ध और विवाद में विजय मिलती है; सिंह, हाथी तथा विषधरों से भरे जंगलों में, पहाड़ों में, ठगों और बटमारों से भरे मार्ग में इस कवच-पाठ के प्रभाव से मनुष्य की सर्वविध रक्षा होती है। दुर्भिक्ष के सभय अनाज की सम्यक् प्राप्ति न होने पर भी प्राणसंकट नहीं होता।।२-३।।

सलिलाग्निमरुत्पीडा ऋक्षौ(?) पीडादिसङ्कटे।
प्रजप्य नित्यकवचं सकृत् सर्वं त्यजत्यसौ।।४।।
सुखी जीवति निर्द्वन्द्वो नि:सपत्नो जितेन्द्रियः।
शृणु तत् कवचं देवि वक्ष्ये भवभवान्तकम्।।५।।
येनाहमपि युद्धेषु देवासुरजयी तथा।

इन्द्रियों को वश में करके नित्यप्रति इस कवच का पाठ करने वाला साधक जल-प्लावन, अग्निकाण्ड तथा तूफान आदि प्राकृतिक संकटों से बचा रहता है, सभी प्रकार के दु:खों से निश्चिन्त होकर सुखपूर्वक जीता है। उसके कोई शत्रु नहीं होते। हे देवि! मैं तुम्हें भगवती त्रिपुरसुन्दरी का वही कवच सुना रहा हूँ, जिसके पाठ से सभी प्रकार के सांसारिक कष्टों से मुक्ति मिलती है और जिस कवच के प्रभाव से मैंने स्वयं अनेक युद्धों में देवताओं और राक्षसों को पराजित किया है॥४-५॥

इस पूर्व-पीठिका के बाद मूल-कवच प्रारम्भ होता है—

सर्वत: सर्वदात्मानं ललिता पातु सर्वदा।।६।।
कामेशी पुरतः पातु भगमाला तदन्तरम्।
दिशं पातु तथा दक्षं पार्श्वं पातु स सर्वदा।।७।।
नित्यक्लिन्ना चोत्तरतो दिशं पातु सदा मम।
अथैव पश्चिमे भागे रक्षेत् सा वह्निवासिनी।।८।।

भगवती ललिता सर्वदा सब ओर से मेरी रक्षा करें। कामेशी सदैव सामने की ओर तथा भगमालिनी दक्षिण दिशा में दाहिने भाग की, नित्यक्लिन्ना उत्तर दिशा में बाँयें भाग की एवं वह्निवासिनी पश्चिम दिशा में रक्षा करें॥६-८॥

महाचक्रेश्वरी रक्षेदनन्तं विदिशं सदा।
वामपार्श्वं सदा पायादुड्डी मे त्वरिता ततः।।९।।
पालयन्तु दिशश्चान्या रक्षेन्मां कुलसुन्दरी।
नित्या मामूर्ध्वतः पातु माधवः पातु सर्वदा।।१०।।
नीला नीलपताकाख्या विजया सर्वतश्च माम्।
करोतु मे मङ्गलानि सर्वदा सर्वमङ्गला।।११।।

देवी महाचक्रेश्वरी मेरे पीछे पश्चिम और नैर्ऋत्य के मध्य में तथा देवी त्वरिता ईशान और उत्तर के मध्य में मेरे सम्मुख वामपार्श्व में मेरी रक्षा करें। भगवती कुलसुन्दरी अन्य दिशाओं में, नित्या-नित्या ऊपर की ओर तथा माधव सदा-सर्वदा मेरी रक्षा करें। नीलवर्णा देवी नीलपताका और विजया चारो ओर से मेरी रक्षा करें। देवी सर्वमङ्गला सब प्रकार से मेरा कल्याण करें॥९-११॥

देहे पातु मनःप्राणान् ज्वालामालिनिविग्रहा।
विचित्रा सर्वतो रक्षेत् षोडशी पातु सुन्दरी।।१२।।
अपारभवसंसारसिन्धुनिस्तारहेतवे ।
चत्वारो गुरवः पान्तु ममानिष्टविनाशकाः।।१३।।

देवी ज्वालामालिनी मेरे देह की, मेरे मन और प्राणों की रक्षा करें। देवी विचित्रा चारो ओर से मेरी रक्षा करें। भगवती षोडशी सुन्दरी इस भवसागर से मेरा उद्धार करें। श्रीचक्र के गुरुमण्डल में पूजित चारो गुरु साधनामार्ग में आने वाले अनिष्टों का शमन करें॥१२-१३॥

विहितार्थप्रदायिन्यश्चिन्त्यमानमहौजसः ।
विघ्नं मम परिघ्नन्तु प्रसिद्धाः सिद्धयो दश।।१४।।
वृन्दारकशिरोवृन्दवन्द्यमानपदाम्बुजा ।
अष्टौ वाग्देवता भव्यमूर्त्तयः पालयन्तु माम्।।१५।।

जीवन-यापन तथा साधना के लिये यथा आवश्यक साधन-सामग्री प्रदान करने वाली महान् तेजस्विनी अणिमा आदि दसों सिद्धियाँ जीवन और साधना के सभी विघ्नों का नाश करें। भूपुर की द्वितीय रेखा पर प्रतिष्ठिता अत्यन्त सुन्दर और आकर्षक विग्रह वाली ब्राह्मी आदि अष्ट मातृकायें, जिनके चरणों की देवता भी वन्दना करते हैं, मेरी रक्षा करें॥१४-१५॥

विशेष—उपर्युक्त पन्द्रहवें श्लोक में 'अष्टौ वाग्देवता' से अभिप्राय ब्राह्मी आदि अष्ट मातृकाओं से है; क्योंकि 'रहस्ययोगिनी'-संज्ञक वशिनी आदि अष्ट-वाग्देवताओं का नामोल्लेखपूर्वक स्तवन आगे २६वें और २७वें श्लोकों में किया गया है। आवरण अर्चनक्रम में भी भूपुर की प्रथम रेखा पर अणिमा आदि सिद्धियों के बाद ब्राह्मी आदि मातृकाओं का क्रम प्राप्त होता है।

सर्वविघ्नविनाशिन्यो नित्यानित्यकलामयाः।
कामाकर्षणकारिण्यो विघ्नं विघ्नन्तु षोडश।।१६।।
सर्वाशापूरके चक्रे त्रिपुरेशीसमन्विता।
वसन्त्यो गुप्तयोगिन्यो मम कुर्वन्तु मङ्गलम्।।१७।।

सर्वाशापरिपूरक चक्र में चक्रनायिका त्रिपुरेश्वरी के साथ प्रतिष्ठिता तथा सभी विघ्नों का नाश करने वाली कामाकर्षिणी आदि षोडश कलारूपा गुप्त-योगिनियाँ सदैव मेरा कल्याण करें॥१६-१७॥

जगत्स्तम्भनकारिण्यो जगद्वन्द्यपदाम्बुजाः।
साधयन्तु महाभीष्टं मनोज्ञमिष्टदेवताः।।१८।।

युक्तात्रिपुरसुन्दर्या: सर्वक्षोभकरे स्थिता:।
चक्रे गुप्ततरा: पान्तु योगिन्यो मां महौजस:।।१९।।

सर्वसंक्षोभण चक्र में चक्र-नायिका त्रिपुरसुन्दरी के साथ सम्पूजिता 'गुप्ततर-योगिनी'-संज्ञक अनंगकुसुमा आदि वे देवियाँ मेरे समस्त अभीष्ट को पूरा करें, जो अपने महान् तेज से समस्त जगत् का स्तम्भन करने वाली और समस्त जगत् के लिये पूज्य हैं।।१८-१९।।

दूर्वावतरदुर्मोहतिमिरार्कमरीचय: ।
मां महाशक्तियोगिन्य: पालयन्तु चतुर्दश।।२०।।
सर्वसौभाग्यदे चक्रे त्रिपुरावासिनीयुता।
सत्सम्प्रदाययोगिन्यो वर्धयन्तु मम श्रियम्।।२१।।

भूमि पर चारो ओर फैली हुई दूर्वा (दूब) के समान समस्त चित्त में व्याप्त मोहान्धकार को नाश करने में सूर्य की किरणों के समान प्रखर एवं महाशक्ति-सम्पन्ना 'सर्वविद्रावणी' आदि वे चतुर्दश योगिनियाँ मेरे सौभाग्य-श्री की निरन्तर अभिवृद्धि करते हुए मेरा पालन करें जो सर्वसौभाग्यदायक चक्र में चक्रेश्वरी त्रिपुरवासिनी के साथ सत्सम्प्रदाय योगिनी के नाम से प्रतिष्ठिता और सम्पूजिता हैं।।२०-२१।।

सर्वसिद्धिप्रदायिन्यो वन्दिता दश देवता:।
मदिरानन्दितमुखा: सर्वार्थान् साधयन्तु ता:।।२२।।
त्रिपुराश्रीयुता देव्य: कुलकौलकुलोद्भवा:।
सर्वार्थसाधके चक्रे स्थिता एता: पुनन्तु माम्।।२३।।

चक्रेश्वरी त्रिपुराश्री के साथ सर्वार्थ-साधक चक्र में सम्पूजिता और प्रतिष्ठिता एवं मदिरापान से मन में उत्पन्न उल्लास के कारण प्रसन्नमुखी सर्वसिद्धिप्रदा आदि 'कुलयोगिनी'-संज्ञक सर्वसिद्धिदात्री देवियाँ मेरी कामनाओं को पूर्ण करती हुई मेरे अन्त:करण को पवित्र करें।।२२-२३।।

सर्वज्ञानेन सम्पन्ना: सर्वनिर्वाणहेतव:।
रक्षन्तु मां महादेव्यो दशरेखोपकारिका:।।२४।।
युक्तास्त्रिपुरमालिन्य: सर्वरक्षाकरे स्थिता:।
चक्रे निगर्भयोगिन्य: कुर्वन्तु मम मङ्गलम्।।२५।।

सर्वरक्षाकर-नामक अन्तर्दशार चक्र में चक्रेश्वरी त्रिपुरमालिनी के साथ 'निगर्भा योगिनी' के रूप में सम्पूजिता और विराजिता 'सर्वज्ञा' आदि वे महादेवियाँ सब प्रकार से मेरा मंगल तथा पालन करें, जो सभी प्रकार के ज्ञान-विज्ञान की भण्डार तथा विश्व को मोक्ष प्रदान करने वाली हैं।।२४-२५।।

अधिकानल्पसङ्कल्पाः कल्पनाकामबन्धकाः।
अष्टौ वाग्देवताः सन्तु सदा सकरुणा मयि।।२६।।
त्रिपुरासिद्धिसंयुक्ताः सर्वरोगहरे स्थिताः।
चक्रे रहस्ययोगिन्यो रोगानपनयन्तु मे।।२७।।

सर्वरोगहर चक्र में चक्रेश्वरी त्रिपुरासिद्धा के साथ रहस्ययोगिनी के रूप में प्रतिष्ठिता और सम्पूजिता वशिनी आदि वे अष्ट वाग्देवता सदैव मुझपर अपनी कृपा-दृष्टि बनाये रखें तथा मेरे शारीरिक एवं मानसिक रोगों का विनाश करें, जो साधकों की सभी छोटी-बड़ी कामनाओं को पूरा करने के लिये कृत-संकल्प और करुणा-मयी हैं॥३६-२७॥

महोजम्भे महास्तम्भे महामोहे महारणे।
हेतवोऽस्मत्प्रिये सन्तु चतस्रो मन्त्रदेवताः।।२८।।

श्री कामेश्वर और कामेश्वरी के महाजृम्भनकारक बाण-आयुधरूप, महामोहन-कारक धनुषायुधरूप, महारणकारक (महावश्यकर) पाशायुधरूप तथा महास्तम्भन-कारक अंकुशायुधरूप चारो देवता सदैव हमारा हित-सम्पादन करें॥२८॥

चक्राग्रे दक्षवामे च षट्कोणे विहितास्पदाः।
तिस्रो रक्षन्तु मे एताः कामेश्वर्यादिदेवताः।।२९।।
सर्वसिद्धिप्रदे चक्रे त्रिपुराम्बासमन्विताः।
योगिन्योऽतिरहस्या मे वितन्वन्तु समीहितम्।।३०।।

सर्वसिद्धिप्रद त्रिकोण चक्र के अग्रकोण, वामकोण तथा दक्षिण कोण में सम्पूजिता कामेश्वरी आदि देवियाँ तथा त्रिकोणचक्र के चतुर्दिक् यथाक्रम प्रतिष्ठिता हृदय आदि षडङ्ग देवियाँ सदैव मेरी रक्षा करें। इस चक्र में चक्रेश्वरी त्रिपुराम्बा के साथ प्रतिष्ठिता ये अतिरहस्ययोगिनियाँ मेरी अभिलषित सुख-सम्पदाओं का विस्तार करती रहें॥२९-३०॥

एतासामपि सर्वासामीश्वरीमिष्टदेवताम्।
दुर्लभामपि देवानां बालात्रिपुरसुन्दरीम्।।३१।।
यदादिञ्च यदन्तञ्च यन्मध्यञ्च न जानते।
ब्रह्मादयोऽपि पान्तु श्रीमहात्रिपुरसुन्दरी।।३२।।

श्रीयन्त्र के उपर्युक्त चक्रों में प्रतिष्ठिता एवं सम्पूजिता योगिनियों की अधीश्वरी तथा देवताओं के लिये भी जिनका दर्शन दुर्लभ है, ऐसी बाला त्रिपुरसुन्दरी की मैं वन्दना करता हूँ; जिनके आदि, मध्य और अन्त का ज्ञान ब्रह्मा आदि देवताओं को भी नहीं है, ऐसी महिमाशालिनी भगवती महात्रिपुरसुन्दरी सर्वदा मेरी रक्षा करें॥३१-३२॥

सर्वानन्दमये चक्रे बैन्दवे विहितानया।
परापररहस्याः स्युर्योगिन्यः सन्तु सम्मुदे।।३३।।

सर्वानन्दमय-संज्ञक बिन्दुचक्र में प्रतिष्ठिता तथा सम्पूजिता परापररहस्य-योगिनी मेरे लिये आनन्दवर्धक हों।।३३।।

समयार्चनविद्देवि विद्वेषणपरायणः।
दक्षे दक्षिणभागस्थो मां पातु वटुकेश्वरः।।३४।।

समयाचार-विधि से अर्चन में श्रीचक्रराज के दक्षिण भाग में प्रतिष्ठित तथा सम्पूजित विद्वेषण-परायण बटुक भगवान् मेरी रक्षा करें।।३४।।

महाविघ्नविनाशिन्यो वामभागे कृतास्पदाः।
जगत्त्रितयवासिन्यो योगिन्यः सन्तु सम्मुदे।।३५।।

तीनों लोकों में निवास करने वाली तथा महान् से महान् विघ्नों का नाश करने वाली योगिनियाँ, जो श्रीचक्र के वामभाग में स्थित हैं, मुझे आनन्द प्रदान करें।।३५।।

प्रत्यूहव्यूहविध्वंसकारणं करुणामयः।
मम प्रीत्यर्थतो हन्तु क्षेत्रपालः पुरःस्थितः।।३६।।

श्रीचक्र के पूर्व भाग में प्रतिष्ठित करुणामय क्षेत्रपाल मेरे हित-सम्पादन के लिये विघ्नों के ढेर का नाश करने की कृपा करें।।३६।।

अपस्मारादिदुर्द्धर्षसंहारैकपदक्रमः।
पृष्ठस्थाने स्थितो देवो मां पातु च गणेश्वरः।।३७।।

अपस्मार आदि दुर्धर्ष महारोगों को एक ही पाद-प्रहार से ध्वस्त कर देने वाले भगवान् गणेश, जो चक्र के पृष्ठ (पश्चिम) में प्रतिष्ठित हैं, सदा मेरी रक्षा करें।।३७।।

विमर्श—अपस्मार (मिरगी, मूर्च्छा) का अर्थ है—स्मृति-भ्रंश। अपने शुद्ध-बुद्ध आत्म-स्वरूप को भूलकर स्वयं को देह समझने का अज्ञान आध्यात्मिक दृष्टि से सबसे दुर्धर्ष अपस्मार रोग है। भगवान् नटराज की मूर्ति में अधोमुख लेटा हुआ आत्म-स्वरूप विस्मृत पुरुष का नाम इसीलिये अपस्मार है।

फलश्रुति

यश्चेदं पठति स्तोत्रं कदाचन शृणोति च।
अचिरादेव नश्यन्ति तस्य सर्वेऽप्युपद्रवाः।।३८।।

इस कवच का पाठ करने से रोगों से मुक्ति तथा बन्धन से छुटकारा मिलता है तथा शीघ्र ही सारे संकट और उपद्रव शान्त हो जाते हैं।।३८।।

तन्मुखं कवितारूपं तद्गृहं कमलालयम्।
स देशः सत्त्वशुद्धः स्याद् यत्रायं पठ्यते स्तवः।।३९।।

रोगार्त्तो मुच्यते रोगैर्बद्धो मुच्येत बन्धनात्।
विघ्नवान् मुच्यते विघ्नैः पठन् स्तोत्रादिकं नरः।।४०।।

इस कवच का पाठ करने वाले व्यक्ति के मुख से अनायास कविता निकलने लगती है और उसका घर लक्ष्मी का आवास बन जाता है। रोगी को रोगों से तथा बन्धन में पड़े व्यक्ति को कारागार से मुक्ति मिल जाती है। विघ्न समाप्त हो जाते हैं।।३९-४०।।

ध्येयैषा त्रिपुरा रक्षा पठनीया प्रयत्नतः।
अनया कमलासिद्धिरनया पापनाशनम्।।४१।।
त्रिपुरार्णवतन्त्रस्य समाप्तं कवचं शुभम्।
अथान्यत् कवचं वक्ष्ये षोडशीनां सुखावहम्।।४२।।

भगवती त्रिपुरा का ध्यान करके पूरे मनोयोग से इस कवच का पाठ करना चाहिए। इसके पाठ से कमला-सिद्धि (धनप्राप्ति) होती है तथा पापों का नाश होता है। त्रिपुरार्णवतन्त्र में बताया गया कवच पूर्ण हुआ। अब षोडशी कवच बता रहा हूँ, जो अत्यन्त सुखप्रद है।।४१-४२।।

षोडशी-कवच पूर्वपीठिका

देव्युवाच—

भगवन् देवदेवेश लोकानुग्रहकारक।
त्वत्प्रसादान्महादेव श्रुता मन्त्रास्त्वनेकशः।।१।।
साधनं त्रिविधं देव कीलकोद्धारणन्तथा।
शापादिदूषणोद्धारः श्रुतस्त्वत्तो मया प्रभो।।२।।
राजराजेश्वरीदेव्याः कवचं सूचितं मयि।
इदानीं श्रोतुमिच्छामि कथयस्व मयि प्रभो।।३।।

श्रीदेवी ने कहा—हे देवदेवेश्वर! आप लोकों पर दया करने वाले हैं। आपकी कृपा से मैंने अनेक प्रकार के मन्त्र सुने। अब मैं आपसे राजराजेश्वरी देवी का कवच सुनना चाहती हूँ। हे दयानिधि! मुझे वह कवच सुनाइये।।१-३।।

ईश्वर उवाच—

लक्षवारसहस्राणि वारितासि पुनः पुनः।
स्त्रीस्वभावात् पुनर्देवि पृच्छसि त्वं मयि प्रिये।।४।।

अत्यन्तगुह्यं कवचं सर्वकामफलप्रदम्।
प्रीतये देवदेवेशि कथयामि शृणुष्व तत्।।५।।

श्री ईश्वर ने कहा—हे प्रिये! लाखों बार मना किये जाने के बावजूद अपने स्त्री-स्वभाव के कारण तुम इस कवच के बारे में पूछती हो। श्रीराजराजेश्वरी देवी का यह कवच सभी कामनाओं को पूरा करने वाला होने के कारण लोकोपयोगी होने के बावजूद सर्वथा गोपनीय और अप्रकाशनीय है। फिर भी तुम्हारे प्रेम के कारण तुम्हारे अनुरोध की रक्षा के लिये मैं इसे प्रकाशित कर रहा हूँ। सावधान और दत्तचित्त होकर इस दिव्य कवच को सुनिये।।४-५।।

अस्य श्रीराजराजेश्वरीमहात्रिपुरसुन्दरीषोडशीविद्याकवचस्य महादेव ऋषिः प्रस्तारपङ्क्तिच्छन्दो राजराजेश्वरी श्रीमहात्रिपुरसुन्दरी देवता सर्वार्थसाधने विनियोगः।

विनियोग—इस षोडशी कवच के ऋषि महादेव, छन्द प्रस्तार पंक्ति, देवता-श्री राजराजेश्वरी महात्रिपुरसुन्दरी हैं तथा इसके पाठ का विनियोग सर्वार्थ-साधन के लिये किया जाता है।

ऋष्यादि न्यास—श्री महादेवऋषये नमः—शिरसि। प्रस्तारपंक्तिछन्दसे नमः—पृष्ठे। राजराजेश्वरीश्रीमहात्रिपुरसुन्दरीदेवतायै नमः—हृदि। सर्वार्थसाधने विनियोगाय नमः—सर्वांगे।

[कवच का मूल पाठ]

ॐ पूर्वे मां भैरवी पातु बाला मां पातु दक्षिणे।
मालिनी पश्चिमे पातु वशिनी तूत्तरेऽवतु।।६।।

पूर्व दिशा में भैरवी, दक्षिण में बाला त्रिपुरसुन्दरी, पश्चिम में (भग) मालिनी तथा उत्तर दिशा में देवी वशिनी सदा मेरी रक्षा करें।।६।।

ऊर्ध्वं पातु महादेवी महात्रिपुरसुन्दरी।
अधस्तात् पातु देवेशी पातालतलवासिनी।।७।।
आधारे वाग्भवः पातु कामराजस्तथा हृदि।
डामरः पातु मां नित्यं मस्तके सर्वकामदः।।८।।
ब्रह्मरन्ध्रे सर्वगात्रे छिद्रस्थानेषु सर्वदा।
महाविद्या भगवती पातु मां परमेश्वरी।।९।।

मेरे ऊर्ध्व और अधोभाग की क्रमशः महादेवी महात्रिपुरसुन्दरी और देवेशी पातालवासिनी रक्षा करें। मेरे आधार (चरण-भाग) की वाग्भवबीज (ऐं), हृदय की कामराजबीज (क्लीं) तथा सभी कामनाओं को पूरा करने वाले डामर देवता (सौः)

मस्तक की रक्षा करें। ब्रह्मरन्ध्र में, सम्पूर्ण शरीर में जहाँ-जहाँ छिद्रस्थान हैं, वहाँ-वहाँ (स्थित होकर) भगवती परमेश्वरी महाविद्या रक्षा करें।।७-९।।

ऐं क्लीं ललाटे मां पायाद् ह्लीं हंसः पातु नेत्रयोः।
नासायां कर्णयोश्चैव श्रीं ह्लीं ह्लीं चिबुके तथा।।१०।।
हसौ पातु गले हृदये स्त्रीं च नाभिदेशके।
कलह्लीं क्रीं श्रीं गुह्यदेशे पातु हूँ ह्लीँ च पादयोः।।११।।

'ऐं क्लीं' (मन्त्रवर्ण देवता) ललाट में (स्थित होकर), 'ह्लीं हंसः' दोनों नेत्रों में, 'श्रीं ह्लीं ह्लीं' (मन्त्र वर्ण देवता) नथुनों में, दोनों कानों में तथा चिबुक (में स्थित होकर) मेरी रक्षा करें।।१०।।

'हसौः' (मन्त्रवर्ण देवता) गले में, 'स्त्रीं' हृदय में, 'कलह्लीं' नाभि में, 'श्रीं श्रीं' गुह्य देश में तथा 'हूं ह्लीं' दोनों पैरों में (स्थित होकर) मेरी रक्षा करें।।११।।

स्त्रीं मां सर्वतः पातु सक्लीँ पातु च सन्धिषु।
जले स्थले तथाकाशे दिक्षु राजगृहे तथा।।१२।।
हुं क्षें मां त्वरिता पातु सह्लीं सक्लीं मनोभवा।
हंसः पायान्महादेवी परं निष्कलदेवता।।१३।।
विजया मङ्गला दूती कल्याणी भगमालिनी।
ज्वाला च मालिनी नित्या सर्वदा मां सदाऽवतु।।१४।।

मन्त्रवर्ण देवता 'स्त्रीं' मेरे चारो ओर तथा 'सक्लीं' शरीर के सभी जोड़ों में स्थित होकर मेरी रक्षा करें। मन्त्र वर्ण देवता 'हुं क्षें' जल में, देवी त्वरिता स्थल में, मन्त्रवर्ण देवता 'सहीं सक्लीं' आकाश में, देवी मनोभवा दिशाओं में, 'हंस'-रूपिणी परं निष्कल देवता राजगृह में मेरी भली-भाँति रक्षा करें। सर्वसौभाग्यदायिनी देवी विजया, सर्वमङ्गला, (शिव) दूती, कल्याणी, भगमालिनी, ज्वालामालिनी तथा नित्या आदि तिथिनित्यायें सदा-सर्वदा मेरी रक्षा करें।।१२-१४।।

फलश्रुति

इत्येवं कवचं देवि देवानामपि दुर्लभम्।
तव प्रीत्या मयाख्यातं गोपनीयं प्रयत्नतः।।१५।।

हे देवि! इस कवच की प्राप्ति (अर्थात् ज्ञान) देवताओं के लिये भी सुलभ नहीं है। तुम्हारे प्रेम से विवश होकर मैंने तुम्हें इस कवच का ज्ञान कराया। इसे हर प्रकार से गुप्त और गोपनीय रखना चाहिए। किसी अनधिकारी व्यक्ति को इस कवच का उपदेश नहीं देना चाहिए।।१५।।

इदं रहस्यं परमं गुह्याद् गुह्यतरं प्रिये।
धन्यं यशस्यमायुष्यं भोगमोक्षफलप्रदम्।।१६।।

दुःस्वप्ननाशनं पुंसां नरनारीवशङ्करम्।
आकर्षणकरं देवि स्तम्भमोहकरं शिवे।।१७।।

हे प्रिये! यह परम रहस्यमय कवच अति गोपनीय वस्तुओं से भी अधिक गोपनीय है। यह कवच मनुष्यों को सौभाग्य, कीर्ति, आयु तथा भोग के साथ ही मोक्ष प्रदान करने वाला तथा दुःस्वप्नों (मानसिक भय एवं चिन्ताओं) का नाश करने वाला, स्त्री-पुरुष सभी का वशीकरण करने वाला, सभी प्राणियों का आकर्षण, मोहन तथा स्तम्भन करने वाला है॥१६-१७॥

इदं कवचमज्ञात्वा राजराजेश्वरीं शिवाम्।
योऽर्चयेद् योगिनीवृन्दैः स भक्ष्यो नात्र संशयः।।१८।।
न तस्य मन्त्रसिद्धिः स्यात् कदाचिदपि शङ्करि।
इह लोके च दारिद्र्यं रोगशोकभयानि च।।१९।।
परत्र नरकं गत्वा पशुयोनिमवाप्नुयात्।
तस्मादेतत् सदाऽभ्यस्येदधिकारी भवेत्ततः।।२०।।

इस कवच को विना जाने अर्थात् इसका पाठ किये विना जो व्यक्ति शिवारूपिणी श्रीराजराजेश्वरी का अर्चन करता है, सभी योगिनियाँ उसका विनाश कर देती हैं। इस कवच का पाठ किये विना मन्त्र-सिद्धि नहीं होती। कवचहीन मनुष्य जीवन भर दरिद्रता, रोग, शोक तथा तरह-तरह के कष्ट भोगता है और मरने के बाद नरक जाता है। नरक-यन्त्रणा भोगने के बाद उसे पशुयोनि मिलती है। अतः मनुष्यों को इसका नित्यप्रति पाठ करना चाहिए। इसका पाठ करने से मनुष्य को राजराजेश्वरी की साधना करने का अधिकार प्राप्त होता है॥१८-२०॥

मद्वक्त्रनिर्गतमिदं कवचं सुपुण्यं
पूजाविधौ च पुरतो यदि वा पठेच्च।
सौभाग्यभोगललितानि शुभानि भुक्त्वा
देव्याः पदं भजति तत् पुनरन्तकाले।।२१।।

कुलार्णवतन्त्रस्य समाप्तं कवचं परम्।

मेरे मुख से निःसृत इस पुण्यप्रद कवच का जो व्यक्ति देवी-पूजन के समय नित्यप्रति उसका पाठ करता है, वह इस जन्म में यथावांछित सुख-सौभाग्य भोगकर मरणोपरान्त देवी के परमपद को प्राप्त कर उस लोक के ऐश्वर्य प्राप्त करता है।

कुलार्णव-तन्त्र में बताया गया कवच समाप्त हुआ।

विमर्श—'कुलार्णवतन्त्र' में इस कवच का उल्लेख नहीं है। इस 'कवच' का उपदेश 'कुलानन्द-संहिता' नामक तन्त्र-ग्रन्थ में दिया गया है। 'कुलार्णव-तन्त्रस्य' लिखना लिपिकार का प्रमाद है।

●

त्रिपुरसुन्दरीशतनामस्तोत्रम्

समासेन प्रवक्ष्यामि देव्या नाम शताष्टकम्।
तद् गुह्यं परमं जाप्यं महाद्भुतविनाशनम्।।१।।

त्रिपुरार्णवतन्त्रोक्त श्रीत्रिपुरसुन्दरी कवच—भगवती त्रिपुरसुन्दरी के उन एक सौ आठ अत्यन्त गोपनीय नामों का प्रकाशन कर रहा हूँ, जिनका नित्यप्रति जप करने से बड़ी-से-बड़ी विपत्ति का आश्चर्यजनक रूप से विनाश हो जाता है।।१।।

मूल-पाठ

श्री(ः) चेतना महामाया महागौरी महेश्वरी।
महाबुद्धिर्महाचण्डी महाकाली महाकला।।२।।
महाक्षुधा महामुद्रा महानिद्रा महोदया।
महालक्ष्मीर्महाभोगा महामोहा महोदया।।३।।
महाजया महातुष्टिर्महालज्जा महाधृतिः।
महाघोरा महादंष्ट्रा महाकान्तिर्महास्मृतिः।।४।।
महाजपा महामेधा महाबोधा महातपा।
महास्वधा महास्वाहा महाबाधा महासुरा।।५।।
महाबन्धनसंहन्त्री महाभयविनाशिनी।
महानेत्रा महावक्त्रा महाजिह्वा महाभुजा।।६।।
महामहीरुहा पूर्णा महाच्छाया महानघा।
महाशक्तिर्महाश्वासा महापर्वतनन्दिनी।।७।।
महाब्रह्ममयी माता महासारा महावरा।
महासुरघ्नी महती पार्वती चर्चिका शिवा।।८।।
महाक्षान्तिर्महाभ्रान्तिर्महामाता महीयसी।
महाकुला महालोला महामाया महाफला।।९।।
महानीला महाशीला महाशुभ्रा महाकला।
महाचित्रा महासेतुर्महाहेतुर्यशस्विनी।।१०।।
महाविद्या महासाध्या महासत्या महागतिः।
महासुरी महादुर्गा महादुःस्वप्ननाशिनी।।११।।
महामोक्षप्रदा मोक्षा महादक्षा महीयसी।
महाभद्रा महावाणी महारोगविनाशिनी।।१२।।
महादारुर्महाकारा महामारी महेश्वरी।
महाक्षेमङ्करी क्षेमा महैश्वर्यप्रदायिनी।।१३।।

महाविषघ्नी विषदा महादुर्गविनाशिनी।
महादुर्गा महातारा महाकैलासवासिनी।।१४।।
महासुभद्रा सुभगा महार्घ्या च महासती।
महाप्रत्यङ्गिरा नित्या महाप्रलयकारिणी।।१५।।
महाशक्तिर्महामुक्तिर्महामङ्गलदायिका ।

फलश्रुति

इदं यः कीर्त्तयेद् भक्त्या विषमस्थो भवेद् यदि।।१६।।
लौहपञ्जरमध्यस्थस्तस्य नश्यति बन्धनम्।
राजानो दासतां यान्ति भवेत् सर्वजनप्रियः।।१७।।
उत्तमां भूतिमाप्नोति तस्य नश्यन्त्युपद्रवाः।
संग्रामे विजयेच्छत्रून् गरुडः पन्नगानिव।।१८।।
न विषं क्रमते तस्य न मृत्युः पावके जले।
नाकाले मरणं तस्य कदाचिदपि सम्भवेत्।।१९।।
यद् यत् कामयते कामी तत्तदाप्नोति नान्यथा।
बहुना च किमुक्तेन सर्वेषां मूर्ध्नि वर्त्तते।।२०।।
रुद्रयामलतन्त्रोक्तं शतं नाम समीरितम्।

इति श्रीपूर्णानन्दपरमहंसविरचिते श्रीतत्त्वचिन्तामणावूनविंशतितम: प्रकाश:।।१९।।

फलश्रुति—इस अष्टोत्तर शतनामस्तोत्र का पाठ करने से निगडबन्धन-सहित भयानक से भयानक विपत्ति से मुक्ति मिलती है। राजा तथा राज्याधिकारियों से मैत्री होती है। सभी सांसारिक सुख एवं ऐश्वर्य प्राप्त होते हैं। उपद्रव शान्त हो जाते हैं। शत्रुओं से विजय-श्री मिलती है। अकालमृत्यु का भय नहीं होता। विष से, जल में डूबने या आग में जलकर मरने का भय नहीं होता। जिस वस्तु की इच्छा की जाती है, वह स्वत: प्राप्त हो जाती है। रुद्रयामल तन्त्र में वर्णित 'शतनाम स्तोत्र' पूर्ण हुआ।।

'भावना-भाष्य–प्रयोग-क्रम'

इन दिव्य नामों से भगवती के स्तवन की प्रयोग-विधि नीचे लिखी जा रही है। इन मन्त्रों के आगे 'श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नम:' की योजना करके इन दिव्य नामों से भगवती का पूजन-तर्पण तथा 'नम:' के स्थान पर 'स्वाहा' की योजना करके इन नाम-मन्त्रों से हवन भी किया जा सकता है। यथा—

(१) 'ऐं ह्रीं श्रीं श्रियै नम:'—से प्रणामयुक्त स्तवन।

(२) 'ऐं ह्रीं श्रीं श्रियै नम:। श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नम:' से पूजन-तर्पण।

(३) 'ऐं ह्रीं श्रीं श्रियै स्वाहा'—से हवन।

प्रयोग के समय इन नाम-मन्त्रों के आगे 'ऐं ह्रीं श्रीं' की योजना कर लें।

ऐं ह्रीं श्रीं—

(१) श्रियै नमः।
(२) चेतनायै नमः।
(३) महामायायै नमः।
(४) महागौर्यै नमः।
(५) महेश्वर्यै नमः।
(६) महाबुद्ध्यै नमः।
(७) महाचण्ड्यै नमः।
(८) महाकाल्यै नमः।
(९) महाकलायै नमः।
(१०) महाक्षुधायै नमः।
(११) महामुद्रायै नमः।
(१२) महानिद्रायै नमः।
(१३) महोदयायै नमः।
(१४) महालक्ष्म्यै नमः।
(१५) महाभोगायै नमः।
(१६) महामोहायै नमः।
(१७) महोदरायै नमः।
(१८) महाजयायै नमः।
(१९) महातुष्ट्यै नमः।
(२०) महालज्जायै नमः।
(२१) महाधृत्यै नमः।
(२२) महाघोरायै नमः।
(२३) महादंष्ट्रायै नमः।
(२४) महाकान्त्यै नमः।
(२५) महास्मृत्यै नमः।
(२६) महापद्मायै नमः।
(२७) महामेधायै नमः।
(२८) महाबोधायै नमः।
(२९) महातपायै नमः।
(३०) महास्वधायै नमः।
(३१) महास्वाहायै नमः।
(३२) महाबाधायै नमः।
(३३) महासुरायै नमः।
(३४) महाबन्धनसंहर्त्र्यै नमः।
(३५) महाभयविनाशिन्यै नमः।
(३६) महानेत्रायै नमः।
(३७) महावक्त्रायै नमः।
(३८) महाजिह्वायै नमः।
(३९) महाभुजायै नमः।
(४०) महामहीरुहायै नमः।
(४१) पूर्णायै नमः।
(४२) महाच्छायायै नमः।
(४३) महानघायै नमः।
(४४) महाशक्त्यै नमः।
(४५) महाश्वासायै नमः।
(४६) महापर्वतनन्दिन्यै नमः।
(४७) महाब्रह्ममय्यै नमः।
(४८) मात्रे नमः।
(४९) महासारायै नमः।
(५०) महावरायै नमः।
(५१) महासुरघ्न्यै नमः।
(५२) महत्यै नमः।
(५३) पार्वत्यै नमः।
(५४) चर्चिकायै नमः।

(५५) शिवायै नमः।
(५६) महाक्षान्त्यै नमः।
(५७) महाभ्रान्त्यै नमः।
(५८) महामात्रे नमः।
(५९) महीयस्यै नमः।
(६०) महाकुलायै नमः।
(६१) महालोलायै नमः।
(६२) महामायायै नमः।
(६३) महाफलायै नमः।
(६४) महानीलायै नमः।
(६५) महाशीलायै नमः।
(६६) महाशुभ्रायै नमः।
(६७) महाकलायै नमः।
(६८) महाचित्रायै नमः।
(६९) महासेतवे नमः।
(७०) महाहेतवे नमः।
(७१) महायशस्विन्यै नमः।
(७२) महाविद्यायै नमः।
(७३) महासाध्यायै नमः।
(७४) महासत्यायै नमः।
(७५) महागत्यै नमः।
(७६) महासुर्यै नमः।
(७७) महादुर्गायै नमः।
(७८) महादुःखनाशिन्यै नमः।
(७९) महामोक्षप्रदायै नमः।
(८०) महामोक्षायै नमः।
(८१) महादक्षायै नमः।
(८२) महीयस्यै नमः।
(८३) महाभद्रायै नमः।
(८४) महावाण्यै नमः।
(८५) महारोगविनाशन्यै नमः।
(८६) महादारवे नमः।
(८७) महाकारायै नमः।
(८८) महाभार्यै नमः।
(८९) महेश्वर्यै नमः।
(९०) महाक्षेमंकर्य्यै नमः।
(९१) महाक्षेमायै नमः।
(९२) महेश्वर्यप्रदायिन्यै नमः।
(९३) महाविषघ्न्यै नमः।
(९४) महाविषदायै नमः।
(९५) महादुर्गविनाशन्यै नमः।
(९६) महादुर्गायै नमः।
(९७) महातारायै नमः।
(९८) महाकैलासवासिन्यै नमः।
(९९) महासुभद्रायै नमः।
(१००) महासुभगायै नमः।
(१०१) महाध्र्यायै नमः।
(१०२) महासत्यै नमः।
(१०३) महाप्रत्यंगिरायै नमः।
(१०४) महानित्यायै नमः।
(१०५) महाप्रलयकारिण्यै नमः।
(१०६) महाशक्त्यै नमः।
(१०७) महामुक्त्यै नमः।
(१०८) महामंगलदायिकायै नमः।

अप्रतिष्ठित अर्थात् असंस्कृत माला से मन्त्रजप करने से देवी चण्डिका क्रुद्ध हो जाती है तथा मन्त्रजप का कोई फल नहीं मिलता।।१२८।।

[मालासूत्रनिर्माणम्]

कान्तया रचिता सा तु द्रुतं सिद्धिकरी स्मृता।
ऊद्ध्र्वन्तु त्रिवृतं कार्यं तन्तुत्रयमधोवृतम्।।१२९।।
पुण्यस्त्रीरचितं सूत्रं कार्पासं पट्टमेव वा।
मूलास्त्रञ्च पठन् सूत्रं बीजं प्रक्षालयेत्ततः।।१३०।।

अपनी पत्नि अथवा शुद्ध आचरण वाली महिला के द्वारा काते गये कपास के सूत या पट्टसूत्र (तांत) में पिरोई गई माला सिद्धिदात्री होती है। यह सूत इकहरा नहीं होना चाहिये; अपितु उसे तीन गुना करके फिर से तीनगुना करके उसमें मूल मन्त्र और अस्त्रमन्त्र का जप करते हुए एक-एक मनका पिरोया जाय।।१२९-१३०।।

[मालायां ग्रन्थिकरणम्]

एकैकमालामादाय ब्रह्मग्रन्थिं प्रकल्पयेत्।
ग्रन्थिहीनं न कर्त्तव्यं स्पृष्टास्पृष्टे न दुष्यति।।१३१।।
शैवे च वैष्णवे सौरे गाणेशे श्रीकरेऽपि च।
बीजकल्पात् पुनः कुर्यात्तत्र नास्ति विचारणा।।१३२।।

धागे में एक-एक मनके को पिरोकर ब्रह्मगाँठ लगानी चाहिये। गाँठ के अभाव में मनकों के आपस में रगड़ होने से दोष होता है। शिव, विष्णु, सूर्य, गणेश, श्रीकर आदि किसी भी देवता के मन्त्रजप के लिये बनाई गई माला में गाँठ होनी चाहिये। इसमें सोच-विचार करने की कोई बात नहीं है।।१३१-१३२।।

[ग्रन्थिहीने दोषाभावो देवीविशेषे]

या देव्यो ग्रन्थिहीनाः स्युर्लिख्यते तदशेषतः।।१३३।।

कालिकात्वरितायाश्च शक्राद्याः षट्कभेदतः।
तेनाचरणवासिन्यो वाराह्याश्च प्रपूजयेत्।।१३४।।

कालिका, त्वरिता, इन्द्राणी, तोडला, वनवासिनी, वाराही आदि देवियों की मालाओं में ग्रन्थि न होने पर दोष नहीं होता।।१३३-१३४।।

[मालाशोधने क्रियाविशेषः]

अनुलोमविलोमाभ्यां मातृकाऽन्तरितं न्यसेत्।
पञ्चगव्ये क्षिपेन्मालां शिवमन्त्रेण मन्त्रिताम्।।१३५।।

माला के एक-एक मनके को मातृका से अन्तरित करके अर्थात् प्रत्येक मनके पर मातृकाओं का न्यास करके शिवमन्त्र से अभिमन्त्रित माला को पञ्चगव्य में डाल दे।।१३५।।

[मालायां गन्धादिदानम्]

सद्योजातेन गन्धाद्यैर्वामदेवेन घर्षयेत्।
धूपयेत्तामघोरेण लेपयेत् पुरुषेण तु।।१३६।।
मन्त्रयेत् पञ्चमेनैव प्रत्येकन्तु शतं शतम्।
मेरुञ्च पञ्चमेनैव मन्त्रेणानेन मन्त्रयेत्।।१३७।।

सद्योजात मन्त्र से माला को पञ्चगव्य से प्रक्षालित करें। वामदेवमन्त्र से माला में चन्दन-अगरु और कपूर आदि का लेपन कर उसे सुगन्धित करें। अघोरमन्त्र से उसे धूपित करें। 'तत्पुरुष' मन्त्र से माला को चन्दन-चर्चित करें और पञ्चम (ईशान) मन्त्र से माला के प्रत्येक मनके को सौ-सौ बार अभिमन्त्रित करें। इसी तरह माला के सुमेरू को भी ईशानमन्त्र से सौ बार अभिमन्त्रित करें।।१३६-१३७।।

माला-संस्कार विधान—पीपल के नये कोमल ९ पत्तों को इस तरह गोलाकार रखें कि वह कमल के समान दिखाई दें। मातृकाओं और मूल मन्त्र का उच्चारण करके माला को पद्माकार अश्वत्थपत्रों पर रख दें। फिर निम्नलिखित 'सद्योजात' मन्त्र से पञ्चगव्य से माला का प्रक्षालन करें—

ॐ सद्योजातं प्रपद्यामि सद्योजाताय वै नमः।
भवे भवेऽनादिभवे भवोद्भवाय वै नमः।।१३८।।(१)

पञ्चगव्य से माला को अच्छी तरह प्रक्षालित कर लेने के बाद 'वामदेव' मन्त्र से माला पर चन्दन-अगर-कपूर का लेप करें—

ॐ वामदेवाय नमो ज्येष्ठाय नमो रुद्राय नमः
कालाय नमः कलविकरणाय नमो बलाय नमो
बलप्रमथनाय नमः सर्वभूतदमनाय नमः
(ॐ नमो) (मनो)न्मथनाय नमः।।१३९।।(२)

माला पर चन्दन-कपूर आदि का लेपन करने के बाद निम्नलिखित अघोरमन्त्र से उसे धूपित करें—

ॐ अघोरेभ्योऽथ घोरेभ्यो घोरघोरतरेभ्यः।
सर्वतः सर्वसर्वेभ्यो नमस्तेऽस्तु रुद्ररूपेभ्यः।।१४०।।(३)

अघोरमन्त्र से माला को धूपित करने के बाद निम्नलिखित 'तत्पुरुष' मन्त्र से माला पर फिर से चन्दन लगायें—

ॐ तत्पुरुषाय विद्महे महादेवाय धीमहि
तन्नो रुद्रः प्रचोदयात्।।१४१।।(४)

तदनन्तर माला के प्रत्येक बीज (मनके) और सुमेरु पर 'ईशान' मन्त्र का सौ-सौ बार जप करें—

ॐ ईशानः सर्वविद्यानामीश्वरः सर्वभूतानां
(ब्रह्माधिपतिर्ब्रह्मणोऽधिपतिर्ब्रह्मा)
शिवो मेऽस्तु सदाशिवोम्।।१४२।।(५)

शिवमन्त्रों से माला-संस्कार की उपर्युक्त विधि 'मुण्डमालातन्त्र' में बताई गई है।

[शक्तिविषये मन्त्राभावमतनिरासः]

इति पञ्चऋचा शुद्धिर्न शक्तिविषये तथा।
तत्र समीहितं मुण्डमालायां संस्मृता यतः।।१४३।।

मुण्डमालातन्त्र में उपर्युक्त पाँच वैदिक मन्त्रों से माला-संस्कार का विधान तो बताया गया है; मगर माला-संस्कार के लिये शक्तिमन्त्र नहीं बताये गये हैं।।१४३।।

[मालास्थापनम्]

ततः सञ्जपितां मालां स्थापयेद्धेमपात्रके।
पद्माकारेऽश्वत्थपत्रनवके स्थापयेच्च वा।।१४४।।
पञ्चामृतेन सुस्नाप्य शीतलेन जलेन च।
महाप्रेतासनं बीजं न्यसेत्तत्र च साधकः।।१४५।।

ईशान मन्त्र से अभिमन्त्रित माला को पञ्चामृत तथा शुद्ध शीतल जल से स्नान कराकर सोने के पात्र अथवा पद्माकार अश्वत्थपत्रों पर रखकर प्रेतबीज (ह्सौः) से न्यस्त करें।।१४४-१४५।।

तत्र देवीं सुपूज्यैव परिवारगणैः सह।
विधिवदग्निमारोप्य घृतेन शक्तितो हुनेत्।।१४६।।
होमकर्मण्यशक्तश्चेद् द्विगुणं जपमाचरेत्।
अष्टोत्तरशतं जप्त्वा गुरुर्मालां समाचरेत्।।१४७।।

शिष्यहस्ते ततः सोऽपि प्रजप्याष्टोत्तरं शतम्।
गुरवे दक्षिणां दद्याद् यथाविभवपूर्वकम्।।१४८।।

अब माला में देवता का आवाहन तथा प्राणप्रतिष्ठा करके यथावैभव उनकी सपरिवार पूजा करें। विधिवत् अग्नि स्थापित करके यथाविधि (अष्टोत्तरशत) होम करें (तथा हुतशेष को माला पर डाल दें।) यदि होम करने में असमर्थ हों तो दुगुना जप करें। जप करने के बाद गुरुदेव वह माला शिष्य के हाथों में दे दें। गुरुदेव से माला ग्रहण करने के बाद शिष्य स्वयं भी उस माला पर मन्त्र का अष्टोत्तरशत जप करे। तत्पश्चात् गुरुदेव को यथाशक्ति दक्षिणा देकर उनसे आशीर्वाद प्राप्त करे।।१४६-१४८।।

[मालाया: स्वयं संस्कारकाल:]

गुरोरभावे मालायाः संस्कारं स्वयमाचरेत्।

यदि गुरुदेव न हों तो बुद्धिमान् शिष्य को स्वयं ही उपर्युक्त विधान से माला का संस्कार करना चाहिए।

[प्रत्यहं पूजान्ते मालाजप:]

अभ्युक्ष्यादौ जपेन्मालां पूजान्तेऽपि तथैव च।।१४९।।

प्रतिदिन जप के पूर्व और जप के बाद सामान्य अर्घ्य के जल से माला का अभ्युक्षण करके उसकी वन्दना की जानी चाहिए।।१४९।।

विमर्श—श्रीविद्यार्णव (१६वाँ श्वास) में माला-संस्कार की उपर्युक्त विधि का निरूपण करने के बाद यह प्रतिपादित किया गया है कि सद्योजात आदि मन्त्रों से माला-संस्कार की उक्त विधि केवल 'रुद्राक्ष-माला' के लिये है। 'कालोत्तरतन्त्र' में स्पष्ट रूप से कहा गया है—

रुद्राक्षाणामयं प्रोक्तः संस्कारः श्रुतिचोदितः।
इतरेषु तु तन्त्रोक्तः कर्त्तव्यो गुरुसाधकैः।।

कालोत्तरतन्त्र से उक्त प्रमाण देने के बाद रुद्राक्षभिन्न अन्य मणियों से निर्मित मालाओं के संस्कार के लिये 'योगिनीतन्त्र' तथा 'भैरवतन्त्र' में बताये गये विधानों का निरूपण किया गया है। यथा—

माला-संस्कार विधान—यथाविधि गूँथी गई माला को स्वर्ण आदि के किसी पात्र पर रखकर उस पर गणेश, सूर्य, विष्णु तथा दुर्गा का पृथक्-पृथक् आह्वान करके यथाविधान पूजन करें। तत्पश्चात् उस माला को 'ह्रौं' इस मन्त्र का जप करते हुए पञ्चगव्य में डाल दें। कुछ क्षणों के बाद उसे पञ्चगव्य से निकालकर पञ्चामृत में डाल दें। तत्पश्चात् उसे पञ्चामृत से निकालकर शुद्ध शीतल जल से धोयें। चन्दन-अगरु आदि सुगन्धित द्रव्यों का उस पर लेप करें। इस माला पर 'ह्रौं'

इस मन्त्र का १०८ बार जप करें। तत्पश्चात् उस पर इष्टदेवता के साथ नवग्रहों तथा दिक्पालों का पूजन करें। विधिवत् अग्नि में अपने इष्टमन्त्र से तिल और घृत से हवन करें। हुतशेष घृत माला पर डालें। इस प्रकार माला का संस्कार करके गुरुदेव और ब्राह्मणों को यथाशक्ति दक्षिणा आदि देकर संतुष्ट करें।

[मालापूजायां मन्त्रविशेषः]

वाग्भवं भुवनेशानी अक्षमालाञ्च ङेयुताम्।
हृन्मन्त्रञ्च समुच्चार्य पूजयेत् साधकोत्तमः।।१५०।।

वाग्भवमित्यादि। एतेन 'ऐँ ह्रीँ अक्षमालायै नमः' इति मन्त्रो भवति।

प्रतिदिन जप करने के पूर्व 'ऐं ह्रीं अक्षमालायै नमः' इस मन्त्र से माला की पूजा करें॥१५०॥

[मालाप्रार्थनामन्त्रः]

ॐ माले माले महामाले सर्वशक्तिस्वरूपिणि।
चतुर्वर्गस्त्वयि न्यस्तस्तस्मान्मे सिद्धिदा भव।।१५१।।

यह माला-प्रार्थना मन्त्र है। माला की पूजा करने के बाद उक्त मन्त्र से माला को प्रणाम करें॥१५१॥

[मालाऽभिमन्त्रणम्]

अभिमन्त्र्य ततो मालां गृहीत्वा दक्षिणे करे।
मायां सिद्धेश्वरीं ङेऽन्तां हृदयान्तो मनुः स्मृतः।।१५२।।
एष पञ्चाक्षरो मन्त्रो ग्रहणे च जपान्तिके।
हृत्प्रदेशे समानीय न तु वामेन संस्पृशेत्।।१५३।।

अभिमन्त्र्येति। एतेन 'ह्रीँ सिद्धेश्वर्यै नमः' इति मन्त्रः सिध्यति।

प्रार्थना करने के बाद 'ह्रीं सिद्धेश्वर्यै नमः'—इस मन्त्र से माला को अभिमन्त्रित करके दाहिने हाथ में ग्रहण करें। बाँयें हाथ से माला का स्पर्श करना वर्जित है। जप के समय माला को हृदय के समीप रखें॥१५२-१५३॥

[मालाजपे अङ्गुलिनियमः]

मध्यमाया मध्यभागे स्थापयित्वा समाहितः।
तर्ज्जन्या न स्पृशेन्मालामङ्गुष्ठाग्रेण चालयेत्।।१५४।।
प्रत्येकं बीजमादाय मेरुञ्चापि न लङ्घयेत्।
अङ्गुष्ठानामिकाभ्यान्तु जपेदुत्तमकर्मणि।
तर्जन्यङ्गुष्ठयोगेन विद्वेषोच्चाटने जपः।।१५५।।

कनिष्ठाङ्गुष्ठयोगेन जपेन्मारणकर्मणि।

मध्यमा अंगुलि के मध्यम-पर्व पर माला को रखकर अंगूठे के अग्रभाग से उसके प्रत्येक मनके को सरकायें। तर्जनी अंगुली से माला का स्पर्श न होने दें। सुमेरु पर न तो मन्त्र-जप करें और न सुमेरु का उल्लंघन करें। जब एक माला जप हो जाय तो दूसरी बार जप करने के लिये माला को घुमा दें। शान्ति-पुष्टि आदि शुभ-कर्म में अंगूठे और अनामिका अंगुली से जप करें। विद्वेषण और उच्चाटन में तर्जनी तथा अंगूठे से और मारण कर्म में कनिष्ठा तथा अँगूठे से जप करें। षट्कर्म में माला-जप का यह विधान है॥१५४-१५५॥

[जपान्ते मालास्थापनम्]

जपान्ते मस्तके मालां क्षिप्त्वाऽनेन समर्च्चयेत्॥१५६॥

जप पूर्ण हो जाने पर माला को सिर पर रखकर इस मन्त्र से प्रार्थना करें—

त्वं माले सर्वदेवानां प्रीतिदाशु सदा मम।
शिवं कुरुष्व मे भद्रे यशो वीर्यञ्च सर्वदा॥१५७॥

[मालायाः संगोपनम्]

जपान्तकाले तां मालां गोपयेत् प्रयतः सुधीः।
जपकालेऽपि गोप्तव्या जपमाला सुशोभना॥१५८॥

त्वं माले इति। अयं मन्त्रस्तु तन्त्रान्तरे—

त्वं माले सर्वदेवानां सर्वसिद्धिप्रदा मता।
तेन सत्येन मे सिद्धिं देहि मातर्नमोऽस्तु ते॥ इति।

जप करते समय और जप के बाद भी अपनी माला को छिपाकर गुप्त ही रखना चाहिये। जप-माला पर किसी अन्य व्यक्ति की दृष्टि नहीं पड़नी चाहिये॥१५७-१५८॥

[संख्यां विना जपनिषेधः]

गणनाविधिमुल्लङ्घ्य यो जपेत्तज्जपं पुनः।
गृह्णन्ति राक्षसास्तेन गणयेत् सर्वथा बुधः.॥१५९॥

गणनेति। गणनस्यावश्यकत्वमुक्तम्। प्रमाणमिदं तन्त्रसारेऽपि। अन्यच्च तन्त्रसारधृतविश्वसारे—

जपसंख्या तु कर्तव्या नासंख्यातं जपेत् सुधीः।
असंख्याकारकस्यास्य सर्वं भवति निष्फलम्॥

तन्त्रे—

हृदये हस्तमारोप्य तिर्यक् कृत्वा कराङ्गुलीः।
आच्छाद्य वाससा हस्तौ दक्षिणेन सदा जपेत्॥

जपसंख्याधारणे निषिद्धानिषिद्धान्याह—

नाक्षतैर्हस्तपर्वैर्वा न धान्यैर्न च पुष्पकैः।
न चन्दनैर्मृत्तिकया जपसंख्यास्तु कारयेत्।।
लाक्षाकुशीदसिन्दूरं गोमयञ्च करीषकम्।
विलोड्य गुलिकां कृत्वा जपसंख्यास्तु कारयेत्।। इति।

जो भी जप किया जाय, उसका ठीक से हिसाब रखा जाय। यदि मन्त्रजप की गणना नही की जाती तो राक्षस उसे चुरा लेते हैं।।१५९।।

[मालायाः पुनः सूत्रग्रन्थनकालः]

जीर्णे सूत्रे पुनः सूत्रं ग्रथयित्वा शतं जपेत्।

जब माला का सूत पुराना पड़कर कमजोर हो जाय, माला को नये सूत में गूँथकर उस पर मन्त्र का सौ बार जप करें।

[मालायाः करभ्रंशादिदोषे कर्त्तव्योपदेशः]

कराद् भ्रष्टे शब्दकृते जपेदष्टोत्तरं शतम्।।१६०।।
निषिद्धस्पर्शने तद्वज्जपेत् प्रक्षाल्य मन्त्रवित्।।१६१।।

यदि जप करते समय माला हाथ से छूटकर गिर जाय या माला के मनके आपस में टकराकर शब्द करने लगें तो प्रायश्चित्तस्वरूप अष्टोत्तरशत जप करें। अपवित्र अवस्था में अथवा अपवित्र हाथ से माला का स्पर्श हो जाने पर माला को अच्छी तरह धोकर अष्टोत्तरशत जप करें।।१६०-१६१।।

[प्रकारान्तरेण मन्त्रसिद्धिकथनम्]

अथान्यत् सम्प्रवक्ष्यामि मन्त्रसिद्धिकरं परम् ।
मन्त्रसाधनयोरैक्यं दुर्लभं भुवि मानवैः।।१६२।।
उक्तं सङ्कर्षणे तन्त्रे शिवेनाखिलवेदिना।
आनन्दाख्ये पञ्चरात्रे शुक्राय कवये पुरा।।१६३।।

मन्त्र-सिद्धि का एक अन्य उपाय बता रहा हूँ। यह उपाय सर्वज्ञाता भगवान् शिव ने संकर्षणतन्त्र में प्राचीन काल में कवि शुक्राचार्य को बताया था।।१६२-१६३।।

[शिष्यमन्त्रयोरैक्यकथनम्]

संस्कृतं पूजितं मन्त्रं दत्त्वा शिष्याय देशिकः।
कुर्यादथ तयोरैक्यं शास्त्रदृष्टेन वर्त्मना।।१६४।।

तन्त्रवित् गुरुदेव अपने शिष्य को विधिवत् संस्कार-सम्पन्न मन्त्र प्रदान करके इन दोनों का शास्त्रोक्ति विधि से एकीकरण करें।।१६४।।

[तत्र नियमविशेषः]

मन्त्रं विदर्भितं कृत्वा नामवर्णैर्यथाक्रमम्।
आद्यन्ते सकलं नाम ततः प्रणवमालिखेत्।।१६५।।
स्वराः पात्रेषु संलेख्या ध्यायेत्तानमृतात्मकान्।
भूर्ज्जे रोचनगन्धाद्यैः पद्ममध्ये सुशोभने।।१६६।।
मृदा पवित्रयावेष्ट्य तत् पुनः सिक्थकेन तु।
निःक्षिपेन्मधुरे तत्तु मृन्मये लघुभाजने।।१६७।।

भोजपत्र पर रोचना और गन्ध आदि से षोडशदल कमल बनायें। इस कमल के मध्य में शिष्य का नाम, इसके नीचे शिष्य के नाम के अक्षरों से विदर्भित मन्त्र तथा इसके नीचे पुनः शिष्य का पूरा नाम तथा अन्त में प्रणव (ॐ) लिखें। कमल के पत्रों पर स्वरवर्णों को लिखकर अमृतरूप में उनका ध्यान करें। इस भोजपत्र को गोल लपेट कर उस पर शुद्ध और पवित्र मिट्टी तथा मिट्टी पर मोम लपेट दें। उस गोले को शहद से भरे हुए मिट्टी के किसी छोटे बर्तन में डाल दें॥१६५-१६७॥

क्षीरपूर्णे नवे कुम्भे तत् क्षिपेल्लघुभाजनम्।
धारयेद्देशिकः कुम्भमग्निकुण्डसमीपतः।
मन्त्रसाधकयोरैक्यसिद्ध्यर्थं जुहुयात्ततः।।१६८।।
मूलमन्त्रेण मन्त्रज्ञः सहस्रं शतमेव वा।
कुम्भे सम्पातयेन्मन्त्री मधुराणां त्रयं शुभम्।।१६९।।
निधाय निःक्षिपेत् कुम्भं शनैस्तं महदम्भसि।
मन्त्रसाधकयोरैक्यं भवेदेवंक्रमेण तु।।१७०।।

मिट्टी के इस छोटे बर्तन को दूध भरे हुए मिट्टी के नये तथा बड़े कुम्भ में डाल दें। इस कुम्भ को हवन-कुण्ड के समीप रखकर मन्त्र और साधक की ऐक्य-सिद्धि के लिये मूल मन्त्र से अष्टोत्तरशत अथवा अष्टोत्तर सहस्र हवन करें। हुतशेष घी को कुम्भ में सम्पादित करें। जब हवन हो जाय, उस कुम्भ में त्रिमधुर डालकर उसे गहरे पानी में छोड़ दें। इस तरह मन्त्र और साधक का एकीकरण हो जाता है॥१६८-१७०॥

[देशिकस्यैतज्ज्ञानाभावे निन्दा]

एतद् यो न विजानाति नासौ देशिक उच्यते।।१७१।।

जो इस प्रयोग को नहीं जानता, वह देशिक कहे जाने का अधिकारी नहीं होता॥१७१॥

[यत्र कुत्र रहस्यं न वक्तव्यम्]

रहस्यं कथितञ्चैव न वदेद् यस्य कस्यचित्।
उत्तमाय स्वशिष्याय प्रियपुत्राय वा वदेत्।।१७२।।

यह रहस्यपूर्ण प्रयोग सभी लोगों को नहीं; अपितु अपने प्रिय पुत्र और उत्तम शिष्य को ही बताना चाहिए।।१७२।।

[त्रिमधुरसंज्ञा]

पयो मधु घृतञ्चैव समं त्रिमधुरं स्मृतम्।।१७३।।

समान मात्रा में दूध, शहद और घी मिलाने से त्रिमधुर वनता है।।१७३।।

[रहस्यपुरश्चरणादिकं श्यामारहस्यतो ज्ञातव्यम्]

रहस्यादि पुरश्चर्या दूतीयागादिकाः क्रियाः।
श्यामारहस्ये विज्ञेयाः संज्ञायां साधकोत्तमैः।।१७४।।

रहस्यादीति। श्यामारहस्ये पञ्चमपरिच्छेदे रहस्यपुरश्चरणं ज्ञातव्यम्। दूतीयाग-विधिश्च श्यामरहस्ये श्रीक्रमे—

यामामात्रगते रात्रौ कुलगेहगतः पुमान्।
ताम्बूलपूरितमुखो धूपामोदसुगन्धिभिः।।
रक्तचन्दनलिप्ताङ्गो रक्तमाल्यानुलेपितः।
रक्तवस्त्रपरीधानो लाक्षारुणगृहे स्थितः।
रक्तमाल्येन संवीतो रक्तपुष्पविभूषितः।।
पञ्चीकरणसंकेतैः पूजयेत् कुलनायिकाम्।।

कुलनायिकालक्षणमुक्तं तत्रैव—

नटी कापालिनी वेश्या पुक्कसी नापिताङ्गना।
रजकी रञ्जकी चैव सैरिन्ध्री च सुभाषिणी।।
खटिका घटिका चैव तथा गोपालकन्यका।
विशेषवैदग्ध्ययुताः सर्वा एव कुलाङ्गनाः।।
गुरुभक्ता देवभक्ता घृणालज्जाविवर्ज्जिताः।
सङ्गोपनरताः प्रायस्तरुण्यः सर्वसिद्धिदाः।।

एवं यथोदितां प्रसूनतूलिकोपरि संस्थाप्य पूजामारभेत्। तदुक्तं तत्रैव—

अद्वैताचारसम्पन्नां घृणालज्जाविवर्जिताम्।
सदनुष्ठाननिरतां सात्त्विकीं भक्तिसंयुताम्।।

देवताभावसंयुक्तां गुरुभक्तां दृढव्रताम्।
ईर्ष्यालस्येन रहितां सदयां भक्तवत्सलाम्।।
चातुर्यौदार्यदाक्षिण्यकरुणादिगुणान्विताम् ।
रूपयौवनसम्पन्नां शीलसौभाग्यशालिनीम्।।
सदा परिगृहीतां वा यद्वा सङ्केतमागताम्।
अथवा तत्क्षणायातां मदनानलतापिताम्।।
विलिप्तां रक्तगन्धेन रक्ताम्बरविभूषिताम्।
सुगन्धिकुसुमाबद्धां सर्वाभरणभूषिताम्।।
सुधूपधूपितां तन्वीं दूतीकर्मणि योजयेत्।
एवम्भूतां यजेत् ताञ्च प्रसूनतूलिकोपरि।।

इत्यादि। नवमपरिच्छेदे श्यामरहस्ये विशेषेणोल्लिखितो वर्तते इति तत्रैवानुसन्धेयः। विस्तरभयान्न साकल्येन लिखितमिति।

रहस्यपुरश्चरण तथा दूतीयाग आदि क्रियाओं का विधान 'श्यामारहस्य' नामक ग्रन्थ में बताया गया है। बुद्धिमान् साधक इन विधानों को उक्त ग्रन्थ में पढ़ सकते हैं।।१७४।।

[बलिदानकथनम्]

अथातो बलिदानन्तु वक्ष्यामि श्रीप्रियङ्करम्।
प्रणवं पूर्वमुद्धृत्य पद्मे युग्मं पठेत्ततः।।१७५।।
महापद्मे पदं ब्रूयात् पद्मावति पदं ततः।
वह्निजायावधिः पश्चाद् बलिं दद्याच्चतुष्पथे।।१७६।।

बलिदानमन्त्रस्तु—'ॐ पद्मे पद्मे महापद्मे पद्मावति स्वाहा' इति। अनेन चतुष्पथे बलिं दद्यात्।

अध्याय के अन्त में दो बलिदान-मन्त्र बताये गये हैं। वीराचारी साधक को इनमें से किसी मन्त्र से चौराहे पर बलि देवी चाहिए। इनमें प्रथम मन्त्र है—ॐ पद्मे पद्मे महापद्मे पद्मावति स्वाहा।

प्रणवं भुवनेशानीमेकजटे पदं ततः।
महायक्ष्माधिपं ब्रूयात्तारयपदं समुच्चरेत्।।१७७।।
ममोपनीतकं ब्रूयाद् बलिं गृह्ण द्विधा पदम्।
गृह्णापय युगं मम सर्वशान्तिं कुरुद्वयम्।।१७८।।
परविद्यां द्विधाकृत्य त्रुटद्वन्द्वञ्च छिन्धियुक्।
मायाबीजं ततो हुञ्च बलिं दद्यान्महानिशि।।१७९।।

बलिमन्त्रद्वयं प्रोक्तं वीराणां सिद्धिकाम्यया।।१८०।।

इति श्रीपूर्णानन्दपरमहंसविरचिते श्रीतत्त्वचिन्तामणौ विंशतितम: प्रकाश:।।२०।।

प्रणवमित्यादि। द्वितीयमन्त्रस्तु 'ॐ ह्रीँ एकजटे महायक्ष्माधिपं तारय, ममोपनीतं बलिं गृह्ण गृह्ण, गृह्णापय गृह्णापय, मम सर्वशान्तिं कुरु कुरु, परविद्यामाकृष्याकृष्य त्रुट त्रुट, छिन्धि छिन्धि ह्रीँ हुँ।' इति। वीराचारिणां सिद्ध्यर्थं बलिमन्त्रद्वयमत्र कथितमिति।

दूसरा बलिमन्त्र है—ॐ ह्रीं एकजटे महायक्ष्माधिपं तारय, ममोपनीतं बलिं गृह्ण गृह्ण गृह्णापय गृह्णापय मम सर्वशान्तिं कुरु कुरु परविद्यामाकृष्याकृष्य त्रुट त्रुट छिन्धि छिन्धि ह्रीं हुम्।

श्रीपूर्णानन्दपरमहंसविरचित श्रीतत्त्वचिन्तामणि के बीसवें प्रकाश
का 'भावना'-भाष्य पूर्ण हुआ।।२०।।

एकविंशतितमः प्रकाशः

[ब्रह्महत्यादिप्रायश्चित्तकथनम्]

ब्रह्महत्यादिदोषाणां प्रायश्चित्तं वदाम्यथ।।१।।

पिछले अध्यायों (प्रकाशों) में भगवती श्री विद्या का सपर्या-क्रम, अष्टोत्तरशत-नाम आदि स्तोत्र तथा मन्त्र-पुरश्चरण की विधि का निरूपण करने के बाद अब विभिन्न प्रकार के पापों के शमन के लिये विविध प्रकार के पुष्पों आदि से श्रीविद्या के अर्चन का विधान बताया जा रहा है। उपर्युक्त श्लोक इन प्रायश्चित्त-विधानों के निरूपण का प्रतिज्ञावाक्य है।।१।।

[तत्र क्रमः]

रक्तपुष्पैर्यजेच्चक्रं समस्तरश्मिसंयुतम्।
कुलाचारक्रमेणैव कर्पूरक्षोदमण्डितम्।।२।।
मासत्रयेण नियतं महापातककोटयः।
जन्मान्तरकृताः सर्वे क्षणान्नाशं प्रयान्ति च।
लक्ष्मीस्तस्य गृहे वश्या सुस्थिरा सर्वकामदा।।३।।

कपूर के चूर्ण से मण्डित श्रीचक्र का समस्त रश्मियों और नित्या-मण्डल-सहित कुलाचार-क्रम से रक्त पुष्पों से तीन माह तक यथाविधि पूजन करने से जन्म-जन्मान्तर के करोड़ों पाप कट जाते हैं तथा साधक के घर में सभी इच्छाओं को पूरा करने वाली लक्ष्मी का वास हो जाता है।।२-३।।

विमर्श—(१) कुलाचार-क्रम से भगवती की पूजा रात के दूसरे और तीसरे प्रहर में 'म'कारपञ्चक द्रव्यों से कुल-क्रम में दीक्षित साधकों द्वारा की जाती है। भगवती का यह राजसी अर्चन समय-साध्य और द्रव्य-साध्य है। यहाँ यह स्मरण रखना चाहिये कि इस अध्याय में अर्चन का जो फल बताया गया है, वह पुरश्चरण-सिद्ध साधकों के लिये है; क्योंकि पुरश्चरण के बाद ही मन्त्र फलदायी होता है और साधना फलवती होती है।

(२) उपर्युक्त श्लोक 'ज्ञानार्णव' तन्त्र के सप्तदश पटल के श्लोकसंख्या ९९-१०१ के पाठान्तरित रूप हैं। 'ज्ञानार्णव' में 'रक्तपुष्पैः' के स्थान पर 'रक्तपद्मैः' और 'मासत्रयेण' के स्थान पर 'मासमात्रेण' पाठ है।

[जवापुष्पेण पूजाप्रशंसा]

जवापुष्पैश्च मन्त्रज्ञः पूर्ववत् पूजयेच्छिवाम्।
ब्रह्महत्यादिपापानि पूर्वजन्मकृतान्यपि।
नाशयेन्नात्र सन्देहो धनवान् जायते नरः।।४।।

जवापुष्प—उपर्युक्त क्रम से (तीन माह तक) जवा-पुष्पों से शिवा (भगवती महात्रिपुरसुन्दरी) का पूजन करने से पूर्व जन्म में किये गये ब्रह्महत्या आदि पापों का क्षणमात्र में नाश हो जाता है तथा साधक धनवान हो जाता है।।४।।

[सुगन्धिकुसुमैः पूजाफलम्]

शिवां सम्पूजयेन्नित्यं सुगन्धिकुसुमैरपि।
महापातकयुक्तात्मा तत्क्षणात् पापहा भवेत्।।५।।

जो व्यक्ति (तीन माह तक) सुगन्धित कुसुमों से शिवा की पूजा करता है, वह चाहे कितना भी पापात्मा हो, शीघ्र ही पापों से मुक्त हो जाता है।।५।।

[शम्यादिभिः पूजाफलम्]

शमीदूर्वाङ्कुराश्वत्थपल्लवैरथ साधकः।
मासेन हन्ति कलुषं सप्तजन्मनि यत् कृतम्।।६।।

शमी-दूर्वा—शमी, दूर्वाङ्कुर और पीपल के पल्लवों से एक माह तक (कुलाचारक्रम से) पूजन करने से सात जन्मों के कलुष समाप्त हो जाते हैं।।६।।

[केतकीपत्रैः पूजाफलम्]

केतकीतरुणैः पत्रैः पूर्ववत् पूजयेद् यदि।
उपपातकसङ्घांश्च नाशयेन्नात्र संशयः।
सौभाग्यमतुलं तस्य जायते परमाद्भुतम्।।७।।

केतकी—केतकी के ताजा पत्रों से पूर्ववत् अर्थात् कुलाचारक्रम से पूजन करने से उपपातकों का नाश हो जाता है तथा अतुल्य सौभाग्य की प्राप्ति होती है।।७।।

[शतपत्रैः पूजाफलम्]

पूजनाच्छतपत्रैश्च सर्वपापं विनाशयेत्।

शतपत्र (कमल) से पूजन करने से सभी पापों का नाश होता है।

[श्वेतपद्मैः पूजाफलम्]

पूर्वजन्मकृतं पापं श्वेतपद्मैः प्रपूजनात्।।८।।
कुलाचारक्रमेणैव भवेत् सौभाग्यवल्लभः।
विंशजन्मकृतं पापं श्वेतपद्मैः प्रपूजयेत्।
मासमात्रेण सकुलं मोक्षस्तस्य करे स्थितः।।९।।

श्वेत-कमल—कुलाचारक्रम से श्वेत पद्मों से भगवती का अर्चन करने से पूर्वजन्मकृत पाप कट जाते हैं और सौभाग्य की प्राप्ति होती है। श्वेत पद्मों से की गई पूजा के पुण्य-प्रभाव से एक माह में ही पिछले बीस जन्मों के पाप कट जाते हैं और मुक्ति हाथ में रखी वस्तु की तरह सुलभ हो जाती है॥८-९॥

[बन्धूककुसुमैः पूजाफलम्]

बन्धूककुसुमैः शुद्धैः सर्ववत् पूजयेद् यदि।
त्रैलोक्यं वशगं तस्य सर्वपापं हरेद् ध्रुवम्।।१०।।

बन्धूक—यदि बन्धूक (दुपहरिया) के शुद्ध पुष्पों से अर्चन किया जाय तो पापों का क्षरण तथा तीनों लोकों का वशीकरण होता है॥१०॥

[बिल्वपत्रैः पद्मैश्च पूजाफलम्]

बिल्वपत्रैश्च जलजैः सहैव परिपूजनात्।
समृद्धिमान् भवेत्तद्वत् सर्वपापहरः स्वयम्।।११।।

बिल्वपत्र—बेलपत्र और कमलों से पूजन करने से समृद्धि मिलती है और पापों का नाश होता है॥११॥

[मल्लिकादिपुष्पैः पूजाफलम्]

मल्लिकामालतीजातीकुन्दैश्च शतपत्रकैः।
श्वेतोत्पलैश्च संशुद्धैः पूजयेन्मासमात्रकम्।।१२।।
विंशजन्मकृतं पापं चम्पकैः पूजनादपि।
कुलाचारक्रमेणैव पातकं शतजन्मजम्।।१३।।

मल्लिका-मालती—मल्लिका, मालती, जाती (चमेली), कुन्द, शतपत्र और श्वेत उत्पलपुष्पों से एक माह तक अर्चन करने से बीस जन्मों के तथा चम्पक-पुष्पों से कुलाचार-क्रम से अर्चन करने पर पिछले सौ जन्मों के पापों का नाश हो जाता है॥१२-१३॥

ब्रह्महत्यादिजनितं नाशयेन्नात्र संशयः।
मुक्तिस्तस्य करे नूनं वाचा जीवसमो भुवि।।१४।।

चम्पक-पुष्पों से पूजन करने पर ब्रह्महत्या आदि पापों का नाश हो जाता है, मुक्ति निश्चित हो जाती है और साधक की वाणी बृहस्पति की वाणी के समान गुरु-गम्भीर, ज्ञानमयी तथा त्रिकालसत्य होती है॥१४॥

[अगस्त्यादिपुष्पः पूजनफलम्]

अगस्त्यबाणाबन्धूकजवारक्तोत्पलैरपि ।
पातकं नाशयेत्तद्वत् साक्षात् कामसमो भवेत्।।१५।।

अगस्त्येति। अगस्त्यं वकपुष्पं, बाणा नीलझिण्टी, 'नीला झिण्टी द्वयोर्बाणा दासी चार्तगलश्च सा'। इत्यमरः। बन्धूकः बन्धुजीवकः, ('दुपहरिया' इति ख्यातः) 'बन्धूको बन्धुजीवकः' इत्यमरः।

अगस्त्य आदि—अगस्त्य, बाण, बन्धूक, जवा और लाल उत्पल के फूलों से पूजन करने पर साधक पापमुक्त होकर कामदेव के समान सौन्दर्य एवं ऐश्वर्यशाली हो जाता है॥१५॥

[चम्पकादिपुष्पैः पूजनफलम्]

चम्पकैः पाटलैश्चैव वकुलैर्नागकेशरैः।
कह्लारैः सिन्धुवारैश्च पूजयेद् यदि साधकः।
सौभाग्यमतुलं तस्य मासमात्रेण वै भवेत्।।१६।।

पाटलं पाटलायाः पुष्पम् ('गोलाबा'ख्यं पुष्पमिति केचित्)।

चम्पक, पाटल (गुलाब), बकुल, नागकेशर, कल्हार तथा सिन्धुवार के फूलों से प्रतिदिन यथाविधि भगवती का पूजन करने से साधक को मासमात्र में अतुल सौभाग्य मिलता है॥१६॥

रक्त कमल, श्वेत कमल, चम्पक, बकुल, मालती आदि प्राकृतिक पुष्पों तथा बिल्वपत्रों से भगवती त्रिपुरा की पूजा का फल निरूपित करने के बाद अब २१ श्लोकों में हीरा, मोती, पुखराज, नीलम आदि रत्नों से बने पुष्पों से पूजन का फल बताया जा रहा है। रत्नपुष्पों से पूजन के सम्बन्ध में 'ज्ञानार्णव-तन्त्र' का अठारहवाँ (१८) पटल विशेष रूप से द्रष्टव्य है।

[रत्नपूजाविधानकथनम्]

रत्नपूजाविधानन्तु कथयामि विशेषतः।।१७।।
पुष्पाणि रचयेन्मन्त्री माणिक्यघटितानि च।
तैस्तु पूजा प्रकर्त्तव्या चक्रराजस्य पूर्ववत्।
नानापुष्पैः सुगन्धैश्च कर्पूरक्षोदचर्चितैः।।१८।।
एकविंशतिरात्रेण विंशतिर्धरणीभुजाम्।
दासभूता भवत्येव महारोगांश्च नाशयेत्।।१९।।
सूर्यवत् कान्तिमान् मन्त्री जायते नात्र संशयः।।२०।।

अब मैं रत्नपूजा विधान का विशेष रूप से निरूपण कर रहा हूँ। इस विधान के अन्तर्गत माणिक्य आदि रत्नपुष्पों से भगवती त्रिपुरा की पूजा की जानी चाहिए। विभिन्न प्रकार के सुगन्धित पुष्पों, चन्दन और कर्पूरचूर्ण के साथ इन मणिपुष्पों से २१ (इक्कीस) रातों तक कुलाचार-विधि से भगवती का अर्चन करने से असाध्य रोगों का शमन होता है तथा बीस राजे साधक के वशवर्ती हो जाते हैं। वह साधक सूर्य के समान तेजस्वी हो जाता है॥१७-२०॥

मुक्तारत्नैरङ्कितानि स्वर्णपुष्पाणि यानि च।
तैस्तु पूजा प्रकर्तव्या नानारत्नैस्तु पूर्ववत्।।२१।।
एकविंशतिरात्रेण राजपत्न्यो वशानुगाः।
कलाकान्तियुतो मन्त्री जायते शुभगः क्षितौ।।२२।।

मुक्ता (मोती) जड़ित स्वर्णपुष्पों से २१ रातों तक पूजा करने से राजपत्नियाँ साधक के वश में आ जाती हैं। वह साधक पृथ्वी पर कला-कान्तियुक्त हो जाता है।।२१-२२।।

[प्रबालपुष्पैः स्वर्णपुष्पैश्च पूजाफलम्]

प्रबालरचितैः स्वर्णैः पुष्पैश्च बहुभिर्यजेत्।
अन्यैर्नानाविधैः पुष्पैः सप्ताहं कुलवर्त्मना।।२३।।
क्रूरास्तस्य वशाः सर्वे वैरिवर्गान् विनाशयेत्।

कुलाचार-क्रम से पूजा करते हुए प्रवाल (मूँगा) जड़े हुए स्वर्णपुष्प समर्पित करने से एक सप्ताह में सभी क्रूर और दुष्ट प्राणी साधक के वशवर्ती हो जाते हैं और उसके शत्रुओं का नाश हो जाता है।।२३।।

[मरकतपुष्पैः पूजाफलम्]

तथा मरकतक्षिप्तैर्वैरी मित्रं ध्रुवं भवेत्।।२४।।

मरकत (पन्ना) घटित स्वर्णपुष्पों से पूजा करने से समस्त शत्रु साधक के मित्र वन जाते हैं और साधक अजातशत्रु हो जाता है।।२४।।

[पद्मरागपुष्पैः पूजाफलम्]

पद्मरागमहारत्ननिर्मितैः स्वर्णसंयुतैः।
कुसुमैः पूजयेच्चक्रं त्रिसप्ताहं क्रमेण तु।
सुरास्तस्य वशाः सर्वे बृहस्पतिसमो भवेत्।।२५।।

२१ (इक्कीस) रात्रियों तक पुष्पराग (पुखराज)-खचित स्वर्णपुष्पों से पूजा करने के साधक देवगुरु बृहस्पति के समान विद्वान् हो जाता है और सभी देवता उसके वशवर्ती हो जाते हैं।।२५।।

[हीरकयुक्तस्वर्णपुष्पैः पूजाफलम्]

सुवर्णरचितैः पुष्पैर्वज्रकेतकवासितैः।
एकविंशतिरात्रेण मोहयेज्जगतीमिमाम्।।२६।।
देवा दैत्या वशास्तस्य जायन्ते नात्र संशयः।।२७।।

इसी तरह २१ रात्रियों तक हीराजटित स्वर्णनिर्मित केयूर (बाजूबन्द) समर्पित करने से सभी देवता और दैत्य साधक के वशवर्ती हो जाते हैं (आज्ञाकारी हो जाते हैं) और सारा संसार उस पर मोहित हो जाता है।।२६-२७।।

[नीलकान्तमणियुक्तस्वर्णपुष्पैः पूजाफलम्]

इन्द्रनीलमयैः स्वर्णपुष्पैश्चक्रं प्रपूजयेत्।
एकविंशतिरात्रैश्च तथा नीलैश्च नीरजैः।
वैरिणो नाशमायान्ति शेषा वश्या भवन्ति च।।२८।।

इन्द्रनील (नीलम)-खचित स्वर्णपुष्पों और नीलकमलों से २१ रातों तक पूजा करने से साधक के कट्टर शत्रुओं का नाश हो जाता है और शेष सामान्य शत्रु उसके वश में आ जाते हैं॥२८॥

[गोमेदयुक्तस्वर्णपुष्पैः पूजाफलम्]

गोमेदघटितैः स्वर्णपुष्पैः कुन्दैश्च किंशुकैः।
सप्ताहाद् वैरिणो वश्या घातस्तेषु प्रजायते।
त्रिसप्ताहान्महापापसञ्चयं नाशयेद् ध्रुवम्।।२९।।

गोमेद-जड़ित स्वर्णपुष्पों और कुन्द एवं किंशुक (पलाश) फूलों से सात दिनों तक पूजन करने से सभी शत्रु वशवर्ती हो जाते हैं। तीन सप्ताहों तक अर्चन करने से महापापों का नाश हो जाता है॥२९॥

[नूतनस्वर्णरत्नमयपुष्पैः पूजाफलम्]

स्वर्णरत्नमयैः पुष्पैर्नवैश्चापि प्रपूजयेत्।
तदाऽश्वमेधदशकं फलं भवति निश्चितम्।।३०।।
क्रव्यादजीवा वश्या हि भवन्त्येव न संशयः।

स्वर्ण-रत्नमय नवरत्नपुष्पों से भगवती का अर्चन करने से दस अश्वमेध यज्ञ करने का फल मिलता है। साथ ही क्रव्याद अर्थात् कच्चा मांस खाने वाले अत्यन्त क्रूर और हिंसक जीव भी वश में हो जाते हैं॥३०॥

[वैदूर्ययुक्तस्वर्णपुष्पैः पूजाफलम्]

वैदूर्यघटितैः स्वर्णपुष्पैश्चम्पकजातिभिः।
चक्रराजं समभ्यर्च्य त्रैलोक्यं स्तम्भयेत् क्षणात्।।३१।।
एकविंशतिभिर्वारैर्महापापहरो भवेत्।।३२।।

वैदूर्य-खचित स्वर्णपुष्प तथा चम्पक एवं जाती (चमेली) पुष्पों से श्रीचक्र का २१ दिनों तक पूजन करने से बड़े-से-बड़े पाप कट जाते हैं और तीनों लोकों का स्तम्भन हो जाता है॥३१-३२॥

[नानारत्नयुक्तस्वर्णपुष्पैः पूजाफलम्]

नानारत्नमयैः स्वर्णपुष्पैर्यदि शिवां यजेत्।
तदा देवाश्च मुनयः पन्नगा राक्षसादयः।।३३।।

सर्वे वश्या भवन्त्येव त्रिसप्ताहान्न संशयः।
जन्मकोटिभवं पापं साधकस्य विनाशयेत्।।३४।।

विभिन्न प्रकार के रत्नों से युक्त स्वर्णपुष्पों से शिवा (त्रिपुरा) की पूजा करने से देवता, राक्षस, सर्प और ऋषि-मुनि तीन सप्ताह में ही वशवर्ती हो जाते हैं तथा साधक के कोटि-कोटि जन्मों के पापों का भी संहार हो जाता है॥३३-३४॥

[स्वल्पस्वर्णरत्नादियुक्तपुष्पैः पूजाफलम्]

स्वर्णरत्नादिपूर्णत्वं यदि न स्यात्तथा पुनः।
तैरेव पुष्पैः पूजा हि कर्त्तव्या साधकोत्तमैः।।३५।।
अलङ्कारस्वरूपेण पूजयेच्चक्रनायिकाम्।
केवलं यैस्तु पुष्पैस्तु त्रैलोक्यं स्तम्भयेत् खलु।।३६।।
मासमात्रेण पापानि सप्तजन्मभवानि च।
नाशयेन्मोहयेत् सर्वं समुद्रवलयां धराम्।।३७।।

स्वर्ण-रत्न-पुष्प आदि की पूर्णसंख्या उपलब्ध नहीं हो अर्थात् यथेष्ट संख्या में ये पुष्प उपलब्ध नहीं हों तो जितने पुष्प उपलब्ध हों, उतने ही पुष्पों से भगवती का अर्चन किया जाय। केवल अलंकारस्वरूप पुष्पों से भगवती का अर्चन किया जाय तो एक माह में ही सात जन्मों के पाप कट जाते हैं तथा साधक तीनों लोकों को मोह लेता है॥३५-३७॥

[पर्युषितादिपुष्पैः पूजननिषेधः]

पुष्पैः पर्युषितैश्चैव नार्च्चयेत् स्वर्णजैरपि।
निर्माल्यभूतैः कुसुमैरुच्छिष्टैरपि नार्च्चयेत्।।३८।।

बासी फूलों से, उच्छिष्ट फूलों से तथा निर्माल्यभूत फूलों से, भले ही वे स्वर्ण से बने हों, भगवती का अर्चन नहीं करना चाहिए॥३८॥

[अपामार्गादिदलैः पूजनफलम्]

अपामार्गदलैर्भृङ्गैर्विल्वैर्मरकतैरपि ।
पत्रैरेभिः प्रयत्नेन पूजयेत् परमेश्वरीम्।।३९।।

अपामार्ग के दलों से, भृङ्गराज तथा बिल्वपत्रों एवं मरकतों से भगवती का प्रयासपूर्वक पूजन किया जाय। ये उन्हें बहुत प्रिय हैं॥३९॥

[शाक्तपुष्पकथनम्]

अम्भोजोत्पलबन्धुजीवविजयापुन्नागनागान्यथो
जातीकुन्दकुरण्टचम्पकजवायूथीरमापाटलैः ।
विल्वाशोकहयारिकुब्जमदनैर्मन्दारदूर्वाङ्कुरै-
र्द्रोणागस्त्यपराजितानि कुसुमान्युक्तानि शाक्तान्यलम्।।४०।।

अम्भोजोत्पलेति। विजया शेफालिकाः, पुन्नागं केशरपुष्पम्, नागं नागकेशर-पुष्पम्, कुरण्टं रक्तझिण्टीपुष्पम्, हयारि करवीरपुष्पम्, कुब्जम् अपामार्गफलम्, मदनं वकुलपुष्पम्, ('मयना' इति ख्यातं वा)। मन्दारम् अर्कपुष्पम्, ('आकन्द' इति ख्यातम्)।

शाक्त पुष्प—अम्भोज, उत्पल, बन्धुजीव, विजया, पुन्नाग, नागकेशर, जाती, कुरण्ट, चम्पक, जवा, यूथी, रमा, पाटल, विल्व, अशोक, हयारि, मदन, मन्दार, दूर्वाङ्कुर, द्रोण, अगस्त्य, अपराजिता—इन पुष्पों को शाक्त पुष्प कहा जाता है अर्थात् ये पुष्प देवियों को बहुत प्रिय हैं॥४०॥

[मल्लिकातगरादिभिः पूजा कर्त्तव्या]

सर्वकालोद्भवैः पुष्पैर्मल्लिकातगरादिभिः।
सितरक्तैः प्रयत्नेन पूजयेत् परमेश्वरीम्।।४१।।

सभी ऋतुओं में होने वाले पुष्पों, मल्लिका, तगर, लाल कमल आदि से परमेश्वरी की पूजा करनी चाहिए॥४१॥

[कलिकाभिः पूजानिषेधः]

कलिकाभिस्तथा नेष्टं विना चम्पकपङ्कजैः।

चम्पक तथा कमल को छोड़कर अन्य पुष्पों की कलियों से देवी का पूजन करना मना है।

[जलजचम्पकयोः पर्युषितदोषाभावः]

न पर्युषितदोषोऽस्ति जलजे चम्पकेऽपि च।।४२।।

कमल और चम्पक—इन दो फूलों को दूसरे दिन भी बासी नहीं माना जाता॥४२॥

[यन्त्रपुष्पकथनम्]

यत्रापराजितापुष्पं पुष्पं जवाख्यमुत्तमम्।
करवीरे शुक्लरक्ते द्रोणपुष्पञ्च एव हि।।४३।।
एषु देवी वसेन्नित्यं तद्यन्त्रे तां प्रपूजयेत्।
अतः प्रयत्नतो मन्त्री पुष्पैरेभिः समर्चयेत्।।४४।।

योगिनीतन्त्रे त्रिपुराप्रकरणे।

योगिनीतन्त्र में त्रिपुराप्रकरण में कहा गया है कि अपराजिता, जवा, करवीर तथा द्रोणपुष्प में देवी का नित्य वास हैं। पूजन-यन्त्र के अभाव में इन पुष्प-यन्त्रों पर देवी की पूजा की जा सकती है। अतः मन्त्रसाधक को इन पुष्पों से देवी की नित्यपूजा करनी चाहिए॥४३-४४॥

[पुष्पविशेषे केचन विधिनिषेधाः]

शेफालिकान्तु कह्लारं शरत्कालं विना त्यजेत्।।४५।।
वकुलस्य त्वशोकस्य अर्जुनस्य महेश्वरि।
पूजयेद् वृन्तवर्जेन सवृन्तेन विवर्जयेत्।।४६।।
विष्णुक्रान्ता जवा नागकेशरं नागवल्लभम्।
बन्धूकञ्चैव कह्लारं सवृन्तेन समर्च्चयेत्।।४७।।

विधि-निषेध—केवल शरद् ऋतु में शेफालिका तथा कल्हार से देवी की पूजा प्रशस्त है। बकुल, अशोक तथा अर्जुन के वृन्तहीन (जिसमें डंठल न लगा हो) पुष्पों से पूजा की जाय। डंठल वाले इन पुष्पों से पूजन का निषेध है। विष्णुक्रान्ता (अपराजिता), जवा, नागकेशर, नागवल्लभ, बन्धूक और कल्हार—ये ऐसे पुष्प हैं, जो वृन्तसहित ही देवी पर चढ़ाये जाते हैं।।४५-४७।।

न स्पृशेद् वृन्तवर्जञ्च भूमिष्ठञ्च न संस्पृशेत्।
शेफालि-वकुलञ्चैव भूगतेन समाचरेत्।।४८।।
पुष्पञ्चाक्षतसंयुक्तं तथा रक्तविलेपितम्।
सर्वान्ते सुन्दरीं न्यस्य रक्तपुष्पं तथा न्यसेत्।।४९।।

उपर्युक्त पुष्प यदि स्वयं ही टूटकर गिर गये हों अथवा उनका डंठल टूट गया हो तो वे पूजा के लिये ग्राह्य नहीं हैं। शेफाली और वकुल यदि स्वयं ही टूट गये हों तो भी ग्राह्य हैं। पूजा के अन्त में रक्त चन्दन लगा हुआ एक लाल-पुष्प अक्षत-सहित देवी को समर्पित किया जाना चाहिए।।४८-४९।।

[विल्वपत्रस्य प्राशस्त्यम्]

पत्रेषु विल्वपत्राणि दत्त्वा देव्यै प्रयत्नतः।
विल्वपत्रैर्विना पूजा शाक्ते शैवे न दृश्यते।।५०।।

पत्रों में बेल-पत्र देवी को सर्वाधिक प्रिय है। विल्वपत्र के बिना शैवों और शाक्तों की पूजा अधूरी रहती है। अतः भगवती की पूजा के लिये प्रयास करके बिल्व-पत्र प्राप्त किये जाने चाहिए।।५०।।

[अङ्गरङ्गेषु सिन्दूरस्य प्रशस्तता]

अङ्गरङ्गेषु सिन्दूरं देव्याः प्रीतिकरं परम्।
अतः प्रयत्नतो मन्त्री सिन्दूरं विनिवेदयेत्।

अंगरंगों में देवी को सिन्दूर सर्वाधिक प्रिय है। अतः देवी को सिन्दूर अवश्यमेव दिया जाना चाहिए।

[मुखवासेषु ताम्बूलस्य प्रशस्तता]

मुखवासेषु ताम्बूलं देव्यानन्दकरं परम्।।५१।।

एवमेव विधानेन पूजयेद् यदि पार्वतीम्।
अभीष्टं सप्तरात्रेण लभते नात्र संशयः।।५२।।

भगवती ललिता को नैवेद्य के उपरान्त ताम्बूल अत्यन्त प्रिय है। अतः इन्हें प्रिय ताम्बूल अवश्यमेव दिया जाना चाहिए। इस विधान से पार्वती (भगवती त्रिपुरा) की पूजा करने से सात रात्रियों में ही सब कुछ पाया जा सकता है॥५२॥

[वारविशेषे पुष्पविशेषप्राशस्त्यम्]

रविवारेऽरुणाम्भोजैः कुमुदैः सोमवासरे।
भौमे रक्तोत्पलैः सौम्यवारे तगरसम्भवैः।।५३।।

गुरुवारे च कह्लारैः शुक्रवारे सिताम्बुजैः।
उत्पलैः शनिवारे च पूजयेदब्दमादरात्।।५४।।

रविवार को अरुण अम्भोज से, सोमवार को कुमुद से, मंगलवार को रक्तोत्पल से, बुधवार को तगर से, गुरुवार को कल्हार से, शुक्रवार को श्वेत कमल से और शनिवार को उत्पल (नीलकमल) से वर्ष भर देवी की पूजा की जानी चाहिए॥५३-५४॥

[वारविशेषे निवेदनीयद्रव्याणि]

निवेदयेत् क्रमात्तेषु रविवारादिसप्तसु।
पायसं दुग्धकदलीनवनीतं सिताघृतम्।।५५।।

निवेदयेदिति। सिता शर्करा।

इसी तरह रविवार आदि वारों में क्रम से पायस, दूध, कदली, नवनीत, सिता (मिश्री) और घृत प्रदान किया जाना विशेष रूप से विहित है॥५५॥

[वर्षमात्रदेवीपूजनफलम्]

एकमब्दं समाराध्य देवीं गन्धादिभिः क्रमात्।
ग्रहपीडां विजित्याशु सुखानि च समश्नुते।।५६।।

प्रतिदिन बेलपत्र, सिन्दूर, ताम्बूल एवं रविवार आदि दिनों में उपर्युक्त क्रम से यथाप्रशस्त पुष्प और नैवेद्यसहित पूरे वर्ष भर देवी की पूजा करने से समस्त ग्रहपीड़ाओं से मुक्ति मिलती है॥५६॥

[पर्वताग्रे देवीपूजनफलम्]

पर्वताग्रे यजेद्देवीं पलाशकुसुमैर्निशि।
सिद्धद्रव्यैश्च सप्ताहात् खेचरीमेलनं भवेत्।।५७।।

पर्वत की चोटी पर पलाशकुसुमों और सिद्ध द्रव्यों से एक सप्ताह तक पूजन करने से खेचरी-मेलन होता है॥५७॥

[अरण्यादिषु पूजाफलम्]

अरण्ये वटमूले वा कुञ्जे वा धरणीभृताम्।
कदम्बजातिपुष्पाभ्यां सिद्धद्रव्यैः शिवां यजेत्।
मासेन सिद्धडाकिन्यः प्रत्यक्षा वाञ्छितप्रदाः।।५८।।

जंगल में, वटवृक्ष के मूल में अथवा राजोद्यान के कुञ्ज में कदम्ब-जाती के पुष्पों तथा सिद्ध द्रव्यों से एक माह तक देवी शिवा की पूजा करने से सिद्ध डाकिनियाँ प्रकट होकर मनोवांछित वरदान देती हैं।।५८।।

[समुद्रतीरे पूजाफलम्]

केतकीकुसुमैः सिद्धाश्चेटका वारिधेस्तटे।
आज्ञामभीष्टां वनितां काममायां महाद्भुताम्।
वसूनि मालां भूषाञ्च दद्युरस्येच्छया भृशम्।।५९।।

समुद्र के तट पर केतकी के फूलों से देवी का अर्चन करने पर सिद्धगण आशीर्वाद देते हैं। चेटक-गण मनोवांछित स्त्रियाँ तथा वसुगण साधक की इच्छानुसार माला और आभूषण प्रदान करते हैं।।५९।।

[अक्षद्रुमपीठोपरि देवीपूजाफलम्]

पीठमक्षद्रुमैः कृत्वा तत्र देवीं यजेन्निशि।
शाल्मलीकुसुमैः सिद्धद्रव्यैर्मासन्तु निर्भयः।।६०।।

[श्मशाने पूजनफलम्]

पितृभूमौ साधकेन्द्रः सिध्यन्त्यस्य पिशाचिकाः।

पीठमक्षेति। अक्षद्रुमैः विभीतकवृक्षैः।

श्मशान में अक्ष-द्रुम की पीठ पर रात्रि के समय शाल्मली-पुष्पों (सेमल के फूलों) और सिद्ध द्रव्यों से एक मास तक पूजन करने पर पिशाचिनियाँ सिद्ध होती हैं।।६०।।

[वेतालसिद्ध्युपायः]

निर्जने विपिने रात्रौ मासमात्रन्तु निर्भयः।।६१।।
यजेद्देवीं चक्रगतां सिद्धद्रव्यसमन्विताम्।
मालतीजातिपुन्नागकेतकीमधुभिः क्रमात्।।६२।।
तेन सिध्यन्ति वेतालानथ वै स्वेच्छया चरेत्।

वेताल-सिद्धि—निर्जन वन में रात के समय निर्भय होकर मालती, जाती, पुन्नाग, केतकीपुष्पों और शहद के साथ सिद्ध द्रव्यों से एक माह तक देवी का सपरिवार पूजन करने से वेताल सिद्ध होता है। वेताल सिद्ध हो जाने पर साधक इच्छा अनुसार संसार में संचार कर सकता है।।६१-६२।।

[मध्यरात्रे स्थानविशेषे देवीपूजाफलम्]

श्मशाने चण्डिकागेहे निर्जने विपिनेऽथवा।।६३।।
मध्यरात्रे यजेद्देवीं कृष्णवस्त्रादिभूषितः।
कृष्णचक्रेऽतिकृष्णां तामभिवाद्य प्रपूजयेत्।।६४।।
साध्ययोनिं तदग्रे तु बलिं छिन्दन्निवेदयेत्।
सिद्धद्रव्यसमोपेतं मासात्तद्भावलोचनात्।।६५।।
जायन्ते भीषणाः कृष्णास्ताभ्यः साध्यं निवेदयेत्।
विश्वसंहारसन्तुष्टां पुनरेत्य निजेच्छया।।६६।।

श्मशान में, चण्डिकामन्दिर में अथवा सुनसान जंगल में काले वस्त्र पहिन कर रात्रि के समय कृष्ण-वर्ण के चक्र में अतिकृष्ण वर्ण की देवी का ध्यान करके सिद्ध-द्रव्यों से पूजन करने तथा सिद्धत्रिकोण बनाकर उस पर पशु का बलिदान करने से एक माह में उनके नेत्रों से भीषण कृष्णायें (कृत्यायें) प्रकट होती हैं। विश्व का संहार करने से सन्तुष्ट होने वाली इन कृत्याओं से प्रार्थना करके साधक अपने भीषण से भीषण शत्रुओं का विनाश करा सकता है। अपना कार्य करके ये कृत्यायें वापिस साधक के पास लौट आती हैं।।६३-६६।।

[तिरोधानसिद्ध्युपायः]

देव्याः ललाटनेत्रे स्युः प्रार्थनेन तिरोहिता।।६७।।

देवी के तृतीय ललाट-नेत्र का ध्यान करके प्रार्थना करने पर ये कृत्यायें उसमें विलीन हो जाती हैं।।६७।।

[मायासिद्ध्युपायः]

रक्तभूषाम्बरानीपमालाभूषितविग्रहः ।
उद्याने निर्जने देवीं चक्रे सञ्चिन्त्य पूजयेत्।।६८।।
कह्लारचम्पकाशोकपाटलाशतपत्रकैः ।
सिद्धद्रव्यसमोपेतैर्मायाः सिध्यन्ति मासतः।।६९।।

माया-सिद्धि—रक्त वस्त्र, रक्त आभूषण तथा लाल पुष्पों की माला धारण करके एक मास-पर्यन्त सिद्ध-द्रव्यों तथा कल्हार, चम्पक, अशोक, पाटल एवं शतपत्र-पुष्पों से निर्जन उद्यान में श्रीचक्र बनाकर उसमें देवी का पूजन करने से माया-सिद्धि मिलती है। माया-सिद्धि अर्थात् इन्द्रजालसिद्धि से साधक सारे संसार को चमत्कृत कर सकता है। सिद्ध द्रव्य अर्थात् मकारपंचक द्रव्य।।६८-६९।।

[कामरूपसिद्ध्युपायः]

मासं प्रसादलाभेन कामरूपो भवेन्नरः।
याभिर्विश्वं ययौ विश्वचारी विश्वविनोदवान्।।७०।।

उपर्युक्त द्रव्यों आदि से यथाविधि देवी त्रिपुरा की एक माह तक साधना करके साधक उनकी कृपा से कामरूप-सिद्धि प्राप्त कर सकता है। ये सिद्धियाँ प्राप्त करके साधक यथारूप धारण करके सम्पूर्ण संसार में विचरण कर सकता है॥७०॥

[त्रिकालज्ञत्वसिद्ध्युपायः]

षडाधारारमध्ये तु चक्रं सञ्चिन्त्य पूजयेत्।
चन्द्रचन्दनकस्तूरीमृगनाभिमदोद्भवैः ।
त्रिकालज्ञो भवेद्देवीं तेषु सम्यग् विचिन्तयेत्।।७१।।

षडाधारेति। चन्द्रः कर्पूरः।

त्रिकालज्ञता-सिद्धि—मूलाधार में देवी का ध्यान करते हुए एक माह तक भीमसेनी कपूर की पीठ पर चक्र स्थापित करके कपूर, चन्दन, कस्तूरी से भगवती का सपरिवार पूजन करने से साधक को त्रिकाल का ज्ञान प्राप्त होता है॥७१॥

[पूगोद्याने देवीपूजाफलम्]

पूगोद्याने यजेद्देवीं सिद्धद्रव्यैर्दिवानिशम्।
निवसंस्तत्र तत्पुष्पैर्जायते मन्मथोपमः।।७२।।

पूगोद्यान अर्थात् सुपारी के वृक्षों के वन (उद्यान) में वास करते हुए प्रतिदिन दिन और रात दोनों समयों में सुपारी के फूलों से पूजन करने से साधक कामदेव के समान सुन्दर हो जाता है॥७२॥

[पूर्णासु कन्यकायां देवीपूजाफलम्]

पूर्णासु नियतं देवीं कन्यकायां समर्च्चयेत्।
कृत्याः परेरिता मन्त्रा विमुखास्तान् ग्रसन्ति वै।।७३।।

पूर्णा तिथियों (पञ्चमी-दशमी और पूर्णिमा) को किसी सुपात्र कन्या में भगवती का आह्वान करके उनका पूजन करके साधक अपने शत्रुओं द्वारा भेजी गई कृत्याओं को वापिस भेज सकता है॥७३॥

[मदनारोपणकथनम्]

मदनारोपणं वक्ष्ये साधकानां हिताय च।
संवत्सरकृता पूजा येनैव पूर्णता भवेत्।।७४।।

मदनारोपण—अब मैं मदनारोपण (दमनक-पूजा) की विधि का निरूपण कर रहा हूँ। इस पूजा को करने से ही साधक द्वारा पूरे वर्ष भर की गई पूजा पूर्ण होती है॥७४॥

शिवस्य मदनः पूर्वं तपोभङ्गनिबन्धनात्।
भस्माभवत्तदा पत्नी रतिः प्रीतिश्च दुःखिता।।७५।।

तन्नेत्रवारिसम्भूता मदनस्य तदा भवेत्।
तत् सौरभञ्च सौभाग्यं महदासीत्तदद्भुतम्।।७६।।

भगवान् शिव की समाधि को भंग करने के उपक्रम में जब कामदेव भगवान् शिव की क्रोधाग्नि में जलकर राख हो गया, तब उसकी दोनों पत्नियाँ रति और प्रीति अत्यन्त दु:खी हो गईं और रोने लगीं। उनके रोने से मदन (द्रोणलता) की उत्पत्ति हुई। इस लता से चित्त को प्रसन्न कर देने वाली महक चारो दिशाओं में फैल गई।।७४-७६।।

तेन सन्तुष्टहृदयाद् वरो दत्तः शिवेन तु।
रत्यै प्रीत्यै च तस्मात्तु मदनः प्रकृतीकृतः।।७७।।
मदनञ्चैव यो मन्त्री वर्षमध्ये प्रपूजयेत्।
तस्य सांवत्सरी पूजा मदनाय भविष्यति।।७८।।
इति तस्यै वरो दत्तः शङ्करेण महात्मना।

इस लता की सुगन्धि इतनी आह्लादकारिणी थी कि उससे भगवान् शिव का चित्त प्रसन्न हो गया और उन्होंने रति और प्रीति को वरदान दिया। उस वरदान के प्रभाव से कामदेव पुन: प्रकट हो गये। भगवान् शिव ने उन्हें वरदान दिया कि जो मन्त्र-साधक वर्ष में एक बार दमनक की पूजा नहीं करेगा, उसके द्वारा साल भर तक की गई इष्टपूजा पर मदन का अधिकार हो जायगा।।७७-७८।।

विमर्श—उपर्युक्त दोनों श्लोक ज्ञानार्णवतन्त्र (२६वाँ पटल) से उद्धृत हैं; मगर पाठभेद है। श्लोकसंख्या ७७—प्रकृतीकृत:—प्रकटीकृत:। इसी तरह श्लोक संख्या ७८ में 'वर्षमध्ये' और 'प्रपूजयेत्' के मध्य में 'न' शब्द नहीं है। इस 'न' के नहीं होने से इस श्लोक का वह अर्थ नहीं निकलता, जो अर्थ इससे निकलना चाहिए।

[मदनपूजनस्य कर्तव्यत्वम्]

तस्मान्मदनपूजा च कर्त्तव्या साधकोत्तमैः।।७९।।

भगवान् शंकर द्वारा उस (मदन को) इस प्रकार का वरदान दिये जाने के कारण सभी साधकों द्वारा उसकी पूजा की जानी चाहिए।।७९।।

समूलमदनं वापि गुच्छैर्वापि प्रपूजयेत्।
मदनं नवधा कुर्यात् पूजयेत्तदनन्तरम्।।८०।।
आनन्देश्वरबीजेन नवधा बिन्दुना सह।
नानाप्रकारसम्भिन्नं मदनं पूजयेत् क्रमात्।।८१।।

आनन्देश्वरेति। आनन्दभैरवमन्त्रस्तु—'हसक्षमलवरयूं आनन्दभैरवाय वषट्' इति प्राणतोषणी।

पूजन करने के लिये दमनक को जड़सहित उखाड़कर नौ भागों में विभक्त करें अथवा उसके ९ गुच्छे बनायें। (इन नौ भागों को पृथक्-पृथक् पात्रों में स्थापित करें।) दमनक के इन नौ भागों का आनन्देश्वर मन्त्र से यथाक्रम पूजन करें॥८०-८१॥

विमर्श—पाठशोधन—'नानाप्रकारसम्भिन्नं' के स्थान पर ज्ञानार्णव में—'नवप्रकारभिन्नाङ्गम्'।

अघोराख्येण मन्त्रेण अभिषिञ्चेत्तमेव हि।

अघोराख्येण 'अघोरेभ्योऽथ घोरेभ्य' इत्यादिना।

इसके बाद अघोरमन्त्र से उन ९ भागों का अभिसिंचन करें। यह मन्त्र निम्नानुसार है—

माया स्फुरद्वयं भूयः प्रस्फुरद्वितयं पुनः।।८२।।
घोरघोरतरेभ्यस्तु तवरूपपदं लिखेत्।
चटद्वयं तदन्तेऽपि प्रकटद्वितयं पुनः।।८३।।
कहयुग्मं वशयुग्मं बन्ध बन्ध पदं ततः।
घातय द्वितयं वर्म फडन्तो घोरको मनुः।।८४।।

मायेत्यादि। मन्त्रोद्धारस्तु—ह्रीँ स्फुर स्फुर प्रस्फुर प्रस्फुर घोरघोरतरेभ्यः तव रूपं चट चट प्रकट प्रकट कह कह वश वश बन्ध बन्ध घातय घातय हुँ फट्। इति।

यह अघोरमन्त्र है—'माया (ह्रीं) स्फुर-स्फुर प्रस्फुर-प्रस्फुर घोरघोरतरेभ्य: तव रूपं चट चट प्रकट प्रकट, कहकर 'वश-वश बन्ध बन्ध घातय घातय वर्म (हुं) फट्'।

इसके बाद निम्नलिखित मन्त्र पढ़कर त्रिशूलमुद्रा दिखायें—

शिवचन्द्रौ मादनान्तं पान्तं वह्निसमन्वितम्।
शक्तिभिन्नं बिन्दुनादकलाढ्यं वाग्भवं त्विदम्।।८५।।
शिवशक्ती कामशक्रौ वह्निवामाक्षिमण्डितम्।
बिन्दुनादकलाक्रान्तं कामराजमिदं महत्।।८६।।
सदाशिवस्य बीजन्तु दक्षिणा त्वतिभैरवी।
अनेन शरमन्त्रेण रक्षणं कवचेन तु।।८७।।
बद्ध्वा त्रिशूलमुद्रान्तु भ्रामयेन्मदनोपरि।।८८।।

शिवचन्द्रावित्यादि। शिवो हकारः, चन्द्रः सकारः, मादनान्त–'ख', पान्तं फकारः, वह्नीरकारः, शक्तिरेकारः, तेन 'ह स ख फ्रैं' इति मन्त्रो भवति।

शिवशक्ती इत्यादि। शिवो हकारः, शक्तिरेकारः, कामः ककारः, शक्रो लकारः, वह्नीरकारः, वामाक्षिरीकारः, तेन 'ह ए क ल रीं' इति मन्त्रो भवति।

वाग्भव-कूटम्	कामराज-कूटम्	शक्तिकूटम्
ह स ख फ्रैँ	ह ए क ल रीँ	हौँ क्रीँ ह स रैँ फ ट् हूँ

सदाशिवस्येति। सदाशिवस्य बीजं 'हौँ', दक्षिणाया बीजं 'क्रीँ'; भैरवीबीजं 'हसरैं', शरमण्डः 'फट्', कवचः 'हूँ', तेन 'हौँ क्रीँ हसरैँ फट् हूँ' इति मन्त्रोद्धारो भवति।

मन्त्रोद्धार—शिव (ह), चन्द्र (स), मादनान्त (ख), पान्त (फ), वह्नि (र), शक्ति (ए) तथा बिन्दु-नाद। स्वरूप—हसखफ्रें।

शिव (ह), शक्ति (ए), काम (क), शक्र (ल), वह्नि (र), वामाक्षि (इ) बिन्दु-नाद। स्वरूप—हएकलरीं।

सदाशिव बीज—ह्रौं। दक्षिणाबीज—क्रीं। भैरवी—हसरैं। शर—फट्। कवच (हूं) स्वरूप—ह्रौं क्रीं हसरैं फट् हुम्।

मन्त्रस्वरूप—'हसखफ्रें हसकलरीं हौं क्रीं हसरैं फटु हुम्'।

अंगुष्ठेन कनिष्ठान्तु बद्ध्वा शिष्टाङ्गुलित्रयम्।
प्रसारयेत् त्रिशूलस्य मुद्रेयं परिकीर्त्तिता।।८९।।

बद्ध्वेति। अङ्गुष्ठेन कनिष्ठां बद्ध्वा तर्जनीं मध्यमामनामाञ्च प्रसारयेदिति त्रिशूलमुद्रायाः प्रकारः।

त्रिशूल-मुद्रा—अंगूठे से कनिष्ठा को दबाकर शेष तीन अंगुलियों को सीधी करके फैलाने से त्रिशूल मुद्रा बनती है।।८९।।

[मदनरोपणकालः क्रमस्तत्र मदनाधिवासश्च]

चैत्रे मासि चतुर्दश्यां मदनारोपणं भवेत्।
उद्धरेदस्त्रमन्त्रेण हृदयेन विलोपयेत्।।९०।।
श्रीखण्डघनमूलाद्यैरधिवासञ्च कारयेत्।
नित्यपूजां विधायैव निशि संस्थाप्य विद्यया।।९१।।
प्रथमे दिवसे कुर्यादधिवासनमुत्तमम्।
सद्योऽधिवासनं वापि वर्षपूजार्थसिद्धये।।९२।।

यह मदनपूजा चैत्र मास की चतुर्दशी तिथि को की जाती है। एतदर्थ अस्त्र मन्त्र (फट्) का उच्चारण करते हुए उसे जड़समेत उखाड़ना चाहिए। तत्पश्चात् उस पर चन्दन-कपूर आदि का लेप 'नमः' मन्त्र का उच्चारण करते हुए लगाना चाहिए। नित्यपूजा के बाद रात्रि के समय अधिवास देना चाहिए। पूजा के एक दिन पूर्व अर्थात् त्रयोदशी की रात को अधिवास देना उत्तम पक्ष है। विकल्पतः दूसरे दिन चतुर्दशी को भी सद्यः अधिवास दिया जा सकता है॥९०-९२॥

[मदनपूजाप्रकरणम्]

प्रातःकाले चतुर्द्दश्यां नित्यपूजां समाप्य च।
नवकोणं विधायाथ सिन्दूरेण महाप्रभम्॥९३॥
कलसाननुसंस्थाप्य हेमरत्नादिपूरितान्।
एकं वा सकलं रम्यं स्थापयेद्देशिकोत्तमः॥९४॥
दक्षिणे मण्डलं कुर्यादङ्कुराद्यैर्विचित्रितम्।
अशोकतरुमालिख्य त्रिकोणं मण्डलं लिखेत्॥९५॥

प्रातःकाले इति। सिन्दूरेण नवकोणं मण्डलं विधायेत्यर्थः।

चतुर्दशी की सुबह नित्य की सन्ध्या-पूजा करने के वाद भूमि पर सिन्दूर से नयनाभिराम नव कोण बनायें। इन नौ कोणों पर स्वर्ण और रत्न डालकर नौ स्वर्ण-कलश स्थापित करें। यदि नौ कलश उपलब्ध नहीं हों तो मध्य में एक ही कलश स्थापित करें। इसके दक्षिण में कुंकुम आदि से त्रिकोण मण्डल और अशोक वृक्ष बनायें॥९३-९५॥

[कामस्य ध्यानम्]

तन्मध्ये पूजयेत् कामं तरुणञ्चारुणप्रभम्।
रक्तपुष्पं रक्तवस्त्रं वामदक्षिणयोः क्रमात्॥९६॥
रतिप्रीतिविशोभाढ्यं पञ्चबाणधनुर्धरम्।
वसन्तसहितं कामं पूजयेत् सिद्धिहेतवे॥९७॥

इस त्रिकोण मण्डल में अरुण वर्ण वाले तथा पूर्ण युवा कामदेव की पूजा करें। कामदेव के वस्त्र और आभूषण लाल रंग के हैं। उनके बाँयें रति और दाहिने प्रीति खड़ी है। कामदेव के हाथ में धनुष और पाँच पुष्पबाण हैं। वर्ष भर की गई पूजा की सिद्धि के लिये वसन्त के साथ कामदेव की पूजा करनी चाहिए॥९६-९७॥

[काममन्त्रः]

वाग्भवं भुवनेशानीं श्रियं कामात्मकं तथा।
कामाय नम आलिख्य विद्येयन्तु नवाक्षरी॥९८॥

वाग्भवमित्यादि। मन्त्रोद्धारस्तु—ऐँ ह्रीँ श्रीँ क्लीँ कामाय नमः, इति।

वाग्भव (ऐं), भुवनेशानी (ह्रीं), श्री (श्रीं), काम (क्लीं) के बाद 'कामाय नमः'—यह कामदेव का नवाक्षरी पूजन मन्त्र है॥९८॥

मन्त्र-स्वरूप—ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं कामाय नमः।

[रतिमन्त्रः]

कामबीजत्रयञ्चोक्त्वा कामयात्मैकमुच्चरेत्।
रत्यै नमश्चाष्टवर्णा रतिविद्या प्रकीर्त्तिता॥९९॥

कामबीजेति। कामबीजत्रयमुक्त्वा पुनः काममुच्चरेदिति। तेन 'क्लीँ क्लीँ क्लीँ क्लीँ रत्यै नमः' इत्यष्टाक्षरमन्त्रो भवति।

तीन बार कामबीज (क्लीं क्लीं क्लीं) के बाद पुनः काम (क्लीं) का उच्चारण करके 'रत्यै नमः' की योजना करने से काम-पत्नी देवी रति का पूजन-मन्त्र निष्पन्न होता है—'क्लीं क्लीं क्लीं क्लीं रत्यै नमः'।

[प्रीतिमन्त्रः]

प्रीतिं वदेद्रतिस्थाने प्रीतिमन्त्रोऽष्टवर्णकः॥१००॥

रतिस्थाने प्रीतिं वदेदिति। तेन क्लीँ क्लीँ क्लीँ क्लीँ प्रीत्यै नमः इति प्रीति-मन्त्रः।

'रति' के स्थान पर 'प्रीति' की योजना करने से प्रीति का पूजन मन्त्र बनता है—'क्लीं क्लीं क्लीं क्लीं प्रीत्यै नमः'।

विमर्श—'ज्ञानार्णव' (२६/११) में मन्त्रोद्धार है—'कामबीजत्रयं चोक्त्वा रत्यात्मकमुच्चरेत्'। इस तरह तीन कामबीजों के बीज 'रत्यात्मकम्' अर्थात् 'रति' के नाम का प्रथम-अक्षर 'रं' की योजना करने से रूप प्राप्त होता है—'क्लीं क्लीं क्लीं रं' और पूरा मन्त्र-रूप प्राप्त है—'क्लीं क्लीं क्लीं रं रत्यै नमः।'

मन्त्रमहोदधि (३३वें तरंग) में रति का पञ्चाक्षरी मन्त्र बताया गया है—'ह्रीं रत्यै नमः'। वहीं दमन-पूजन का विस्तृत विधान निरूपित किया गया है।

[रतिप्रीत्योर्ध्यानम्]

गौरश्यामे रतिप्रीती क्रमेण मणिभूषणे।
पद्मताम्बलहस्ते च रक्तवर्णविभूषिते॥१०१॥
विद्याभरणभूते च पुष्पदामविराजिते।
वामदक्षिणयोर्ध्यानं कामदेवस्य कीर्त्तितम्॥१०२॥

इनमें से रति का वर्ण गोरा तथा प्रीति का वर्ण साँवला है। दोनों ही देवियों के हाथों में पद्म और ताम्बूल हैं तथा वे रत्न-आभूषणों से विभूषिता हैं। दोनों कामदेव के क्रमशः वाम और दक्षिण में विराजिता हैं॥१०१-१०२॥

[पश्चाद् वसन्तपूजनम्]

वसन्तं पूजयेत् पश्चात् कदम्बवनमध्यगम्।
सौवर्णं वामहस्ते च सुधापूर्णघटान्वितम्।।१०३।।
दक्षहस्ते च दधतं नानापुष्पसमुच्चयम्।
साङ्गं कामं प्रपूज्याय धूपदीपादि दर्शयेत्।।१०४।।

कामदेव और उनकी दोनों पत्नियों का पूजन करने के बाद कदम्बवन में निवास करने वाले वसन्त का पूजन करें। वसन्त का वर्ण सुनहरा है। उसके बाँयें हाथ में सुधापूर्ण घट और दाहिने हाथ में पुष्पगुच्छ है। वसन्त का इस प्रकार ध्यान करके गन्ध-पुष्प-धूप-दीप-नैवेद्य आदि विभिन्न उपचारों से उनका पूजन करना चाहिए।।१०३-१०४।।

[मदनपूजानन्तरं देवीपूजा ततः कुमारीपूजा च]

मदने पूजितः कामः सर्वकार्यार्थसाधकः।
तञ्च सम्यक् प्रपूज्याथ महात्रिपुरसुन्दरीम्।।१०५।।
यजेत्तत्कालसम्भूतैः कसुमैश्चन्द्रचन्दनैः।
सौगन्धिकैः सकाश्मीरैर्नानाफलरसैरपि।।१०६।।
अष्टोत्तरशतं कृत्वा कुमारीं पूजयेत्ततः।

इस प्रकार द्रोणलता में सर्व-कार्यसाधक कामदेव का पूजन करके यथा-काल उपलब्ध पुष्पों तथा कपूर, चन्दन, केसर, कस्तूरी आदि से भगवती त्रिपुरसुन्दरी का पूजन एवं अष्टोत्तरशत मन्त्रजप करके कुमारी-पूजन करना चाहिए।।१०५-१०६।।

[सुवासिनीपूजा योनिपूजा च]

सुवासिनीञ्च सम्पूज्य योनिमण्डलमर्च्चयेत्।।१०७।।

सुवासिनीमिति। पतिपत्नीमित्यर्थः। योनिपूजाप्रकारश्च प्राणतोषण्यादौ सप्तम-काण्डे चतुर्थपरिच्छेदे द्रष्टव्यः।

कुमारी-पूजन के बाद सुवासिनी-पूजन करके योनि-मण्डल का अर्चन करना चाहिए।।१०७।।

विमर्श—यद्यपि कुलाचार-क्रम से साधना के अन्तर्गत योनि-मण्डल पूजन का विधान निरुत्तर आदि कतिपय ग्रन्थों में बताया गया है; मगर प्रस्तुत प्रसंग में योनि-मण्डल का अर्चन प्रसंगहीन होने के कारण लिपिकारों का प्रमाद प्रतीत होता है। यहाँ 'योनि-मण्डल का अर्चन' नहीं; अपितु योगिनीगण का अर्चन होना चाहिए; जैसा कि ज्ञानार्णवतन्त्र (२६/२८) में कहा गया है—

सुवासिनीश्च सम्पूज्य योगिनीगणमर्चयेत्।

[महादेवीपूजा पूर्णहोमः गुरुदक्षिणादानञ्च]

पूजयित्वा महादेवीं पूर्णाहुतिं समाचरेत्।
ब्राह्मणानपि सम्पूज्य प्रदद्याद् गुरुदक्षिणाम्।।१०८।।

महादेवी की पूजा तथा दमन-पूजा का अंगभूत हवन करने के बाद ब्राह्मणों और गुरुदेव का अर्चन करें।।१०८।।

[मदनारोपणफलम्]

अनेन विधिना मन्त्री मदनारोपणं यजेत्।
तस्य सांवत्सरी पूजा सफला नान्यथा भवेत्।।१०९।।

इस प्रकार मदन-पूजन करने पर ही सांवत्सरी पूजा का फल मिलता है, अन्यथा साल भर तक की गई पूजा व्यर्थ हो जाती है।।१०९।।

[वैशाखपूर्णिमायां विशेषपूजा]

वैशाखे मासि पूर्णायां स्वर्णपुष्पैर्यजेत् पराम्।
अथवा चन्द्रकस्तूरीचन्दनैः शिशिरोदकैः।।११०।।

वैशाख-पूर्णिमा को स्वर्णपुष्पों अथवा कपूर, कस्तूरी, चन्दन और शिशिरोदक (बर्फ के पानी) से भगवती का अर्चन करें।।११०।।

[ज्येष्ठपूर्णिमायां विशेषपूजा]

ज्येष्ठे मासि च पूर्णायां कदलीपनसाम्रजैः।
फलैः प्रपूजयेद्देवीं पूर्ववत् सर्वसिद्धये।।१११।।

सर्वसिद्धियों की प्राप्ति के लिये ज्येष्ठपूर्णिमा को भगवती त्रिपुरा की पूजा कदली (केला), पनस (कटहल) और आम्र (आम) फलों से करनी चाहिए।।१११।।

पवित्रारोपण विधान—मदन-पूजन के समान पवित्रारोपण भी एक अनिवार्य सांवत्सरी कृत्य है। मदनपूजन चैत्र मास में तो पवित्रारोपण आषाढ़पूर्णिमा को किया जाता है। पवित्रारोपण के लिये सूर्य की मिथुन-संक्रान्ति से तुला-संक्रान्ति तक का समय सामान्य रूप से प्रशस्त है।

[पवित्रारोपणकथनम्]

पवित्रारोपणं वक्ष्ये साधकानां हिताय च।।११२।।

साधकों के हित के लिये पवित्रारोपण विधान का निरूपण कर रहा हूँ।।११२।।

[पवित्रपूजायाः कर्तव्यता]

वर्षमात्रकृता पूजा सफला भवति ध्रुवम्।
तस्मात् पवित्रपूजा हि कर्त्तव्या सिद्धिहेतवे।।११३।।

सांवत्सरी पूजा का सम्पूर्ण फल पाने के लिये पवित्रा-पूजा प्रत्येक साधक को करनी चाहिए॥११३॥

[पवित्रारोपणकालः]

आरभ्य मिथुनार्केण तुलासंक्रमणान्तरम्।
अतिरम्यां महापूजां पवित्राणां विशेषतः॥११४॥
पक्षद्वयोः प्रपूज्या स्याच्चतुर्थ्यामष्टमीदिने।
नवम्यां वा चतुर्दश्यां पवित्रारोपणञ्चरेत्॥११५॥

सूर्य की मिथुनसंक्रान्ति से प्रारम्भ कर तुला संक्रान्ति की अवधि में किसी भी महीने के दोनों पक्षों की चतुर्थी-अष्टमी, नवमी अथवा चतुर्दशी तिथियों पर पवित्रा-पूजा की जाय॥११४-११५॥

[आषाढपौर्णमास्यां विशेषः]

आषाढे पौर्णमास्यां वा पवित्रैः पूजयेच्छिवाम्।
सौवर्णरौप्यताम्रैर्वा सूत्रैः पट्टसमुद्भवैः॥११६॥

अथवा आषाढ़पूर्णिमा को स्वर्ण, रजत, ताम्र अथवा पट्टसूत्रों से बनी पवित्रा से भगवती की पूजा की जाय॥११६॥

[नवतन्तुनिर्माणम्]

यज्ञसूत्रसमुद्भूतैः पद्मनालसमुद्भवैः।
त्रसरीसूत्रसम्भूतैः काषायसूत्रसम्भवैः॥११७॥
दर्भमुञ्जशणोद्भूतैर्नवधा गुणितैः शुभैः।
कुर्यात् पवित्रशक्तीनां सर्वासां षोडशाङ्गुलैः॥११८॥
नवाङ्गुलैर्वा तत्संख्या शरग्रन्थिसमन्वितम्।
होमे त्वेकशरग्रन्थिं कृत्वा तैरर्च्चितः क्रमात्॥११९॥

स्वर्ण आदि धातुओं के तारों से बनी पवित्रा उपलब्ध न हो तो यज्ञसूत्र (कपास के सूत), कमलनाल, त्रसरी (टसर), कुश और मूंज के सूत्र से पवित्रा बनाई जाय। पवित्रों की लम्वाई १६ अंगुल अथवा ९ अंगुल रखी जाय और उसमें उतनी ही गाँठ लगाई जाय। प्रत्येक पवित्रा नौ (९) तन्तुओं (सूतों) की होनी चाहिए॥११७-११९॥

[नवतन्तुषु देवपूजा]

प्रालेयचन्द्रमा वह्निब्रह्मनागो गुहो हरिः।
मदाक्ष-सर्वदेवांश्च नवतन्तुषु पूजयेत्॥१२०॥

प्रालेयेति। एतान् प्रालेय-चन्द्रमा-वह्नि-ब्रह्म-नाग-गुह-हरि-मदाक्ष-सर्वदेवान् नवतन्तुषु नवान् पूजयेदित्यर्थः।

नौ तन्तुओं से निर्मित पवित्र में प्रत्येक तन्तु पर क्रम से (१) प्रालेय, (२) चन्द्रमा, (३) वह्नि, (४) ब्रह्मा, (५) नाग, (६) गुह, (७) हरि, (८) मदाक्ष और (९) सर्वदेवताओं का पूजन करना चाहिये॥१२०॥

विमर्श—ज्ञानार्णवतन्त्र (२५वें पटल) में तन्तुओं पर पूज्य देवताओं के नाम में कुछ अन्तर है। तदनुसार प्रथम तन्तु पर 'प्रणव' का और आठवें तन्तु पर साम्ब का पूजन किया जाना चाहिए।

शिरोमन्त्रेणाभिमन्त्र्य हृन्मन्त्रेण शुभैर्जलैः।
प्रक्षाल्याभ्युक्षणं कुर्याच्छिवमन्त्रेण देशिकः।।१२१।।
अवरुध्य च नेत्रेण ग्रथितं कवचेन तु।
रोचनाकुङ्कुमाभ्याञ्च रक्तचन्दनचन्दनैः।।१२२।।
कस्तूरीघुसृणाद्यैश्च कर्पूरैर्विमलैरपि।
गैरिकाद्यैर्विचित्रञ्च कारयेत् सुमनोहरम्।।१२३।।
मूलमन्त्रेण चाभ्युक्ष्य स्थापयेद्दशकोणके।

शिरोमन्त्रेणेत्यादि। शिरोमन्त्रेण 'स्वाहा' इत्यनेनाभिमन्त्र्य 'नमः' इति हृन्मन्त्रेण शुभैर्जलैः प्रक्षाल्य 'हौँ' इति शिवमन्त्रेणाभ्युक्षणं कुर्यात्। वौषट् इति नेत्रमन्त्रेण अवरुध्य 'हुँ' इति कवचमन्त्रेण संग्रथ्य गोरोचना-कुङ्कुमादिभिर्विचित्रं कारयेत्। घुसृणं कुङ्कुमम्। 'कुङ्कुमं पीतकावेरं घुसृणं कुसुमात्मकम्' इति हारावली।

शिरोमन्त्र (स्वाहा) से अभिमन्त्रित करके हृदयमन्त्र (नमः) से उन्हें शुद्ध जल से धोयें, शिव-मन्त्र (ह्रौं) से अभ्युक्षण करें, नेत्रमन्त्र (वौषट्) से अवरुद्ध करके कवच-मन्त्र (हुम्) से उन्हें ग्रथित करें। गोरोचन, कुंकुम, लाल चन्दन, चन्दन, कस्तूरी, कपूर और गेरु आदि से रंग कर उन्हें सुन्दर बनायें। मूल-मन्त्र से उन पर जल छिड़क कर उन्हें दश कोणों में स्थापित कर दें॥१२१-१२३॥

[पवित्रवृन्दस्थापनम्]

पवित्रवृन्दसकलं षडङ्गेन प्रपूजितम्।।१२४।।

षडंग मन्त्रों से उन सभी पवित्रों का पूजन करें। यह कार्य पूजा के एक दिन पहिले कर लेना चाहिए। घट की स्थापना भी एक दिन पूर्व करनी चाहिए॥१२४॥

[पूर्वदिने घटस्थापनम्]

कृत्वा तु पूर्वदिवसे घटस्थापनमेव च।

[पवित्रे सूत्रसंख्या]

अष्टोत्तरशतैः सूत्रैर्मन्त्रेण परिकल्पितम्।।१२५।।

[संख्यातारतम्येनोत्तममध्यमाधमत्वकथनम्]

उत्तमं तद् विजानीयात्तदर्द्धं मध्यमं भवेत्।
तस्याप्यर्द्धं कनिष्ठं स्यात्त्रिविधं कथितं क्रमात्।।१२६।।

एक सौ आठ सूत्रों से बनाया गया पवित्र 'उत्तम', इससे आधे अर्थात् ५४ सूत्रों से बनाया गया पवित्र 'मध्यम' और इससे भी आधे अर्थात् २७ सूत्रों से वनाया गया पवित्र 'कनिष्ठ' होता है॥१२५-१२६॥

पवित्रमूलशक्तीनां षण्णवत्यङ्गुलैर्युतम्।
शरग्रन्थ्यादिकं कृत्वा त्रितयन्तु समर्पयेत्।।१२७।।

मूल शक्तियों को ९६ अंगुल का पवित्र तिहरा करके एवं ग्रन्थियुक्त करके समर्पित करना चाहिए॥१२७॥

[अधिवासे पूजादि]

अधिवासनवेलायां यवान् विस्तीर्य साधकः।
देवीकुम्भं प्रतिष्ठाप्य पूर्णं चामीकरादिभिः।।१२८।।
देवीमावाह्य तत्कुम्भे मूलमन्त्रेण पूजयेत्।
चन्दनैः कुमुदाद्यैश्च पुष्पैः फलयुतैरपि।
एला कक्कोलजातीभिरुपेतैः पूजयेच्छिवाम्।।१२९।।

अधिवास के समय साधक यथाविधि यव (जौ) बिखेरकर स्वर्ण आदि से निर्मित कलश स्थापित करे। इस कलश में देवी का आह्वान करके मूल मन्त्र से चन्दन, कुमुद, जाती आदि पुष्पों तथा फलों से उनका पूजन करे॥१२८-१२९॥

[पवित्रार्पणम्]

ततः क्रमं समभ्यर्च्य पवित्रार्पणमाचरेत्।
श्रीविद्यया पवित्राणि गुरोर्नाम्ना समर्पयेत्।।१३०।।
गुरुभ्यस्त्रिविधेभ्यश्च तिथिनित्यागणेषु च।
पवित्रारोपणं कुर्यान्नवचक्रेश्वरीमपि।।१३१।।
रश्मिवृन्दासु सर्वासु प्रत्येकं तारपूर्वकम्।
ततश्च कुरुकुलायै पवित्रञ्च समर्पयेत्।।१३२।।

गुरुभ्य इति। त्रिविधेभ्यः, परम-परापर-परमेष्ठिभेदात् त्रिविधत्वम्।

भगवती का पूजन करने के बाद क्रमपूर्वक आवरण-देवताओं का पूजन करें। तत्पश्चात् श्रीविद्या से भगवती को पवित्र अर्पित करें। फिर नामोल्लेखपूर्वक गुरुत्रय,

तिथिनित्याओं, नौ चक्रेश्वरियों और अन्य परिवारदेवताओं में से प्रत्येक देवता को प्रणवसहित उनके नाम-मन्त्रों से और उसके बाद कुरुकुल्ला देवी को पवित्र चढ़ायें॥१३०-१३२॥

[गुरोः सन्तोषोत्पादः]

यथाविभवरूपेण गुरुं सन्तोषयेद् बुधः।
स्वर्णालङ्कारवस्त्रैश्च नानारत्नसमुच्चयैः।।१३३।।
तत्प्रसादं पवित्रञ्च धारयेत् साधकोत्तमः।
तदङ्गहोमं निर्वर्त्त्य पवित्रेण समर्पयेत्।।१३४।।

बुद्धिमान् साधक अपनी हैसियत के अनुसार गुरुदेव को स्वर्ण, अलंकार, वस्त्र तथा रत्न आदि की दक्षिणा देकर सन्तुष्ट करे। उनके समर्पित पवित्र को उनके प्रसादस्वरूप स्वयं धारण करे। पवित्र-पूजन के अंगभूत हवन के बाद पवित्रों की पुनः पूजा करे॥१३३-१३४॥

[कुमार्यादीनां पूजनम्]

कुमारीपूजनं कार्यं ततः सुवासिनीगणम्।
योगिन्यो योगिनश्चैव ब्राह्मणा विविधा गणाः।
पूज्या हि साधकेन्द्रेण यदीच्छेद्धितमात्मनः।।१३५।।

तत्पश्चात कुमारी एवं सुवासिनी-पूजन, योगियों, योगिनियों और ब्राह्मणों का पूजन-अभिनन्दन करे॥१३५॥

विशेष—आषाढ़ पूर्णिमा को पवित्र-पूजन के बाद शेष महीनों की पूर्णिमा तिथियों पर भगवती की पूजा का क्रम अगले श्लोकों में बताया गया है।

[श्रावणपूर्णिमायां कर्तव्यम्]

श्रावणे मासि पूर्णायां सर्वापत्परिशान्तये।
सिन्दूरकुङ्कुमाद्यैश्च चन्दनैर्विविधैः फलैः।
उत्पलैः कुमुदैरेव पूजयेत् परमेश्वरीम्।।१३६।।

श्रावण-पूर्णिमा—सभी आपदाओं की शान्ति के लिये श्रावण-पूर्णिमा को सिन्दूर, कुंकुम, चन्दन, उत्पल, कुमुद और विभिन्न प्रकार के फलों से परमेश्वरी का अर्चन किया जाय॥१३६॥

[भाद्रपूर्णिमायां कर्तव्यम्]

अथ भाद्रपदे मासि पूर्णायां केतकोद्भवैः।
प्रसूनैरर्च्चयेद्देवीं नानाविभवविस्तरैः।।१३७।।

भाद्र-पूर्णमा—भाद्रपद मास की पूर्णिमा को केतकी के पुष्पों से यथावैभव राजसी विस्तार से भगवती का अर्चन करें॥१३७॥

[आश्विनपूर्णिमायां कर्तव्यम्]

आश्वयुज्यां विशेषेण दर्शान्तं प्रतिपत्तिथिम्।
आरभ्य पूजयेद्देवीं पौर्णमास्यन्तमेव च॥१३८॥
जवापराजिताद्रोणैः करवीरैः सुपङ्कजैः।
सौगन्धिकैश्च कह्लारैर्वस्त्रभूषणदर्पणैः॥१३९॥
व्यजनैः शुद्धसिन्दूरैश्चामरैश्चन्दनादिभिः।
नानाविधफलैर्द्रव्यैर्नानारसरसायनैः ॥१४०॥
पूजयित्वा जपेद् विद्यां हुनेत् प्रतिदिनं शतम्।
सहस्रं वापि जुहुयात्त्रिपुराप्रीतिहेतवे॥१४१॥
तेन विद्या भवेत् सिद्धा नृपतिं कुरुतेऽर्च्चनात्।
सप्तम्यामथवाष्टम्यां नवम्यां वा प्रपूज्य च।
अवश्यमेव जानीयाल्लङ्घने तद्विपर्ययः॥१४२॥

आश्विनपूर्णिमा—आश्विन अर्थात् क्वार के महीने में दर्श अमावस्या के बाद प्रतिपदा तिथि से प्रारम्भ करके पूर्णिमा-पर्यन्त पूरे पन्द्रह दिनों तक भगवती त्रिपुरा के प्रीति-सम्पादन के लिये प्रतिदिन जवा, अपराजिता, द्रोण (दमन), करवीर, कमल, कल्हार आदि पुष्पों; चन्दन आदि सुगन्धद्रव्यों; विभिन्न प्रकार के व्यञ्जनों, फलों, रस-रसायनों, सिन्दूर, छत्र, चामर, व्यजन आदि राजसी उपकरणों से पूजा करके मन्त्र-जपपूर्वक एक सौ अथवा एक हजार आहुतियों से हवन करें। इससे भगवती प्रसन्न होकर वरदान देती हैं। यदि पूरे पन्द्रह दिनों तक इतने विस्तार से पूजन-हवन कर पाना सम्भव नहीं हो तो सप्तमी, अष्टमी और नवमी को यथावैभव अर्चन अवश्य किया जाय॥१३८-१४२॥

[कार्तिकपूर्णिमायां कर्तव्यम्]

कार्तिके मासि पूर्णायां कुङ्कुमादिभिरर्च्चयेत्।
रात्रौ दीपान् निवेद्याथ होमं कुर्याद् घृतेन च॥१४३॥
देव्यग्रे स्थापयेद्दीपान् विद्यया षोडश क्रमात्।
शक्तीनामेकमेकन्तु स्थापयेत्तत्तदग्रतः॥१४४॥
अथवा भाजने मध्ये एकं तदभितो नव।
कृत्वा निवेदयेन्मूलविद्यया सप्रसूनकम्॥१४५॥

कार्तिक-पूर्णिमा—कार्तिक मास की पूर्णिमा को कुंकुम आदि से देवी की अर्चना करके रात्रि में दीपदान एवं घृत से हवन करे। मूल मन्त्र का उच्चारण करते हुए देवी के आगे १६ दीपक स्थापित करें। शक्तियों के नाम का एक-एक दीपक निकाल कर उनके सामने रखें। दूसरा विकल्प यह है कि स्वर्ण आदि की थाली पर मध्य में एक तथा उसके चारो ओर ९ (नौ) दीपक रखकर प्रशस्त फूलों के साथ मूल मन्त्र से देवी त्रिपुरा को समर्पित करें॥१४३-१४५॥

[मार्गशीर्षपूर्णिमायां कर्तव्यम्]

वृश्चिके मासि पूर्णायां नारिकेलाम्बु चन्द्रयुक्।
निवेद्याभ्यर्च्चयेन्मासं पिष्टपूपैर्यथाविधि॥१४६॥

मार्गशीर्ष-पूर्णिमा—वृश्चिक संक्रान्ति अर्थात् मार्गशीर्ष-पूर्णिमा को कर्पूर-सुवासित नारियल-जल, पिष्ट और धूप (पुआ) आदि निवेदित करके यथाविधि पूजन करें॥१४६॥

[पौषपूर्णिमायां कर्तव्यम्]

पौषे मासि च पूर्णायां शर्कराभिर्गुडेन वा।
पूजयेद् भूमिसंसिद्ध्यै गव्यं दुग्धं निवेदयेत्॥१४७॥

पूस-पूर्णिमा—पूष पूर्णिमा (धनु-संक्रान्ति) को शक्कर और गुड़ का भोग लगाकर भगवती का पूजन करें तथा भूमि-प्राप्ति के लिये उन्हें गाय का दूध निवेदित करें॥१४७॥

[माघपूर्णिमायां कर्तव्यम्]

माघे मासि च पूर्णायां तिलैः शुक्लैस्तथेतरैः।
पूजयेद् गन्धनैवेद्यैः सितपुष्पादिभिः सह॥१४८॥

माघी पूर्णिमा—माघ मास की पूर्णिमा को सफेद और काली तिल, श्वेत पुष्प तथा श्वेत चन्दन आदि द्रव्यों से भगवती त्रिपुरा का अर्चन करें॥१४८॥

[फाल्गुनपूर्णिमायां कर्तव्यम्]

फाल्गुने मासि पूर्णायां चम्पकैः स्वर्णराजतैः।
चूतसौगन्धिकुसुमैः पूजयेदीप्सिताप्तये॥१४९॥

फाल्गुनी पूर्णिमा—फाल्गुन मास में अभीष्ट-प्राप्ति के लिये स्वर्ण और रजत पुष्पों, चम्पा तथा आम्रपुष्पों से भगवती का अर्चन करें॥१४९॥

[चैत्रादिपूर्णिमासु कर्तव्योपदेशः]

विषुवायनदर्शेषु युगादिषु समर्च्चनम्।
कुर्याद् वैशेषिकं तेषु आगमोक्तेषु तेष्वपि॥१५०॥

विषुवायनेति। महाविषुवपूर्णिमायां, जलविषुवपूर्णिमायां, उत्तरायणपूर्णिमायां, दक्षिणायनपूर्णिमायां युगाद्या-मन्वन्तरादिषु, दर्शेषु अमावस्यासु चेति सर्वास्वेव विशेषपूजा कर्त्तव्या इति बहुवचनेन सूचितम्।

महाविषुव पूर्णिमा, जलविषुव पूर्णिमा, उत्तरायण पूर्णिमा, दक्षिणायन पूर्णिमा, युगादि तिथियाँ, मन्वन्तर तिथियाँ, दर्श अमावस्या आदि देवी की पूजा के विशेष पर्व हैं। इन पर्व-तिथियों पर भगवती की यथाविधान पूजा की जानी चाहिए॥१५०॥

[द्वादशमासीयकृत्यानामवश्यकर्तव्यता]

इति द्वादशमासीयकृत्यं कुर्यात् प्रयत्नतः।
वर्षे वर्षे च मन्त्रज्ञो ह्यन्यथा पापभाग् भवेत्।
योगिनीनां भवेद् भक्ष्यः क्रुद्धा श्रीत्रिपुरा भवेत्।।१५१।।

इति श्रीपूर्णानन्दपरमहंसविरचिते श्रीतत्त्वचिन्तामणावेकविंशतितमः प्रकाशः॥२१॥

वर्ष के बारह महीनों में से प्रत्येक माह में वक्ष्यमाण विधि से प्रति वर्ष भगवती की निरन्तर पूजा की जाय। पूजा में व्यवधान या व्यतिक्रम होने से योगिनियाँ क्रुद्ध होकर साधक का विनाश कर देती हैं और भगवती त्रिपुरा भी रुष्ट हो जाती हैं॥१५१॥

श्रीपूर्णानन्दपरमहंसविरचित श्रीतत्त्वचिन्तामणि के इक्कीसवें प्रकाश का
'भावना'-भाष्य पूर्ण हुआ।।२१।।

●

द्वाविंशतितमः प्रकाशः

कुलाचारी साधना में दूतीयाग का अतिशय महत्त्व है। पञ्चाङ्ग पुरश्चरण-सम्पन्न तथा ज्ञानलब्ध साधक ही दूतीयाग के अधिकारी होते हैं। दूतीयाग के दो भेद या प्रकार हैं। प्रथम है—क्रियादूती और दूसरा है—ज्ञानदूती याग। बहिर्याग की तरह क्रियादूती याग क्रियाप्रधान तथा अन्तरंग याग की तरह ज्ञानदूती याग चिन्तन-प्रधान है। प्रस्तुत अध्याय में ज्ञानदूती याग का निरूपण किया गया है। क्रियादूती याग की विधि ज्ञानार्णवतन्त्र के बाइसवें पटल तथा श्रीविद्यार्णव के १८वें श्वास में द्रष्टव्य है।

[ज्ञानदूतीकथनम्]

ज्ञानदूतीमथो वक्ष्ये यथा ब्रह्म सनातनम्।
प्रकाशाख्ये यागगेहे प्रविशेद् वरमन्दिरे।।१।।

अब मैं ज्ञानदूती याग का निरूपण कर रहा हूँ। इस यजनविधि से प्रकाश- नामक याग-मन्दिर में साधना करके साधक ब्रह्म-सनातन को प्राप्त कर लेता है।

विमर्श—ज्ञानार्णव (२३/१) में 'प्रकाशाख्य' के स्थान पर 'प्रणवाख्य' पाठ है। तदनुसार अर्थ होगा—'प्रणव' नामक यागमन्दिर में।

इच्छाज्ञानक्रियादूतीरचिते स्वभगान्विते।
अनया परया दूत्या तत्र ज्ञानमये शिवे।।२।।
पर्यङ्के पुरुषार्थैश्च वेदैश्च परिमण्डिते।
आत्मान्तरात्मपरमात्मज्ञानात्मपरिभूषिते ।।३।।

इस याग-मन्दिर में इच्छा-ज्ञान और क्रिया-नामक दूतियों द्वारा रचित त्रिकोण में ज्ञानमय शिवरूप पर्यंक (पलंग) है। यह पलंग धर्म-अर्थ-काम एवं मोक्षरूप पुरुषार्थचतुष्टय से परिमण्डित तथा आत्मा-अन्तरात्मा-परमात्मा और ज्ञानात्मा से विभूषित है।।२-३।।

तत्पदार्थः पदार्थस्त्वं तत्त्वं पदसमुच्चयः।
पदार्थत्रयमेतत्तु ज्ञानाद् ब्रह्मप्रकाशकम्।।४।।
एतत्सूत्रमयैः पट्टैर्गुम्फिते सुमनोहरे।
प्रपूजयेत् परां तत्र भवेद् भूतिश्चतुर्विधा।।५।।

वेद का महावाक्य है—'तत् त्वम् असि'। इन तीनों पदों से ब्रह्मज्ञान का प्रकाश होता है। इस पलंग पर चतुर्विधा होकर भगवती परा विराजिता हैं। इस पलंग पर उनकी पूजा की जानी चाहिए।।४-५।।

विमर्श—ज्ञानार्णवतन्त्र में इस बात को और स्पष्ट करते हुए कहा गया है—

तत्पदार्थस्त्वम्पदार्थोऽसिपदार्थञ्च सुन्दरि।
पदार्थत्रयमेतत्तु ज्ञानसूत्रप्रकाशकम्।।४।।
एतत्सूत्रमयैः पट्टैः गुम्फितेऽम्बरमण्डिते।
सुमनोवाससुभगे परां तत्र प्रपूजयेत्।।५।।

तदनुसार इसका अर्थ होगा—'तत् त्वम् असि'—यह वेदवाक्य है। इस वेदवाक्य में जो ये तीन पद हैं, वे ज्ञानसूत्र के प्रकाशक हैं। यह पलंग 'तत् त्वम् असि' के ज्ञान रूप सूत्रों से बीना गया है। इस सुवासित यागमन्दिर के इस पलंग पर ब्रह्मज्ञान की प्रकाशिका भगवती परा प्रतिष्ठिता हैं।

चतुर्विधा—भगवती परा के चार भेद या चार रूप हैं। दूसरे शब्दों में इसका अर्थ यह है कि उस पलंग पर इच्छा-ज्ञान और क्रियारूपी दूतियों के द्वारा निर्मित त्रिकोण (योनि) में शान्ता और अम्बिका की सामरस्यरूपा भगवती 'परा' अपने चार रूपभेदों (वैखरी, मध्यमा, पश्यन्ती और परा) के साथ प्रतिष्ठिता हैं।

'श्रीचक्र' संकेत के निरूपण में पिछले ······· प्रकाश में यह बताया जा चुका है कि श्रीयन्त्र का त्रिकोण चक्र शान्ता और अम्बिका की सामरस्यभूता बिन्दुरूपा त्रैलोक्यप्रसविनी महाशक्ति का बहिर्मुखी विलास है। अम्बिका से वामा ज्येष्ठा और रौद्री तथा शान्ता के अवच्छेद से इच्छा-ज्ञान और क्रिया का आविर्भाव होता है। वामा शक्ति से सामरस्य करके इच्छाशक्ति पश्यन्ति वाक्रूप हो जाती हैं। ज्येष्ठा और ज्ञाना से मध्यमा वाक् और रौद्री एवं क्रिया के सामरस्य से वैखरी भाव का प्रादुर्भाव होता है। पश्यन्ती वाक् इस त्रिकोण की वामरेखा, वैखरी दक्षिण रेखा तथा मध्यमा वाक् सरल अग्र रेखा है। इस तरह इच्छा-ज्ञाना तथा क्रिया के साथ पश्यन्ती, मध्यमा एवं वैखरी का रूपान्तरण सम्बन्ध स्पष्ट है।

हस्तिनी शङ्खिनी चान्या चित्रिणी पद्मिनी तथा।
सर्वाभरणसम्पन्नाः सुन्दर्यश्चारुलोचनाः।।६।।

जिस तरह वाक् के चार रूपभेद हैं, उसी तरह दूतियों (नायिकाओं) की चार जातियाँ काम और काव्यशास्त्र में बताई गई हैं। दूतियों के चार भेद हैं—(१) हस्तिनी, (२) शंखिनी, (३) चित्रिणी और (४) पद्मिनी। ये चारो जाति की दूतियाँ या नायिकायें अत्यन्त सौन्दर्यशालिनी एवं सभी अलंकारों से विभूषिता हैं।।६।।

वैखरी हस्तिनी ज्ञेया स्थूलावस्था परा कला।
ययेदं धार्यते सर्वं ब्रह्माण्डपरिमण्डलम्।।७।।
वर्गाष्टकेन नियतं सूते दिग्गजसञ्चयम्।
तेनैव करिणी प्रोक्ता मध्यमा शङ्खिनी भवेत्।।८।।

वैखरी अकारादिक्षकारपर्यन्तवर्णमाला, विद्येति श्रीधर:।

वाणी का स्थूलतम रूप है—वैखरी वाणी। अपनी स्थूलता के कारण वैखरी वाणी हस्तिनी नायिका के समरूप है। वाणी का यह स्थूलतम रूप जिन वर्णों के संयोजन से प्रकट होता है, वे सभी वर्ण 'अ'कार आदि आठ वर्गों में वर्गीकृत हैं। वैखरी वाणी ने इन आठ वर्गों से आठ दिग्गजों को जन्म दिया, जिन्होंने आठों दिशाओं में स्थित होकर ब्रह्माण्ड के भार को उठा रखा है। इन दिशाओं को जन्म देने के कारण उसे 'करिणी' अर्थात् 'हस्तिनी' कहना सर्वथा उचित है।।७-८।।

शङ्खिनी च महाशुद्धा सर्वपापविवर्जिता।
सर्वदेवप्रिया सा हि कान्तिसौरभ्यशोभिता।।९।।
तथा वनस्पतिगता मध्यमाशुशुभग्रहा।

'मध्यमा-शंखिनी भवेत्'—अर्थात् मध्यमा वाक् शंखिनी जाति की दूती अथवा नायिका है। शंखिनी-रूपिणी मध्यमा-वाक् अपनी शुद्धता, पवित्रता, निष्कलंकता एवं सर्वपापरहिता होने के कारण देवताओं को अत्यन्त प्रिय है। यह मध्यमा वाक् वनस्पतिगता है अर्थात् इसका निवास वनस्पति जगत् में है।।९।।

चित्रिणी वल्लरी देवी सर्वशक्तिस्वरूपिणी।।९।।
शिवशक्तिमयी देवी पाति चैव जगत्त्रयम्।
तेषु सर्वेषु पश्यन्ती जीवेषु परमाश्रया।।१०।।

सर्वशक्ति-स्वरूपिणी 'पश्यन्ती वाक्' जो सभी जीवों को आश्रय प्रदान करती है और जो तीनों लोकों का पालन करती है, वह चित्रिणी नायिका है। यह चित्रिणी नायिका वल्लरी (लता)-स्वरूपा और शिवशक्तिमयी है।।९-१०।।

विमर्श—ये श्लोक भी ज्ञानार्णवतन्त्र (पटलसंख्या २३) के हैं। ज्ञानार्णव में पाठ है—

चित्रिणी वल्लरी देवी महादोषविनाशिनी।।१०।।
यस्या: फलं वरारोहे शिवशक्तिमयं सदा।
शिवशक्तिमयं देवि प्राणिमात्रं जगत्त्रयम्।।११।।
तेषु सर्वेषु पश्यन्ती जीवेषु परमाश्रया।

महादोषविनाशिनी चित्रिणी दूती वल्लरी (लता) स्वरूपा है, जिसका फल शिव-शक्तिमय है। तीनों लोकों का प्राणि जगत् भी शिव-शक्तिमय है। पश्यन्ती वाक्

तीनों लोकों के सम्पूर्ण प्राणिजगत् को आश्रय प्रदान करती हुई सभी प्राणियों में निवास करती है। अतः गुणसाम्य के कारण पश्यन्ती वाक् चित्रिणी दूती है।

एवं ब्रह्मणि संलीना पराराध्या परेश्वरी।
तां दूतीं तत्र सम्पूज्य शमादिकुसुमैः शुचिः।।११।।
तदङ्गेषु कलाः पूज्याः क्रमेण साधकोत्तमैः।
यथा शान्तिकला बोधकला व्याप्तिकला परा।।१२।।

परम आराध्या परावाक् सदैव (पर) ब्रह्म में ही लीन रहती है। इस चतुर्थी दूती का वहीं पर अर्थात् तत्त्वज्ञानमय पलंग पर शम आदि कुसुमों से भली-भाँति पूजा करके उसके अंगों में ज्ञानात्मा की शान्तिकला, बोधकला, व्याप्तिकला तथा पराकला का (न्यासपूर्वक) अर्चन किया जाय॥११-१२॥

ज्ञानात्मनः कला ज्ञेया चतुर्थी स्यात्ततः परम्।
पद्मिनी चापरा ज्ञेया हंस(ः?) स्वच्छविकाशिता।।१३।।
हंसः ? द्वन्द्वेन पद्मं हि घल्का ? सङ्कोचमेव तु।
विकाशं मात्रि ? सौभाग्यं तथा वर्णविलासतः।।१४।।
परा प्रकाशमायाति पद्मिनी तु मता भवेत्।
तस्य देहे साधकेन्द्रैः कलाः पूज्यास्तु षोडश।।१५।।
चित्कला सकला शान्तिकला कालाकला परा।
आज्ञावास्तु कला ज्ञेया संलीना परवस्तुनि।।१६।।
भूयः शान्तिकलाद्यास्तु ज्ञानात्मनः प्रकाशिताः।
विरागता मोक्षकला परमात्मकला तथा।।१७।।
विद्याकलाचतस्रस्तु विज्ञेयाश्चान्तरात्मनि।
विद्यासन्तोषता तृप्तिः परं ब्रह्मप्रकाशिकाः।।१८।।
परमात्मकला ज्ञेया संलीना परवस्तुनि।
एतास्तु षोडश कलाः श्रीविद्यान्तेषु संस्थिताः।।१९।।

उपर्युक्त आठ श्लोक (श्लोकसंख्या १२ से १९ तक) मूलतः श्रीज्ञानार्णवतन्त्र (पटलसंख्या-२३) से उद्धृत हैं; मगर यहाँ इनके पाठक्रम में बहुत अन्तर है। पाठ-क्रम की इस अस्तता-व्यस्तता के कारण इनसे अर्थ का सम्यक् अनुसन्धान करके विषय को स्पष्ट कर पाना द्राविड़ी प्राणायाम है। अतः इन श्लोकों का ज्ञानार्णवतन्त्रोक्त मूल पाठक्रम प्रस्तुत किया जा रहा है—

तदङ्गेषु कलाः पूज्याः क्रमेण सुरवन्दिते॥१३॥
पद्मिनी तु परा ज्ञेया हंसस्वच्छविकासिनी।
हंसोदयेन पद्मं हि त्यक्त्वा सङ्कोचमद्रिजे॥१४॥

विकासयति सौभाग्यं तथा वर्णविलासत:।
परा प्रकाशमायाति पद्मिनीत्वमतो भवेत्।।१५।।
तस्या: देहे वरारोहे कला: पूज्यास्तु षोडश।
चित्कला, सत्कला, ज्ञानकला, संवित् कला तथा।।१६।।
आत्मनस्तु कला ज्ञेयाश्चतस्र: परमेश्वरि।
विरागता मोक्षकला परमाणुकला तथा।।१७।।
विद्याकला चतुष्कं तु विज्ञेयं चान्तरात्मनि।
विद्या संतोषता तृप्ति: परब्रह्मप्रकाशता।।१८।।
परमात्मकला ज्ञेया: संलीना परवस्तुनि।
लुप्ति: शान्तिकला बोधकला व्याप्तिकला परा।।१९।।
ज्ञानात्मन: कला: ज्ञेयाश्चतस्र: परमेश्वरि।
कला: षोडश देवेशि! श्रीविद्यास्तेषु संस्थिता:।।२०।।

परावाणी पद्मिनी दूती (नायिका) है। जिस तरह रात के समय कमलिनी पंखुड़ियों को संकुचित करके आत्मरूप का गोपन कर लेती है और प्रात:काल सूर्योदय होने पर संकोच का त्याग करके विकसित हो जाती है, उसी तरह यह परावाणी प्रलयकालरूपी रजनी में अपने आत्मस्वरूप को छिपाकर ब्रह्म में लीन रहती है और सृष्टि के उदयकाल में शिवप्रकाश का सामरस्य प्राप्त करके विश्व के रूप में विकसित हो जाती है। प्रकाशप्रियता के इस गुण-साम्य के कारण परा वाणी का पद्मिनीत्व स्पष्ट है।

परा वाक् की (कल्पित) देह में षोडश कलाओं का न्यासपूर्वक अर्पण करना चाहिए। जैसा कि बताया जा चुका है, आत्मा के चार रूपभेद हैं। यथा—(१) आत्मा, (२) अन्तरात्मा, (३) परमात्मा और (४) ज्ञानात्मा। इनमें से प्रत्येक की चार-चार कलायें हैं। इस तरह कलाओं की संख्या १६ है और ये १६ कलायें श्रीविद्या के वर्णों में स्थित हैं। अत: श्रीविद्यारूपिणी परा की (कल्पित) देह में इन कलाओं का विन्यास करने से उनका पूजन हो जाता है। इन कलाओं के नाम इस प्रकार हैं।

आत्मा की चार कलायें हैं—(१) चित्कला, (२) सत्कला, (३) ज्ञानकला और (४) संवित्कला।

अन्तरात्मा की चार कलायें हैं—(१) विरागता कला, (२) मोक्षकला, (३) परमाणु कला और (४) विद्याकला।

परमात्मा की कलायें हैं—(१) विद्याकला, (२) संतोषकला, (३) तृप्तिकला और (४) परब्रह्मप्रकाश कला।

ज्ञानात्मा की कलायें हैं—(१) परब्रह्मरूपी परवस्तु में लुप्तिकला, (२) शान्तिकला, (३) बोधकला और (४) व्याप्तिकला।

षोडशान्ता ब्रह्मरूपा कला षोडशरूपिणी।
आत्मयोगस्वरूपेण त्रैलोक्यं रचयत्यसौ।।२०।।

षोडश अक्षरों वाली षोडशरूपिणी ये कलायें ब्रह्मरूपा हैं। यही षोडशी कला आत्मयोगस्वरूप से तीनों लोकों की रचना करती है॥२०॥

विमर्श—(१) इस श्लोक में 'षोडशान्ता' से कोई अर्थ नहीं निकलता। ज्ञानार्णव में 'षोडशान्ता' के स्थान पर 'षोडशार्णा' (१६ अक्षरों वाली) पाठ है—जो सर्वथा सार्थक है।

(२) 'आत्मयोगस्वरूपेण'—ज्ञानार्णव में 'आत्मा जाग्रत् स्वरूपेण'।

अन्तरात्मा सत्त्वरूपो रजोरूपश्च विश्रुतः।
अतएव सत्त्वरूपो रजोरूपः परः शिवः।।२१।।

अन्तरात्मा सत्त्वरूप और रजोरूप का मिश्रित रूप वाला है अर्थात् अन्तरात्मा में सत्त्व और रज दोनों गुण मिले हुए हैं। परमात्मा परशिव है, जिसमें सत् और रज—दोनों गुण मिश्रित हैं। ज्ञानात्मा तुरीयावस्था से युक्त है अर्थात् ज्ञानात्मा गुणातीत है॥२१॥

विमर्श—उपर्युक्त श्लोकों में पाठ-भ्रान्ति है। (१) ज्ञानार्णव में आत्मा को जाग्रत स्वरूप वाला बताया गया है—'आत्मा जाग्रत् स्वरूपेण' ------- (२०वाँ श्लोक)। जाग्रत् अवस्था सत्त्वगुणप्रधाना है—'जाग्रत् सत्त्वगुणा ज्ञेया (ज्ञानार्णवतन्त्र, प्रथम पटल, श्लोक १९) तथा—'जाग्रत् सत्त्वगुणा प्रोक्ता' (ज्ञानार्णव १३/१४)।

(२) आत्मा के द्वितीय रूप-भेद—'अन्तरात्मा' को २१वें श्लोक की प्रथम पंक्ति में सतोगुण और रजोगुण का मिश्रित रूप वाला कहा गया है। अत: आत्मा के तृतीय रूपभेद 'परमात्मा' को भी पुन: 'सत्त्वरूपो रजोरूप:' कहना तर्कसङ्गत और तर्कसम्मत नहीं प्रतीत होता। इसे 'रजोरूप: तमोरूप:' कहा और माना जाना चाहिए, जैसा कि ज्ञानार्णव (२३/२२) में कहा गया है।

परमात्म(।) विधिर्ज्ञेयो ज्ञानात्मा तूर्यसाधकः।
एताः कलाश्च नियतं परदेहे प्रकाशयेत्।।२२।।

इन १६ कलाओं को भगवती परा की कल्पित देह में प्रकाशित करें अर्थात् न्यासपूर्वक अर्चन करें॥२२॥

तत्पदार्थन्तु जानीहि मुखमस्या न संशयः।
ततः पदपदार्थाभ्यां कुचयुग्मक्रमेण तु।।२३।।

नादो मूलं हि योगस्य शास्त्रस्येति विनिर्णयः।
नादस्तु सर्वभूतानां भवेद् योनिर्न संशयः।।२४।।

वेद के महावाक्य 'तत् त्वम् असि' का प्रथम पद इसका (श्रीविद्यारूपिणी परा वाणी का) मुख है। शेष दो पद इसके दोनों स्तन हैं। नाद ही योग (शिव-शक्ति-संयोग) का मूल है और नाद ही सभी भूतों की योनि है अर्थात् सभी भूतों की उत्पत्ति नाद से हुई है॥२३-२४॥

विमर्श—श्लोक २३ की द्वितीय पंक्ति—'ततः पदपदार्थाभ्याम्' का ज्ञानार्णव (२३/२४) में पाठ है—'त्वं पदार्थोऽसि वाक्यार्थ।'

(२) श्लोकसंख्या २४ का पाठ है—

भोगस्तु परमेशानि नादो ब्रह्ममयी भवेत्।
नादोदितं वरारोहे विश्वं योनिः न संशयः॥

ब्रह्ममय नाद उसका भोग है। नाद से विश्व की उत्पत्ति होती है।

शक्तिं सम्पूजयेत्तत्र त्रिकोणे भगमालिकाम्।
सर्वानन्दमये मध्ये सुन्दरीं पूजयेत् पराम्।।२५।।

इस त्रिकोण में देवी भगमालिका की पूजा करके सर्वानन्दमय चक्र में देवी परा सुन्दरी की पूजा करें॥२५॥

स्वात्मलिङ्गे ततो मन्त्री शिवञ्च परिपूजयेत्।
तारञ्च भुवनेशानीं महात्रिपुरसुन्दरीम्।।२६।।
नमः शिवाय विद्येयं दशार्णा परिकीर्त्तिता।
परस्परस्वभावेन ब्रह्मानन्दरसो भवेत्।।२७।।

देवी परा-सुन्दरी की पूजा करने के बाद दिव्य साधक अपने आत्मलिंग पर दशाक्षरी मन्त्र से शिव की पूजा करे।

दशाक्षरी मन्त्र—तार (ॐ), भुवनेशानी (ह्रीं), महात्रिपुरसुन्दरी (मूल मन्त्र के तीन कूट) के बाद शिव का पंचाक्षरी मन्त्र—'नमः शिवाय'। मन्त्रस्वरूप निष्पन्न हुआ—ॐ ह्रीं ऐं क्लीं सौः नमः शिवाय।

इस मन्त्र से आत्मलिंग पर शिव की पूजा करके आत्मलिंगरूपी शिव और परासुन्दरी रूपिणी दूती का सामरस्य करायें। उनके दिव्य सामरस्य से ब्रह्मानन्द रस स्रवित होता है॥२६-२७॥

विमर्श—उपर्युक्त दोनों श्लोक ज्ञानार्णव तन्त्र के तेईसवें पटल—'ज्ञानदूती याग विधान' में नहीं हैं। २६वाँ श्लोक 'ज्ञानार्णव' तन्त्र के बाईसवें पटल (कर्मदूती यागविधान) का ६०वाँ श्लोक है।

तं रसं मनसा मन्त्रा वहन्नासागतं स्मरेत्।
अर्घ्यामृतेन संयोज्य ततः श्रीचक्रमर्च्चयेत्।।२८।।
कुण्डगोलोद्भवं द्रव्यं प्रोक्तं परमदुर्लभम्।

शिव और शक्ति (आत्मलिंग और परासुन्दरी) के इस दिव्य एवं पारमार्थिक सामरस्य से उद्भूत ब्रह्मानन्दरस को मन के द्वारा वहन्नासापुट में आया हुआ समझें। फिर उस रस को अर्घ्य में डालकर उससे श्रीचक्र का अर्चन करें। देवी के पूजन के लिये यह परम दुर्लभ दिव्य कुण्डगोलोद्भव द्रव्य है॥२८॥

वहन्नासापुट अर्थात् जिस नथुने से साँस चल रही है।

विमर्श—पाठान्तर—वहन्नासापुटं—वहन्नाड्यागतं।

ब्रह्मानन्दमये ज्ञाने पापपुण्यविवर्जिते।।२९।।
न ब्राह्मणो ब्राह्मणस्तु न क्षत्रः क्षत्रियस्तथा।
वैश्योऽपि न च वैश्यः स्यान्न शूद्रः शूद्र एव च।।३०।।
चाण्डालो नैव चाण्डालः पुक्कसो नैव पुक्कसः।
सर्वं समं विजानीयात् परमार्थविनिश्चयात्।।३१।।

पाप और पुण्य से परे इस ब्रह्मानन्दज्ञान को पीकर साधक वर्ण और आश्रम के स्तरों से ऊपर उठ जाता है। इस ब्रह्मानन्दरस का पान करके न तो ब्राह्मण ब्राह्मण रहता है, न क्षत्रिय क्षत्रिय रहता है, न वैश्य वैश्य रहता है और न शूद्र शूद्र रहता है। न चाण्डाल चाण्डाल रहता है और न पुक्कस पुक्कस रह जाता है। परमार्थ तत्त्व का विनिश्चय हो जाने पर आत्मतत्त्व में प्रतिष्ठित ऐसा साधक वर्ग, धर्म और सामाजिक वर्ण-व्यवस्था से ऊपर उठकर सभी व्यक्तियों को समदृष्टि से देखने लगता है॥२९-३१॥

आकाशात् पतितं तोयं बिन्दुमार्गेण गच्छति।
ग्राममध्ये स्थितं तोयं विष्ठामूत्रादिपूरितम्।।३२।।
मृगगोऽश्वादिमार्जारखरादिरुधिरान्वितम् ।
समस्तमपि गङ्गायां प्रयाति मिलितं यथा।।३३।।
गङ्गामृतं भवेत् सर्वं कालुष्य नैव तिष्ठति।

जब आकाश से पानी बरसता है, तब वह सर्वथा शुद्ध और पवित्र रहता है। बाद में वही पानी ढाल वाली जमीन पर बहता हुआ गाँव के बीच में पहुँचता है और गाँव की सारी गन्दगी उसमें मिल जाती है। मल-मूत्र और जानवरों की·हड्डी और खून मिल जाने से वह सर्वत्र अपवित्र, गन्दा और कलुषित हो जाता है। फिर जब वही पानी बहता-बहता गंगा में मिल जाता है, तो उसकी सारी अपवित्रता और कलुषता समाप्त हो जाती है तथा वह अपावन जल से पावन गंगाजल बन जाता है॥३२-३३॥

पाठशोधन—बिन्दुमार्गेण—निम्नमार्गेण।

यथा संविन्मये ज्ञाने समता सर्वजन्तुषु।।३४।।
सर्वद्रव्येषु नियतं समता नात्र संशयः।
यथा सूर्यप्रकाशोऽयं सत्त्वेनैव प्रवर्त्तते।।३५।।
ततः स्वस्यापि चान्त्यस्य तमः संहरति क्षणात्।
शोषय(न्) दुग्धमूत्रादिचन्दनं नैव कर्दमम्।।३६।।

जिस तरह सूर्य का प्रकाश अच्छे और बुरे स्थान का भेद न करते हुए सभी स्थानों में व्याप्त अंधेरे को समाप्त कर देता है और उसकी गर्मी दूध और मूत्र तथा चन्दन एवं कीचड़ में कोई भेद न करते हुए उन सबको समान रूप से सुखा देती है, उसी तरह संविद्-ज्ञानसम्पन्न आत्मनिष्ठ साधक पवित्रता एवं अपवित्रता, स्पृश्यता एवं अस्पृश्यता, अपने और पराये तथा ऊँच एवं नीच आदि समस्त द्वन्द्वों से मुक्त होकर सभी प्राणियों को समदृष्टि से देखने तथा उन सबके साथ समान व्यवहार करने लगता है॥३४-३६॥

पाठशोधन—(१) सत्त्वेनैन—समाने त्वैन। (२) ततः स्वस्यापि चान्त्यस्य—उत्तमस्यापि चान्यस्य। (३) नैव—चैव।

अत एव विचारज्ञो मन्त्री सर्वमयो भवेत्।
सिद्धिस्तदैव विज्ञेया श्रीगुरोः कृपया परा।।३७।।

और इस तरह विचारवान एवं आत्मनिष्ठ साधक सभी प्रापञ्चिक (दुनियावी) द्वन्द्वों से मुक्त होकर सर्वमय हो जाता है। ऐसे ही साधक को गुरुदेव की परम-कृपा से सभी सिद्धियाँ प्राप्त होती हैं॥३७॥

ज्ञानदूती यजन-विधान तथा उसकी फल-श्रुति का निरूपण करने के बाद अब भगवती त्रिपुरा के त्रिकूटात्मक मन्त्र के एक-एक कूट की पृथक्-पृथक् साधना की विधि बताई जा रही है—

[अद्भुतत्रिकूटसाधनप्रकारकथनम्]

तथाद्भुतं प्रवक्ष्यामि त्रिकूटस्यापि साधनम्।

प्रतिज्ञा-वाक्य—अब मैं भगवती त्रिपुरा के त्रिकूटात्मक मन्त्र के एक-एक कूट की साधना का विधान बता रहा हूँ। इस क्रम में सर्वप्रथम वाग्भवबीज की साधना का विधान बताया जा रहा है।

शुक्लाम्बरधरो धीरो गन्धकस्तूरीमण्डितः।।३८।।
मुक्ताफलस्फुरद्भूषाभूषितः शुक्लमाल्यधृक्।
धवलागारमध्ये तु ब्रह्मचर्यव्रतो नरः।।३९।।

पूजयेच्छुभ्रकुसुमैर्नैवेद्यञ्च समुज्ज्वलम्।
पायसं घृतसम्पूर्णं तथाऽमृतफलौदनम्।।४०।।
दुग्धं मोदकसंयुक्तं नानापूपान्नपूरितम्।
नैवेद्यं दर्शयेद्देव्यै वागीश्वर्यै सुसाधकः।।४१।।

वाग्भव बीज की साधना में पूजा के सभी उपचार, साधक की वेश-भूषा तथा आसन आदि सभी श्वेत वर्ण के होने चाहिए। पूजा-मन्दिर की दीवारें भी श्वेत वर्ण की ही प्रशस्त हैं।

वाग्बीज का साधक श्वेत-शुभ्र वस्त्र पहिने, श्वेत कपूर का लेप लगाये, माथे पर श्वेत चन्दन का तिलक, गले में मोतियों तथा श्वेत पुष्प के हार धारण कर भगवती के श्वेत-मन्दिर में साधना करे। साधना-काल में ब्रह्मचर्य व्रत का निष्ठापूर्वक पालन करे। भगवती वागीश्वरी को श्वेत वर्ण के सुगन्धित पुष्प समर्पित करे। पायस (खीर), ओदन (भात), घी के बने लड्डू, मीठे फल निवेदित करे।।३८-४१।।

[तत्र वाग्भवकूटसाधनम्]

मनःसङ्कल्पशुभ्रैर्वा साधयेद् वाग्भवाक्षरम्।
वाग्भवाख्यां जपेद् विद्यां वागीशीं संस्मरेद् बुधः।।४२।।

'वाग्भवाख्या'मिति ऐँ इति बीजमित्यर्थः।

बुद्धिमान् साधक भगवती वागीशी का ध्यान करके उन्हें मन से भी शुद्ध श्वेत पूजोपचार समर्पित करके वाग्भव बीज (ऐं) की साधना करे।।४२।।

[वागीशीध्यानम्]

कर्पूरधवलां शुभ्रां शुभ्राभरणभूषिताम्।
मुक्ताफलामलमणिजपमालालसत्कराम् ।।४३।।
पुस्तकं वरदानञ्च दधतीमभयप्रदाम्।
कुचभारभराक्रान्तां दीपाभां तन्तुरूपिणीम्।।४४।।

वागीश्वरी ध्यान—भगवती वागीश्वरी की देह-कान्ति कपूर की तरह शुभ्र एवं धवल है। वे श्वेत वस्त्रों और श्वेत विभूषणों से विभूषिता हैं। वे चतुर्भुजा हैं तथा उनके हाथों में शुभ्र मोतियों की जपमाला तथा पुस्तक एवं वर तथा अभय मुद्रायें हैं। स्तन-भार के कारण वे सामने की ओर कुछ झुकी हुई हैं।।४३-४४।।

[देव्या विशेषचिन्ता]

गच्छन्तीं ब्रह्ममार्गेण लिङ्गभेदक्रमेण तु।
विसर्गस्थामृतं दिव्यं क्षीरधारोपमं ध्रुवम्।।४५।।
पीत्वा कुलामृतञ्चैव पुनरेव विशेत् कुलम्।
पुनरेव कुलं गच्छेद् द्वादशान्ते निवेशयेत्।।४६।।

सहस्रारे महापद्मे वाग्भवं पूर्णचन्द्रकम्।
ब्रह्मग्रन्थिं ततो भित्त्वा सप्तषष्ठाक्षधारया।।४७।।
लम्बिकां ब्रह्ममार्गेण तालुमूले प्रवेशयेत्।
जिह्वामापूर्य मन्त्रज्ञो मातृकावर्णरूपिणीम्।।४८।।
वहिर्गताञ्च वाग्रूपा(ं) जिह्वाग्रेऽमृतरूपिणीम्।
आ मूलाद् ब्रह्मरन्ध्रान्तं तस्माज्जिह्वाप्रदेशकम्।।४९।।
वाग्भवां बीजरूपान्तां दीपाकारां विचिन्तयेत्।
हस्तयोः पादयोर्मन्त्री तथा नाडीत्रयेषु च।।५०।।
आधारात्तु समुत्थाप्य वाग्भवं द्वादशे नयेत्।
द्वादशाधारमानीय तद्ग्रन्थिं परिभेदयेत्।।५१।।
तस्माज्जिह्वाग्रमानीय दीपाभां परिभावयेत्।

इन श्लोकों में देवी कुलकुण्डलिनी का वाग्देवी के रूप में ध्यान करने तथा उन्हें अमृतपान कराने का निर्देश दिया गया है; मगर इसकी क्रमविधि पूर्णतः स्पष्ट नहीं है।

कमलनाल के रेशे के समान सूक्ष्म तथा दीपशिखा के समान आभा वाली देवी कुलकुण्डलिनी का वाग्देवी के रूप में ध्यान करते हुए यह भावना करे कि अमृतपान के लिये लोलुपायमाना मातृका वर्णरूपिणी कुलकुण्डलिनी ब्रह्मरन्ध्र और लिंगत्रय का भेदन करती हुई जिह्वाग्र तक आ गई है। जिह्वाग्र में देवी कुलकुण्डलिनी की भावना करते हुए जिह्वा को उलटकर तालुमूल के गह्वर में प्रविष्ट कराकर उन्हें चन्द्रमण्डल से टपकते हुए दुग्धवत् धवल और मधुर अमृत का पान करायें। जब वे परितृप्त हो जायँ, उन्हें सुषुम्णा मार्ग से लेकर कुलक्षेत्र में विश्रान्ति दें। इसी विधि से उन्हें कई बार अमृतपान करायें तथा यह भावना करें कि इस अमृत की धारा तीनों नाड़ियों, दोनों हाथ-पैरों सहित सम्पूर्ण शरीर में बह रही है। मूलाधार से ब्रह्मरन्ध्र-पर्यन्त परिव्याप्त दीपाकार वाग्भव बीज का ध्यान करते हुए उसे मूलाधार से उठाकर द्वादशान्त तक लायें एवं ग्रन्थि का भेद करके उसे जिह्वाग्र में स्थापित कर दें।।४५-५१।।

विमर्श—'ब्रह्मग्रन्थि'—कुलपथ की तीन ग्रन्थियों में यह प्रथम ग्रन्थि है, जो मूलाधार में स्थित है।

'सप्तषष्ठाक्षधारया'—यह सर्वथा अस्पष्ट एवं अज्ञात है।

'तालुमूल'—नव चक्रों के क्रम में यह सातवाँ चक्र है, जो आज्ञाचक्र के ऊपर स्थित है। यहाँ गह्वर है। योगीगण खेचरी मुद्रा से जिह्वा को इसी चक्र में प्रविष्ट कराकर अमृतपान करते हैं।

'क्षीरधारोपमम्'—तान्त्रिक मान्यताओं के अनुसार सहस्रार से टपकने वाले अमृत द्रव का रंग लाल माना गया है; मगर वाग्भव के प्रसंग में इसे दूध के समान श्वेत वर्ण कहा गया है।

[अस्य लक्षवारजपफलम्]

लक्षमेकमिदं जप्त्वा सर्वपापहरः स्वयम्।।५२।।
वाक्पतिर्जायते सद्यो मूकोऽपि सुकविर्भवेत्।
वादे सदसि सद्वाक्यस्तम्भकः प्रतिवादिनः।।५३।।
सत्पण्डितघटाटोपजेता प्रतिहतप्रभः।
सत्तर्कप्रतिवाक्यार्थसर्वालङ्कारशास्त्रवित् ।।५४।।
पदगुम्फैर्महावाक्यकर्त्ता मन्त्री प्रजायते।
अव्याहतमतिः शास्त्रे विज्ञेयो वाक्पतिर्भवेत्।।५५।।

इन श्लोकों में वाग्भव बीज की साधना का फल बताया गया है। इस बीज (ऐं) का एक लाख जप करने से साधक के सारे पाप कट जाते हैं। वह वाक्पति (बृहस्पति) बन जाता है। इस बीज की साधना करने से गूँगे मनुष्य की वाणी भी फूट जाती है और वह प्रशंसित कवि बन जाता है। वाद-विवाद में उसके प्रतिद्वन्द्वी पण्डितों की वाणी स्तम्भित हो जाती है और वे उसके अकाट्य तर्कों का उत्तर नहीं दे पाते। शास्त्रों का मर्म समझने में उसकी बुद्धि अप्रतिहत होती है। उसकी भाषा सर्वथा व्याकरणसम्मत एवं अलंकृता होती है॥५२-५५॥

[बालकजिह्वायां मन्त्रलेखनम्]

बालकस्य तु जिह्वायां त्रिदिनाभ्यन्तरे लिखेत्।
मधुना श्वेतदूर्वाभिः किं वा स्वर्णशलाकया।।५६।।
अमृतं वाग्भवं कूटं वागीशत्वप्रदायकम्।
स एव पण्डितः श्रीमान् स चामूर्खो भवेत् किल।।५७।।

बालक का जन्म हो जाने पर तीन दिनों के भीतर शहद और श्वेत दूर्वा अथवा सोने की सलाई से उसकी जीभ पर वाग्भव बीज (ऐं) लिखने से वह बालक बड़ा होने पर अत्यन्त विद्वान् पण्डित होता है॥५६-५७॥

[बालकस्य मूर्ध्नि जपफलम्]

एतत् वाग्भवकूटन्तु बालकस्यापि मूर्द्धनि।
हस्तं दत्त्वा यदि जपेच्छतमष्टोत्तरं बुधः।।५८।।
सोऽपि श्लोकान् सर्वथैव करोति वाक्पतिर्यथा।
एतत्तु कथितं सारं वाग्भवस्यापि साधनम्।।५९।।

यदि सामान्य बालक के सिर पर हाथ रखकर वाग्भव बीज का १०८ बार जप किया जाय तो उस सामान्य बालक के मुँह से विमल काव्यधारा फूट पड़ती है। वाग्भव बीज की साधना का यह सर्वोच्च फल है।।५८-५९।।

विमर्श—इस सन्दर्भ में लघ्वाचार्य की कथा प्रसिद्ध है। उन्होंने राजा के कहने पर आठ साल के निरक्षर बालक के सिर पर हाथ रखकर इस बीज का अष्टोत्तर जप किया और इसके प्रभाव से उस बालक ने तत्काल ही ३३ छन्दों की स्तुति राजदरबार को सुना दी। यह स्तुति आज भी 'लघुस्तव' के नाम से समादृत है।

[चुलुकपानं तस्य फलञ्च]

अथो देवीं सचक्रान्तचुलुके सलिले स्मरन्।
मातृकासहितां विद्यां त्रिरावृत्त्याऽमृतात्मिकाम्।।६०।।
नाडीं सरस्वतीं जिह्वां दीपाकारां स्मरन् पिबेत्।
अब्दाच्चतुर्विधं तस्य पाण्डित्यं भुवि जायते।।६१।।

चुल्लू में पानी ले लें। मातृकाओं सहित विद्या (ऐं) का तीन बार जप करके उसे अभिमन्त्रित करें। दीपाकारा देवी सरस्वती का ध्यान करते हुए उसे पी जायँ। चार वर्षों में ही वह महापण्डित बन जाता है।।६०-६१।।

[प्रातःकाले पानफलम्]

एवं नित्यमुषःकाले यः कुर्याच्छुद्धमानसः।
स योगी सत्यविज्ञानी स कविर्भवति ध्रुवम्।।६२।।

जो व्यक्ति प्रतिदिन उषाकाल में शुद्ध हृदय से इस विद्या का जप करता है, वह निश्चित रूप से सत्य-विज्ञानी और सुकवि बन जाता है।।६२।।

[कामकूटसाधनप्रकारः]

अथ वक्ष्यामि सौभाग्यं कामकूटस्य साधनम्।
रक्तालङ्कारसुभगो रक्तमाल्यानुलेपनाम्।।६३।।
रक्तवस्त्रान्वितां सम्यङ्मध्यकामकलात्मना।
रक्तपुष्पैश्च विविधैः कुसुमादिभिरर्चयेत्।।६४।।

कामबीज-साधना—वाग्भव बीज के बाद अब कामबीज की साधना का विधान बता रहा हूँ। साधक लाल वस्त्र, लाल रंग के आभूषण तथा लाल पुष्पों की माला धारण कर एवं लाल-चन्दन का तिलक लगाकर लाल रंग के पुष्पों से भगवती का अर्चन करके कामबीज की साधना करे।।६३-६४।।

[कामकलाचिन्ता]

ततः कामकलारूपां मदनाङ्कुरमध्यमे।
उद्यदादित्यसङ्काशां स्फुरद्दीपशिखाप्रभाम्।।६५।।

गच्छन्तीं ब्रह्ममार्गेण ब्रह्मरन्ध्रान्तमेव च।
पतद्भिरिन्दुधाराभीरक्तलाक्षारसोपमाम् ।।६६।।
बन्धूककुसुमाकारां कान्तिभूषणभूषिताम्।
इक्षुकोदण्डपुष्पेषुवराभयलसत्कराम् ।।६७।।
कामराजस्वरूपान्तु बालार्ककिरणारुणाम्।
चिन्तयेत् कुलपीठेषु संक्षोभो जायते क्षणात्।।६८।।
कामकला(ं) हृदो मध्ये बन्धूकसदृशप्रभाम्।
चित्ताकर्षणकारी च नारीणाञ्च विशेषतः।।६९।।
मूर्ध्नि भागे कामकला वर्षन्ती रक्तधारया।
धारणात् सम्प्रयोगेण करोति वशगं जगत्।।७०।।

ध्यान—कामबीज का साधक सद्यः उदित सूर्य के समान अरुण वर्णा तथा प्रदीप्त दीप्त-शिखा की आभा वाली सर्वाभरणभूषिता कामकलारूपा देवी कुल-कुण्डलिनी का मदनाङ्कुर के मध्य में अर्थात् कामबीज 'क्लीं' के मध्य में ध्यान करे। चतुर्भुजा देवी कुण्डलिनी के चारो हाथ गन्ने के धनुष एवं पुष्पों के बाण तथा वर एवं अभय मुद्रा से लक्षित हैं। वे ब्रह्ममार्ग से ब्रह्मरन्ध्र की ओर संचरणशीला हैं। लाख-रस के समान लाल रंग के अमृत की वर्षा से बन्धूकपुष्प के समान उनकी रक्तिम देह-कान्ति और भी प्रगाढ़ रक्तिम होकर बाल-अरुण की किरणों की तरह झिलमिला रही है।

कामकला के रूप में देवी का इस प्रकार ध्यान करते हुए कामबीज की साधना करके साधक प्रयोग करे। यदि साधक यथा-विधान कामबीज का जप करते हुए यह ध्यान करे कि साध्य व्यक्ति विशेषकर साध्या नारी के सिर पर देवी कामकला रक्त वर्ण के रस की वर्षा कर रही हैं, तो वह इस विधि से समस्त संसार को अपने वश में कर सकता है।।६५-७०।।

[कामकूटप्रयोगकथनम्]

तोषयन्ती जगत् सर्वं प्रयोगं कथयाम्यथ।
विदर्भ्याद्येन कामेन मन्मथान्तकृतं कुरु।।७१।।
कन्दर्पसम्पुटं कृत्वा कोणगर्भगतं ततः।
मकरध्वजसंज्ञन्तु कारयेत् साधकोत्तमः।।७२।।
मीनकेतुगतं कृत्वा भूर्जपत्रे सुशोभने।
रोचनागुरुकस्तूरीकर्पूरकुङ्कुमादिभिः ।।७३।।
साध्यं प्रतिष्ठितं प्राणं कारयेद्धेममध्यगम्।
जपेत् पञ्चसहस्रं वा कामबीजन्तु साधकः।।७४।।

इन श्लोकों में एक अन्य प्रयोग बताया गया है। श्रीज्ञानार्णव तन्त्र (१३/२८) में इस प्रयोग का नाम 'त्रैलोक्यमोहन प्रयोग' बताया गया है। इस प्रयोग का उल्लेख 'नित्याषोडशिकार्णव' में भी है।

प्रयोग-विधि—सुन्दर-सुचिक्कण भोजपत्र पर सोने की सलाई और रोचना, अगरु, कस्तूरी, कपूर और कुंकुम के द्रव से त्रैलोक्यमोहन यन्त्र बनायें। यथा—साध्य व्यक्ति के नाम को प्रथम काम के बीज 'ह्रीं' से विदर्भित करके उसे द्वितीय काम 'मन्मथ' के बीज 'क्लीं' के अन्तर्गत कर दें। तदनन्तर इसे अर्थात् 'ह्रीं' को षट्कोणता-आपन्न तृतीय काम 'कन्दर्प' के बीज 'ऐं' के गर्भ में सम्पुटित करें। षट्कोणरूपप्राप्त कन्दर्पबीज के प्रत्येक कोण में चतुर्थ काम—मकरध्वज का बीज 'ब्लूं' लिखें। फिर इसे पाँचवें काम—भीमकेतु के बीज 'स्त्रीं' से वेष्टित करें। इस यन्त्र में साध्य व्यक्ति की प्राणप्रतिष्ठा करके कामबीज (क्लीं) का पाँच हजार जप करें। इससे साध्य व्यक्ति का वशीकरण होगा।।७१-७४।।

विमर्श—'त्रैलोक्यमोहन' नामक इस प्रयोग को करने वाले साधक को यह ज्ञात होना चाहिए कि (१) काम, (२) मन्मथ, (३) कन्दर्प, (४) मकरध्वज और (५) मीनकेतु—ये पाँच प्रकार के काम हैं और क्रमश: (१) ह्रीं, (२) क्लीं, (३) ऐं, (४) ब्लूं और (५) स्त्रीं इनके बीजाक्षर हैं।

मूलं भानुसहस्रन्तु यत्नेन साधयेदपि।
अथवा नाभिमध्ये तु हृदये मुखमण्डले।।७५।।
पद्मरागप्रतीकाशं कामराजं मनोहरम्।
मनसा चिन्तयेद् यस्तु तस्यैश्वर्यं भवेत् किल।।७६।।

बुद्धिमान् साधक अपने नाभि मण्डल में, हृदय में और मुख-मण्डल में पद्मराग मणि के समान काम बीज (क्लीं) का ध्यान करते हुए मूल मन्त्र का बारह (१२) हजार जप करे। ऐसा करने से उसे मनोवांछित ऐश्वर्यों की प्राप्ति होती है।।७५-७६।।

आधारान्नाभिपर्यन्तं प्रदीपस्य शिखां स्मरेत्।
तस्मादुदरपर्यन्तं पद्मरागसमप्रभम्।।७७।।
एतेषु वाग्भवं बीजं हृदये कामराजकम्।
तस्यैव कर्णिकामध्ये सूर्याभां चिन्तयेदथ।।७८।।
तस्माद् भ्रूमण्डलं यावत् पद्मरागसमप्रभम्।
रक्तवस्त्रपरीधानो लाक्षारसगृहे स्थित:।।७९।।
रक्तासनोपविष्टस्तु रक्तमाल्यैर्विभूषित:।
परमानन्दहृदयस्त्रिपुरीकृतविग्रहः ।
एवम्भूतवपुः कान्तं कामराजं विचिन्तयेत्।।८०।।

लाल रंग के वस्त्र और माला आदि धारण करके बुद्धिमान् साधक भगवती त्रिपुरा का रूप बनकर लाल रंग की दीवारों वाले मन्दिर में लाल रंग के ही आसन पर बैठकर मूलाधार से नाभि-पर्यन्त और नाभि से उदर पर्यन्त दीपशिखा के समान वाग्भव बीज का ध्यान करके हृदय में तथा हृदयकमल की कर्णिका में सूर्य के समान देदीप्यमान तथा हृदय से भ्रूमध्य-पर्यन्त पद्मराग मणि की तरह अरुणाभ कामबीज (स्त्रीं) का ध्यान करे॥७७-८०॥

[शक्तिकूटसाधनम्]

अथातः सम्प्रवक्ष्यामि शक्तिकूटस्य साधनम्।।८१।।
सृष्टिसंहारपर्यन्तं शरीरं चिन्तयेत् पराम्।
स्रवत्पीयूषधाराभिर्बलन्तीं विषहारिणीम्।।८२।।
हेमप्रभाभासमानां विद्युन्निकरसुप्रभाम्।
स्फुरच्चन्द्रकलापूर्णकमलां वरदाभयौ।।८३।।
ज्ञानमुद्राञ्च दधतीं साक्षादमृतरूपिणीम्।
ध्यात्वा विषं हरेन्मन्त्री नानाकारव्यवस्थितम्।।८४।।

शक्तिकूट—अब मैं तृतीय शक्तिकूट की साधना का विधान बता रहा हूँ। तृतीय कूट (सौः) की साधना करने वाले साधक को तपाये हुए सोने के वर्ण वाली और विद्युत्-समूह के समान चमकीली एवं चारो हाथों में चन्द्रकला के समान देदीप्यमान कलश, वर, अभय एवं ज्ञानमुद्रा धारण करने वाली साक्षात् अमृतस्वरूपा भगवती का ध्यान करते हुए यह भावना करनी चाहिए कि वे (भगवती) उसके अर्थात् साधक के सिर से पैर तक अमृत की वर्षा कर रही हैं। उनका इस प्रकार ध्यान करके मन्त्रज्ञ साधक समस्त विषों के प्रभाव को समाप्त कर सकता है॥८१-८४॥

हृदि शान्तादिनान्नन्तं(?) जगदाह्लादनं परम्।
पुरः कण्ठादिताल्वन्तं शक्तिकूटं विचिन्तयेत्।।८५।।

इस श्लोक का अर्थ स्पष्ट नहीं है। द्वितीय पंक्ति का अर्थ है—कण्ठ से तालु-पर्यन्त स्थान में शक्तिकूट का ध्यान करें॥८५॥

आधाराद् ब्रह्मरन्ध्रान्तं तस्मादाधारकावधि।
अथ मध्याच्छक्तिकूटं विद्युदग्निसमप्रभम्।।८६।।

मूलाधार से ब्रह्मरन्ध्र के अन्त तक तथा वहाँ से मूलाधार चक्र-पर्यन्त अर्थात् सभी चक्रों में विद्युत् और अग्नि के रूप में शक्तिकूट (सौः) का ध्यान करें॥८६॥

केवलं पद्मरागन्तु भ्रुवोर्मध्ये विचिन्तयेत्।
तस्मादाब्रह्मरन्ध्रान्तं तुरीयं पद्मरागधृक्।।८७।।
सहस्रारात्तु मूलान्तं पद्मरागसमप्रभम्।

[कुलशक्तिचिन्ता]

तस्मादाब्रह्मरन्ध्रान्तं कुलशक्तिं विचिन्तयेत्।।८८।।

दोनों भौंहों के मध्य में अर्थात् आज्ञाचक्र में, आज्ञाचक्र से ब्रह्मरन्ध्र के अन्त तक तथा सहस्रार से मूलाधार एवं मूलाधार से ब्रह्मरन्ध्र-पर्यन्त अर्थात् सभी चक्रों सहित पूरे शरीर में यथाक्रम शक्तिकूट का पद्मराग मणि के समान ध्यान करें॥८७-८८॥

वैनतेयसमो मन्त्री विषभारसहस्रनुत्।
भूतप्रेतपिशाचांश्च नाशयेन्नात्र संशयः॥८९॥
चातुर्थकज्वरान् सर्वानपस्मारांश्च नाशयेत्॥९०॥

शक्तिकूट का इस प्रकार से ध्यान करने वाला साधक वैनतेय अर्थात् गरुड़ के समान सहस्र भार विषों के घातक प्रभाव को समाप्त कर सकता है। भूत-प्रेत-पिशाच तथा विभिन्न प्रकार के रोगों का नाश करने में सक्षम शक्तिकूट का साधक तिजारी और चौथिया आदि ज्वरों तथा अपस्मार (हिस्टीरिया) जैसे महारोगों का भी नाश कर देता है॥८९-९०॥

[त्रिकूटसम्पन्न-महात्रिपुरसुन्दरीचिन्ताफलम्]

अथ त्रिकूटसम्पन्ना महात्रिपुरसुन्दरी।
चिन्तिता साधकस्याशु त्रैलोक्यवशकारिणी॥९१॥
क्रमेण नाभिहृद्वक्त्रमण्डलस्थाऽरुणप्रभा।
पद्मरागमणिस्वच्छचिन्तनात् साधकस्य च॥९२॥
अणिमादिगुणैश्वर्यं सौभाग्यञ्च प्रजायते।
तन्नाम संस्मरन्मन्त्री योगिनीनां भवेत् प्रियः॥९३॥

त्रैलोक्य-वशकारिणी त्रिकूटा भगवती महात्रिपुरसुन्दरी का नाभि, हृदय और मुख-मण्डल में क्रमशः अरुण वर्ण, पद्मराग मणि तथा स्फटिक के समान ध्यान करने से साधक को अणिमा आदि सिद्धियाँ, समस्त ऐश्वर्य एवं सौभाग्य की प्राप्ति होती है तथा ऐसा साधक योगिनियों का प्रिय होता है॥९१-९३॥

मातृचक्रं तस्य काये तेन सार्द्धं सुखी भवेत्।
पुत्रवान् धनवान्मन्त्री मन्त्रध्यानान्न संशयः॥९४॥

इति श्रीपूर्णानन्दपरमहंसविरचिते श्रीतत्त्वचिन्तामणौ द्वाविंशतितमः प्रकाशः॥२२॥

इस प्रकार की त्रिकूट-साधना से उसके शरीर में मातृचक्र जागृत होकर स्थित हो जाता है तथा इसके प्रभाव से उसे सभी सुखों की प्राप्ति होती है। भगवती का ध्यान करने-मात्र से साधक को सम्पत्ति तथा सन्तानसुख मिलता है॥९४॥

श्रीपूर्णानन्दपरमहंसविरचित श्रीतत्त्वचिन्तामणि के बाईसवें प्रकाश का
'भावना'-भाष्य पूर्ण हुआ॥२२॥

त्रयोविंशतितमः प्रकाशः

[त्रिपुरसुन्दरीविद्याया जीवनप्राप्त्युपायकथनम्]

महात्रिपुरसुन्दर्या यथा स्याज्जीवनान्विता।
भुवि विद्या तथेदानीं वक्ष्यामि च सुदुर्लभाम्।।१।।

महेति। महात्रिपुरसुन्दर्या विद्या यथा भुवि जीवनान्विता (दीप्तिमती) स्यात्, तथा इदानीं वां सुदुर्लभां विद्यां वक्ष्यामीत्यन्वयः।

अब मैं भगवती महात्रिपुरसुन्दरी का वह दुर्लभ मन्त्र बता रहा हूँ, जिस मन्त्र से त्रिपुरा विद्या इस संसार में 'जीवानान्विता' अर्थात् दीप्तमती एवं चैतन्य होती है॥१॥

इस विद्या के ध्यान-स्वरूप का निरूपण अगले श्लोकों में किया गया है।

[विद्यायाः स्वरूपविशेषकथनम्]

विद्युदा?क्षीं परां नित्यां कालिकां कालभाषिणीम्।
खड्गमुण्डविकटास्यां व्याघ्रचर्मविभूषिताम्।।२।।
रक्तमाल्याम्बरधरां घोररूपां चतुर्भुजाम्।
खड्गशूलकपालञ्च वरदां तीक्ष्णनासिकाम्।।३।।
सिद्ध्यर्थं जीवयेद्देवीं सर्वविद्यासुजीविना।।४।।

स्वरूपविशेष-कथन—शाश्वती पराशक्तिरूपिणी कालिका नाम वाली इस विद्या की मुखाकृति अत्यन्त भयंकर है (घोररूपा)। उनकी आँखें बिजली के समान चमकीली और चकाचौंध उत्पन्न करने वाली हैं। नासिका तीक्ष्ण और नुकीली है। सिर पर खड्ग के आकार का अर्धचन्द्र है। वे चतुर्भुजा हैं। उनके चारो हाथों में क्रमशः खड्ग, त्रिशूल, नरकपाल और वरमुद्रा है। वे व्याघ्रचर्म का वस्त्र तथा लाल रंग की माला धारण की हुई हैं। काल का भी भक्षण करने वाली वे भगवती कालिका सभी विद्याओं की सिद्धि के लिये उन्हें चैतन्यता प्रदान करें॥२-४॥

[विद्यायाः स्वरूपान्तरम्]

रक्ताम्भोधिस्थपोतोल्लसदरुणसरोजाधिरूढा कराब्जैः
पाशं कोदण्डमिक्षूद्भवकमठमथाप्यङ्कुशं पञ्च बाणान्।
विभ्राणासृक्कपालं त्रिनयनविलसत्पीनवक्षोरुहाढ्या
देवी बालार्कवर्णा भवतु शुभकरी प्राणशक्तिः परा नः।।५।।

दूसरा ध्यान रूप—चार चरणों वाले इस श्लोक में श्रीविद्या का प्राणशक्ति के रूप में निरूपण किया गया है।

रक्त के सागर में पोत पर अरुण सरोज पर विराजिता लाल सूर्य के समान अरुण वर्ण वाली वे देवी प्राणशक्ति हमारा कल्याण करें, जो त्रिनयना हैं और जिनके छः हाथों में पाश, इक्षु (गन्ने) का धनुष, कमठ (जल का घड़ा), अंकुश, पाँच बाण नरकपाल शोभित हैं।।५।।

[दीपनीविद्याकथनम्]

श्रीङ्कारं प्रथमञ्चैव द्रींक्लींकारं ततः परम्।
हैं हैं कलह्रीं सौः कलह्रीं ततः पठेत्।।६।।
क्लीं क्लीं तदधो बीजं द्रींकारं श्रीं ततः परम्।
सर्वेषां दीपनीविद्या सर्वचक्रेषु योजिता।।७।।

श्रीङ्कारमिति। सर्वचक्रसाधारणीं दीपनीमाह—श्रीङ्कारमित्यादिना। तथा च 'श्रीँ ह्रीँ क्लीँ हैँ हैँ कलह्रीँ सौः कलह्रीं क्लीं क्लीं ह्सौः ह्रीँ श्रीँ' इति मन्त्रो भवति।

दीपनी विद्या—श्रीङ्कार (श्रीं), फिर 'ह्रीं'कार 'क्लीं'कार, तत्पश्चात् 'हैं-हैं कलह्रीं सौः' के बाद 'क्लौं क्लौं' के बाद 'ह्रीं-श्रीं' की योजना करने से दीपनी मन्त्र निष्पन्न होता है। यथा—श्रीं ह्रीं क्लीं हैं हैं कलह्रीं सौः क्लीं क्लीं द्रीं श्रीं; मगर यह मन्त्र अशुद्ध है। शुद्ध मन्त्र है—श्रीं ह्रीं क्लीं हैं है कलह्रीं सौः कलह्रीं क्लीं क्लीं हसौः ह्रीं श्रीं।

[प्रतिमायां पूजाविशेषकथनम्]

प्रतिमायां तथा कार्या बलिं दद्यात् समाहितः।
अनङ्गकुसुमादिञ्च चक्रमध्ये प्रपूजयेत्।।८।।
स्वयम्भुकुसुमं दत्त्वा कुण्डगोलोद्भवं तथा।
पूजयेच्चक्रमध्ये तु वाद्यैर्नानाविधै रसैः।।९।।

श्रीयन्त्र की तरह भगवती श्रीविद्या की उनकी अनंगकुसुमा आदि आवरण-देवताओं के साथ प्रतिमा में पूजा की जाय। स्वयम्भूकुसुम अथवा कुण्डगोलोद्भव पुष्प-सहित विविध प्रकार के रस एवं नैवेद्य निवेदित किये जायँ।।८-९।।

हुङ्कारशब्दैः कर्पूरैर्गीतैश्च चन्दनारुणैः।
नरादिबलिदानैश्च महिषैर्मेषछागलैः।।१०।।
गृहीत्वा शोणितं पात्रे स्वकीयहृदयोद्भवम्।
पूजयेत्त्रिपुरां देवीं जुहुयादग्निसम्मुखे।।११।।

[देव्या दक्षिणपार्श्वे जीवनीजपप्रकारः]

देव्या दक्षिणपार्श्वे तु जीवनीजपमाचरेत्।
बलीनां शोणितं दत्त्वा कालिकां पूजयेत्ततः।।१२।।

लाल चन्दन का लेप चढ़ाकर 'हुं'कार का उद्घोष करते हुए विभिन्न प्रकार के वाद्यों के साथ कपूर से उनकी आरती उतारी जाय। महिष, छाग, मेष तथा नर-बलि दी जाय। अपने हृदयप्रदेश का रक्त स्वर्ण आदि के पात्र में लेकर भगवती को समर्पित करें। इष्ट-मन्त्र से अग्नि में हवन करें। बलि-पशु का रक्त समर्पित करके जीवनी मन्त्र का जप करें॥१०-१२॥

क्रोधीशोत्तरसंयुक्तं नादबिन्दुकलान्वितम्।
क्रोधानन्तस्ततः पश्चात् संयुक्तेन पठेत् सुधीः।।१३।।
पिनाकी च सुसूक्षा च क्रोध्यानन्तस्ततः पठेत्।
अनिलो भौतिकश्चैव तदधः प्रणवं लिखेत्।।१४।।

इन दो श्लोकों में बताया गया मन्त्रोद्धार अधूरा और अस्पष्ट है, जिससे मन्त्र-स्वरूप स्पष्ट नहीं होता।

विमर्श—पद्धतिग्रन्थों में बताया गया सञ्जीवनी मन्त्र है—श्रीं क्लीं क्लीं हैं कलह्लीं सौः लसकह्लीं क्लीं क्लीं ह्लीं श्रीं (७ बार जप करें)।

एषा ज्ञेया महाविद्या महाचक्रसमन्विता।
महामेधाप्रदा विद्या महाघोरविनाशिनी।।१५।।
महाविद्या महाकामा महाप्रेतासनस्थिता।
श्वेतरूपा च चन्द्रस्था बाला च भगमालिनी।।१६।।
अनन्तरूपमाख्याता सा च त्रिपुरसुन्दरी।
परमेयं परा शक्तिः प्रथमं पार्श्वसंस्थिता।।१७।।
द्वितीया क्षितिविख्याता तत्परा पश्चिमोत्तरा।
सा च देवी महादेवी महाकालिकसुन्दरी।।१८।।
यस्या मेरोर्जगद् व्याप्तं सुरासुरनरादिकम्।
महापद्मासना देवी महाजीवनकारिणी।।१९।।

पिण्डाण्ड और ब्रह्माण्ड के प्रतिरूप बैन्दव चक्र में प्रतिष्ठिता यह महाविद्या घोर से घोर आपत्तियों और संकटों से अपने भक्तों की रक्षा करती है और उन्हें उत्कृष्ट बुद्धि तथा सभी प्रकार के सुख प्रदान करती है। शिवरूप महाप्रेत पर समासीना महात्रिपुरसुन्दरी के अनन्तानन्त रूपभेद हैं। यही कामेश्वरी है, बाला है, वज्रेश्वरी और महामालिनी है। यही परमा पराशक्ति है। महाचक्र के दक्षिण कोण में

कामेश्वरी, पश्चिम कोण में वज्रेश्वरी तथा उत्तर कोण में भगमालिनी के रूप में पूजिता है। यही महाकालिका सुन्दरी है, जो ब्रह्माण्ड में दिग्दिगन्त में व्याप्त है। देवता, मनुष्य और असुर—सब इसी में स्थित हैं। यही सबकी आधारभूता है॥१५-१९॥

प्रतिमां जीवितां कृत्वा अनया शोणितं क्षिपेत्।
सर्वदुष्टनिवाराञ्च ध्यायेद्देवीं सुलोचनाम्।।२०।।

जीवनी मन्त्र के जप से प्रतिमा को चैतन्य करके उस पर रक्त से प्रोक्षण करें। सुन्दर नेत्रों वाली इस देवी का ध्यान सभी दोषों (बाधाओं और कष्टों) का निवारण करने वाला है॥२०॥

[प्रेतासने जपफलम्]

प्रेतासने जपेद् यस्तु सर्वकामफलं लभेत्।
क्षितौ च ख्यातिविख्यातोऽसाध्यं साधयेत् पराम्।।२१।।

प्रेतासन अर्थात् शव पर बैठकर जो साधक मन्त्र का जप करता है, उसकी सभी कामनायें पूरी होती हैं। वह पूरे संसार में विख्यात हो जाता है तथा वह असाध्य को भी सिद्ध कर लेता है॥२१॥

[महाध्यानकथनम्]

महाध्यानं प्रवक्ष्यामि परां शक्तिस्वरूपिणीम्।
नीलपद्मासनां देवीं नीलपद्मसमप्रभाम्।।२२।।
चतुर्भुजां त्रिनयनां रक्तमाल्यविभूषिताम्।
वामे खड्गञ्च शूलञ्च वज्रमङ्कुशदक्षिणे।।२३।।
चन्द्रमण्डलमूर्द्धानं सूर्यमण्डलसंस्थिताम्।
रक्तवस्त्रपरीधानां रक्तगन्धानुलेपनाम्।।२४।।
ब्रह्मविष्णुशिवादीनां शिरसा पादसेविताम्।
उन्मत्तयौवनोपेतां प्रेतस्थां लिङ्गपीडिताम्।।२५।।
एवंरूपां महादेवीं चिन्तयेत् साधकोत्तमः।।२६।।

अब मैं भगवती महात्रिपुरसुन्दरी के कलिकास्वरूप का विशेष ध्यान बता रहा हूँ। परा-शक्तिस्वरूपिणी भगवती महाकालिका की देहकान्ति नीलकमल के समान नीलाभ है। वे नील-कमल के आसन पर समासीना हैं। वे त्रिनयना और चतुर्भुजा हैं। उनके वस्त्र-आभूषण तथा माला आदि का रंग लाल है। उनके दोनों बाँयें हाथों में खड्ग तथा शूल एवं दाँयें हाथों में वज्र और अंकुश हैं। मस्तक पर अर्धचन्द्र है। यौवन से मदमाती भगवती कालिका सुन्दरी के चरणकमल ब्रह्मा-विष्णु और शिव के द्वारा सेवित हैं। वे सूर्यमण्डल में संस्थिता हैं॥२२-२६॥

[परमेश्वरीपूजानन्तरं चक्रे पूजनम्]

अनया विद्यया मन्त्री सम्पूज्य परमेश्वरीम्।
तदा चक्रे पदं कृत्वा प्रतिमां चण्डिकां यजेत्।।२७।।
संहारमुद्रया देवीं साधकः स्थिरमानसः।

इस विद्या से प्रतिमा में भगवती कालिकारूपिणी परमेश्वरी का पूजन करने के बाद श्रीचक्र में भी संहार-क्रम से उनका पूजन पूर्ण मनोयोग से करना चाहिए।।२७।।

[ततो बलिदानम्]

बलिदानं ततः कुर्याद् यथाशक्त्या विधानतः।
आनन्दरूपवान् भूत्वा सुन्दरीपुत्रवत् क्षितौ।।२८।।

पूजा करने के बाद यथाविधान यथाशक्ति बलिदान करना चाहिए। पूजा और बलिदान से सन्तुष्ट देवी साधक का पालन करती हैं और वह उनके पुत्र के समान ऐश्वर्य एवं रूपसम्पन्न होकर संसार का सुख भोगता है।।२८।।

कालीं कामातुरां भीमां प्रचण्डगणवेष्टिताम्।
कालखड्गधरां देवीं रुधिरौघञ्च भक्षिताम्।।२९।।
दुर्लभां परमां देवीं महात्रिपुरसुन्दरीम्।

काजल के समान वर्ण वाली, कामेश्वर शिव के साथ समागम के लिये सदैव आतुर, विशाल शरीर वाली, कालरूप खड्ग धारण करने वाली, अत्यन्त प्रचण्ड गणों से घिरी रहने वाली तथा रुधिरपान करने वाली कालिका के रूप में देवी महात्रिपुरसुन्दरी का ध्यान अत्यन्त दुर्लभ है।।२९।।

[आकर्षणबीजकथनम्]

कथयामि परं बीजमाकर्षणकरं परम्।।३०।।
विष्णोः पदं वह्निबीजं चतुर्थस्वरभूषितम्।
नादबिन्दुकलातीतं शक्तिं विसर्गसंयुताम्।।३१।।
अमुकी(ं?) जीवमाकर्ष द्विठान्तं साधकः पठेत्।

आकर्षक बीज—विष्णुपद (क्लीं) के बाद चतुर्थ स्वरभूषित वह्निवीज (रीं) और विसर्गयुक्त शक्ति अर्थात् 'सः' के बाद 'अमुकीं जीवं आकर्षय आकर्षय स्वाहा' की योजना करने से आकर्षण मन्त्र बनता है।

मन्त्र-स्वरूप—क्लीं रीं अमुकीं जीवं आकर्षय आकर्षय स्वाहा। प्रयोग-काल में 'अमुकीं' के स्थान पर साध्य के षष्ठ्यन्त नाम का उपयोग किया जाता है। जैसे—'देवदत्तस्य' या 'रमायाः' आदि।।३०-३१।।

[त्रिकोणचक्रमध्ये देवकन्यादिलिखनम्]

शिवरेफकयोर्मध्ये त्रिकोणचक्रमध्यगे।।३२।।

शिशुरूपाकर्षकरीं देवकन्यां सुराङ्गनाम्।
नागगन्धर्वकन्याञ्च ऋषिकन्याञ्च खेचरीम्।।३३।।
विलिख्य साधकः श्रीमानरुणा(ं) चिन्तयेत् सतीम्।
हृदि मौलौ वराङ्गे च जवां दत्त्वा च कन्यकाम्।।३४।।
रक्तपुष्पं समादाय कुङ्कुमं गन्धवासितम्।
चक्रमध्ये शतं दत्त्वा कन्यानाम प्रपूजयेत्।
समागच्छति सा नारी मारबाणेन पीडिता।।३५।।

आकर्षण-प्रयोग—अधोमुख त्रिकोण बनाकर उसके मध्य में 'ह्रीं' लिखें। 'ह'कार और 'र'कार के मध्य में मनो अभीष्ट कन्या का छोटा-सा चित्र बनायें और यह ध्यान करें कि वह कन्या अरुण वर्ण की है। तत्पश्चात् चित्र पर उस कन्या के हृदय, सिर एवं योनि-मण्डल का कुंकुम से सुवासित लाल रंग के एक सौ पुष्पों से पूजन करें। इस प्रयोग के फलस्वरूप वह अभिलषित कन्या, चाहे वह देवकन्या हो, नागकन्या हो, गन्धर्वकन्या हो, ऋषिकन्या हो, सुरांगना अथवा आकाशचारिणी कन्या हो, कामबाण से पीड़ित होकर साधक के पास दौड़ी-दौड़ी चली आती है।।३२-३५।।

[चामुण्डाध्यानकथनम्]

महात्रिपुरसुन्दर्या मूलविद्या यथोदिता।
चामुण्डा भेदितानाम्नी ध्यानं वक्ष्यामि दुर्लभम्।।३६।।

भगवती महात्रिपुरसुन्दरी ही मूल विद्या हैं। इनके ही अनेकानेक रूप और भेद हैं। इनके चामुण्डा रूप का ध्यान बता रहा हूँ, जो अत्यन्त दुर्लभ है।।३६।।

सूर्यकोटिनिभां बालां त्रिनेत्रामरुणाम्बराम्।
धनुःपुस्तकबाणाख्यधरां बन्धूकसन्निभाम्।।३७।।
चक्रलिङ्गे समाविष्टां काञ्चीयुक्तनितम्बिनीम्।
स्तनभारोन्नताकारां सिन्दूरपूरिताननाम्।।३८।।
स्फुरन्मुकुटमाणिक्यकिङ्किणीजालमण्डिताम् ।
मुक्ताहारसमायुक्तां त्रिबलीमध्यभूषिताम्।।३९।।
सर्वशृङ्गारवेशाढ्यां कामावेशनकारिणीम्।
नित्यानन्दादिभिर्देवीं पूजयेत् साधकोत्तमः।।४०।।

चामुण्डा का ध्यान—देवी चामुण्डा बालास्वरूपा हैं। उनका मुखमण्डल सिन्दूरी है। उनकी देहकान्ति बन्धूक के पुष्प के समान अरुण तथा कोटि-कोटि सूर्यों की तरह दीप्तिमयी है। स्तनमण्डल पुष्ट और समुन्नत हैं। कमर में करधनी है, जो नितम्बप्रदेश तक लटकी हुई है। सिर पर अनेक मणियों से खचित स्वर्णमुकुट हैं, जिसमें छोटे-छोटे घुँघरू लगे हैं। गले में मोतियों की माला है तथा उदर प्रदेश

त्रिवलीयुक्त है। इनके सभी अंग-प्रत्यंग समुचित अलंकारों से अलंकृत हैं। वे श्रीचक्र के मध्य बिन्दु पर प्रतिष्ठिता हैं। ये ही देवी मनुष्य के हृदय को कामनाओं से आवेशित करती हैं। इनकी प्रतिदिन पूजा की जानी चाहिए॥३७-४०॥

[वक्तव्य-परमदुर्लभविद्या-प्रशंसा]

एषा च विद्या कथिता कथयामि सुदुर्लभाम्।
या देवी जगति ख्याता महापर्वतवासिनी।
परमानन्दहृदयः साधयेन्मोहनात्मिकाम्।।४१।।
यस्यानन्दाज्जगद् व्याप्तं या देवी परमा कला।
महामोहनदात्री च देवासुरनरादिषु।।४२।।
रज्यते सकलं नित्यं तदा देव्या चराचरम्।
दुष्टवैरी भवेद्दास ईशः सर्वजनस्य च।।४३।।

अब मैं जिस विद्या का निरूपण कर रहा हूँ, वह विद्या भी अत्यन्त दुर्लभ विद्या है। जो देवी जगत् में महापर्वतवासिनी के रूप में विख्यात हैं, जिनका हृदय परमानन्द से सराबोर है तथा जिनका ही आनन्द सारे संसार में व्याप्त है, जो देवी आद्या शक्ति की परमा कला हैं और जिन्होंने देवता, मनुष्य और असुर अर्थात् समस्त प्राणिजगत् को मोहित कर रखा है तथा जो स्वयं निष्कल होते हुए भी संसार को अपनी कलाओं से अनुरञ्जित करती हैं, ऐसी महिमाशालिनी तथा मोहनात्मिका देवी की साधना-उपासना करके मनुष्य सभी मनुष्यों का प्रिय स्वामी बन जाता है। इसके उपासक के शत्रु भी दासों के समान उसकी सेवा करने लगते हैं॥४१-४३॥

अथातः सम्प्रवक्ष्यामि विद्यां परमदुर्लभाम्।
शिवशक्तिसमायुक्तां तुरीयस्वरभूषिताम्।।४४।।
नादबिन्दुसमायुक्तां सर्वलोकमनोहरीम्।
रेफहकारयोर्मध्ये त्रिकोणे चक्रमध्यगे।।४५।।
सम्बोधनपदञ्चैव साध्यं कर्मपदान्वितम्।
पाशाङ्कुशपुटा शक्तिर्नादबिन्दुविभूषिता।।४६।।

शिव (ह) और वह्नि (र) का संयोग करके उन्हें नाद-बिन्दुयुक्त तुरीय स्वर (ईं) से विभूषित करने से रूप बनता है—ह्रीं। यह बीजाक्षर सभी लोकों को मोहित करने वाला है। इस बीजाक्षर को श्रीचक्र के त्रिकोण में लिखें। रेफ और हकार के मध्य में साध्य का नाम और कर्म लिखकर उन्हें पाश (आं) और अंकुश (क्रों) से सम्पुटित कर दें॥४४-४६॥

[प्राणमन्त्रकथनम्]

याद्याः सप्त सकारान्ता व्योमसर्गेन्दुसंयुता।
तदन्ते हंसमन्त्रः स्यात्ततो'ऽमुष्य'पदं वदेत्।।४७।।

'प्राणा' इति वदेत् पश्चा'दिह प्राणाः' पदं ततः।
'अमुष्य जीव इह'तः 'स्थितोऽमुष्य'पदं वदेत्।।४८।।
'सर्वेन्द्रियाण्यमुष्या'न्ते 'वाङ्मनश्चक्षु'रन्ततः।
'श्रोत्रघ्राण'पदात् 'प्राणा इहागत्य सुखं चिरम्।
तिष्ठन्तु' वह्निजायान्तः घ्राणमन्त्रोऽयमीरितः।।४९।।

याद्या सप्तेति। तथाच—'यँ रँ लँ वँ शँ षँ सँ हँ सः, अमुष्य प्राणा इह प्राणाः, अमुष्य जीव इह स्थितः, अमुष्य सर्वेन्द्रियाणि, अमुष्य वाङ्मनश्चक्षुःश्रोत्रघ्राणप्राणा इहागत्य सुखं चिरं तिष्ठन्तु स्वाहा' इति प्राणमन्त्रो भवति।

प्राण-मन्त्र—'य'कार से 'स'कार-पर्यन्त बिन्दुयुक्त सात वर्ण अर्थात् 'यं- रं-लं-वं-शं-षं-सं'। इन सात वर्णों के बाद व्योम—'हं' के बाद सः। इसके बाद हंसमन्त्र (सोऽहम्) के बाद यथाक्रम 'अमुष्य', 'प्राणाः', 'इह प्राणाः' अमुष्य जीवः इह स्थितः' की योजना करें। इन वर्णों की योजना से रूप प्राप्त हुआ—'यं रं लं वं शं षं सं हं सोऽहम् अमुष्य प्राणाः इह प्राणाः'। इसके आगे 'अमुष्य जीवः इह स्थितः।' इसके आगे—'अमुष्य सर्वेन्द्रियाणि' तथा इसके आगे 'अमुष्य वाङ्मनश्चक्षुःश्रोत्रघ्राणप्राणाः इहागत्य सुखं चिरं तिष्ठतु स्वाहा' की योजना करें। यह प्राण-प्रतिष्ठा का मन्त्र है।।४७-४९।।

प्रत्यमुष्यपदस्यादौ पाशादीनि प्रयोजयेत्।
अमुष्येतिपदस्थाने साध्यनाम समुच्चरेत्।।५०।।
प्रयोगेषु समाख्यातः प्राणमन्त्रो मनीषिभिः।
साध्यं प्रतिष्ठितप्राणमाकर्षणादि योजयेत्।।५१।।

प्रयोग करते समय उक्त मन्त्र के आदि में पाशादि अर्थात् 'आं ह्रीं क्रों' की योजना करनी चाहिए तथा अमुष्य के स्थान पर साध्य के षष्ठ्यन्त नाम का उच्चारण करना चाहिए। प्रायोगिक यन्त्रों में इस प्रकार से साध्य के प्राणों की प्रतिष्ठा करके आकर्षण आदि प्रयोग किये जायँ।

प्रयोग-मन्त्र—'आं ह्रीं क्रों यं रं लं वं शं षं सं हं सः सोऽहम् देवदत्तस्य प्राणाः इह प्राणाः। आं ह्रीं क्रों यं रं .... हंसः सोऽहम् देवदत्तस्य जीवः इह स्थितः। आं ह्रीं क्रों यं रं लं वं .... हंसः सोऽहम् देवदत्तस्य सर्वेन्द्रियाणि। आं ह्रीं क्रों यं रं लं वं .... हंसः सोऽहम् देवदत्तस्य वाङ्मनश्चक्षुःश्रोत्रघ्राण प्राणाः इहागत्य सुखं चिरं तिष्ठन्तु स्वाहा'।

प्राण-प्रतिष्ठा के लिये इस मन्त्र की तीन बार आवृत्ति की जाती है। प्राण-प्रतिष्ठा-विधान का सांगोपांग निरूपण (विनियोग, न्यास, ध्यान, आवरणपूजन तथा पुरश्चरण) शारदातिलक (३३वें पटल) में द्रष्टव्य है।

एता विद्यागणाः सर्वाः पूजयेत् साधकोत्तमः।
बृहच्छ्रीक्रमतन्त्रस्य मतमेतदुदीरितम्।।५२।।

बुद्धिमान् साधक को इन सब विद्याओं की पूजा करनी चाहिए। यह विधान 'बृहत्-श्रीक्रम तन्त्र' के अनुसार है।।५२।।

[महायन्त्रधारणकथनम्]

अथोच्यते महायन्त्रविशेषधारणं परम्।
शुभेऽह्नि स्नानमाचर्य शुभे लग्ने शुभे क्षणे।।५३।।
सिद्धियोगे महापर्वे पूजां कृत्वा लिखेदिदम्।

धारण-यन्त्र—प्राण-प्रतिष्ठा-विधान के संक्षिप्त निरूपण के बाद अब 'श्रीविद्या-धारण' यन्त्र का विधान बताया जा रहा है। यह 'धारण-यन्त्र' किसी महापर्व पर सिद्ध योग में, शुभ दिन में, शुभ लग्न और शुभ मुहूर्त में भगवती का यथाविधान अर्चन करने के बाद बनाया जाय।।५३।।

[मन्त्रलिखनद्रव्योद्देशः]

कुण्डगोलोद्भवं द्रव्यं स्वयम्भूकुसुमं तथा।।५४।।
रोचना कुङ्कुमं क्षौद्रं कर्पूरं चन्दनं मदम्।
एतद्द्रव्येण विलिखेच्चक्रराजं मनोहरम्।।५५।।

लेखन-द्रव्य—यह यन्त्र कुण्डगोलोद्भव द्रव्य, स्वयम्भू पुष्प, रोचना, कुंकुम, लाल चन्दन, श्वेत चन्दन, कपूर तथा मद को मिलाकर बनाये गये द्रव्य से लिखा जाता है। कलम सोने की होती है। मतवाले हाथी के गण्डस्थल से टपकने वाले द्रव को मद कहते हैं।।५४-५५।।

[लिखनप्रकारः]

त्रिकोणान्तर्गतां मायां विलिखेत् साधकोत्तमः।
रेफहकारयोर्मध्ये देवानामाभिमुख्यदम्।।५६।।
साध्यनाम द्वितीयान्तं तस्योद्ध्र्वे विलिखेन्मनुम्।
तत्रैव मातृकां सर्वां विलिखेत् क्रमवाह्यतः।।५७।।

लेखन-विधि—उपर्युक्त द्रव से भोजपत्र पर सोने की कलम से त्रिकोण बनायें। त्रिकोण के मध्य में 'ह्रीं' लिखें। रेफ और 'ह'कार के मध्य में देवी का नाम लिखकर उसके सम्मुख साध्य व्यक्ति का द्वितीयान्त नाम (यथा—देवदत्तम्) लिखें। उसके ऊपर मन्त्र लिखकर चक्र को मातृकावर्णावली से वेष्टित कर दें।।५६-५७।।

[यन्त्रशोधनप्रकारः]

पञ्चगव्यामृतेनैव मूलेन परिषेचयेत्।
ततः प्रतिष्ठितप्राणां विद्यामष्टोत्तरं शतम्।।५८।।

तत् स्पृष्ट्वा प्रजपेन्मन्त्री देवीध्यानपरायणः।

तत्पश्चात् इस यन्त्र पर पञ्चामृत का सिंचन करें। प्राण-प्रतिष्ठा करके देवी का ध्यान करें। तत्पश्चात् देवी का पूजन करके यन्त्र का स्पर्श करते हुए मन्त्र (इष्ट मन्त्र) का अष्टोत्तर शत जप करें॥५८॥

[धारणप्रकार:]

हेम्नो मध्यगतं कृत्वा रजतस्यापि वा पुनः।।५९।।
करे कृत्वा लभेद्वश्यं हृदये स्त्री सुवल्लभे।
कण्ठे धनं लभेद् भाले स्तम्भनं जृम्भणं भवेत्।।६०।।
शिखायां मोक्षमाप्नोति तस्माद् यत्नेन धारयेत्।
धारणीयं प्रयत्नेन गोपनीयं पुनः पुनः।।६१।।

इस यन्त्र को सोने या चाँदी की ताबीज में भरकर धारण करें। अलग-अलग अंगों में धारण करने का अलग-अलग फल है। भुजा में धारण करने से सारा संसार वशीभूत होता है। हृदय पर धारण करने से स्त्रियों का प्रिय हो जाता है। कण्ठ (गले) में धारण करने से धन-लाभ, कपाल (भाल) पर धारण करने से स्तम्भन और जृम्भण होता है। शिखा में धारण करने वाले को मोक्ष की प्राप्ति होती है। अत: इस मन्त्र को सावधानीपूर्वक सोच-समझकर धारण करना चाहिए॥६०-६१॥

[मन्त्रदाने पात्रापात्रोल्लेख:]

असत्याय न दातव्यं पुत्रशिष्याय चैव हि।
भक्तियुक्ताय शिष्याय सुपुत्राय प्रकाशयेत्।।६२।।
पशुभ्यो बान्धवेभ्योऽपि न कदाचित् प्रकाशयेत्।

इस यन्त्र का ज्ञान भक्तियुक्त एवं सत्पात्र शिष्य और पुत्र को ही दिया जाना चाहिए। असत्यवादी एवं विश्वासरहित पुत्र एवं शिष्य तथा पशुभाव वाले बान्धवों को यह यन्त्र नहीं बताया जाय॥६२॥

[अपात्रे मन्त्रदानफलम्]

कृते तु अशुभं तस्य मन्त्रा यान्ति पराङ्मुखाः।।६३।।
दुःखञ्च वर्द्धते नित्यं तस्माद् यत्नेन वर्जयेत्।

अपात्र व्यक्ति को इस यन्त्र का ज्ञान देने से अशुभ होता है। मन्त्र विपरीत फल देने लगता है तथा दिन-प्रतिदिन दु:ख बढ़ता जाता है। अत: बहुत सोच-समझकर ही उसका प्रकाशन करना चाहिये॥६३॥

[गोरोचनादिना चक्रलिखनफलम्]

गोरोचनादिभिर्मन्त्री चक्रराजं समालिखेत्।।६४।।
अतीव सुन्दरीं रम्यां तन्मध्ये प्रतिमां वराम्।
ज्वलन्तीं सामसहितां कामस्त्रजविदर्भिताम्।।६५।।

श्रीविद्या धारण-यन्त्र के निर्माण की विधि और प्रयोग बताने के बाद गोरोचन आदि द्रव्यों से श्रीयन्त्र बनाकर वशीकरण एवं आकर्षण आदि प्रयोग बताये जा रहे हैं।

मन्त्रसिद्ध साधक गोरोचन आदि आकर्षणकर द्रव्यों से श्रीचक्र बनाकर उसके मध्य में गोरोचन आदि द्रव्यों से ही अभीष्ट सुन्दरी का चित्र बनाकर उसका नाम लिखे। उसके नाम को कामराज कूट (क्लीं) से विदर्भित करे॥६४-६५॥

[चिन्ताविशेषे फलविशेषः]

चिन्तयेत् साधकेन्द्रोऽपि जनानाञ्च सहस्रशः।
अदृष्टपूर्वा युवती श्रुतमाशु सुदुर्लभा।।६६।।
राजकन्याऽथ चार्वङ्गी भयलज्जाविवर्जिता।
आयाति साधकं सम्यङ्मन्त्रमूढा सती ध्रुवम्।।६७।।

इस चित्र में अभीप्सित सुन्दरी का ध्यान करते हुए साधक मन्त्र-जप करे। इस प्रयोग के फलस्वरूप वह अभीप्सित सुन्दरी, जिसके सौन्दर्य के बारे में साधक ने केवल सुना है; लेकिन न तो उसे देखा है और न जिससे पूर्व-परिचय है, भय और लज्जा का त्याग कर साधक की सेवा में आ जाती है॥६६-६७॥

विमर्श—यह प्रयोग ज्ञानार्णवतन्त्र (सत्रहवें पटल) में बताया गया है। ये श्लोक ज्ञानार्णवतन्त्र से अधोलिखित पाठभेद के साथ उद्धृत किये गये हैं—

सामसहितां—नामसहितां। कामराजविदर्भिताम्—महाबीजविदर्भिताम्। जनानाञ्च सहस्रशः—योजनानां सहस्रतः। श्रुतमाशु—श्रुतमात्राऽपि दुर्लभा।

चक्रमध्यगतो भूत्वा साधकश्चिन्तयेदथ।
उद्यत्सूर्यसहस्राभमात्मानमरुणन्तथा ।।६८।।
साध्यमप्यरुणीभूतं चिन्तयेत् साधकोत्तमः।
अनेन क्रमयोगेन स्वयं कन्दर्परूपवान्।।६९।।

यह दूसरा प्रयोग है। गोरोचन आदि द्रव्यों से श्रीचक्र की रचना करके यथाविधि मन्त्रसिद्ध साधक यन्त्र के मध्य में बैठ जाय और यह भावना करे कि वह उदीयमान सूर्य के समान अरुण वर्ण का हो गया है तथा अभीप्सित नारी भी उसके वर्ण से अरुणवर्णा हो गई है। यह भावना करते हुए मन्त्रजप करने से मन्त्रसिद्ध साधक स्वयं भी कामदेव के समान सुन्दर तथा सबका प्रियपात्र हो जाता है एवं सारा संसार भी उसके वश में आ जाता है॥६८-६९॥

[चक्रे नामलिखने फलविशेषः]

सर्वसौन्दर्यसुभगः सर्वलोकवशङ्करः।
सर्वैः पूजोपहारैस्तु मुद्रासहितविग्रहः।।७०।।
चक्रं सम्पूजयेद् यस्तु यस्य नाम विदर्भितम्।
स भवेद्दासवदाशु धनाढ्यो वाऽपि भूपतिः।।७१।।

गोरोचन आदि द्रव्यों से अंकित श्रीयन्त्र पर इन्हीं द्रव्यों से साध्य व्यक्ति का नाम मन्त्र से विदर्भित करके लिखने तथा यथाविहित मुद्रायें दिखाकर उस पर सभी रक्त उपचारों से भगवती का अर्चन करने से वह साध्य व्यक्ति, चाहे वह राजा हो अथवा अमीर, मन्त्रसिद्ध साधक का वशवर्ती हो जाता है।।७०-७१।।

चक्रमध्यगतं कुर्यान्नाम यस्यान्तु योजयेत्।
अदृष्टामपि मन्त्रज्ञो योनिमुद्रासमन्वितः।।७२।।

हठादानयते शीघ्रं यक्षिणीं राजकन्यकाम्।
नागकन्यामप्सरसं खेचरीं वा सुराङ्गनाम्।।७३।।

विद्याधरीं दिव्यरूपामृषिकन्यां रिपुस्त्रियम्।
मदनोद्भवसन्तापस्फुरज्जघनमण्डलाम् ।।७४।।

कामबाणप्रभिन्नान्तःकरणां लोलचक्षुषम्।

योनिमुद्रा धारण करके गोरोचन और द्रव्यों से श्रीयन्त्र पर जिस किसी भी अनदेखी स्त्री का नाम लिखकर उसका चिन्तन करते हुए मन्त्रजप करने से वह अदृष्ट स्त्री चाहे वह यक्षिणी हो, नागकन्या हो, राजकन्या हो, अप्सरा हो, विद्याधरी हो, सुरांगना हो, ऋषिकन्या हो, अथवा शत्रुपक्ष की गर्वीली महिला हो, जघन-मण्डल को सहलाती और आँखें मटकाती हुई मन्त्रसिद्ध साधक की सेवा में उपस्थित हो जाती है।।७२-७४।।

[चक्रे महाकलाध्यानफलम्]

महाकामकलाध्यानयोगादेव न संशयः।
क्षोभयेत् स्वर्गभूर्लोकपातालतलयोषितः।।७५।।

गोरोचन आदि द्रव्यों से निर्मित श्रीयन्त्र पर महाकामकला का ध्यान करने से स्वर्ग, पृथ्वी और पाताललोक की सभी स्त्रियों के हृदय को क्षुब्ध और कामपीड़ित किया जा सकता है।।७५।।

[वशीकारितिलककथनम्]

रोचनाभागमेकन्तु भागमेकन्तु कुङ्कुमम्।
अथ भागद्वयं मन्त्री चन्दनं मर्दयेत् समम्।।७६।।

एकत्र तिलकं कुर्यात्त्रैलोक्यवशकारणम्।
अष्टोत्तरशतावृत्त्या मन्त्रयित्वा वशं नयेत्।।७७।।

राजानं नगरं ग्रामं येन यद् यत् प्रदृश्यते।
मन्त्रिणा साधकेन्द्रेण तत् सर्वं तस्य वश्यगम्।।७८।।

वशीकरण तिलक—रोचना एक भाग, कुंकुम एक भाग तथा चन्दन दो भाग लेकर मन्त्रसिद्ध साधक तिलकद्रव्य तैयार करे। तीनों लोकों को वश में करने वाला यह अद्भुत तिलक है। इस तिलकद्रव्य को अपने सिद्ध मन्त्र का अष्टोत्तर शत (१०८) जप करके अभिमन्त्रित करके ललाट पर लगाने से सारे संसार को वश में किया जा सकता है। इस तिलक को देखने-मात्र से नगर और ग्राम के सभी नागरिक तथा राजा आदि साधक के वश में आ जाते हैं॥७६-७८॥

[वशीकरणार्थं ताम्बूलाद्यभिमन्त्रणम्]

ताम्बूलं धूपमुदकं पलं पुष्पं फलं दधि।
दुग्धं घृतं दन्तपत्रं वस्त्रं कर्पूरमेव च॥७९॥
कस्तूरीं घुसृणञ्चैलां लवङ्गं जातिपत्रकम्।
शतमष्टोत्तरं जप्त्वा यस्मै कस्मै प्रयच्छति॥८०॥
स वश्यो जायते नूनं नात्र कार्या विचारणा।
स्त्रियश्च सकला वश्या दासीभूता भवन्ति हि॥८१॥
हठाकर्षणमेतत्तु कथितं नान्यथा भवेत्।

मन्त्रसिद्ध साधक पुरश्चरण से सिद्ध मन्त्र से अभिमन्त्रित करके पान, धूप, पानी, पात्र, पुष्प, दूध, दही, घी, वस्त्र, कपूर, कस्तूरी, लाल चन्दन, श्वेत चन्दन, इलायची, लौंग, जायफल आदि कोई भी वस्तु जिस किसी को देगा, वह व्यक्ति चाहे वह स्त्री हो या पुरुष, साधक का वशवर्ती हो जायगा। मन्त्र का १०८ बार जप करके देय वस्तु को फूँकने से वह वस्तु अभिमन्त्रित हो जाती है। इस अभिमन्त्रित वस्तु का सेवन करने से हठीली, गर्विणी, रूपसी का मान भंग हो जाता है और वह मन्त्रसिद्ध साधक की दासी बन जाती है॥७९-८१॥

[योषिदाकर्षणप्रकारः]

रहस्यस्थानके मन्त्री लिखेद्रोचनया भुवि॥८२॥
चारुशृङ्गारवेशाढ्यां सर्वाभरणभूषिताम्।
प्रतिमां सुन्दरीं प्रीतां विलिख्य सुमनोहराम्॥८३॥
तद्भालगलहृन्नाभिजन्ममण्डलयोजिताम्।
जन्मनाममहाविद्यामङ्कुशान्तविदर्भिताम्॥८४॥
सर्वसन्धिषु देहस्य मदनाक्षरमालिखेत्।
स्फुरद्दाडिमपुष्पाभं चिन्तयेद्देहसन्धिषु॥८५॥

स्त्री-वशीकरण—किसी मनोरम और एकान्त स्थान में मन्त्रसिद्ध साधक सुन्दर, सपाट और स्वच्छ-पवित्र भूमि पर रोचना से सर्वशृङ्गारमयी एवं सर्वाभरण-

भूषिता स्त्री का आकर्षक और नयनाभिराम चित्र बनाये। उस चित्र के भाल (ललाट), गला, हृदय, नाभि तथा जन्म-मण्डल पर महाविद्या (सिद्ध मन्त्र) के एक-एक अक्षर तथा अंकुश-बीज (क्रों) से विदर्भित करके उसका जन्मनाम लिखें। उसके शरीर की सभी सन्धियों में मदनाक्षर अर्थात् 'क्लीं' लिखे और यह भावना करे कि अनार के फूल के समान अरुण वर्ण का कामबीज उसके शरीर की सन्धियों में लीन होकर उसके समस्त शरीर में व्याप्त हो गया है॥८२-८५॥

तदाशाभिमुखो भूत्वा स्वयं देवीस्वरूपधृक्।
मुद्रान्तु क्षोभणीं बद्ध्वा मन्त्रमष्टशतं जपेत्॥८६॥
नियोज्य दहनागारे चन्द्रसूर्यकलात्मके।
ततो विकलचार्वङ्गीं मारबाणप्रपीडिताम्॥८७॥
एवमाकर्षयेन्नारीं योजनानां शतादपि॥८८॥

इसके बाद देवी का रूप धारण करके अर्थात् स्वयं में देवी-स्वरूप की भावना करके मन्त्रसिद्ध साधक क्षोभिणी मुद्रा बाँधकर उस चित्र की ओर मुँह करके अपने सिद्ध मन्त्र का १०८ बार जप करे। मन्त्र-जप करते हुए यह भावना करे कि इस प्रयोग के फलस्वरूप साध्य स्त्री कामपीड़ित और विह्वल हो गई है। उसे इस तरह विकल समझते हुए उसके चन्द्र-सूर्यकलात्मक 'मदनागार' से स्वयं की योजित करने की भावना करे। इस प्रयोग से मन्त्र-सिद्ध साधक सैकड़ों योजन दूर रहने वाली रमणी को भी आकृष्ट कर सकता है॥८६-८८॥

[अवध्यत्वोपायकथनम्]

मातृकां विलिखेच्चक्रे बाह्यतः सकलां बुधः।
भूर्जपत्रे स्वर्णपत्रे रौप्यपत्रेऽपि ताम्रजे।
सोऽवध्यः सर्वजन्तूनां व्याघ्रादीनां विशेषतः॥८९॥

रक्षाकर प्रयोग—भोजपत्र पर अथवा सोने, चाँदी या ताँबे के पत्र पर श्रीयन्त्र बनाकर उसे चारो ओर से मातृकाओं से वेष्टित करके धारण करे। इस यन्त्र को धारण करने से मन्त्रसिद्ध साधक सभी जन्तुओं के लिये; विशेषकर व्याघ्र आदि के लिये अवध्य हो जाता है अर्थात् ये जानवर उस पर हमला नहीं करते॥८९॥

[राजवल्लभतोपाय:]

तथैव मारसंयुक्तां ससंज्ञां चक्रमण्डिताम्।
कर्पूरकुङ्कुमाद्यैश्च राजवल्लभतां व्रजेत्॥९०॥

इसी प्रकार भोजपत्र पर कपूर और कुंकुम से श्रीयन्त्र बनाकर उसको कामबीज (क्लीं) से वेष्टित करने से मन्त्रसिद्ध साधक को राजवल्लभता की प्राप्ति होती है॥९०॥

विमर्श—राजवल्लभतां—अजरामरतां।

[वशीकरणप्रकारः]

अनेन विधिना शुद्धो रोचनागुरुकुङ्कुमैः।
विलिखेच्चक्रराजेन साध्यनाम च मन्त्रवित्।।९१।।
विदर्भितं स्वनाम्ना तु यस्मिन् कस्मिन्नुपस्थितम्।
स्थावरं जङ्गमं वापि सकलं जनमण्डलम्।।९२।।
वशीकुर्यात् साधकेन्द्रो नूनमेव न संशयः।

सर्वजन-वशीकरण—इसी प्रकार रोचना, अगरु और कुंकुम से अपने नाम से साध्य नाम को विदर्भित करके चक्रयोग से लिखकर जिस-किसी भी स्थान में स्थापित कर देने से उस स्थान के सभी निवासी—यहाँ तक कि स्थावर-जंगम भी साधक के वशवर्ती हो जाते हैं और साधक सर्वजनप्रिय हो जाता है॥९१-९२॥

[त्रैलोक्यवशीकरणोपायः]

महात्रिपुरसुन्दर्याः कामकोटिकला स्मृताः।।९३।।
एवमेवमवष्टभ्य साध्यनामाक्षराणि तु।
धनमप्यर्थने बाणैर्मातृकायाः प्रवेष्टये।।९४।।
हेममध्यगतं कुर्याच्छिखायां वामके भुजे।
धारयेद् यत्र कुत्रापि त्रैलोक्यवशकारणम्।
राजेन्द्रवृन्दसकलं दासभूतं करोति च।।९५।।
राजानो वाजिनः सर्पा महादुष्टा महोत्कटाः।
व्याघ्राः केशरिणो मत्ता वश्यास्तस्य भवन्ति हि।।९६।।

भगवती महात्रिपुरसुन्दरी के (पञ्चदशाक्षरी) मन्त्र के कामकूट (यथा—हसकहलह्रीं) के एक-एक अक्षर से साध्यनाम के प्रत्येक अक्षर को घेरकर चक्रक्रम अर्थात् गोलाकार लिखें। फिर इसे सम्पूर्ण मातृकामाला से वेष्टित कर दें। भोजपत्र पर लिखे इस यन्त्र की यथाविधि प्राण-प्रतिष्ठा तथा पूजा करके उसे सोने की ताबीज में भरकर 'यत्र कुत्रापि' अर्थात् शरीर के किसी भी अंग अर्थात् भुजा, हृदय, शिखा आदि में धारण करें। इस प्रयोग से साध्य राज्य या क्षेत्र के सभी प्राणी अर्थात् राजा-रानी, राज्यकर्मचारी, सामान्य प्रजाजन ही नहीं; अपितु अड़ियल घोड़े, मदमस्त हाथी, सिंह, बाघ और सर्प आदि भी मन्त्र-सिद्ध साधक के वश में आ जाते हैं॥९३-९६॥

[महाक्षोभकरणम्]

पूर्वक्रमेण नगरनामसौन्दर्यमन्त्रवित्।
मध्ये चतुष्पथे वापि चतुर्दिक्षु निधापयेत्।।९७।।

महाक्षोभो योषिताञ्च जनानां महतामपि।
तथैव सर्वजन्तूनां पुरस्थानञ्च जायते।।९८।।

इसी तरह किसी नगर के नाम को कामराज कूट के प्रत्येक वर्ण के साथ सम्पुटित करके भोजपत्र या हेमपत्र पर लिखें तथा यथाविधि उसकी पूजा आदि करके नगर के मुख्य चौराहे पर अथवा चारो दिशाओं में जमीन में दबा दें तो उस नगर में रहने वाले सभी स्त्री-पुरुष, छोटे-बड़े साधु और दुष्ट जन मन्त्र-सिद्ध साधक के आकर्षण से विक्षुब्ध हो जाते हैं।।९७-९८।।

[कामतुल्यत्वप्राप्त्युपायः]

एतन्मध्यगतां पृथ्वीं सशैलवनकाननाम्।
ज्वलन्तीं सर्वराजेन्द्रमण्डितां सागराम्बराम्।।९९।।
मासमेकं चिन्तयेयुः साक्षात्कामसमो भवेत्।
दृष्ट्याऽऽकर्षयते मन्त्री त्रैलोक्यं सचराचरम्।।१००।।

जो मन्त्र-सिद्ध साधक सभी पर्वतों, वनों, गह्वरों सहित सागराम्बरा तथा राजेन्द्रमण्डिता पृथ्वी का चक्र-मध्य में निरन्तर एक महीने तक (ज्ञानार्णव के अनुसार छः महीने तक) ध्यान करता है, वह कामदेव के समान कमनीय एवं सुन्दर हो जाता है। उसके दृष्टि-निक्षेपमात्र से सारा चराचर जगत् उसके प्रति आकर्षित हो जाता है।।९९-१००।।

[दृष्टिमात्रेण विषादिनाशक्षमताप्राप्तिः]

दृष्ट्या विषं नाशयते तत्क्षणान्नात्र संशयः।
भूतप्रेतपिशाचांश्च ज्वरांश्चातुर्थिकादिकान्।।१०१।।
शूलगुल्माक्षिरोगांश्च दृष्ट्या नाशयते क्षणात्।

दृष्टि का प्रभाव—ऐसे मन्त्र-सिद्ध साधक की दृष्टि (नजर) अमृतमयी हो जाती है। उसकी दृष्टि पड़ते ही विष का प्रभाव समाप्त हो जाता है। भूत-प्रेत-पिशाच भाग जाते हैं। अँतरी, तिजारी और चौथिया आदि ज्वर समाप्त हो जाते हैं। शूल, गुल्म तथा आँखों के रोग समाप्त हो जाते हैं।।१०१।।

विमर्श—अँतरी, तिजारी और चौथिया आदि ज्वर के भेद हैं। एक दिन के अन्तर से आने वाले बुखार को अँतरी, दो दिन के बाद तीसरे दिन आने वाले ज्वर के तिजारी और हर चौथे दिन आने वाले को चौथिया (चतुरह्निक) ज्वर कहते हैं। आयुर्वेद और तन्त्र-ग्रन्थों में इनका निरूपण है तथा इन्हें अत्यन्त कष्टसाध्य रोग समझा जाता था।

[श्रीसमाकर्षणसामर्थ्यप्राप्तिः]

एतत् सिन्दूरसुभगं रात्रौ सम्पूजयेद् यदि।।१०२।।
योजनानां शतादेव सम्यगाकर्षयेच्छ्रियम्।

रात के समय सिन्दूर से श्रीचक्र का अर्चन करने से सैकड़ों योजन दूर रहने वाली स्त्री का भी आकर्षण किया जा सकता है॥१०२॥

इस प्रयोग के अन्तर्गत रात्रि के समय श्रीयन्त्र का यथावैभव अर्चन करके साध्य स्त्री और उसके निवास नगर / ग्राम का उल्लेख करते हुए विनियोगपूर्वक अष्टोत्तर शतनाम से भगवती का सिन्दूर से एक मण्डल-पर्यन्त अर्चन किया जाता है।

[दिग्विदिक्स्थजनवशीकारः]

यदा दिक्षु विदिक्ष्वेवं सम्यग् देवीं प्रपूजयेत्।।१०३।।
तत्र दिक्षु स्थितान् लोकान् विदिक्षुस्थान् जनानपि।
वशमानयते शीघ्रं सपुत्रपशुबान्धवान्।।१०४।।

इसी प्रकार एक मण्डल-पर्यन्त (मण्डल अर्थात् ४९ दिन) चारो दिशाओं और विदिशाओं में श्रीचक्र पर देवी का सम्यक् रूप से पूजन करने से आस-पास के क्षेत्र में चारो दिशाओं तथा विदिशाओं में रहने वाले व्यक्ति अपने परिवारसहित मन्त्र-सिद्ध साधक के वश में आ जाते हैं॥१०३-१०४॥

[त्रैलोक्यवशीकरणम्]

भूर्जपत्रे समालिख्य रोचनाऽगुरुकुङ्कुमैः।
तन्मध्ये नगरं देशं मण्डलं खण्डमेव वा।।१०५।।
नाम्ना विदर्भितं सम्यक् पूजयित्वा यथाविधि।
भूमिमध्यगतं कृत्वा त्रैलोक्यं वशमानयेत्।।१०६।।

भोजपत्र पर रोचना, अगरु, कुंकुम से श्रीयन्त्र बनायें। उसके मध्य में नगर, देश अथवा मण्डल के नाम को अपने नाम से विदर्भित करके लिखें। यथाविधि पूजन करके उक्त यन्त्र को जमीन खोदकर उसमें दबा दें। इससे तीनों लोक वश में हो जाते हैं। यहाँ तीनों लोक से तात्पर्य उस नगर या देश से है॥१०५-१०६॥

[कण्ठादौ धारणे फलविशेषः]

अथवा धारयेत् कण्ठे शिखायां बाहुमूलके।
यत्र कुत्र स्थितो मन्त्री क्षोभयेन्नगरं महत्।।१०७।।

अथवा उस सुपूजित यन्त्र को जमीन में गाड़ने के बजाय सोने आदि की ताबीज में भरकर गले में, शिखा में अथवा भुजा में धारण करने से मन्त्रसिद्ध साधक चाहे जहाँ रहे, उस नगर या क्षेत्र में क्षोभ उत्पन्न कर सकता है॥१०७॥

विमर्श—यद्यपि इन प्रयोगों की अवधि का स्पष्ट उल्लेख नहीं किया गया है, मगर सामान्य नियम यह है कि ये प्रयोग एक मण्डल (४९ दिन) तक किये जायँ।

[अर्कक्षीरादिभिश्चक्रलिखनफलम्]

अर्कक्षीरेण संयुक्तं धुस्तूरकरसं तथा।
रोचना कुङ्कुमञ्चैव लाक्षाकस्तूरीरक्तकम्।।१०८।।

एभिर्लिखेच्चक्रमेतद् यस्य नाम्ना च साधकः।
तस्य व्याघ्रभयव्याधिरिपुसर्गगजादिकम्।।१०९।।

चौरग्रहजनाविष्टडाकिनीशाकिनीभवम् ।
भयं न विद्यते नूनं परमन्त्राभिचारकम्।।११०।।

सर्वरक्षाकर प्रयोग—मदार और धतूरे का रस, रोचना, अगरु, कुंकुम, लाक्षारस, अलक्तक (महावर), कस्तूरी तथा कपूर (चन्द्र) को समरस करके स्याही बनायें। इस द्रव्य से जिस व्यक्ति के नाम से श्रीयन्त्र बनाकर उसे धारण कराया जायगा, उस व्यक्ति को बाघ, हाथी, सर्प आदि हिंसक प्राणियों से, डाकिनी आदि दुष्ट योनियों से, चोर, जल एवं अन्य अरिष्टों से तथा शत्रु के द्वारा कराये गये मारण आदि अभिचारों से कोई भय नहीं होगा॥१०८-११०॥

[नित्यं चक्रधारणफलम्]

नित्यं सन्धारयेन्मन्त्री कालमृत्युं विनाशयेत्।

अपने लिये इसी प्रकार का यन्त्र बनाकर नित्य धारण करने से मन्त्र-सिद्ध साधक अकालमृत्यु को जीत लेता है।

त्रिकोणमध्यगां देवी त्रिकोणोभयमध्यगाम्।।१११।।

अधस्तान्नामसंयुक्तां रोचनाकुङ्कुमान्विताम्।
निधापयेत् सप्तमाहे दासवत् किङ्करो भवेत्।।११२।।

दो त्रिकोणों के मध्यवर्ती त्रिकोण में इष्ट देवी का नाम लिखें। उसके नीचे अपने नाम-सहित साध्य व्यक्ति का नाम अगरु और कुंकुम से लिखकर एक सप्ताह तक विधिवत् पूजा करें। बाद में इसे भूमि में गाड़ दें। साध्य व्यक्ति शीघ्र ही दासवत् हो जायगा॥१११-११२॥

[सर्ववादिस्तम्भनम्]

पीतद्रव्यैः समालिख्य पीतद्रव्यैः समर्चयेत्।
पूर्वाशाभिमुखो भूत्वा स्तम्भयेत् सर्ववादिनः।।११३।।

सहस्रवदनोऽप्येव मूको भवति तत्क्षणात्।
नाम्ना यस्य स वाग्मी तु पाषाण इव जायते।।११४।।

स्तम्भन-प्रयोग—पूर्वाभिमुख होकर पीत द्रव्यों से श्रीचक्र बनाकर पीत द्रव्यों से ही उसका पूजन करने से सभी प्रतिवादी (विरोधी) स्तम्भित हो जाते हैं। उनके विरोध का प्रतिरोध हो जाता है। वे न कुछ सोच पाते हैं और न कुछ बोल पाते हैं। सहस्र वदन शेषनाग के समान वक्ता की वाणी स्तम्भित हो जाती है। अच्छे से अच्छे वाचालों की बोलती बन्द हो जाती है।।११३-११४।।

[शत्रुमारणप्रकारः]

चक्रं विलिख्य मन्त्रज्ञो महानीररसेन तु।
नाम संयोज्य विधिवत् दक्षिणाभिमुखो बुधः।।११५।।
वह्नौ दग्ध्वा तु तच्चक्रं मारयेद् वैरिसङ्कुलम्।

मारण-प्रयोग—दक्षिणाभिमुख होकर महानीली के रस से श्रीचक्र अंकित करें। इस पर यथाविधि शत्रु का नाम संयोजित करें अर्थात् शत्रु का नाम लिखें। उसके बाद उस चक्र को आग में जला दें। इस प्रयोग से मन्त्र-सिद्ध साधक अपने शत्रुओं का संहार करे।।११५।।

[विद्वेषणकरणम्]

महिषाश्वपुरीषाभ्यां रसमाकृष्य मन्त्रवित्।।११६।।
गोमूत्रेण च संलिख्य नाम सन्दर्भ्य पूर्ववत्।
क्षिप्त्वा पलाशमध्यस्थं विद्वेषणकरं भवेत्।।११७।।

विद्वेषण-प्रयोग—भैंसा और घोड़े का पुरीष (मल) मिलाकर उन्हें निचोड़कर रस निकालें। फिर उसमें गोमूत्र डालकर स्याही बनायें। पूर्ववत् साध्य (शत्रु) का नाम विदर्भित करके लिखें और चक्र को आरनाल (कांजी) में डाल दें। यह विद्वेषणकर प्रयोग है।।११६-११७।।

[उच्चाटनकरणम्]

कृत्वा रोचनया द्रोणकाकपक्षस्य मध्यगम्।
लम्बमानं तथाकाशे शत्रूच्चाटनकारकम्।।११८।।

उच्चाटन-प्रयोग—कौवे के पंख पर साध्य के नामसहित श्रीचक्र लिखकर लटका देने से शत्रु का उच्चाटन हो जाता है। यह श्रीचक्र रोचना से लिखा जाय।।११८।।

[सर्ववशीकरणम्]

महानीलीरोचनाभ्यां दुग्धक्षाररसादिभिः।
विलिख्य धारयेन्मन्त्री सर्ववर्णान् वशं नयेत्।।११९।।

सर्ववशीकरण—महानीली, रोचना, दूध और लाक्षारस से श्रीचक्र लिखकर धारण करने से सभी वर्णों के मनुष्यों का वशीकरण होता है॥११९॥

[प्रकारान्तरेण सर्ववशीकरणम्]

अनेनैव विधानेन स्थापयेद् वारिमध्यगम्।
तेनोदकेन सुस्नातः पीतं तत् सर्ववश्यकृत्।
सौभाग्यं जायते तेन पानीयेन न संशयः॥१२०॥

इसी विधि से श्रीचक्र अंकित करके उसे जल में डाल दें। उस जल को पीने और उसी से स्नान करने से सभी लोगों का वशीकरण होता है और सौभाग्य की प्राप्ति होती है॥१२०॥

[क्षोभणप्रकारः]

एतन्मध्यगतां पृथ्वीं नगरं वापि साधकः।
सप्ताहात् क्षोभयेत् सर्वं ज्वालामालां विचिन्तयेत्॥१२१॥

नगर-क्षोभण—किसी नगर अथवा क्षेत्र-विशेष का श्रीचक्र के मध्य में सात दिनों तक प्रज्ज्वलित रूप में ध्यान करने से वह नगर का क्षेत्र विक्षुब्ध हो उठता है॥१२१॥

[स्त्रीवशीकरणप्रकारः]

दशदण्डगते रात्रौ सरावे दाहवर्जिते।
सिन्दूरकुङ्कुमाभ्याञ्च चक्रराजं समालिखेत्॥१२२॥
साध्यप्रतिकृतिं कन्यां तन्मध्ये विलिखेद् बुधः।
तदूर्ध्वे मूलमन्त्रञ्च तद्बाह्ये मातृकां लिखेत्॥१२३॥
सावरणां स्वेष्टदेवीं तत्रैव परिपूजयेत्।

स्त्रीवशीकरण—यह अद्भुत प्रयोग रात के दस दण्ड अर्थात् चार घण्टे बीत जाने पर किया जाता है। दाहवर्जित सराव लें। दाहवर्जित सराव का अर्थ है—ऐसे सराव, जो आग में डालकर नहीं पकाये गये हों; अपितु जिन्हें धूप में सुखाकर बनाया गया हो। इस सराव में सिन्दूर और कुंकुम से श्रीचक्र बनाकर उसके मध्य में अभीप्सित कन्या का चित्र बनायें। उसके ऊपर मूल मन्त्र लिखकर उसे बाहर की ओर से मातृकाओं से वेष्टित कर दें। तत्पश्चात् उस यन्त्र पर अपनी इष्ट देवी का आवरणशक्तियों सहित यथाविधि अर्चन करें॥१२२-१२३॥

अष्टोत्तरशतं कुन्दं मूलं साध्यसमन्वितम्॥१२४॥
प्रत्येकक्षेपणाच्चैव हठात् कुण्डमिदं महत्।
चलज्जलेन्दुसदृशीं त्रिकोणामरुणारुणाम्॥१२५॥

प्रलयानलसङ्काशां साध्याया योनिमध्यतः।
ध्यायन् सहस्रं जप्त्वैव तामानयति निश्चितम्।।१२६।।

पूजा करने के बाद साध्य कन्या के नाम-सहित मूल मन्त्र का जप करके चक्र के अरुण वर्ण त्रिकोण में कुन्दपुष्प फेंकें। प्रत्येक बार कुन्दपुष्प फेंकने के बाद यह ध्यान करें कि ऐसा करने से साध्य कन्या की योनि जल में चन्द्रमा की तरह झिलमिला उठी है। इस तरह मूल मन्त्रजप की अष्टोत्तर शत आवृत्ति करें। इसके बाद यह ध्यान करते हुए कि साध्य कन्या की योनि से प्रलयकाल की अग्नि के समान लपटें उठ रही हैं, मूल मन्त्र का अष्टोत्तर सहस्र (१००८) जप करें। इस प्रयोग से साध्य कन्या बरबस खिंची चली आती है॥१२४-१२६॥

[स्त्रीवशीकरणे प्रकारान्तरम्]

उपविश्य च शय्यायां निर्ज्जने शून्यवेश्मनि।
यस्य नाम्ना स्वयं भुङ्क्ते ताम्बूलं निशि वा दिवा।
अष्टोत्तरशतं जप्त्वा सायात्येव तदन्तिकम्।।१२७।।

किसी निर्जन स्थान में सूने घर में शय्या पर बैठ कर मूल मन्त्र का अष्टोत्तरशत (१०८) जप करके जिस स्त्री का नाम लेकर दिन या रात के समय ताम्बूल खाया जाता है, वह अवश्यमेव आती है॥१२७॥

[प्रकारान्तरेण स्त्रीवशीकरणम्]

अष्टोत्तरशतं जप्त्वा पानीयं प्राशयेदथ।
यस्याः प्राणैः कल्पयित्वा सायाति मदविह्वला।।१२८।।

जिस स्त्री का ध्यान करके मूल मन्त्र का १०८ बार जप करके पानी पिया जाता है, मद से विह्वल होकर वह स्त्री अवश्य आती है॥१२८॥

[दासीकरणप्रकारः]

चन्द्रचन्दनकस्तूरीरक्तसिन्दूरमिश्रितम् ।
अष्टोत्तरशतं जप्त्वा तिलकं कारयेद् यदि।
यं यं पश्यति तच्छीघ्रं स स दासो भवेद् ध्रुवम्।।१२९।।

कपूर, श्वेत चन्दन, लाल चन्दन, कस्तूरी और सिन्दूर को मिलाकर तिलक द्रव्य बनायें। मूल मन्त्र का अष्टोत्तरशत जप करके उस द्रव्य से तिलक लगायें। इस तिलक को लगाकर मन्त्र-सिद्ध साधक जिस-जिस व्यक्ति को देखेगा, वह व्यक्ति दास के समान उसका वशवर्ती हो जायगा॥१२९॥

[स्त्रीवशीकारे कल्पान्तरम्]

मधुसर्पिः समुन्मिश्र्य सिताकल्पितपुत्तलीम्।
साध्यप्राणैः कृतप्राणां जप्त्वा अष्टोत्तरं शतम्।।१३०।।

भानुवारं समासाद्य यः खादेत् सप्तरात्रकम्।
सा च याति विह्वलाङ्गी साधकस्यान्तिकं ध्रुवम्।।१३१।।

शहद, घी और शक्कर मिलाकर एक पुतली बनायें। उस पुतली में साध्य स्त्री की प्राणप्रतिष्ठा करें। मन्त्र का अष्टोत्तरशत (१०८) बार जप करें। रविवार से प्रारम्भ करके यह प्रयोग सात दिन तक करें और पुतली को बाद में स्वयं खा जायँ। इस प्रयोग के प्रभाव से साध्य स्त्री मदविह्वला होकर अवश्य आती है।।१३०-१३१।।

[सर्ववादिस्तम्भनम्]

पूर्वाशाभिमुखो भूत्वा पीतद्रव्यैः समर्चयेत्।
पीठस्थाने समालिख्य स्तम्भयेत् सर्ववादिनः।।१३२।।

स्तम्भन—पूर्वाभिमुख होकर पीले रंग के पीठ पर श्रीचक्र में भगवती का पीले द्रव्यों से अर्चन करने से प्रतिवादियों का स्तम्भन होता है।।१३२।।

[प्रकारान्तरेण सर्वलोकवशीकरणम्]

उत्तराभिमुखो भूत्वा सिन्दूररजसा लिखेत्।
सम्पूज्य विधिवद् विद्वान् सर्वलोकं वशं नयेत्।।१३३।।

लोकवशीकरण—उत्तराभिमुख होकर सिन्दूररज से श्रीचक्र बनाकर विधिवत् अर्चन करने से सभी लोगों का वशीकरण होता है।।१३३।।

[सर्वयोषिन्मनोहरणम्]

पश्चिमाभिमुखो भूत्वा चन्दनेन समालिखेत्।
सम्पूज्य विधिवद् विद्यां सर्वयोषिन्मनो हरेत्।।१३४।।
वल्लभो जायते मन्त्री दासीमिव वशं नयेत्।

स्त्री-आकर्षण—पश्चिमाभिमुख होकर चन्दन से श्रीचक्र अंकित करके विधिवत् पूजन करने से स्त्रियों का वशीकरण होता है।।१३४।।

[महाहानिकरणम्]

यमाशाभिमुखो भूत्वा चक्रं कृष्णं समर्च्चयेत्।।१३५।।
यस्य नाम्नान्वितं तत्र महाहानिः प्रजायते।

हानिकर प्रयोग—दक्षिण की ओर मुख करके श्रीचक्र पर श्रीकृष्ण की पूजा करने से उस व्यक्ति की महाहानि होती है, जिसका नाम उक्त यन्त्र पर लिखा गया है।।१३५।।

'ज्ञानार्णवतन्त्र' और 'नित्याषोडशिकार्णव' में उक्त श्लोक में महाहानि के स्थान पर 'मन्त्रहानि' पद है। इस स्थिति में इसका अर्थ होगा—'उस व्यक्ति के मन्त्र की हानि' होगी अर्थात् उसकी मन्त्रसाधना सफल नहीं होगी। 'कृष्ण' का दूसरा अर्थ—'काले रंग का चक्र' भी हो सकता है।

[स्तम्भविद्वेषणादिप्रकारः]

अग्नि-राक्षस-वायव्य-शम्भु-कोणेषु योजितम्।।१३६।।
पूर्ववत् साधकश्रेष्ठः क्रमेणैव नियोजितम्।
स्तम्भविद्वेषणव्याधिशत्रूच्चाटनकं भवेत्।।१३७।।

अग्निकोण, नैर्ऋत्य, वायव्य और ईशान कोण की ओर मुख करके पूर्वोक्त विधि से श्रीचक्र का अर्चन करने से क्रमशः शत्रुओं का स्तम्भन, विद्वेषण, व्याधि और उच्चाटन होता है॥१३६-१३७॥

[सर्ववशीकरणम्]

रोचनाभिर्लिखेच्चक्रं क्षीरमध्ये क्षिपेद् बुधः।
सर्ववश्यकरञ्चैव भवत्येव न संशयः।।१३८।।

गोरोचन से श्रीयन्त्र लिखकर पूजोपरान्त उसे दूध में डालकर रख देने से सभी लोगों का वशीकरण होता है॥१३८॥

[शत्रोरुच्चाटनकरणम्]

गोमूत्रमध्यगं सम्यक् शत्रोरुच्चाटनं भवेत्।

श्रीयन्त्र को गोमूत्र में स्थापित किये ज़ाने से शत्रुओं का उच्चाटन होता है।

[विद्वेषणकरणम्]

तैलस्थं चक्रराजन्तु विद्वेषणकरं भवेत्।।१३९।।

तेल में श्रीचक्र को स्थापित करने से शत्रुओं में विद्वेषण होता है॥१३९॥

[शत्रुनाशकरणम्]

ज्वलज्ज्वलनमध्यस्थं शत्रुनाशकरं भवेत्।

यदि इसे जलती आग में डाल दिया जाय तो शत्रुओं का नाश हो जाता है।

[खेचरत्वसिद्धिः]

यदैकान्ते चतुर्मार्गे सिन्दूररजसा लिखेत्।।१४०।।
सर्वबाह्यत आरभ्य यावन्मध्यञ्च साधकः।
अकारादिक्षकारान्तां मातृकां तत्र संलिखेत्।।१४१।।
पूजयेद्रात्रिसमये कुलाचारक्रमेण तु।
साधकः खेचरश्चैव जायते नात्र संशयः।।१४२।।

खेचरत्व-सिद्धि—पक्षियों की तरह आकाश में उड़ने की सिद्धि को खेचरत्व सिद्धि कहते हैं।

किसी निर्जन क्षेत्र में चतुष्पथ के समीप स्वच्छ-समतल पवित्र भूमि पर सिन्दूर के चूर्ण से श्रीयन्त्र बनायें। उस यन्त्र पर बाहर से प्रारम्भ करके चक्र के मध्य तक

'अ'कारादि 'क्ष'कारान्त वर्णों को लिखें। रात्रि के समय पंच मकार द्रव्यों से कुलाचार-विधि से अर्चन करने से मन्त्रसिद्ध साधक को 'खेचरत्व-सिद्धि' प्राप्त होती है।।१४०-१४२।।

विमर्श—इस यन्त्र पर बाहर से प्रारम्भ कर मध्य तक अक्षरों को लिखने का क्रम इस प्रकार है—श्रीचक्र के मध्य बिन्दु को आधार मानकर उत्तर-दक्षिण तक तिर्यक् रेखा खीचें। भूपुर की प्रथम रेखा पर अणिमा-सिद्धि के पूजनस्थान पर एक बिन्दु बनायें। इस बिन्दु से ईशान और आग्नेय कोणों की ओर ऊर्ध्वगामिनी रेखायें खींचकर उन्हें उपर्युक्त तिर्यक् रेखा के दोनों सिरों को जोड़ दें। इस प्रकार जो त्रिकोण बनेगा, उसकी प्रत्येक रेखा पर 'अ क थ' त्रिकोण की तरह १६-१६ वर्ण लिखें। इस त्रिकोण के तीनों कोणों में 'ह ळ क्ष' ये तीन वर्ण लिखें।

[अजरामरत्वप्राप्तिः]

गिरावेकतरौ तद्वदर्च्चयेत् कुलमार्गतः।
अजरामरतां लब्ध्वा सुखी भवति मान्त्रिकः।।१४३।।

पर्वत की चोटी पर जो अकेला एकमात्र वृक्ष हो, उसके नीचे उपर्युक्त कुलाचार-क्रम से जो साधक श्रीयन्त्र का अर्चन करता है, उसे अमरता प्राप्त होती है। वह अजर-अमर हो जाता है।।१४३।।

[खड्गादि सर्वसिद्धिलाभः]

श्मशाने पूजयेच्चक्रं महाभूतदिने बुधः।
यथाविधिविधानेन साधकः स्थिरमानसः।।१४४।।
खड्गसिद्धिञ्च वेतालसिद्धिञ्च गुटिकाञ्जनम्।
पादुकाञ्जनसिद्धिञ्च मनःसिद्धिञ्च धातुजम्।।१४५।।
महावीरणसिद्धिञ्च यक्षिणीं चटकोद्भवाम्।
सर्वं तल्लभते मन्त्री नात्र कार्य्या विचारणा।।१४६।।

महाभूत दिन अर्थात् कृष्णपक्ष की चतुर्दशी की रात्रि को बुद्धिमान साधक श्मशान में स्थिरचित्त होकर अर्थात् भय एवं आशंका से मुक्त होकर कुलाचार के क्रम से श्रीचक्र का अर्चन करे तो निस्सन्देह उसे खड्गसिद्धि, वेतालसिद्धि, गुटिकासिद्धि, अञ्जनसिद्धि, पादुकासिद्धि, मनःसिद्धि, महाविवरसिद्धि, यक्षिणी और चेटकसिद्धि प्राप्त होती है।।१४४-१४६।।

विमर्श—इस पूजन के लिये भौमवारयुक्त कृष्णपक्ष की चतुर्दशी तिथि सर्वाधिक प्रशस्त है। पादुकासिद्धि अर्थात् जल पर चलने की क्षमता। खड्गसिद्धि अर्थात् स्वयं को खण्ड-खण्ड काटकर पुनः यथावत् शरीर की प्राप्ति। गुटका-

सिद्धि—अदृश्य हो जाना। अंजनसिद्धि अर्थात् अबाधित रूप से सब-कुछ देखने की शक्ति। मन:सिद्धि अर्थात् मन का निग्रह। महाविवरसिद्धि अर्थात् पातालगमन की सिद्धि। धातुसिद्धि अर्थात् मनचाही बहुमूल्य धातुओं का निर्माण।

[सर्वपापनाशप्रकारः]

शिवां सम्पूजयेद्देवीं सुगन्धिकुसुमैः सुधीः।
महापातकयुक्तात्मा तत्क्षणात् पापहा भवेत्।।१४७।।

सुगन्धित पुष्पों से भगवती शिवा की भक्तिपूर्वक पूजा करने से पापी से पापी व्यक्ति भी तत्क्षण ही सभी पापों से मुक्त हो जाता है।।१४७।।

शमीदूर्वाङ्कुराश्वत्थपल्लवैरथवाऽम्बुजैः ।
मासेन हन्ति कलुषं सप्तजन्मकृतं नरः।।१४८।।

इति श्रीपूर्णानन्दपरमहंसविरचिते श्रीतत्त्वचिन्तामणौ त्रयोविंशतितमः प्रकाशः।।२३।।

शमी, दूर्वाङ्कुर, पीपल, पलाश अथवा मदार की समिधा से नित्यप्रति हवन करने से मासमात्र में ही बड़ा से बड़ा पिछले सात जन्मों में किया गया पाप भी कट जाता है।।१४८।।

श्रीपूर्णानन्दपरमहंसविरचित श्रीतत्त्वचिन्तामणि के तेइसवें प्रकाश का
'भावना'-भाष्य पूर्ण हुआ।।२३।।

●

चतुर्विंशतितमः प्रकाशः

[देवतास्तवपाठनिर्णयः]

अथोच्यते देवतायाः स्तवपाठविनिर्णयः।

अब मैं देवता के स्तव आदि के पाठ की विधि का निरूपण कर रहा हूँ।

[पाठस्यावश्यकता]

न मानसं भवेत् स्तोत्रं वाचिकन्तु प्रशस्यते।।१।।

देवता के स्तव, स्तुति, शतनाम, सहस्रनाम आदि का मानस पाठ नहीं करना चाहिये। स्तुति और स्तव आदि का वाचिक पाठ ही प्रशस्त है॥१॥

[पाठनियमः]

अन्ते च प्रणवं दद्यादित्युवाचादिपूर्वकम्।
सर्वत्र पाठे विज्ञेयमन्यथा विफलं भवेत्।
शुद्धेनानन्यचित्तेन पठितव्यं प्रयत्नतः।।२।।

देवता के स्तव आदि का पाठ शुद्ध चित्त और अनन्य भाव से ही किया जाय। पाठ के अन्त में 'ॐ इति' का उच्चारण अवश्य किया जाय, अन्यथा स्तव आदि के पाठ का फल नहीं मिलता॥२॥

[पुस्तकस्याधारस्थापननियमः]

आधारे स्थापयित्वा तु पुस्तकं प्रजपेत् सुधीः।

स्तव और स्तुति आदि की पुस्तक को किसी आधार पर रखकर ही स्तव आदि का पाठ करना चाहिये।

[हस्ते पुस्तकस्थापने दोषः]

हस्तसंस्थापनादेव यस्मादल्पफलं भवेत्।।३।।

पुस्तक को हाथ में रखकर पाठ करने से बहुत ही कम फल की प्राप्ति होती है॥३॥

[पुस्तकलेखकनिर्णयः]

न स्वयं लिखितं तच्च कृतिना लिखितं पठेत्।
अब्राह्मणेन लिखितं तच्चापि विफलं भवेत्।।४।।

अपने हाथ से लिखी पुस्तक का नहीं; अपितु किसी अन्य विद्वान् के द्वारा लिखी गई पुस्तक का पाठ करना चाहिए। यदि वह पुस्तक ब्राह्मणभिन्न किसी अन्य

के द्वारा लिखी गई है तो वह पाठ के लिये ग्राह्य नहीं है। तात्पर्य यह कि सदाचार-सम्पन्न विद्वान् ब्राह्मण के द्वारा लिखी गई पुस्तक का ही पाठ किया जाय॥४॥

[कलौ साधारणमनुष्यादिकृतस्तवपाठनिषेधः]

न च स्वयंकृतं स्तोत्रमन्येनापि कृतं न च।
यस्मात् कलौ न प्रशस्तमृषिभिर्भाषितं पठेत्॥५॥

बुद्धिमान् साधक को न तो स्वयं का लिखा हुआ और न ही किसी अन्य मनुष्य द्वारा रचित स्तोत्र का पाठ करना चाहिये। कलियुग में केवल ऋषियों के द्वारा रचित स्तवों और स्तुतियों का पाठ ही प्रशस्त है॥५॥

[ऋषिच्छन्दआदीनां पाठः कर्त्तव्यः]

ऋषिच्छन्दादिकं न्यस्य पठेत् स्तोत्रं विचक्षणः॥६॥

विचक्षण साधक यथाविधान ऋषि और छन्द आदि का न्यास करके ही स्तुति-स्तव आदि का पाठ करे। तात्पर्य यह कि स्तव आदि के पाठ में ऋषि-न्यास अनिवार्य है॥६॥

[प्रथमं सहस्रनामपाठः]

यस्य यस्य च देवस्य तस्य तस्य सहस्रकम्।
पठित्वा प्रथमं मन्त्री तस्य स्तोत्रं ततः पठेत्॥७॥
संहिताजपने स्तोत्रं शुभं प्राप्य समापयेत्।

इस सम्बन्ध में विशेष बात यह कि यदि इष्टदेवता का सहस्रनाम उपलब्ध है तो पहिले उसका पाठ करके उसके स्तोत्र का पाठ किया जाय। यह व्यवस्था संहिताक्रम से पाठ के लिये है॥७॥

[अध्यायमध्ये पाठविरामो च कर्त्तव्यः]

अध्यायं प्राप्य विरमेन्न तु मध्ये कदाचन।
कृते विरामे मध्ये तु अध्यायादिं पुनर्जपेत्॥८॥

उत्तम पक्ष तो यह है कि स्तव आदि का पाठ बीच में रुके बिना समग्र रूप से पूरा किया जाय। फिर भी यदि बीच में विराम लेने की विवशता आ जाय तो अध्याय के बीच में विराम नहीं लिया जाय। तात्पर्य यह कि अध्याय पूरा हो जाने पर विराम लें। फिर भी यदि अध्याय के बीच में ही विराम लेने की विवशता हो तो विराम के पश्चात् उस अध्याय के प्रारम्भ से ही दुबारा पाठ शुद्ध किया जाय॥८॥

विमर्श—सामान्य नियम यह है कि पाठ के मध्य में देवता से अनुमति लेकर विराम किया जाय। विराम के बाद पुनः अनुमति लेकर एवं अंगन्यास, करन्यास आदि करके पुनः पाठ प्रारम्भ करें।

[बलिदानविधिकथनम्]

अथातो बलिदानस्य विधानमत्र वक्ष्यते।
चमरः कृष्णसारश्च मत्स्यो मेषश्च शूकरः।।९।।
महिषो वानरः खड्गो बलिर्मेषादितो भवेत्।
कृष्णच्छागद्वयं दद्यात् पश्चाद्द्यान्महाबलिम्।।१०।।

बलिदान-विधि—चमर, काला मृग, मत्स्य, मेष (भेंड़ा), शूकर, महिष, वानर और गेंडा बलि के लिये प्रशस्त पशु हैं। काले रंग के दो बकरों की बलि देने के बाद महाबलि दी जानी चाहिए॥९-१०॥

[छागलस्य षड्विधत्वकथनम्]

श्वेतः कृष्णो लोहितश्च कपिलश्चित्रपाण्डरौ।
षड्विधश्छागलः प्रोक्तो गृहस्थानां परो बलिः।।११।।

सामान्य गृहस्थ द्वारा श्वेत, कृष्ण, लोहित, कपिल (भूरा), चित्र (चितकबरा) और पाण्डर (श्वेत धवल) रंग के छः प्रकार के छाग बलि के लिये प्रशस्त हैं॥११॥

[बलीनामुत्तममध्यमाधमत्वकथनम्]

उत्तमौ श्वेतकृष्णौ च मध्यमौ चित्रपाण्डरौ।
लोहितः कपिलश्चैव कनिष्ठः परिकीर्तितः।।१२।।

इनमें से सफेद और काले रंग के बकरों की बलि उत्तम, चितकबरे और पाण्डर वर्ण के बकरों की बलि मध्यम तथा लाल और भूरे रंग के बकरों की बलि अधम कोटि की होती है॥१२॥

त्रिमासात् परतश्चैव यावदेकन्तु वत्सरम्।
कृष्णो वा श्वेततरुणः प्रशस्तो बलरुच्यते।।१३।।
षण्मासात् परतश्चैव यावद् वर्षद्वयं भवेत्।
उत्तमोऽसौ बलिः प्रोक्तस्तस्माद्धीनोऽधमः स्मृतः।।१४।।

तीन माह से एक वर्ष तक की आयु के सफेद और काले रंग के बकरे बलि के लिये प्रशस्त हैं। छः मास से अधिक तथा दो वर्ष तक की आयु के बकरों की बलि उत्तम है। इससे कम या अधिक आयु के बकरों की बलि अधम मानी जाती है॥१३-१४॥

[त्याज्यबलिः]

कृष्णवर्णो बलिर्यस्तु श्वेतपुच्छो यदा भवेत्।
छागलं तादृशं विद्वान् दूरतः परिवर्जयेत्।।१५।।
एवं सिते कृष्णपुच्छे वर्जयेन्मतिमान् नरः।।१६।।
आकृष्णवर्णो यश्छागः पृष्ठवंशे सितो यदि।
प्रशस्तं तं विजानीयाद् विपरीतन्तु वर्जयेत्।।१७।।

बकरे का रंग काला और पूँछ सफेद हो तो वह बलि के लिये सर्वथा त्याज्य है। इसी प्रकार काले रंग की पूँछ वाले सफेद बकरा भी त्याज्य है। बकरे के सामने का वर्ण काला और पीछे (पीठ) का रंग सफेद हो तो वह ग्राह्य है; लेकिन यदि मुँह की ओर सफेद और पीठ का रंग काला हो तो वह ग्राह्य नहीं है॥१५-१७॥

[खञ्जादीनां बलौ त्याज्यता]

खञ्जं काणं तथा कुब्जं सच्छिद्रं व्याधिसंयुतम्।
विषाणदन्तरहितं वर्जयेत्तु विचक्षणः।।१८।।

बलि के लिये लंगड़ा, काना, कुबड़ा, रोगग्रस्त, घाव वाला तथा ऐसा पशु, जिसके दाँत और सींग टूट गये हों, प्रशस्त नहीं है॥१८॥

[महिषबलिः]

पञ्चाब्दं माहिषं श्वेतं प्रशस्तं परकीर्त्तितम्।
स एव महिषः कृष्णः पाण्डरश्चाधमो बलिः।।१९।।

महिष-बलि—पाँच साल का सफेद रंग का महिष बलि के लिये प्रशस्त है। काले अथवा पाण्डर वर्ण का भैंसा अधम है॥१९॥

[बलिषु पक्षिणां प्रशस्तता]

पक्षिणस्तु प्रशस्ताः स्युः सर्वे वर्णाः सुशोभनाः।
त्रिपक्षात् परतश्चैव हीने चापि विवर्जयेत्।।२०।।

सभी रंग के सुन्दर बक्षी बलि के लिये प्रशस्त है॥२०॥

[बलिविशेषेण देवतातृप्तिकालकथनम्]

मनुष्यैः कोटिवर्षाणि तृप्तिं गच्छन्ति देवताः।
गण्डैर्वर्षसहस्राणि महिषैः शरदां शतम्।।२१।।
छगलैर्वत्सरादूर्द्ध्वं द्वादशाब्दं दशाब्दकम्।
पूर्णसांवत्सरैरेव त्रिवर्षं कच्छपेन तु।।२२।।
वराहेण तु पञ्चाशत्तदर्द्धं चामरेण तु।
अब्दैकं गोधिकाभिश्च षण्मासं गात्रशोणितम्।।२३।।
पायसेनापि षण्मासं तृप्तिं गच्छन्ति देवताः।।२४।।

इन श्लोकों में बताया गया है कि किस पशु की बलि से देवता को कितनी अवधि के लिये तृप्ति मिलती है। मनुष्य की बलि पाकर देवता एक करोड़ वर्षों तक तृप्त रहते हैं। गैंड़े की बलि से एक हजार वर्ष तक, भैंसे की बलि से सौ वर्षों तक, बकरे की बलि से बारह वर्षों तक, कछुवे की बलि से तीन वर्षों तक, वराह की बलि से पचास वर्षों तक, चमर की बलि से पच्चीस (२५) वर्षों तक, गोह की बलि से

एक वर्ष तक तथा गात्र-शोणित से छः माह तक देवता तृप्त रहते हैं। पायस (खीर) की बलि से देवता को छः माह तक तृप्ति रहती है॥२१-२४॥

[स्त्रीपशुबलिदाननिषेध:]

न दद्यात् स्त्रीपशोर्मांसं हव्यकव्ये विशेषतः।

कभी भी किसी भी देवता को किसी भी प्रकार की स्त्रीपशु (यथा—बकरी, मुर्गी आदि) की बलि नहीं दी जानी चाहिए। स्त्रीपशु की बलि सर्वथा निषिद्ध है।

[होमे मांसनिरूपणम्]

होमे बुक्काग्रजं मांसं सरोमञ्चार्द्धरात्रके।।२५।।
सिंहविल्वाकृतिञ्चैव वस्तु च पूगमेव च।
बुक्काग्रमांससमानं स्याल्लुलापस्य नरस्य च।।२६।।
तथा प्रमाणमात्रं स्यादजस्य वदनस्य च।
धातकीफलमानन्तु गोधिकाया इतीरितम्।।२७।।
एतदाममयस्यैव भर्जिते मानवर्जितम्।
हीनेन्द्रियपशोर्मांसं दूरतः परिवर्जयेत्।।२८।।

इन श्लोकों में होमकार्य के लिये ग्राह्य मांस और उनके प्रमाण (मात्रा) का निरूपण किया गया है। होम के लिये पुरुष के हृदय-क्षेत्र का मांस, बकरे और लुलाव (जंगली भैंसा) के मुख का मांस ग्राह्य है। हवन किया जाने वाला मांस बिल्वफल के समान गोल तथा वजन में सुपारी के समतुल्य होना चाहिये। गोधिका के मांस का प्रमाण आँवले के बराबर है। यह मान कच्चे मांस के लिये है। भूने हुए या पकाये हुए मांस के लिये कोई मान नहीं है। हीनेन्द्रिय अर्थात् जिसकी कोई ज्ञानेन्द्रिय या कर्मेन्द्रिय कट गई हो, उसका मांस होम के लिये सर्वथा त्याज्य है॥२५-२८॥

[मांसहोमे कालनियम:]

दिवा न जुहुयान्मांसं सन्ध्यायां सावसानके।
ब्राह्मये मुहूर्त्ते जुहुयादथवा सन्धिपर्वसु।।२९।।
एकेन च सहस्रं स्याद् द्विगुणं चार्द्धरात्रके।
ब्राह्मये मुहूर्त्ते द्विगुणं सन्ध्यायाञ्च चतुर्गुणम्।
पर्वसन्धौ शतगुणं तिथिसन्धौ शतोत्तरम्।।३०।।
काम्ये च जुहुयान्मांसं पुरश्चरणशेषकैः।
योन्यावटे शतगुणं स्थण्डिलेऽपि न चाचरेत्।।३१।।

हवन का समय—दिन के समय मांस से हवन करना सर्वथा वर्जित है। सन्ध्या के समय, ब्राह्ममुहूर्त में, सन्धिपर्व में तथा अर्धरात्रि में मांस से हवन करना

प्रशस्त है। अर्धरात्रि तथा ब्राह्म मुहूर्त में मांस-होम का दुगुना, सन्ध्याकाल में चार गुना, पर्वसन्धि में सौ गुना तथा तिथि-सन्धि में सौ गुना से भी अधिक फल होता है। काम्य कर्म तथा पुरश्चरण के अंगभूत हवन में मांस की आहुति योनिकुण्ड में डाली जाय। स्थण्डिल (वेदी) पर मांस से हवन करना प्रशस्त नहीं है॥२९-३१॥

[बल्युत्सर्गप्रकारः]

अथ सम्प्रोक्षणं कृत्वा बलिं समुत्सृजेद् बुधः।
स्वयं पूर्वमुखो भूत्वा बलिं कुर्यादुदङ्मुखम्।।३२।।
अथवैतद्व्यत्ययः स्यात् सिन्दूराद्यैरलङ्कृतम्।
अर्घ्यपात्रोदकैः शुद्धैर्मूलेन प्रोक्षयेत्त्रिशः।।३३।।

बलि उत्सर्ग-प्रकार—बुद्धिमान साधक सिन्दूर आदि से अलंकृत बलि (बकरे) के सिर पर अर्घ्यजल से तीन बार प्रोक्षण करे। इस समय साधक का मुँह पूर्व की ओर तथा पशु का मुँह उत्तर की ओर होना चाहिये। विकल्पतः बलि-पशु का मुँह पूर्व और साधक उत्तराभिमुख हो सकता है॥३२-३३॥

[पशुस्नापनमन्त्रः]

ॐ वाराही यमुना गङ्गा करतोया सरस्वती।
कावेरी चन्द्रभागा च सिन्धुभैरवसागराः।
अजस्नाने महेशानि सान्निध्यमिह कल्पय।।३४।।

बलिपशु का स्नान—बलिपशु के सिर का प्रोक्षण करने के बाद उसको स्नान करायें और यह भावना करें कि बलिपशु के स्नान के लिये यमुना, गंगा, करतोया, सरस्वती, चन्द्रभागा आदि पुण्यसलिला नदियाँ और समुद्र यहाँ आ गये हैं॥३४॥

ॐ पशुपाशविनाशाय हेमकूटस्थिताय च।
परापराय परमेष्ठिने हूंकाराय च मूर्त्तये।।३५।।
ॐ सहस्रशीर्षा पुरुषः सहस्राक्षः सहस्रपात्।
स भूमिं सर्वतो वृत्वा अत्यतिष्ठददशाङ्गुलम्।।३६।।

यह पशु को स्नान कराने का मन्त्र है। इस मन्त्र से उसे स्नान कराना चाहिये॥३५-३६॥

बिल्वपत्रोदकैरेभिः प्रोक्षणं कारयेदपि।
त्रिशः सम्पूजयेत्तञ्च तत्रेष्टं गन्धचन्दनैः।।३७।।
ततो निरीक्ष्य तं मन्त्री पठेत् करपुटः स्वयम्।।३८।।

स्नान कराने के बाद उसके सिर पर बिल्वपत्र से अर्घ्यपात्र का जल छिड़कें। इसके बाद गन्ध-पुष्प-चन्दन आदि से उसके सिर पर पूजन करें। तत्पश्चात् निम्नलिखित प्रणाम-मन्त्र से उसे प्रणाम करें॥३७-३८॥

[बलिप्रणाममन्त्रः]

छाग त्वं बलिरूपेण मम भाग्यादुपस्थितः।
प्रणमामि ततः सर्वरूपिणं बलिरूपिणम्।।३९।।
चण्डिकाप्रीतिदानेन दातुरापद्विनाशनम्।
चामुण्डाबलिरूपाय बले तुभ्यं नमोऽस्तु ते।।४०।।
यज्ञार्थे पशवः सृष्टाः स्वयमेव स्वयम्भुवा।
अतस्त्वां घातयिष्यामि तस्माद् यज्ञे वधोऽवधः।।४१।।

बलि-पशु को स्नान कराने के बाद ये उसे प्रणाम करने का मन्त्र है।।३९-४१।।

[बलिमूर्ध्नि मन्त्रजपः]

वाङ्मायाकमलाबीजैस्तन्मूर्ध्नि त्रिर्मनून् जपेत्।।४२।।
ततो बलिं समुत्सृज्य काम्यं कृत्वा विशालधीः।
आनीय खड्गं पुरतो गन्धादिभिः समर्च्चयेत्।।४३।।

काम्य कर्म से निवृत्त साधक बलि-पशु के सिर पर 'ऐं ह्रीं श्रीं' इस मन्त्र का तीन बार जप करके बलि-छेदन के लिये खड्ग को निकालकर गन्ध-पुष्प आदि से उसका पूजन करें।।४२-४३।।

[खड्गध्यानम्]

कृष्णं पिनाकपाणिञ्च कालरात्रिस्वरूपिणम्।
उग्रं रक्तास्यनयनं रक्तगन्धानुलेपनम्।।४४।।
रक्ताम्बरधरञ्चैव पाशहस्तं कुटुम्बिनम्।
पिबमानञ्च रुधिरं भुञ्जानं क्रव्यसंहतिम्।।४५।।

खड्ग-ध्यान—यह खड्ग का ध्यान-मन्त्र है। ध्यान करने के बाद खड्ग की निम्न मन्त्रों से पूजा करें।।४४-४५।।

[खड्गपूजामन्त्रः]

इति ध्यात्वा यजेत् तञ्च मन्त्रेणानेन याजकः।
रसना त्वं चण्डिकायाः सुरलोकप्रसादक।।४६।।
मायाद्वयं खड्गपदं कालि कालि पदन्ततः।
वज्रेश्वरी ततो लौहदण्डायै ङेऽन्तां नमःपदम्।।४७।।
कूर्च्चबीजं लिखेत् खड्गे सिन्दूरचन्दनादिना।
देव्या बीजं लिखेत्तत्र पूजयित्वा नमश्चरेत्।।४८।।
इति ध्यात्वा साधकस्तु नमस्कारं समाचरेत्।।४९।।

हे खड्ग! तुम चण्डिका के रसनास्वरूप और सुरलोक का प्रसाद देने वाले हो।

'मायाद्वन्द्वं (ह्रीं ह्रीं) खड्ग कालि कालि वज्रेश्वरि लौहदण्डायै नमः' इस मन्त्र से खड्ग की पूजा करके उस पर सिन्दूर चन्दन आदि से कूर्चवीज लिखें। तत्पश्चात् उस पर देवी का बीजवर्ण लिखकर पूजा करके नमस्कार करें।।४६-४९।।

[खड्गनमस्कारमन्त्रः]

असिर्विशसनः खड्गस्तीक्ष्णधारो दुरासदः।
श्रीगर्भो विजयश्चैव धर्मपाल नमोऽस्तु ते।।५०।।

पूजा के बाद यह खड्ग को प्रणाम करने का मन्त्र है। इस मन्त्र से खड्ग को नमस्कार करें।।५०।।

ततः खड्गं गृहीत्वा तु देवतारसनाधिया।
अभिमन्त्र्य च मूलेन वक्ष्यमाणेन च स्वयम्।।५१।।

खड्ग को देवता की जीभ मानते हुए उसे स्वयं ही अपने मूल मन्त्र से विधिवत् अभिमन्त्रित करें। तत्पश्चात् निम्नलिखित मन्त्र का जप करके खड्ग को बलि पशु की गर्दन पर रखें।।५१।।

[बलिस्कन्धे खड्गनियोजनमन्त्रः]

विषं मायाद्वयं कालियुगं विकटरूपतः।
दंष्ट्रे स्फें स्फें ततो ब्रूयात् फेत्कारिणीति खादय।।५२।।
द्वितयं छेदययुगं सर्वान् दुष्टांस्ततः परम्।
मारयद्वितयं पश्चादजं खड्गेन छिन्धियुक्।।५३।।
कालि कालि किचिद्वन्द्वं पिबयुग्रुधिरं पदम्।
स्फ्रौँ स्फ्रौँ किलियुगं कालियुग्ममित्यभिमन्त्रणे।
हूँ हूँ फडिति मन्त्रेण स्कन्धे खड्गं नियोजयेत्।।५४।।

खड्गनियोजन मन्त्र—विषं (ॐ), मायाद्वन्द्वं (ह्रीं ह्रीं) कालि कालि विकटरूपदंष्ट्रे स्फ्रें स्फ्रें फेत्कारिणि खादय खादय छेदय छेदय सर्वदुष्टान् मारय मारय अजं खड्गेन छिन्धि छिन्धि कालि कालि किचि किचि पिब पिब रुधिरं स्फ्रौं स्फ्रौं किलि किलि कालि कालि हूं हूं फट्'—इस मन्त्र का जप करके बलि-पशु के स्कन्ध (गले) पर खड्ग नियोजित करें (गले पर खड्ग से प्रहार करें)।।५२-५४।।

[खड्गलक्षणकथनम्]

अथ वक्ष्यामि खड्गानां लक्षणं तन्त्रवर्त्मना।
येन सञ्छेदनेनापि साधकः सिद्धिमालभेत्।।५५।।

[चन्द्रहासलक्षणकथनम्]

सर्वेषामुत्तमः खड्गश्चन्द्रहासः सुखावहः।
पञ्चाशदङ्गुलैः कार्यः किंवा तालत्रयेण तु।।५६।।

[खड्गम् करवीरफलाकारादिकथनम्]

करवीरफलाकारः किंवा पद्मदलाकृतिः।
अथवा कुब्जखड्गेन भेदयेत् खलु साधकः।।५७।।

[बलिच्छेदने दात्रादीनां विधिः]

महाबलीनां सर्वेषां दात्रमत्र प्रकीर्तितम्।

खड्ग-लक्षण—बलि देने के लिये पचास अंगुल की चन्द्रहास तलवार सर्वोत्तम है। करवीर (लाल कनेर) अथवा कमल के आकार की अथवा कुब्जाकार तलवार प्रशस्त है। तेज धार वाली ऐसी तलवारों से बलि दिये जाने से साधक को बलि प्रदान करने का सम्यक् फल मिलता है॥५५-५७॥

[छुरिकादिना छेदननिषेधः]

कर्त्तृकया क्षुरेणापि छिन्द्याच्छुरिकया न च।।५८।।
कुठारपरशुभ्यां वा भेदयेन्न कदाचन।

कैंची, खंजर, छूरी, कुल्हाड़ी या फरसे से छेदकर या गला रेतकर पशु की बलि नहीं दी जाय। तात्पर्य यह कि पशुबलि के लिये कैंची. खंजर, छुरी, कुल्हाड़ी तथा फरसे का प्रयोग मना है॥५८॥

